The uniqueness of the creation of poetry and its experience lies in the fact that they always invariably encompass this physical world as the subject; and yet they also encompass the infinity, the divine and the other-worldly. In their enthusiasm to equate art-experience with the experience of divinity, *ācārya* as like Abhinavagupta treated aesthetic experience as something that is other-worldly or extrawordly, transcendental and manifesting beyond the framework of our time and space. To them it only takes place in the realm of literature and not in real life. They thus ignored the basic and fundamental reality of art-experience – its secular (*laukika*) base.

Contrary to Abhinavagupta's view, some of the *ācāryas* unequivocally hold the aesthetic experience of *rasapratīti* as *laukika*. Rāmcandra Guṇacandra, the authors of *Nāṭyadarpaṇa* and *Siddhicandragaṇi*, who wrote *Kāvyaprakāśakhaṇḍana*, take this stand. They also regard *rasa*-experience as an admixture of pleasure and pain.[17]

A secular approach to *rasa*-theory had always been there right from its inception in Bharata's *Nāṭyaśāstra*. Many of the *ācāryas* added new *rasas* to the list of eight or nine *rasas* from this point of view. Abhinavagupta himself has referred to the theory of *laulya rasa*, with *gardha* (greed) as its *sthāyin*. He does not altogether discard *laulya rasa*. He simply rules out the possibility of its independent existence. He says that the *sthāyin* of this so-called *laulya rasa* can[18] be incorporated either in *hāsa* or in *rati*.[19] The same logic is applicable to the theory of *bhakti* as an independent *rasa*.

Bhoja also does not strictly adhere to the theory of eight or nine *rasas*. He suggests some new *rasas*. One of these is *udātta*, with *mati* or wisdom as its *sthāyibhāva*. If *mati* is the prevailing mood, then again, there will be detachment and awareness in the experience of a poetic piece or a dramatic performance, rather than involvement or identification.

The theory of *laulya rasa*, which some of the predecessors of Abhinavagupta had postulated, subsequently comes back with a different name. Viśveśvara Pande of Almora, who flourished in the eighteenth century, came out with the theory of *māyā rasa* as a *prima facie* view (*pūrvapakṣa*).[20] The opponent argues that if *śānta* with *nivṛtti* as the dominating emotion can be accepted as *rasa*, *māyā rasa* with *pravṛtti* as the dominating force should also be accepted as a *rasa*. The traditions of Varuṇa and Indra have thus come along till our time in Sanskrit poetics.

Some of the *ācāryas* propounded the theory of two-fold *rasa*. *Rasa* is of two types – *laukika* (this-worldly) and *alaukika* (other-worldly). *Laukika rasa* is *svagata* (belonging to the character) and *alaukika rasa* is *paragata* (belonging to the connoisseur). Bhaṭṭanāyaka had stood against the theory of *svagata rasa*. But the other *ācāryas* continued to argue in favour of the other side of the *rasa* theory. They were standing on the solid ground which Bharatamuni himself had prepared. Defining *nāṭya* or theatre, Bharata had said: "The very nature of the people, invested with happiness and sorrow, when presented with fourfold *abhinaya*, becomes *nāṭya*."[20] Abhinavagupta

identifies *nāṭya* as *rasa*. This way, he too accepts the empirical aspect of *rasa*. Viśvanātha in his *Pratatāparudrīya* says:

> *Rasa* in fact resides in the hero (or the character). But because of the delineation by an skilled actor, or by the hearing of a poem like that, the connoisseur also experiences it by perception, then *rasa* can be held as *paragata* and a cause of extreme delight.[21]

Ratnāpaṇa here comments that *rasa* is of two types – this wordly and other-wordly.[22] The former belongs to the *anukārya* or the character. Also Paṇḍitrāja Jagannātha added two new inter-relations to the theory of *rasa* in his *Rasagaṅgādhara*, i.e., *navyamata* and *paramata*. In both these interpretations, *rasa* is not an other-worldly experience.

Rasa is an experience of this life. The characters depicted in literature experience *rasa*. That is why Bhavabhūti says: *Rāmasya karuṇo rasaḥ* (*Uttararāmacarita*, III.1).

Hariprasāda, an author of late eighteenth century, who followed Paṇḍitarāja Jagannātha, propounded two varieties of *rasa* – *nitya* (eternal) *rasa* and *anitya* (transitory) *rasa*. The former is identical with the Spreme Being or Lord Kṛṣṇa Himself, whereas the latter is fragmentary, transitional and is evinced by the poet and the actor.[23]

G.C. Pande finds that Indian tradition imbibed three types of world-view – *pratyakṣavāda*, *vijñānavāda* and *ādhyātmavāda*. Historically speaking, they were reflected in the reverse order. Thus, Vedic tradition was dominated by *ādhyātmavāda* or spirituality, and subsequently the other views became conspicuous.[24] However, for the development of the concept of *rasa*, this order does not apply. We find that Bharatamuni had built up a theory that rested more on the empirical reality, and viewed *rasa* as an objective reality. The commentators and theorists who followed him laid more and more emphasis on the subjectivity, interpreting *rasa* as a psychic experience, and finally as pure or unveiled consciousness.

The whole structure of Ānandavardhana's theory crumbles down if the objective status of *rasa* is over-ruled. This happens in the thesis of Śrīvatsa Lāñchana Bhaṭṭācārya, an eminent rhetorician who flourished in 16th century. He has composed *Kāvyāmṛtam* in refutation to the *Kāvyaprakāśa* of Mammaṭa. The third *ullāsa* discusses the varieties of *dhvani* including *rasa*.

Owing to his Vedāntic outlook, Śrīvatsa accepts only four *rasas: śṛṅgāra, hāsya, vīra* and *adbhuta*. The other *rasas* have been rejected simply because they are imbued with pain (*duḥkha*). He also says that *rasa* is not *vyaṅgya* (expressed); it is *sākṣātkārya* (liable to be seen).[25] The author of *Parimala*, a commentary on Bhānudatta's *Rasamañjarī*, had earlier suggested a via media. Explaining the title *Rasamañjarī*, he raises the question: *rasa* is not contained in the *Mañjarī* then how is it that the work has been entitled as *Rasamañjarī?* He answers that *rasa* is something to be relished by a *sahṛdaya* and it is not a pan of a poem. But by *upacāra* or *lakṣaṇā*, the words are said to be imbued with *rasa*.[26]

Thus, the subjective view of *rasa* ultimately went to the extreme of rejecting it as an objective reality. Bharatamuni did not mean to pursue his theory to this extreme. *Rasa*, therefore, can also be held as an element embedded in the structure of a dramatic performance. But what about a literary piece? There also, *rasa* will be a pan of its structure. Rajendra Nanavati says:

> we can employ the term 'form' to translate *rasa*. *Rasa* is that form of the poet's emotion which resides in a generalised state in the poem. Abhinava describes it as of the nature of the permanent mental state of the hero, but that is because of the dramatic context of the statement.

Then he concludes: "There is no likelihood in incurring any mistake in identifying *rasa* with what we call Aesthetic Form in western poetics."[27]

Brahmanand Sharma has made an attempt to interpret the theory of *rasa* on Marxist lines. He identifies *rasānubhūti* as *satyānubhūti*, which is the experience of reality to him. This experience differs from the spiritual experience as there is imagery in it, whereas the spiritual experience tends to minimize and finally eradicate any image. *Lokasatya* or empirical reality is the basis of poetic creation. This reality also originates from *prāṇaśakti*, and *prāṇaśakti* rests on the economy. This economy is again based on *śrama* or work.[28]

The treatment of *rasa* ultimately as a singular, isolated and unique experience tends to make it inaccessible to a large number of readers or spectators, who are prone to go through a piece of literary work or dramatic performance with a contemplative feeling and not with *saundaryāveśa* or *rasāveśa* to adopt Abhinavagupta's terminology. Hence, there is need for other interpretations of *rasa* theory which may not subscribe to his theory.

NOTES AND REFERENCES

1. These practices have been termed as *prāṣṭuda* and *vaiṣṭuda*. Unfortunately, the reading of *Abhinavabhāratī* in (*COS* edn.) here is corrupt and lines have been mixed.
2. *Atharvaveda*, 6. 130. 2, 6.8,l.
3. *dvā suparṇā sayujā sakhāyā samānaṃ vṛkṣam pariṣaṣvajāte.*
   tayōranyaḥ pippalaṃ svādvattyanaśnannanyo'bhicākaśīti. (*Ṛgveda* 1.164.20; *Atharva*. IV 13.2).
4. *Ṛgveda*, 1.25; VII. 76.
5. A.B. Keith, *Religion and Philosophy of Vedas and Upanisads*, p. 33.
6. D.P. Chattopadhyay, *Lokāyata*, p. 635.
7. *śṛṅgārāddhi bhaveddhāsyō raudrācca karuṇō rasaḥ,*
   virāccaivādbhutotpattirbībhatsācca bhayānakaḥ. (*Nāṭyaśāstra*, VI.39).
8. *Abhinavabhāratī*, Vol. l, pp. 267, 292.
9. *yatra lakṣyē parikalpitaviṣayavyabhicārastadvirūpamevāstu.*
   Dhvanyāloka, udyota III, *vṛtti* on VI, Varanasi, 1965, p, 365.
10. George Santayana, *Sense of Beauty*, p. 181.
11. Kant, *Critique of Judgement*, p. 83.
12. *Sthāyibhāvamāsvādayanti sumanasaḥ prekṣakāḥ harṣādīścādhigacchanti.*
    Nāṭyaśāstra, Vol. I, p. 256, after VI 32-33.
13. *Daśarūpaka* IV.43.
14. K. Krishnamurthy, 'Traditional Indian Aesthetics in Theory and Practice', *Indian Aesthetic and Art Activity*, IIAS, Simla, 1968, p. 45.
15. S.S, Barlingay, 'Some Concepts of Bharata's Theory of Drama', in op. cit., p. 23.
16. *tad bhāvikamiti prāhuḥ prabandhaviṣayaṃ guṇam.*
    bhāvaḥ kaverabhiprāyaḥ kāvyesvāsiddisaṃsthitaḥ.
    parasparopakārivaṃ sarveṣāṃ vastuparvaṇām.
    viśēṣaṇānāṃ vyarthānāmakriyāsthānavarṇanā.
    vyaktiruktikramabalād gambhīrasyāpi vastunaḥ.
    bhāvāyattamidaṃ sarvamiti tad bhāvikaṃ viduḥ. (*Kāvyādarśa*, II, 364-66).
17. *Nāṭyadarpaṇa*, II. 37.
18. *eṣaiva ca gardhasthāyikasya laulyarasasya pratyākhyāne saraṇirmantavyā. Hāse vā ratau vānyatra paryavasānāt.* – *Abh.* Vol. 1, p. 341. Hemachandra, however, adopts this passage as follows: *tathā gardhasthāyikasya laulyarasasya Hāse vā ratau vā'nyatra vāntarbhāvo mantavyaḥ, evaṃ ca bhaktāvapi vācyamiti* – *Kāvyānuśāsana*, Vol. 1, Bombay, 1938, p. 106.
19. Viśveśvara, *Rasacandrikā*, Kashi Sanskrit Series-53, 1926, p. 68.
20. *yo 'yaṃ svabhāvō Lokasya sukhaduhkhasamanvitaḥ*
    so'ṅgādyabhinayōpētō nāṭyamityabhidhīyatē – *Nāṭyaśāstra*, 1. 119.
21. *tatra rasō nāyakāśraya eva. yadi paraṃ nipuṇanaṭacēṣṭayā tathāvidhakāvyaśravaṇabalēna ca sāmājikaiḥ sākṣād bhāvyatē tadā paragatasyāpi rasasya samyag bhāvanayā paratraniratiśayānanda-jananamaviruddham. Athavā mālatyādiśabdēbhyo yoṣinamātrapratītau ca*

smṛtyārūdhana tattadyōṣidviśeṣeṇa anukāryēṇa sāmājikāśrayatvam-apyaviruddham (*Pratāparudrīya*, p. 205).

22. *ayaṃ ca rasō laukikālokikabhedena dvividhaḥ tatrādyasyāśrayamāha-atrēti. rasō laukikō nāyakōnukāryō rāmādirāśrayō yasya sa tathōktaḥ. alaukikarasasyśrayamāha-athvēti.* (Ratnāpaṇa on above, p. 203).
23. *rasō hi dvi prakāraḥ – ānandaikapratītāvayavaḥ śamaśṛṅgārādi-bhēdaḥ, pūrṇānandaḥ śrīkṛṣṇākhyō nityastadanyaḥ ānanda-mayāvayavastu kavinaṭā-bhāṃ bhāvitaḥ aṃśabhēdēnānityaḥ. Kāvyālka,* Hariprasada, ed. Rama Gupta, Jaipur, 1989.
24. Govind Chandra Pande, *Saundaryadarśanaviniarśaḥ*, p. 44.
25. Neeru Rani, *Śrīvatsalāñchana Bhaṭṭācārya kī kṛtiyon kā Adhyayana* (1993), pp. 3-9.
26. Ram Suresh Tripathi, ed., *Rasamañjarī* with *Parimala* and *Rasāmoda*, Aligarh, 1981, pp. 8-9.
27. Rajendra Nanavati, *Poetic Form in Kuntaka and Abhinava;* Proceedings of All India Oriental Conference, XXXII Session, Pune, 1987, p. 256.
28. Brahmanand Sharma, *Rasālocanam*, pp. 1-7.

11

रस संख्या निर्धारण

अमिय कुमार मिश्र

भरत ने रस संख्या केवल आठ मानी हैं:

शृंगारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः।। ना.शा. 6.16।।

अर्थात् शृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत। यह संख्या निर्धारण भरत ने नहीं किया, वरन् उनसे पूर्व स्वयं ब्रह्मा अथवा द्रुहिण नाम के कोई प्राचीन महात्मा इस विषय में निर्णय दे चुके थे:

एते त्वष्टौ रसाः प्रोक्ता द्रुहिणेन महात्मना। (*6.17*)

भरत मुनि के समय में रसों की यह संख्या अत्यन्त प्राचीन परम्परा से चली आ रही थी। आगे चलकर भरत के प्रतिभावान् व्याख्याकार अभिनवगुप्त ने अपने मत के अनुकूल *नाट्यशास्त्र* के किसी अन्य पाठ के आधार पर यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि भरत मुनि ने भी रस संख्या नौ ही मानी है और वे नौ होते हैं। परन्तु नाटक में शान्त रस को न मानने वाले तो 'बीभत्साद्भुतशान्ताश्च नव नाट्यरसाः स्मृताः' के स्थान पर 'बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः' इस रूप में 'अष्टौ' ऐसा पाठ मानते हैं। किन्तु यह उद्भावना प्रमाणित नहीं है। भरत ने उपर्युक्त 'रस संख्या वर्णन' प्रसंग में तो दो बार आठ रसों का उल्लेख किया है तथा उसके आगे भी स्थान-स्थान पर आठ रसों का ही स्पष्ट कथन है: जैसे कि उत्पत्ति, वर्ण और अधिदेवता के वर्णन में (*नाट्यशास्त्र*,

640-46) भावों के सन्दर्भ में जहां 8 स्थायी, 8 सात्त्विक और 33 संचारी भावों को मिलाकर कुल संख्या 49 मानी गयी है। इन सन्दर्भों से भी अभिनवगुप्त ने वैकल्पिक पाठों की ओर संकेत किया है, पर बात बनती नहीं है। अत: यह निश्चित है कि भरत ने रसों की संख्या केवल आठ ही मानी है। यह उनकी अपनी मान्यता नहीं थी, वरन् इसके पीछे प्राचीन परम्परा का सुदृढ़ आधार था।

भरत मुनि के बाद आचार्य दण्डी ने भी *काव्यादर्श* में केवल आठ रसों का ही उल्लेख किया है, *इह त्वष्टरसायत्ता रसवत्ता स्मृता गिराम्* (1.292) अर्थात् यहां रसवत् अलंकार में तो वाणी का आठ रसों से युक्त होना ही रसवत्ता माना गया है। किन्तु उनके थोड़े समय के बाद उद्भट् ने निर्भ्रान्त एवं सहज भाव से शान्त को मिलाकर नौ रसों का कथन किया है:

शृंगारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानका:।
बीभत्साद्भुतशान्ताश्च नव नाट्ये रसा: स्मृता:।। 4.4।।

दण्डी और उद्भट के बीच और कोई विख्यात आचार्य नहीं हुआ, अत: विद्वानों का यह अनुमान है कि शान्त-रस की उद्भावना उद्भट ने ही की थी। किन्तु जिस प्रकार अनायास ही उद्भट ने शान्त-रस का उल्लेख क़िया है, उससे यह अनुमान होता है कि उन्होंने अपने समय में प्रचलित रस संख्या का ग्रहण मात्र किया है, अर्थात् शान्त रस उद्भट के समय तक रसशास्त्रियों में स्वीकृत हो चुका था। उद्भट ने केवल परम्परा का पालन किया है। एक सम्भावना यह भी हो सकती है कि उद्भट ने *नाट्यशास्त्र* के भाष्य में, जो आज उपलब्ध नहीं है, शान्त रस की तर्कपूर्वक स्थापना की हो। इन स्थितियों में केवल इतना ही मानना उचित होगा कि शान्त सहित नौ रस का प्रथम उल्लेख उपलब्ध ग्रन्थों में सबसे पहले उद्भट के 'काव्यालंकारसारसंग्रह' में ही मिलता है। वामन ने न रसों की संख्या का उल्लेख किया है और न सभी रसों के नाम ही दिए हैं। परन्तु रुद्रट ने स्वीकृत संख्या में प्रेयान् रस की वृद्धि कर दी है:

शृंगारवीरकरुणा बीभत्सभयानकाद्भुता हास्य:।
रौद्र: शान्त: प्रेयानिति मन्तव्या रसा: सर्वे।।12.3।।

यह प्रेयान् रस जिसका स्थायी भाव स्नेह है, शायद रुद्रट की ही अपनी कल्पना थी, परन्तु विद्वन्मण्डली से इसे मान्यता नहीं प्राप्त हुई, और इसका प्रमाण यह है कि रुद्रट के प्राय: समसामयिक रुद्रभट्ट ने भी अपने *शृंगारतिलक* में केवल नवरस का ही वर्णन किया है। वास्तव में, रुद्रट भी किसी एकाध रस-भेद की नवीन कल्पना के प्रति विशेष आग्रहशील नहीं थे, वे तो लोल्लट आदि कतिपय प्राचीन क्रान्तिकारी आचार्यों के अनुयायी थे, जो रसों की अनन्तता में विश्वास करते थे। उनकी अपनी धारणा यह थी:

रसनाद्रसत्वमेषां मधुरादीनामिवोक्तमाचार्यैः।
निर्वेदादिष्वपि तन्निकाममस्तीति तेऽपि रसाः।। 12.4।।

अर्थात् भरतादि आचार्यों ने स्थायिभावों को इसलिए रस माना है, क्योंकि इनमें मधुर, अम्ल आदि रसों की भांति आस्वाद है। यह आस्वाद्यता तो निर्वेदादि संचारी भावों में भी है, अतः वे भी रसत्व को प्राप्त होते हैं। यह निश्चय ही क्रान्तिकारी कल्पना थी, किन्तु परम्परा के प्रभाववश भोज के अतिरिक्त किसी अन्य आचार्य ने इसे स्वीकार नहीं किया। इनके उपरान्त आनन्दवर्धन के साथ ध्वनिकाल प्रारम्भ हो जाता है। आनन्दवर्धन की प्रवृत्ति विस्तार की अपेक्षा व्यवस्था की ओर अधिक थी, अतः उनसे रस संख्या में वृद्धि की आशा करना व्यर्थ है, उन्होंने नौ रसों की ही चर्चा की है। इस युग के जिन दो प्रमुख आचार्यों ने प्रस्तुत प्रसंग पर प्रकाश डाला है, वे हैं धनञ्जय तथा अभिनवगुप्त। वैसे तो महिमभट्ट, अग्निपुराणकार, मम्मट आदि ने भी रस को अत्यन्त महत्त्व दिया है, परन्तु रस संख्या के विषय में उन्होंने कोई विशेष बात नहीं कही। धनंजय ने आठ और नौ के विवाद का समाधान करते हुए यह व्यवस्था दी कि नाट्य में तो आठ रसों की सम्भावना है कुछ विद्वान् 'शम' स्थायी भाव और उसके परिपाक शान्त रस को भी स्वीकार करते हैं, परन्तु रूपकों में उसकी पुष्टि नहीं होती: *शममपि केचित्प्राहुः पुष्टिर्नाट्येषु नैतस्य।* (*दशरूपक* 4.35) इसकी व्यंजना यह हो सकती है कि काव्य में नवरस की स्थिति धनंजय को मान्य है, परंतु चूंकि उनका विवेच्य विषय रूपक है, अतः उनके लिए शान्त रस का वर्णन अप्रासंगिक है। धनञ्जय ने प्रेयान् तथा भक्ति रसों का खंडन किया है, उनके समय में या उनसे पूर्व एकाध विद्वान् ने मृगया रस तथा अक्ष (द्यूत) रस का भी उल्लेख किया था, किन्तु उन्होंने इन सभी का निराकरण किया है:

प्रीतिभक्त्यादयो भावा मृगयाक्षादयो रसाः।
हर्षोत्साहादिषु स्पष्टमन्तर्भावान्न कीर्तिताः।। 4.83।।

अर्थात् कुछ लोग प्रीति, भक्ति आदि को स्थायी भाव मानते हैं, तथा मृगया, जुआ आदि को रस मानते हैं। इनका समावेश हर्ष, उत्साह आदि स्थायी भाव में ही हो जाता है। अतः इनका पृथक् विवेचन करना ठीक नहीं समझा गया है। धनंजय के विपरीत अभिनवगुप्त ने अत्यन्त प्रबल शब्दों में सम्पूर्ण बुद्धिबल से शांत रस की नाट्य और काव्य दोनों में प्रतिष्ठा की है। उन्होंने इस सन्दर्भ में नाट्य और काव्य के भेद को भी स्वीकार नहीं किया। इस प्रकार, अभिनवगुप्त ने निर्भ्रान्त और निश्चित रूप में व्यवस्था दी है कि रस नौ ही होते हैं, न कम और न ज्यादा। परन्तु इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि कतिपय विद्वान् इन नौ प्रतिष्ठित रसों के अतिरिक्त और भी तीन रसों की स्थिति मानते हैं, जैसे (1) स्नेह रस (2) लौल्य रस और (3) भक्ति रस। किन्तु इनकी पृथक् सत्ता अन्ततः सिद्ध नहीं होती।

आर्द्रता रूप स्थायीभाव से युक्त स्नेह नामक दशम रस होता है, यह कहना उचित नहीं है। क्योंकि स्नेह एक प्रकार के आकर्षण का नाम है। वह (सब ही प्रकार का आकर्षण स्नेह) रति या उत्साहादि में ही समा जाता है। जैसे कि बालक का माता-पिता आदि के प्रति, युवकों का मित्रों के प्रति और लक्ष्मण आदि जैसे भाइयों के प्रति स्नेह का उदय, रति में समाविष्ट हो जाता है। इसी प्रकार वृद्धजनों का पुत्रादि के प्रति स्नेह (जिसको अन्य रसों के मानने वाले वात्सल्य रस नाम से कहते हैं) के विषय में समझना चाहिए (अर्थात् उसका भी अन्तर्भाव रति के भीतर ही हो जाता है)। गर्ध रूप स्थायीभाव वाले लौल्य रस के खंडन में यही पद्धति समझनी चाहिए, क्योंकि हास में अथवा रति में अथवा अन्य किसी रस में उसका अन्तर्भाव हो सकता है। इसी प्रकार भक्ति रस के विषय में भी समझना चाहिए। अर्थात् भक्ति रस अलग नहीं है। उसका भी रति में अथवा भाव में अन्तर्भाव हो सकता है।

(हिन्दी *अभिनव भारती, पृ. 641*)

रस संख्या का विस्तार सबसे अधिक भोज के *सरस्वतीकण्ठाभरण* और *शृंगारप्रकाश* में मिलता है। भोज की प्रवृत्ति संग्रहशील थी, अतएव उन्होंने अपने ग्रन्थों में प्राय: उपलब्ध सभी मतों का संकलन करने का प्रयास किया है। उन्होंने प्रसिद्ध नवरस के अतिरिक्त प्रेयान्, उदात्त और उद्धत-रसों का तो स्पष्ट वर्णन किया ही है।

...प्रेयांस: शान्तोदात्तोद्धता रसा:। सरस्वतीकण्ठाभरण ।।5.164

काव्यमाला संस्करण में 'शान्तोदात्तोद्धता रसा:' पाठ है, परन्तु जैसा कि डॉ. राघवन ने शृंगार प्रकार का उद्धरण देकर प्रमाणित किया है, ये नये रस नायक भेदों के अनुसार उद्भावित किये गये हैं। यथा -

प्रेयान् = धीरललित
उदात्त = धीरोदात्त
शान्त = धीरप्रशान्त
उद्धत = धीरोद्धत

अतएव, 'दान्त' पाठ अशुद्ध है। इनके अतिरिक्त भोज ने एक ओर स्वातन्त्र्य, आनन्द, प्रशम और पारवश्य और दूसरी ओर साध्वस, विलास, अनुराग तथा संगम रसों का भी उपर्युक्त दोनों ग्रन्थों में उल्लेख किया है। वस्तुत: भोज रसों के आनंत्य में विश्वास करते थे। रुद्रट तथा उनके टीकाकार नमिसाधु की भांति वे यह मानते थे, कि सभी भाव स्थायी, संचारी और सात्त्विक भी रसत्व को प्राप्त हो सकते हैं।

(देखिए : डॉ. राघवन की पुस्तक *'दि नम्बर ऑफ रसाज़'*, पृ. 124-125)

भोज के उपरान्त हेमचन्द्र ने भी *काव्यानुशासन* में अभिनवगुप्त के ही शब्दों का अनुवाद-सा करते हुए स्नेह, लौल्य तथा भक्ति रसों का उल्लेख एवं खण्डन किया है।

> एक-दूसरे से स्वतंत्र ये नौ ही रस हैं अत: आर्द्रतास्थायिक स्नेह को रस मानना ठीक नहीं है। इसी प्रकार युवाओं का मित्रों के प्रति स्नेह रति में, लक्ष्मण आदि का भ्रातृ-स्नेह धर्मवीर में तथा बालक का माता-पिता के प्रति स्नेह भय में अंतर्भुक्त हो जाता है। यही वृद्धजन के पुत्रादि-विषयक स्नेह के विषय में समझना चाहिए। ऐसे ही गर्धस्थायिक लौल्य रस का ह्रास या रति में अन्तर्भाव कहा जा सकता है। यही भक्ति के विषय में भी कहा जा सकता है।
>
> (हेमचन्द्र, *काव्यानुशासन*, पृ. 106)

उधर, हेमचन्द्र के शिष्य रामचन्द्र-गुणचन्द्र ने भी प्राय: इसी प्रकार की चर्चा की है, किन्तु उन्होंने तीन अतिरिक्त रसों का भी उल्लेख किया है। ये हैं - व्यसन, दु:ख और सुख।

किन्तु इनसे भिन्न और रस भी हो सकते हैं। जैसे, तृष्णा-रूप स्थायीभाव वाला व्यसन रस, अरति-रूप स्थायीभाव वाला दु:ख रस और संतोष-रूप स्थायीभाव वाला सुख रस इत्यादि (अन्य रस भी हो सकते हैं)। कुछ लोग इनको रस तो मानते हैं, किन्तु इनका अन्तर्भाव पूर्वोक्त नौ रसों में ही कर लेते हैं।

(हिन्दी *ना.द.*, पृ. 306)

कविराज विश्वनाथ ने नवरस को स्वीकार कर लेने के बाद प्राय: स्पष्ट शब्दों में ही वात्सल्य रस को भी मान लिया है और उसका नियमित रूप से सांग वर्णन किया है: 'स्फुटं चमत्कारितया वत्सलं च रसं विदु:', प्रकट चमत्कारक होने के कारण वत्सल रस भी माना जाता है।

(*सा.द.* 3.251)

भानुदत्त कुछ और आगे बढ़ गये हैं। उन्होंने प्रारम्भ में तो रस के दो मौलिक वर्गों की कल्पना की है : स च रसो द्विविध: लौकिकोऽलौकिकश्चेति, अर्थात् रस दो प्रकार का होता है, लौकिक और अलौकिक। लौकिक सन्निकर्ष जन्य रस लौकिक हैं और अलौकिक सन्निकर्षजन्य रस अलौकिक हैं। लौकिक रस लौकिक सन्निकर्ष के माध्यम से छह इन्द्रियों के अनुसार छह हैं और अलौकिक रस अलौकिक सन्निकर्ष अर्थात् ज्ञान के तीन रूपों के अनुसार तीन हैं। ये हैं- (1) स्वाप्निक, (2) मानोरथिक और औपनायिक। इन अलौकिक रसों में, स्वप्न में प्राप्त रस स्वाप्निक है, मनोरथजन्य रस मानोरथिक है और ये दोनों ही सुख-दु:खमय हैं। अलौकिक रस का तीसरा भेद वह है जो काव्य के पद-पदार्थ अर्थात् शब्दार्थ और नाट्य से सिद्ध होता है, अर्थात् अलौकिक

रस-वर्ग के तृतीय भेद का नाम है काव्य या नाट्य रस। काव्य रस के अन्तर्गत सामान्यतः परम्परा-सम्मत नवरस को स्वीकार करने पर भी भानुदत्त ने वात्सल्य, लौल्य एवं भक्ति के अतिरिक्त कार्पण्य तथा माया, इन दो नवीन रसों का और उल्लेख किया है।

चित्तवृत्ति दो प्रकार की होती है। ये है प्रवृत्ति और निवृत्ति। निवृत्ति में जिस प्रकार शान्त रस होता है, उसी प्रकार प्रवृत्ति में माया रस की प्रतीति होती है। माया रस का निषेध नहीं किया जा सकता क्योंकि यदि निवृत्ति में शान्त रस की कल्पना संगत है, तो प्रवृत्ति में माया रस का निषेध कैसे किया जा सकता है ? यहां एक शंका यह हो सकती है कि माया रस स्वतन्त्र रस न होकर रति अर्थात् अनुरक्ति का ही एक रूप है। इसका उत्तर यह है कि यदि वह स्वतंत्र स्थायी न होकर केवल व्यभिचारी ही है तो किसका ? वास्तव में, माया की स्थिति तो परस्पर अनुकूल, प्रतिकूल सभी रसों में समभाव से है। कोई भी व्यभिचारी प्रतिकूल रसों में समभाव से संचरण नहीं कर सकता, अर्थात् ऐसा कोई भी व्यभिचारी नहीं है, जो विपरीत रसों में भी संचरण कर सके। अतः यह शंका उचित नहीं है। दूसरी शंका यह हो सकती है कि माया रस स्वतन्त्र रस न होकर सामान्य रस का ही पर्याय है, और शान्तेतर प्रसिद्ध आठ रस उसी के विशेष रूप या भेद हैं। इसका समाधान यह है कि यदि प्रवृत्तिरूपिणी माया रस का पर्याय है, तो उसका विपरीत रूप निवृत्तिमूलक 'शान्त' रस न रहकर रसाभास बन जाएगा। इसलिए माया स्वतंत्र रस ही है, व्यभिचारी नहीं। रति, हास, शोक आदि आठों भाव विद्युत् की तरह उसमें उत्पन्न और विलीन होते रहते हैं। अतः वे ही इसके व्यभिचारी हैं। माया रस का लक्षण इस प्रकार है– मिथ्याज्ञान की वासना ही प्रबुद्ध और उपचित होकर माया रस का रूप धारण कर लेती है। इसका स्थायीभाव है मिथ्याज्ञान, सांसारिक भोगों के उत्पादक धर्माधर्म विभाव हैं और पुत्र, कलत्र, विजय, साम्राज्य आदि अनुभाव हैं।

कार्पण्य रस : रस प्रसंग के आरम्भ में भानुदत्त ने वात्सल्य, लौल्य, भक्ति आदि के साथ एक नवीन रस का और उल्लेख किया है वह है कार्पण्य जिसका स्थायीभाव है स्पृहा, "ननु वात्सल्यं, लौल्यं, भक्तिः कार्पण्यं वा कथं न रसः। आर्द्रताऽभिलाषश्रद्धास्पृहाणां स्थायिभावानां सत्त्वादिति"। किन्तु यह उल्लेख मात्र है। भानुदत्त को वात्सल्य, लौल्य और भक्ति के साथ-साथ कार्पण्य का रसत्व भी अग्राह्य है, क्योंकि आर्द्रता, अभिलाष, श्रद्धा के समान ही स्पृहा भी व्यभिचारी भाव मात्र है, स्वतन्त्र स्थायी नहीं है। वात्सल्य जिस प्रकार करुण रस का व्यभिचारी है उसी प्रकार भक्ति, शान्त का भी इसी प्रकार लौल्य के समान कार्पण्य भी हास्य का व्यभिचारीमात्र है।

इस प्रसंग में कदाचित् अन्तिम प्रयास किया वैष्णव आचार्य रूपगोस्वामी ने। उन्होंने काव्यशास्त्रियों के इस निर्णय का घोर विरोध किया कि भक्ति रस न होकर केवल भाव है और पूर्ण व्यवस्था के साथ भक्ति को प्रधान तथा शास्त्रीय रसों को गौण घोषित किया। उनके मतानुसार रस के दो प्रकार हैं:

1. मुख्य रस

शान्त भक्तिरस	शान्ति स्थायी
प्रीत भक्तिरस	प्रीति स्थायी
प्रेयान् भक्तिरस	सख्य स्थायी
वात्सल्य भक्तिरस	वात्सल्य स्थायी
मधुर भक्तिरस	मधुरा रति स्थायी

2. गौण रस

हास्य भक्तिरस	हासरति स्थायी
अद्‌भुत भक्तिरस	विस्मयरति स्थायी
वीर भक्तिरस	उत्साहरति स्थायी
करुण भक्तिरस	शोकरति स्थायी
रौद्र भक्तिरस	क्रोधरति स्थायी
भयानक भक्तिरस	भयरति स्थायी
बीभत्स भक्तिरस	जुगुप्सारति स्थायी

रस भेदों का विस्तार प्रायः यहीं पर समाप्त हो जाता है, इनके अतिरिक्त केवल एक नवीन रस 'व्रीडनक रस' का उल्लेख जैनों के *अनुयोगद्वारसूत्र* के आधार पर डॉ. राघवन ने किया है। व्रीडनक रस का स्थायी भाव व्रीडा या लज्जा है। उपर्युक्त सूत्र के टीकाकार मलधारी हेमचन्द्र (बारहवीं शती ई.) ने लिखा है कि कुछ विद्वान् व्रीडनक के स्थान पर भयानक रस की गणना करते हैं किन्तु भयानक तो अपने कारणभूत रस रौद्र का ही अंग है, अतः उसकी पृथक् सत्ता नहीं होती। भारतीय काव्यशास्त्र में सूत्रकार और भाष्यकार दोनों का ही कोई स्थान नहीं है, फिर भी केवल नवीनता की दृष्टि से ही व्रीडनक रस का उल्लेख मात्र कर देना असमीचीन नहीं है।

संस्कृत के अन्तिम मेधावी आचार्य हुए पंडितराज जगन्नाथ, जिन्होंने अत्यन्त प्रबल शब्दों में इस विस्तार प्रवृत्ति का खण्डन कर परम्परा की पुनः प्रतिष्ठा पर बल दिया, "रसानां नवत्वगणना च मुनिवचननियन्त्रिता भज्येत, इति यथाशास्त्रमेव ज्यायः"। अर्थात् भक्ति आदि रसों का समावेश करने से मुनि द्वारा निर्धारित संख्या भंग हो जाएगी, अतः शास्त्र का अनुसरण करना ही श्रेयस्कर है। (*हि.रस.गं.*, पृ. 176)

12

अभिनवगुप्त प्रणीत स्तोत्रों में रस-साधना का दर्शन

रमाकान्त शर्मा आंगिरस

भरतमुनि के *नाट्यशास्त्र* से लेकर आज तक रस के स्वरूप को लेकर जितनी भी परिकल्पनाएं की गईं वे कहीं-न-कहीं किसी रूप में सादृश्यमूलक होकर मार्ग से भटक गईं। फलत: रस की बात साहित्य-समीक्षा या सौंदर्यबोध के गहन स्तरों के पास जाकर भी हाथों में से फिसल जाती है। अतएव रस को लेकर की जाने वाली चर्चा कहीं रुकने का नाम नहीं लेती। किसी सादृश्य के आधार पर की जाने वाली बात रसानुभूति को वाच्य बना देती है। परिणामत: लोल्लट चाहे किसी उत्पत्तिमूलक सादृश्य को लेकर अपनी व्याख्या दें, शंकुक अनुमितिवादी 'चित्रतुरग-न्याय' का आश्रय लेकर अपनी बात कहें, भट्टनायक भोगानुभव की समानता को लेकर भावकत्व के माध्यम से रस-भोग की बात कहें या फिर आचार्य अभिनवगुप्त की रस-सिद्धान्तपरक व्याख्या को 'अभिव्यक्ति-सादृश्य' के साथ जोड़कर देखें, बात सीधी होने की बजाए रसेप्सु के मन में अनेक शंकाओं और अनुत्तरित प्रश्नों को छोड़ जाती है। अत: प्रस्तुत अध्ययन में महामाहेश्वराचार्य अभिनवगुप्त की स्वरचित कुछ काव्यरचनाओं के आधार पर हम उनकी रसदृष्टि का उन्मेष करने का प्रयास करेंगे।

यह ठीक है कि वैदिक वाङ्मय में रस शब्द या उसके समानान्तर 'मधु', 'सोम', 'घृत', 'पयस्' आदि कुछ ऐसे पदों का स्थान-स्थान पर प्रयोग हुआ है, जिनके सेवन से मरा या सूखा-सड़ा-सा जीवन-प्राण फिर से उमग उठता है। *छान्दोग्योपनिषद्* में

प्राणविद्या अधिकरण में सत्यकाम ने व्याघ्रपाद के पुत्र गोश्रुति को मानवदेह में समस्त अंगों के रसभूत प्राण के रहस्य को देते हुए, अंत में यह कहा कि यदि इस प्राण के रहस्य को किसी सूखे ठूंठ के सामने भी कहा जाएगा तो उसमें फिर से शाखाएं फूट पड़ेंगी और कोंपलों के कोमल अंकुर उसमें उग आएंगे *''यद्येनत् शुष्काय स्थाणवे ब्रूयात् जायेरन् एव अस्मिन् शाखाः प्ररोहेयुः पलाशानि''* (*छान्दोग्योपनषिद्, 5.2.3*)।

उपनिषदों की यह चित्रमयी भाषा जो ऋचाओं के उद्गम के साथ ही जीवन की प्राणवत्ता को उसके उसी मूलरूप में मुखरित करती आ रही थी, वह सभ्यता के बोझिलपन से दूर संस्कृति की सारस्वत धारा थी। परवर्ती *आश्वलायन श्रौतसूत्र* (अ.3, पंचयज्ञ प्रकरण) में इस वैदिक ब्रह्मविद्या की तरलता, स्वादुता और सौष्ठव को एक वाक्य में उपसंहृत करते हुए कहा गया कि ऋचाओं के अध्ययन में दूध की धाराओं का रस, यजुर्वेद के मंत्रों के पाठ में उठती हुई घृत की सुरभियों का आस्वाद और ब्राह्मणग्रन्थ, कल्पसूत्र, गाथा, नाराशंसी, इतिहास, पुराण के अनुशीलन में अमृतपान की तृप्ति का आनन्द, ये सब इस अमृतावाक् के चर्वण का फल हो सकते हैं। यह अकृत्रिम संस्कृता वाक् नारद जैसे तत्त्वजिज्ञासु के प्रति जब सनत्कुमार के मुख से उपदिष्ट होगी तो यह सभी प्रकाश की उपासना में रत लोगों को जीवन के तमस् या अन्धकार के उस पार ले जाएगी, जिसे 'स्कन्द' कहा जाता है। जीवन की प्रथम रश्मियों का वह प्रवाह जहां एक बार झांक लेने के बाद जिंदगी की दैनन्दिन या रोजमर्रा की छोटी-छोटी वस्तुओं की ताक-झांक की वासना का सिलसिला समाप्त हो सकता है, क्योंकि वह स्कन्द उस पवित्रता और नैर्मल्य का नाम है, जिसके आसपास दूर-दूर तक कहीं कोई छिलका या आवरण-पात्र का नामोनिशान तक नहीं। उसी को कोई-कोई ''अमृतस्य परं सेतुं दग्धेन्धनमिवानलम्'' कहते हैं। वह धूमरहित वह विशोका समाधि है, जिसको एक बार छू लेने के बाद फिर रोज़-रोज़ मरना नहीं होता।

हिमालय के दक्षिण की ओर और समुद्र के उत्तर की ओर निष्पाप निवास करने वाली जिन जातियों या प्रजातियों के हाथ यह रहस्य लग गया उनकी पीढ़ियां इस रसानुभूति को किसी भी प्रकार से हाथ से न जाने देने के लिए विवश थीं। परवर्ती सभ्यताओं के बढ़ते हुए संघर्षों और उठते हुए कृत्रिम नैतिक मूल्यों के दबाव के अतिरिक्त उन लोगों ने कुछ ऐसे चैनल या सुरंगें बनाने का प्रयास बनाए रखा, ताकि धर्म, अर्थ और काम की बहती हुई त्रिवेणी के स्रोत ही न सूख जाएं। यह रसानुभूति का मानसर संभवतः शैवों के कैलाश से बहुत दूर नहीं था। महामाहेश्वराचार्य अभिनवगुप्त के प्राण इन्हीं हिमालय की उपत्यकाओं में मंडराते हुए जब मुखरित होते हैं तो उनके काव्य की मर्मस्पर्शिता उनके पाठकों को भी उस अनुत्तर पद का साक्षात्कार कराने लगती हैं और उनकी काव्य-प्रतिभा समाधि-काव्य की सृष्टि करने लगती है, जिसमें प्राणों का संचार स्वतः स्तब्ध होने लगता है। बन्ध और मोक्ष की शास्त्राभ्यास

या भोगाभ्यास से बनी हुई कल्पनाएं स्वत: ही निर्बन्ध होकर खुल जाती हैं। रज्जु में सर्प की भ्रान्ति या रात के अंधेरे में किसी छाया को पिशाच समझ बैठने की भ्रान्ति का आतंक स्वत: मिट जाता है तथा पदार्थों के ग्रहण एवं त्याग की अहंता का हिमखण्ड पिघलकर स्वस्थता में रूपान्तरित हो जाता है। इसलिए यह मानकर चलना होगा कि नाट्यशास्त्र पर *अभिनवभारती* नामक भाष्य लिखते हुए आचार्य अभिनवगुप्त की संवेदना अभिनवरूपा शक्ति और उस शक्ति में निगूहित जो महेश्वर हैं, उन दोनों के यामल रूप को आत्मसात् करके आचार्य शिवता की भूमि पर दृढ़ता से पैर जमा चुके थे। आचार्य की रचना *परमार्थचर्चा* पर विवरण आरम्भ करते हुए हरभट्ट कहते हैं:

अभिनवरूपा शक्तिस्तद्गुप्तो यो महेश्वरो देव:।
तदुभयामलरूपमभिनवगुप्तं शिवं वन्दे।।

शिव-शक्ति के इस यामलभाव को परमेश्वर की इच्छामात्र से कल्पित होने के कारण किसी भी रूप में संवित् शिव से भिन्न न होने से उनमें अद्वैतता कभी खंण्डित नहीं होती। लगता है परवर्ती वैष्णव साहित्य में भी द्वैतता को अद्वैतता का ही रूप कल्पित करते हुए कहा गया है, "लीलार्थं कल्पितं द्वैतमद्वैतादपि सुन्दरम्।" परन्तु काश्मीर शैवाचार्यों ने लीला पद के स्थान पर परमेश्वर की स्वेच्छा और उसके उन्मुक्त स्वातन्त्र्य को ही क्रीडारस में उपयोगी बनाया। अभिनवगुप्त कहते हैं:

एष देवोऽनया देव्या नित्यं क्रीडारसोत्सुक:।
विचित्रान् सृष्टिसंहारान् विधत्ते युगपद् विभु:।।

अपनी ही विमर्श शक्ति से नित्य क्रीड़ा करते हुए शिव का सम्पूर्ण सृष्टि में और मानवचेतना के प्रत्येक केन्द्रीय धरातल पर प्रतिपल जो क्रीडन हो रहा है, वही तो नाट्यकला का मूल है। शिव की नाट्यक्रीड़ा में शिव स्वयम् ही नटराज की भूमिका करते हुए अज्ञान की ग्रन्थियों को तोड़ते हुए जब अपनी 'स्व-शक्ति' की अभिव्यक्ति करने लगते हैं, तो घनिष्ठता या गहनता की उस सान्द्र अनुभूति में आनन्दरूप मोक्ष उच्छल हो उठता है :

अज्ञानग्रन्थिभिदा स्वशक्त्यभिव्यक्तता मोक्ष:।

(*परमार्थसार*, 60)

काव्य एवम् काव्य की ही एक कला नाट्य के द्वारा इसी क्रीडारस को अपने सहृदयों के हृदय में जगाने के नैपुण्य को ही भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र का विषय बनाया है। कालान्तर में उस नाट्यशास्त्र की कुछ एक अपव्याख्याओं में ग्रन्थकारों के अपने-अपने बुद्धिभेद से किए गए अपकर्ष के कारण आचार्य अभिनवगुप्त ने शैवी

व्याख्या देकर अत्यन्त निगूढ केवल कुछ एक सहृदय लोगों द्वारा ही अपने अन्तरंग में स्फुरित होने वाली रस-संवित् को ठीक प्रकार से अभिव्यक्ति की दिशा देकर नाट्यशास्त्र की दृष्टि के अनुकूल रससूत्र की व्याख्या दी। कारण, संभवत: यही था कि महेश्वर के उपासक लोगों को यह पता था कि शिव नटराज हैं। यह विश्व, जो रंगशाला है, उसमें नटराज की आत्माभिव्यक्ति उनके आनंद के उच्छलन के अतिरिक्त क्या हो सकती है। अथवा यह स्व-स्वातन्त्र्य की अभिव्यक्ति क्या है ? वह अनुत्तर शिव के ही विश्व में परिपूर्ण अहंभाव के ही चमत्कार का उल्लास है।

अभिनवगुप्त की रचना *श्रीबोधपञ्चदशिका* के टीकाकार श्री हरभट्टशास्त्री श्लोक 14 की व्याख्या करते हुए कहते हैं कि शिव की अपनी स्वतन्त्र इच्छाशक्ति से ही क्रीडा-रसिक भगवान् महेश्वर इस विश्वरूपी नाट्य क्रीडा को प्रदर्शित करने के अभिप्राय से अन्तरात्मा के रंगमंच पर पृथक्-पृथक् भूमिका को लेकर विभाव और अनुभाव आदि से व्यंजित तथा सात्त्विक भावों के सहचारी पृथक्-पृथक् स्थायिभावों के द्वारा उद्घाटित या उद्भासित होकर अलौकिक, रस-सम्बन्धी चमत्कार का आस्वादन कराता है। जो लोग इस काव्य एवं नाटकजन्य अर्थ को नहीं समझ पाते या उसके परमार्थ ज्ञान से निम्नस्तरीय अपरा शक्तियों के बन्धन के कारण अपरिचित हैं उनका हृदय अविकसित या भीतर ही भीतर चल निकलने वाली अन्तस् की रस-लहरी से खिल नहीं पाता, "अन्त:स्रावविहीनानां सदा सन्तप्तचेतसाम्।" यह अन्त:स्राव अभिनवगुप्त के मत में संवित् या पराचेतना का वह प्रसाद या निर्मलता है, जो एक बार भैरव शिव की परा प्रतिभा में डुबकी लगा आने के बाद प्राप्त हो जाती है। जिसके बाद फिर किसी प्रकार के उपाय या प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं रहती। सहज ही में स्वप्रकाशता या उस रस की उपलब्धि होने लगती है, जिसे अध्यात्म की भाषा में शिव कहा जाता है। यथा-

उपायैर्न शिवो भाति भान्ति ते तत्प्रसादत:।
स एवाहं स्वप्रकाशो भासे विश्वस्वरूपक:।। *तन्त्रालोक 3.63*

आचार्य अभिनवगुप्त का यही शैव-काव्य का दर्शन है, जो *अभिनवभारती* आदि समीक्षा-निकषों के ललाट पर स्वर्ण रेखाओं के रूप में उद्भासित है। नाट्य आदि कलाओं में शैवी क्रीडा के अंगभूत विभाव, अनुभाव और संचारियों के सामरस्यमूलक संयोग से संवित् रूप शिव अथवा रस की अभिव्यक्तिपरक निष्पत्ति होती है।

काव्य-साहित्य या कला-समूह यदि जीवन का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो जीवन की अनेकरूपा अभिव्यक्ति या परिणामशीलता विश्वमय और विश्वोत्तीर्ण के बीचो-बीच माननी होगी और जीवन की अभिव्यक्तियों को रसरूप शिवता के साथ जोड़कर देखना होगा। रस का वैलक्षण्य या लोकोत्तरता यही है कि वह विश्वमयता और विश्वोत्तीर्णता के शुक्र-शोणित में से उद्भूत होने पर भी स्वयं में नित्यनवीन है। ऋग्वेद संभवत: इसी

को अभिमुख बनाकर "नवो नवो भवति जायमानः" अर्थात् वह तत्त्वाग्नि उत्पन्न होने की प्रक्रिया को निमित्त बनाकर प्रतिपग एक प्रकार की नवीनता से दूसरे प्रकार की नवीनता में प्रवेश करता चलता है। बन्धन और मुक्ति की अवधारणाएं तब स्वयं ही द्रवित होकर उसी में समाविष्ट हो जाती हैं। इस शैवी अनुभव-साधना में जो घटित होता है, उसे आचार्य अभिनवगुप्त अपने सुप्रसिद्ध *अनुत्तराष्टिका स्तोत्र* काव्य में स्वरूपतः निरूपित करते हैं, कि राग-द्वेष या सुख और असुख वर्ग के भावों का उदय और अस्त होना, अहंकार एवम् दैन्य आदि जितना भी भावसमूह है, वे सब विश्ववपु शिव के ही भिन्न-भिन्न रूप होने के कारण स्वभावतः भिन्न नहीं होते। जब साधक या सिद्ध उस संवित् शिव की भावना या ऐक्यानुभव से सम्पन्न होकर उन समस्त भावों की विभिन्न अभिव्यक्तियों को शिवा की ही विभिन्न छवियों के रूप में देखने लगता है, तो उसे रसानुसन्धान होने लगता है। आधुनिक सन्दर्भ में महाप्राण निराला की अपने काव्य-कर्म की प्रौढ़ता के काल में श्याम की विभिन्न छवियां अपनी विभिन्नता को साथ लेकर भी ऐक्य-साधन करने लगी थीं और कवि की काव्य-संवित् शब्दात्मिका गीति के रूप में फूट निकली :

जिधर देखिए श्याम बिराजे
श्याम कुंज वन यमुना श्यामा श्याम गगन घन वारिद गाजे।
श्याम तामरस श्याम सरोवर श्याम अनिल छवि श्याम संवाजे।।
श्याम बलाका शालि श्याम है श्याम विजय बाजे नभ बाजे।
श्रुति के अक्षर श्याम देखिए दीपशिखा पर श्याम निवाजै।।

प्रस्तुत गीतिका की संवेदना की पराकाष्ठा सागर की एक ऊर्मि की तरह उस समय आकाश को छूने की ओर बढ़ती है जहां नीले मेघों के बीच वन्दनवार बनाकर एक लय के साथ उड़ी जा रही श्वेत वकपंक्ति या बलाका भी अपने रूप-रंग की पार्थिवता को छोड़कर श्यामा चेतना में बिना कुछ खोए तद्रूप हो उठती है। भारत के निगम और आगम की परम्परा के उपासकों की यही रस-संवित् जब भी उमड़ने लगती है, तो यह आधिभौतिक पदार्थों, आधिदैविक दृष्टियों और आध्यात्मिक अनुभूतियों के साथ बिना छेड़छाड़ किए या बिना विक्षिप्त या व्यथित किए ही एक नूतन अधिभूत, अधिदैवत एवम् अध्यात्म की सृष्टि करने लगती है। यही उसकी चिर-जीवन्तता और सनातनता का रहस्य रहा है। इसीलिए आचार्य अभिनवगुप्त अपने समाधि-काव्य की एक पंक्ति से संकेत करते हुए कहते हैं, "संविद्रूपमवेक्ष्य किं न रमसे तद्भावना निर्भरः" कि अरे भाई लोग उस परा संवित् को, जो अस्तित्व-अनस्तित्व, अभिधेयत्व-ज्ञेयत्व की प्रतीतियों और पदार्थों के भीतर से झांक रही है उसको एक बार आत्मसात् करके क्यों नहीं जी लेते ? यह जो माया है, अविद्या है यह आंख खुलने पर अद्वय चित् से अभिन्न

ही है। अतः उस अनुत्तर अनुभूति में पूजा, पूजक, पूज्य के भेद की कोई गुंजाइश ही नहीं अथवा शाक्तों की दृष्टि में 'ज्ञातृज्ञानज्ञेयानामभेदभावनम्' ही हो रहा हो तो सभी कुछ अपने स्व के अनुभव से स्वभाव में ही निर्मल हो उठता है। व्यर्थ के चिंतकों का वहां कोई प्रयोजन ही नहीं। क्योंकि वास्तव में अनेकत्व एकत्व का विरोधी नहीं है, अपितु वह स्वयंप्रकाश संवित् का ही वैभव है। इसलिए यहां न द्वैत है, न द्वैताद्वैत है, न विशिष्टाद्वैत है। चर्चा स्तोत्र में अभिनवगुप्त कहते हैं कि सृष्टि में ग्राह्य, ग्रहण एवम् ग्रहीता का विभाग शिवाभिन्न शक्ति के वैचित्र्य के कारण उसी का सहज सौन्दर्य बनकर स्फुरित होने लगता है। इसी द्वैत एवम् अद्वैत की ग्रन्थि को सुलझाने के लिए आचार्य अभिनवगुप्त अपने काव्य में कई बार जिन प्रतिमानों को उत्कीर्ण करते हैं उनमें एक है : 'मणिदर्पणविधि', जिसका उल्लेख आचार्य शंकर ने भी अपने *दक्षिणामूर्तिस्तोत्र* की प्रथम पंक्ति में किया है, "विश्वं दर्पणदृश्यमाननगरी तुल्यं निजान्तर्गतम्।" अभिनवगुप्त कहते हैं कि परमार्थता की दृष्टि खुलते ही शिव का जगत् से भेद, जीव का शिव से भेद अथवा शिव, जीव, जगत् को लेकर किए जाने वाले जितने भी भेदभाव हो सकते हैं, वे सभी अविरोधी होकर स्वच्छ संवित् रूपी मुकुर या दर्पण में ऐसे ही अन्वित हो जाते हैं, जैसे एक ही स्वच्छ प्रकाश वाले दर्पण में एक साथ ही बाह्य जगत् के प्रासाद-भवन, उन भवनों में स्थित हाथी, घोड़े, मेघ, समुद्र, पर्वत आदि विविध पदार्थ अपनी विविधता को बिना त्यागे एक साथ प्रतिबिंबित होते हुए प्रतिबिम्बों के रूप में उस दर्पण की ही विभूति होते हैं।

आदर्शकुक्षौ प्रतिबिम्बकारि सबिम्बकं स्याद्यदि मानसिद्धम्।
स्वच्छन्दसंविन्मुकुरान्तराले भावेषु हेत्वन्तरमस्ति नान्यत्।।
(*परमार्थचर्चास्तव, 5*)

क्रमस्तोत्र में आचार्य का कहना है कि एक बार शिवता के समावेश हो जाने पर पशुता के कारण दिखाई दे रही बन्धमयी सांसारिकता की स्थिति को शिवता के काव्य की आग्नेय ज्वाला से रसमय बनाकर जब समस्त भाव-दृष्टि को मैं पीने लगता हूं तो मैं परम सुख की अनुभूति से मदमत्त हो जाता हूं। क्योंकि उस समय मेरे स्व या आत्म के स्फार या उत्तरोत्तर बढ़ते हुए प्रसार से अनन्तवैचित्र्य की महिमा प्रकट होने लगती है:

विधुन्वानो बन्धाभिमतभवमार्गस्थितिमिमां
रसीकृत्यानन्तस्तुतिहुतवहप्लोषिताभिदाम्
विचित्रस्वस्फारस्फुरितमहिमारम्भरभसात्
पिबन्भावानेतान् वरद मदमत्तोऽस्मि सुखितः।। 5।। (*क्रमस्तोत्रम्, 5*)

वास्तव में, आचार्य अभिनवगुप्त की शिवसंवित्-साधना या रसानुभूति की प्रक्रिया जब आरम्भ होती है तो सहृदय के प्राण गणपति के रूप में, अपान बटुक के रूप में तथा समस्त इन्द्रियरूप देवियां अपने-अपने विषय भोगों की पूजा सामग्री लेकर हृदयकमल में स्थित आत्मलिंग चिन्मय भगवान् आनन्द भैरव का अभिपूजन करने आती हैं तो योगी का अवधान या ध्यान ही अपनी धी या धारणाशक्ति के बल से सद्गुरु बनकर शिवपथ का द्वार खोल देता है। बुद्धि अपने निश्चयरूप कुसुमों को लिए हुए ब्रह्माणी शक्ति बनकर आनन्दभैरव-भैरवी के आराधन के लिए पहुंच जाती है। अहंकृति शाम्भवी अम्बा, और सदा विकल्प करने वाला मन कौमारीशक्ति तथा शब्दरूपा वाणी वैष्णवीशक्ति में रूपांतरित हो जाते हैं। रूप, रस, गन्ध, स्पर्श आदि की सभी शक्तियां आनन्द भैरव-भैरवी के पूजागृह में आकर सभी सहृदयों के हृदयों में सदा सन्निहित अनुभव के सार रूप-रस को मिलाकर या समरस होकर अभिव्यक्त करने लगती है। आचार्य अभिनवगुप्त की चेतना का रंगमंच रसानुभूति का पूजागृह है, जहां प्रविष्ट होने से शैवी भावना के हिमस्रोत जल से सर्वमलनिवारक स्नान करके श्रद्धानदी के विमलचित्तरूप अभिषेक जल को लेकर और समाधिरूप कुसुमों को अञ्जलि पुट बनाकर रसानुभूतिरूप अपने ही स्वरूप संवित् के साथ ऐक्यानुसन्धान के लिए चलना होगा। क्योंकि आचार्य के मत में रसानुभूति के मधुपात्र में किसी भी प्रकार के ऐन्द्रिय बोध, मानसबोध एवम् अतीन्द्रियबोधों की वर्जना या निषेध का विधान नहीं है।

भारतीय जीवन-साधना में कला-साधना में, इस प्रत्येक पदार्थ में प्रतीयमान होने वाला एक ऐसा सार है जो सदा ही एक नवीन से नवीनतर होती जा रही ऊर्जा को मधुर उत्तेजना या सौष्ठव-सम्पन्न रूप में परिणत कर देता है। आचार्य अभिनवगुप्त कहते हैं कि यह आनन्दानुभूति धनमद, मद्यमद, अंगनासंगमद जैसी नहीं है। यहां जो प्रकाश की भी कल्पना है वह प्रदीप, सूर्य या चन्द्रमा के प्रकाश जैसी नहीं है। अपितु, जन्मजन्मान्तर से चले आ रहे मलिन सुख-भोग की सहस्रों वासनाओं के बोझ के उतर जाने का सुख है। इसके साथ ही अपने ही अज्ञान-तिमिर या मेघों में छिपे हुए अपने ही विस्मृत स्व के शरत् चन्द्र का किसी मौन वनान्तर के निर्मल निशीथ में आविर्भूत हो उठना है।

(दे. *अनुत्तराष्टिका*, श्लोक 4।)

वास्तव में आचार्य अभिनवगुप्त के अभिमत दर्शन के अनुसार शब्द की सम्पूर्ण सृष्टि प्रतिभा का ऐसा खेल है, जो न तो लौकिक या भूत-पदार्थों के संसरण या स्फुरण से निर्मित है, न ही अभौतिक या अतिभौतिक दिव्यता का रहस्यात्मक चमत्कार है, वह तो शब्द के भीतर से होकर स्फुरित होने वाली शब्द-संवित् की लोकालोकमयी सृष्टि है:

माये विद्ये मातृके मानिनि त्वं काये काये स्पन्दसे चित्कलात्मा।
.....ध्यायेयं त्वां वाचमन्तर्नदन्तीम्।।

(*रहस्यपंचदशिका, श्लोक 8*)

वहां शब्दों का अर्थों से जो संबंध है वह भी वाच्य कोटि का भौतिक पद-पदार्थ सम्बन्ध नहीं, अपितु काव्यधर्मिता से स्फुरण होने वाला व्यंजकव्यंग्य सम्बन्ध है। यही सम्बन्ध सहृदय सामाजिक के अनुशीलन का विषय बनकर उसके प्राण और मन को वाक् में प्रतिष्ठित कर देता है और वाक् सहृदय के मन, प्राण को अपने में अभिसूत्रित कर लेती है तो अभिनवगुप्त कहते हैं कि समाधिकाव्य के कवि के मुख से जो भी शब्द उच्चरित होता है वह लोकोत्तर मंत्र हो जाता है। सुख तथा दु:ख के अनुभव से होने वाली संस्थितियां सुख-दु:ख न रहकर मुद्रा का रूप धारण कर लेती हैं। अपनी स्वरसता में से उठता हुआ प्राणों का प्रवाह अद्‌भुत योग में परिणत हो जाता है। इस प्रकार शक्तित्व के परमधाम यानी वर्ण-पद और मंत्र का अनुभव करते हुए ऐसा क्या रह जाता है, जो हमें प्रकाशमयी सृष्टि में नहीं ले जाता।

उस प्रातिभ मंत्र में वर्णक्रम या पदों का क्रम संलक्षित नहीं होता। सम्पूर्ण कायिकी या शरीर की क्रियाएं विगलित होकर आनन्द-मुद्रा का प्रादुर्भाव हो उठता है। योग की वह अवस्था प्रकट हो जाती है जहां प्राण का समग्र प्रवाह ही चुक जाता है। अत: हे भगवति प्रतिभे! तुम्हारे धाम में पहुंच जाने पर सुधी जन को कौन-से वैलक्षण्य का अनुभव नहीं हो जाता। (दे. *अनुभवनिवेदनस्तोत्रम्*, 3, 4)

इस प्रकार, आचार्य अभिनवगुप्त के स्तोत्रकाव्य के अनुशीलन से प्रतीत होता है कि शैव-साधना में क्रमश: बाह्योपाय साधना से आन्तर-उपाय साधना के चरम शिखर पर्यन्त यानी अनुपाय पर्यन्त पूजन-सामग्री एवम् साधन-प्रक्रिया के अंग रूप विभावादिकों में शिवता की भावना एवम् दृढ़ से दृढ़तर होते हुए समावेश के बल से जब अन्त:करण में महासाहसवृत्ति का उदय होता है तो बिना किसी अवरोध के सहसा घटित हुए चमत्कार या उन्मेष से स्वरूपलाभ-रूप-रस उच्छल हो उठता है। अत: शैवों और शाक्तों की दृष्टि से देखें, तो वहां आपको मिलेगा कि साधना-मंडल में जो कुछ भी सामग्री या क्रियाकलाप हैं, वे सभी समावेश अथवा दृढ़तर भावना के बल से शिवदृष्टि का उन्मेष होने पर शिवरूपता में आप्लावित होकर रसदीप्त होने लगते हैं।

इसी महानुभव का एक लघुकाय रूप भारतीय कलाएं अथवा काव्य जब अभिव्यक्त करने लगते हैं, तो बात स्पष्ट हो जाती है कि शैव साधनाक्रम शिव की विभिन्न कलाओं के माध्यम से अखण्डयोग प्राप्त करने की विधि या क्रम है। उसमें योगसाधनारूपों की कठोरता एवम् इन्द्रियनिग्रह आदि अनावश्यक हो उठते हैं। क्योंकि, जब सर्वसाधारण लौकिक सुखों का अनुभव करते हुए भी शिवता के उन्मीलन से आत्मानन्दकला का रस उठता है तो अभिनवगुप्त कहते हैं कि अपनी शिवता में अधिक समादर हो जाने से इन्द्रिय भोगलालसा में तब आदर विगलित होता चला जाता है उसमें विरक्ति स्वाभाविक होती चली जाती है। उलटे बलपूर्वक इन्द्रियों का निग्रह करने से कई बार कई प्रकार की विकृतियां जन्म लेने लगती हैं:

अनादरविरक्त्यैव गलन्तीन्द्रियवृत्तयः
यावत्तु विनियम्यन्ते तावत्तावद्विकुर्वते।।

(मालिनीविजयवार्तिक, 2.112)

इस प्रकार, शिवदृष्टि रसदृष्टि के समावेश से तरंगित हृदय वाले सामाजिक की द्वैत अथवा द्वैताद्वैत की सांसारिक वासनाओं को नष्ट करने का कुचक्र नहीं रचती, अपितु 'सर्वं शिवमयम्' की अनुभूति से शेष समस्त अनुभूति-पुंज को समरस कर देती है, जहां अन्य किसी वेद्यान्तर का स्पर्श सम्भव ही नहीं है। इसी एक क्षण को पाकर रूपान्तरित होने के लिए पिछले सहस्राधिक वर्षों से भारतीय कला-साधनाएं यत्नशील रही हैं तथा मूल कृतिकार की रसदृष्टि को उन्मेषित करने के लिए ही नट-नटी आदि पात्र तथा सहृदय सामाजिक अपनी-अपनी सीमा व मर्यादाओं में रहते हुए भी ऐक्य-साधन के लिए प्रयत्न करते हैं।

इस पत्र को प्रस्तुत करते समय मेरी दृष्टि इस ओर रही है कि प्राचीन वैदिक एवम् उपनिषद् सम्बन्धी मन्त्रकाव्य में रस शब्द का बहुधा प्रयोग हुआ है, जिसका सम्बन्ध मूलतः आर्ष बोध से रहा है। भले ही वह कृतिकार में उठा हो या सहृदय में। आचार्य भरतमुनि ने जिस नाट्य अथवा नाटक के सन्दर्भ में प्रस्तुत रस शब्द का प्रयोग किया है वह सन्दर्भ पौराणिक है। पौराणिक सन्दर्भ को भले ही परम्परा की बाध्यता के कारण वैदिक परम्परा से जोड़ने का प्रयास निम्न पद्य में किया हो:

जग्राह पाठ्यं ऋग्वेदात्सामभ्यो गीतिमेव च
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि।। (ना.शा., 1.17)

इस श्लोक से ऐसा प्रतीत होता है कि नाट्यशास्त्र ने जब अभिनवगुप्त अथवा नाट्यकला को 'वागंगसत्त्वोपेत' करके पंचम नाट्यवेद की घोषणा की, तो काव्य और नाट्य को पर्याप्त समीप लाया जा चुका था। वेद और लोक का बन्धन दृढ़तर हो चुका था। किन्तु निश्चय ही वैदिक रस का सन्दर्भ अवश्य ही बदला होगा। क्योंकि जो संहितापाठ ऋषियों की कण्ठ-ध्वनि, सामगान तथा कर और वदन की मुद्राओं के प्रकटन से किया जाता था उसमें वाचिक और आंगिक अभिनय के बीज तो थे ही। किन्तु सामान्य लोक जीवन की कथाप्रियता की भावना, रंगमंच एवम् एक विशिष्ट प्रकार की सुनिश्चत अनुकृति की व्यंजना का भाव वहां कहां रहा होगा। फलतः सभी वर्णों एवम् समानजातीय लोगों के लिए चाक्षुष यज्ञ के प्रतिनिधि पांचवें नाट्यवेद का सर्जन हुआ, जिसमें काव्य के रस से नाट्यरस भिन्न ही रहा होगा। इस सम्बन्ध में प्रो. एस. बारलिंगे का आक्षेप करना उचित भी हो सकता है कि आचार्य अभिनवकृत भरत के *नाट्यशास्त्र* पर लिखी भाष्य-टीका *'अभिनव भारती'* के छठे अध्याय में निरूपित रस-सूत्र की

व्याख्या भरतमुनि के नाट्य-दर्शन के अनुकूल न होकर काव्यात्मक रस-दृष्टि के अनुकूल आरोपित हो गयी है, किन्तु ध्वन्यालोक पर लोचन टीका के रचयिता के रूप में आचार्य अभिनवगुप्त का योगदान सहृदयों के लिए स्वतन्त्र रूप में एक महनीय रचना तो है ही।

13

रसाभास का यथार्थ लक्षण और वास्तविक क्षेत्र

कलानाथ शास्त्री

भारतीय काव्याशास्त्र में सर्वोत्तम काव्य के रूप में जिन भेदों का वर्गीकरण किया गया है (जिसे उत्तम काव्य या ध्वनि काव्य भी कहा गया है) उनमें रस, भाव, रसाभास, भावाभास, भावशान्ति आदि आते हैं। मम्मट ने *काव्यप्रकाश* में काव्य के तीन भेदों में उत्तम काव्य का नाम ध्वनि काव्य[1] बताया हैं, जिसके दो भेद किए हैं: अलक्ष्यक्रम तथा संलक्ष्यक्रम। इनमें प्रथम भेद के अन्तर्गत जिस प्रकार रस और भाव हैं उसी प्रकार रसाभास और भावाभास[2] भी हैं, अर्थात् दोनों उत्तम काव्य के भेद होते हैं। रसाभास और भावाभास को आरम्भ से अनन्त तक सभी आचार्यों ने उत्तम काव्य माना है, किसी ने उसका स्थान थोड़ा भी नीचे नहीं बताया। भरत ने *नाट्यशास्त्र* में रसाभास को अलग से नहीं गिनाया है। आनन्दवर्धन ने इसका अलग से उल्लेख किया है। किन्तु लक्षण नहीं बताया। *ध्वन्यालोक* के टीकाकारों तथा भरत के टीकाकारों द्वारा रसाभास का लक्षण करते समय उसकी परिभाषा जिन शब्दों में दी गई, लगती है उनसे कुछ मत-मतान्तर भी बने जिन पर आज भी कुछ विवेचन की आवश्यकता है। सर्वप्रथम यह ध्यान देने योग्य बात है कि 'आभास' शब्द का एक काल विशेष में जिस प्रकार का अर्थ लगाया जाने लगा था, उसकी प्रतिमा अच्छी नहीं थी। शायद इसका प्रारम्भ न्यायशास्त्र के हेत्वाभास शब्द से हुआ था। वहां किसी कार्य का जो वास्तविक कारण होता था उसे हेतु कहा जाता था, किन्तु जो वास्तविक कारण न होकर कारण जैसा प्रतीत होता था

उसे हेत्वाभास[3] कहा जाता था। यह हेतु नहीं होता था और बिलकुल ग़लत होता था। सम्भवत: इसी साम्य के कारण बाद में आभास शब्द मिथ्या का सूचक भी हो गया और ग़लत तथा हीन का सूचक भी हो गया। शायद इसी कारण प्राचीन हिन्दी में इस प्रकार के वाक्य भी चल पड़े। "उस सभा में तो इस विवाद के कारण बड़ा रसाभास हो गया"। इस प्रकार रसाभास को हीन, गर्हित और निन्दनीय अर्थ मिल गया। यह जगन्नाथ के *रसगंगाधर* से और भी स्पष्ट हो जाता है जहां उन्होंने हेत्वाभास का साम्य बताते हुए रसाभास की परिभाषा में पक्ष-प्रतिपक्ष करने की चेष्टा की है।[4]

विचारणीय बात यह है कि आज रसाभास की जो अर्थच्छाया बनी है उसने क्या काव्यशास्त्र के वास्तविक उद्देश्य को धूमिल नहीं कर दिया है ? स्पष्ट है कि यदि रसाभास हीन या गर्हित स्थितियों का सूचक होता, तो उसे रस के समान ही उत्तम काव्य क्यों माना जाता ? पुन: यह दोहराना अनुचित नहीं होगा कि काव्यशास्त्र में रस और रसाभास को उत्तम काव्य की, परिभाषा में एक ही आसन पर रखा गया है, छोटा-बड़ा नहीं माना गया। अब इसकी परिभाषा पर भी ध्यान देना होगा। मम्मट ने रसाभास की जो परिभाषा की, उसमें यह बतला दिया गया कि रस की प्रवृत्ति जहां उचित हो वहां रस और जहां अनुचित हो वहां रसाभास माना जाए। मम्मट ने लिखा, "तदाभासा अनौचित्यप्रवर्तितता:"[5]। यहां अनौचित्य शब्द का अर्थ विचारणीय है। सम्भवत: यह शब्द अभिनवगुप्त ने सर्वप्रथम लिखा है (*नाट्यशास्त्र* की टीका *अभिनवभारती* तथा *ध्वन्यालोक* की टीका *लोचन* में 'अनौचित्येन'[6] तदाभास:) उल्लेखनीय है कि अभिनवगुप्त ने इसकी स्पष्ट परिभाषा नहीं की है कि अनौचित्य यहां किसे माना जाए। सर्वप्रथम मम्मट ने इसकी व्याख्या जिन शब्दों में की उनसे स्पष्ट है कि आभास शब्द का जो तात्पर्य है उसकी कोई भी छाया अनौचित्य शब्द से नहीं मिलती। आभास का तात्पर्य 'अवास्तव' होता है, अनुचित नहीं : जैसे प्रतिबिम्ब। यही परिभाषा *शब्दकल्पद्रुम* आदि शब्दकोषों में दी भी गई है।[7] इससे यह तात्पर्य निकलना चाहिए कि जहां वास्तव में रस हो वहां रस और जहां वास्तव में रस न होकर उसका आभास हो वहां रसाभास माना जाए। अभिनवगुप्त ने रसाभास का जैसा भी निर्वचन किया है और उदाहरण दिए हैं उनसे यही परिभाषा पुष्ट होती है।[8] इसमें उचित अनुचित का कोई झगड़ा खड़ा नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह स्पष्ट है कि अनौचित्य ज्यों ही आता है रस समाप्त हो जाता है, काव्यास्वाद सम्भव नहीं रहता और काव्यत्व भी नहीं रहता।[9] फिर अनुचित होते हुए भी उसे उत्तम काव्य मानना कहां तक सम्भव है। कीटानुविद्ध रत्न की तरह कोई शब्दार्थदोष होने पर भी काव्यत्व माना जा सकता है, पर उसके लिए भी रस का होना तो वहां भी ज़रूरी बताया गया है।[10]

इस सबके आधार पर मेरा यह अनुमान है कि रसाभास का सम्बन्ध अनौचित्य की उस परिभाषा से नहीं है जिसे आज हम समझते हैं, जिसके आधार पर सर्वप्रथम

मम्मट जैसे कुछ प्राचीन आचार्यों ने[11] इसकी परिभाषा करने की चेष्टा की है। यह अनुमान इस निष्कर्ष पर आधारित है कि कालिदास आदि महाकवियों के जिन प्रसंगों को लेकर आचार्यों ने रसाभास को रस से अलग माना और उसके बावजूद उसी के समान सिंहासन पर उत्तम काव्य का दर्जा देकर बिठाया, उनके सूक्ष्म विवेचन से यह गुत्थी सुलझ सकती है। अनेक आचार्यों ने रसाभास के उदाहरणस्वरूप इन काव्यों को उद्धृत भी किया है। *कुमारसम्भव* के वसन्त वर्णन में कालिदास ने प्रकृति के सभी पक्षों पर जहां शृंगार का प्रभाव बताया वहां इस प्रकार का मार्मिक वर्णन किया कि वसन्त आते ही जिस प्रकार पेड़-पौधों पर यौवन इठलाने लगा, पुष्पों और कलियों जैसे प्रतीक वसन्त (नायक) के साथ स्त्री-पुरुष सुलभ शृंगार भावनाओं में डूबे दिखाई देने लगे उसी प्रकार हिरन, हिरनियों को प्रेम से सहलाने लगे, अपनी प्रिया के साथ कलियों के प्यालों से मधु पीने लगा आदि।[12] रस के लक्षण में यह बतलाया गया कि जब स्थायीभाव, विभाव, अनुभाव और संचारीभाव के सहयोग से अभिव्यक्त हो वहां रस होता है। जैसे शृंगाररस में दुष्यन्त (आश्रय) विभाव अर्थात् शकुन्तला को देखकर प्रेम चेष्टाएं (अनुभाव) और आवेग आदि (संचारी भाव) अनुभूत[13] करता है उससे उसमें शृंगाररस होता है। पाठक के हृदय में जो रति का भाव बीज रूप में विद्यमान होता है वह जब इस प्रकार के काव्य को पढ़कर जागृत हो जाता है तो उसे शृंगाररस की निष्पत्ति कहा जाता है।

इसी कथ्य को अनेक आचार्यों ने अनेक रूपों में व्याख्यात किया है। जहां नाटक में नट के अन्दर ऐसा रस दिखाई देता हो वहां शृंगार-रस भरत मुनि ने बताया था, किन्तु जहां ऐसा रस अस्तित्व में न हो, उसका आभास मात्र हो, जहां कवि ने अपनी कल्पना से रस बना दिया हो और उससे अलौकिक आनन्द की अनुभूति हो उसे क्या माना जाए, यह प्रश्न भी सामने आया। इसके अतिरिक्त कालिदास के इस वसन्त वर्णन की तरह अन्यत्र भी प्रकृति वर्णन संस्कृत साहित्य में खूब मिलते हैं। यहां पुष्पों और भौरों में वास्तविक रति या शृंगार नहीं होता, उसका आभास मात्र होता है, किन्तु उसे कवि इस तरह से निबद्ध करते हैं कि उनमें रति भासित होने लगती है। ठीक वही स्थिति यहां होती है, जिसे पाश्चात्य आलोचकों ने पैथेटिक फैलेसी कहा है। जहां वास्तविक भावनाएं नहीं हो किन्तु हमें भावनाएं लगती हों (आरोप) वहां यह पैथेटिक फैलेसी मानी जाती थी। इसका नाम फैलेसी होते हुए भी किसी निन्दनीय अर्थ में नहीं आता था, यह साहित्य का अच्छा अंग माना जाता था। आज चाहे आधुनिक वैज्ञानिकों ने भौरों और मछलियों तक के सेक्स का विश्लेषण कर दिया हो, पर उस समय पशुओं में रति की असम्भाव्यता उसी प्रकार मानी जाती थी जिस प्रकार पेड़-पौधों में। इसीलिए ऐसे प्रसंगों में जहां वास्तविक रति नहीं है, किन्तु आभासित होती है, शृंगार का रसाभास माना गया। सम्भवतः इसी आशय को निबद्ध करने के लिए अभिनवगुप्त ने एक स्थान पर अनौचित्य शब्द इसी दृष्टिकोण से लिख दिया कि जहां रति की सम्भावना न हो वह अनुचित

(असम्भाव्य) और जहां रति सम्भावित हो अर्थात् जहां रति का अस्तित्व उचित पाया जाए वहां उचित। इस अनौचित्य शब्द से ही शायद भ्रम यह हुआ कि जहां गलत या निन्दनीय स्थितियां हो वहां रसाभास माना जाए। इसे लेकर मम्मट ने इसी आधार पर उदाहरण दे दिये और परवर्ती अनेक आचार्यों ने मम्मट का अनुसरण किया।

सम्भवत: यही कारण है कि तब से लेकर अब तक सभी काव्यशास्त्रियों ने हमेशा इस पर संदेह और अस्पष्टता व्यक्त की है कि इसे उत्तम काव्य किस आधार पर माना गया। डॉ. नगेन्द्र ने अपने *रससिद्धान्त* में भी मत-मतान्तर बताते हुए ऐसा ही संदेह[14] व्यक्त किया। वे यद्यपि इस बात का स्पर्श तो कर पाये हैं कि तिर्यक् और अचेतन पदार्थों में रस का आरोप करके रसाभास मानने का कुछ काव्यशास्त्रियों ने मत दिया है और उसे वे पैथेटिक फैलेसी के सिद्धान्त तक भी ले[15] गये हैं, पर लक्षणकारों ने अनौचित्य शब्द का जो लक्षण लिख दिया उसके कारण समाज की परम्पराओं के विरुद्ध श्रृंगार के वर्णन को भी उन्हें रसाभास मानना पड़ा और इसमें अपने चिन्तन के आधार पर कुछ प्रश्नचिह्न भी उन्होंने लगाए। डॉ. विश्वम्भरनाथ उपाध्याय ने रसाभास को परिवर्तिनी लोकमान्यताओं पर आधृत होने के कारण नये युग में अप्रासंगिक बताया।[16] राजस्थान के कुछ अन्य आलोचकों ने भी जिनमें डॉ. पुष्करदत्त शर्मा और चन्द्रकिशोर गोस्वामी के नाम लिये जा सकते हैं उन्होंने भी ये ही प्रश्नचिह्न उभारकर प्रस्तुत[17] किये और यह अभिमत व्यक्त किया कि लक्षणकारों ने सम्भवत: इस पर उतना विचार नहीं किया जितना होना चाहिए था। इन सब पर उपर्युक्त अभिमत के आधार पर सारे लक्षण और सिद्धांत की व्याख्या की जाये तो कुछ गुत्थियां सुलझ सकती हैं।

जैसाकि ऊपर बताया गया है रसाभास का क्षेत्र वहां माना जाए जहां आश्रय में आलम्बन के प्रति वास्तविक रति आदि स्थायी भावों की सत्ता या अस्तित्व संगत नहीं बैठता (अनुचित या असंगत अथवा असम्भाव्य पाया जाता है), केवल कवि को आरोपित या आभासित होकर प्रतीत होता है, तो कुछ निष्कर्ष सही दिशा में निकल सकेगा। हमारे इस कथन के पीछे अनेक व्याख्याकारों, लक्षणकारों और चिंतकों का समर्थन भी उपलब्ध है। जिन विद्वानों को यह समस्या स्पष्ट प्रतीत हुई उन्होंने भी आभास का यही निर्वचन करने का प्रयत्न किया। इनमें अभिनवगुप्त सर्वप्रथम हैं जिन्होंने शुक्ति में रजत के आभास की उपमा देकर बताया कि जहां रति नहीं केवल 'ऊहित' है अर्थात् रत्याभास है, वहां रसाभास होगा। रावण यह समझता है कि सीता मुझ पर आसक्त है, अत: वह रत्याभास अनुभव करता है। उसकी उस रति में श्रृंगार तो है, परन्तु परिणति श्रृंगाराभास की है। भरत के अनुसार नाटक में मंचीय उपयोग के लिए वह बाद में दर्शक के दृष्टिकोण से चाहे हास्यरस की ही सृष्टि[18] करे। *काव्यप्रदीप* टीकाकार गोविन्दठक्कुर[19], *चमत्कारचन्द्रिका* के रचयिता कविचन्द्र, *काव्यानुशासन* के लेखक हेमचन्द्र, *प्रभावृत्ति* के लेखक वैद्यनाथ, *संकेतटीका* के लेखक माणिक्यचन्द्र[20], *काव्यादर्श*[21] के लेखक

सोमेश्वर भट्ट तथा *अलंकार-महोदधि*[22] के लेखक नरेन्द्रप्रभसूरि एवं *काव्य-शिक्षा*[23] के लेखक विनयचन्द्र सूरि ने भी इन्हीं आधारों पर रसाभास उन्हीं क्षेत्रों में मानने पर बल दिया है जहां आश्रय और आलम्बन इस प्रकार के हों जिनमें स्वभावतः रति न होकर आभास या आरोप के कारण कवि द्वारा बतायी गयी हो। ऐसी स्थितियों में रसनिष्पत्ति पूरी होती है, काव्य चमत्कार और आस्वाद भी उतना ही होता है जितना रस में। केवल विवेचन की दृष्टि से सूक्ष्म-और अवांतर भेद करने की प्राचीन भारतीय लक्षणकारों की प्रवृत्ति के अंतर्गत दो अलग-अलग क्षेत्र बता दिये गये। कालिदास के वसंत वर्णन में किस सहृदय को उत्तम और उत्कृष्ट रसानुभूति नहीं होगी ? फिर उसे रसाभास किसी अपकृष्टता के कारण थोड़े ही माना गया है।

यहां यह समझ लेना आवश्यक है कि तिर्यक् जातियां अर्थात् पशुओं आदि में रति का अस्तित्व नहीं मानने के कारण उसे ही रसाभास के उदाहरण के रूप में दिया गया है, किन्तु जहां अन्य रसों का प्रश्न है, जैसे भयानक वहां पशु में भी भय की स्थिति मानी जाने के कारण उसे आरोपित या आभास न मानकर रस ही माना गया है। मम्मट ने इसीलिए कालिदास के 'ग्रीवाभंगाभिरामम्' श्लोक को भयानक रस के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया[24] है। भयानक रसाभास के रूप में नहीं। यह बात *अलंकारमहोदधि* के लेखक नरेन्द्रप्रभसूरि ने[25] भी स्पष्ट की है। इस तथ्य से भी हमारा यही पक्ष पुष्ट होता है कि सामाजिक लोकमान्यताओं की दृष्टि से उचित-अनुचित का प्रश्न रसाभास के विषय में नहीं उठता, केवल वास्तविक-अवास्तविक का ही उठता है। अनौचित्य शब्द से जो भ्रम पैदा होता है तथा आभास शब्द का अर्थ हेत्वाभास के साम्य के कारण जिस प्रकार अपकृष्ट हो गया है उससे यह सारी विमर्श परंपरा शुरू होना स्वाभाविक ही था, यह अनुमान भी इस विवेचन के बाद स्वभावतः स्पष्ट हो जाता है।

इसी क्रम में यह विचार भी किया जा सकता है कि जिस प्रकार अनौचित्य के कारण भावाभास माना गया, उसी प्रकार उन्हीं स्थितियों में अनौचित्य के रहते हुए यदि भावोदय, भावशान्ति, भावशबलता आदि हों तो उन्हें भावोदयाभास, भावप्रशमनाभास और भावशबलताभास आदि क्यों नहीं माना गया ? इसका भी कोई सुसंगत आधार प्रतीत नहीं होता। अनौचित्य की परिभाषा सामाजिक वर्जना के आधार पर करने के बावजूद भी यह भेद माने जा सकते थे। इसी प्रकार आरोप या आभास के आधार पर निर्वचन करने पर भी क्या यह भेद माने जा सकते हैं? इस पर अधिक विचार अपेक्षित है। "इस प्रकार भेदों की आवश्यकता नहीं है", इसके पक्ष में केवल एक ही तर्क दिया जा सकता है, वह यह कि तिर्यक् और अचेतन पदार्थों में रस और भाव का आरोप तो किया जा सकता है, पर इतनी बारीक स्थितियां उनमें कहां पायी जाएंगी कि किस भाव का उदय हुआ या समाप्ति हुई? यह तर्क हमारे इस मत को और पुष्ट करता है, यद्यपि इस तर्क में अधिक वजन नहीं दिखता। हमारा उद्देश्य तो यहां केवल यही है कि रसाभास परिभाषा.

परम्परा, रूढ़ि और लक्षण के विषय के विवेचकों को जो संदेह हुए हैं और अनेक विवेचकों ने इस बात पर बार-बार प्रश्न चिह्न लगाए हैं कि इस जगह रस क्यों नहीं माना गया, रसाभास क्यों माना गया, उन सबका कुछ समाधान उपर्युक्त विवेचन में मिल सकता है। किसी समय विशेष में किसी आचार्य विशेष द्वारा जो परिभाषा लिख दी जाये उसे आधार मानकर चलने से ऐसी स्थितियां पैदा हो जाना असंभव नहीं। स्वयं अंग्रेजी के पैथिटिक फैलेसी शब्द के साथ भी यही हुआ है। दर्शन के क्षेत्र में इसे सम्यक् ज्ञान न मानकर मिथ्या ज्ञान माना गया था, अतः शब्द को देखकर तो यह भ्रम होना ही था कि यह कोई दोष या हीनता की स्थिति है। अतएव रस्किन[26] ने इस पर भी बहुत विवेचन किया है। किन्तु काव्यशास्त्रियों ने इसे काव्य के लिए शोभाजनक और अलंकार स्वरूप ही बताया। हडसन ने इसका स्पष्ट उल्लेख किया कि यह दोष नहीं[27] गुण है। ऐसा ही एक उदाहरण है अर्वाचीन संस्कृत काव्यशास्त्र का सहृदयता शब्द। अधिक सहृदय होना सामान्य स्थिति नहीं है ऐसी विवेचना-सरणि अपनाते हुए रसगंगाधरकार पंडितराज जगन्नाथ ने इसे सहृदयताख्य दोष कहकर उद्धृत किया है।[28] इस शब्द से भी यही लगता है कि यह कोई बुरी चीज है किन्तु स्वयं उन्होंने विवेचन में यह स्पष्ट किया है कि यह काव्य-रसिक के लिए बड़ा गुण माना गया है, जिसके बिना काव्य का आस्वाद ही नहीं हो पायेगा। ऐसी ही कुछ स्थिति रसाभास की भी हुई लगती है। यही कारण है कि डॉ. नगेन्द्र ने *रस सिद्धान्त* में यह बात गले उतरती नहीं पाई कि ऐसे प्रकृतिवर्णनों में (जैसे कालिदास का वसन्तवर्णन) रस क्यों नहीं माना गया? रसाभास क्यों ? डॉ. नगेन्द्र के अन्दर का न्यायप्रिय आलोचक इन वर्णनों की रसवत्ता को अन्य रसविषयों की बजाय किसी भी भांति कम नहीं कर पाता अतएव उसे लगता है कि उसे रसाभास का लांछन देकर नीचा दर्जा दिया जा रहा है। यदि उनके अन्तर्मन में 'रसाभास' शब्द के साथ हेयता का यह एसोसियेशन न होता तो उन्हें इतनी पीड़ा क्यों होती ? रस हो या रसाभास, दोनों उत्तम काव्य हैं। बिलकुल प्रथम श्रेणी के। केवल वर्गीकरण के लिए भेद हैं। प्रथम श्रेणी के ही दोनों डिब्बे हैं, एक उत्तर रेलवे का, दूसरा मध्य रेलवे का, तब क्या कोई छोटा बड़ा हो गया ? फिर यह शोक क्यों ? अन्य सभी आलोचकों के, जिन्होंने इस शब्द की परिभाषा पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं, अवचेतन का यह 'हेयता साहचर्य बोध' ही इन सब ऊहापोहों का कारण रहा है। आश्चर्य केवल इतना-सा है कि पंडितराज जगन्नाथ जैसे तत्त्वदर्शी आलोचक भी, नव्यन्याय के इस 'एसोसियेशन' के कारण ही, रसाभास की यही परिभाषा कर गए। उनका मूल आधार तथा अभिगम नव्यन्याय का ही था। अतः ऐसा होना अपरिहार्य था।

संदर्भ

1. "इदमुत्तममतिशयिनि व्यंग्ये वाच्याद् ध्वनिर्बुधैः कथितः।" (*काव्यप्रकाश*, 1-I/4)
2. "रसभावतदाभासभावशान्त्यादिरक्रमः।" (*काव्यप्रकाश*, 4.26)
3. "अनेकान्तो विरुद्धश्चाप्यसिद्धः प्रतिपक्षितः। कालात्ययापदिष्टश्च हेत्वाभासास्तु पंचधा। तल्लक्षणं तु तद्विपर्यकत्वेन ज्ञानस्यानुमितिविरोधित्वं तत्त्वम्।" (*न्यायसिद्धान्तमुक्तावली*, 2.71)
4. "तत्र रसाभासत्वं रसत्वादिना न समानाधिकरणं, निर्मलस्यैव रसादित्वात्, हेत्वाभासत्वमिव हेतुत्वेन इत्येके।" (*रसगंगाधर*, प्रथमानन, पृ. 119)
5. *काव्यप्रकाश* (4.36)
6. *ध्वन्यालोकलोचन*, प्रथम उद्योत
7. प्रतिबिम्बादिवदवास्तवस्वरूपम्। सदृशः प्रतिबिम्बम् इति वेदान्तः। (शब्दकल्पद्रुमः)
8. अनुकृतिरमुख्यता, आभास इति ह्येकोऽर्थः (*ध्वन्यालोकलोचन*, प्रथमोद्योत)
9. सौष्ठवमृतोऽपि नीरसा एव नियमेन भवन्ति, तन्न त्वनौचित्यमेव हेतुः। तदयमेव परमार्थः "अनौचित्यादृते नान्यद्रसभंगस्यकारणम्। प्रसिद्धौचित्यबन्धस्तु रसस्योपनिषत्परा।" (आनन्दवर्धन, *ध्वन्यालोक*, तृतीयोद्योत)
10. "कीटानुविद्धरत्नादिसाधारण्येन काव्यता। दुष्टेष्वपि मता यत्र रसाद्यनुगमः स्फुटः।" (*साहित्यदर्पण*, प्रथम परिच्छेद)
11. "तदाभासा अनौचित्यप्रवर्तिताः।" के बाद भी यद्यपि मम्मट ने कहीं यह स्पष्ट नहीं लिखा है कि अनौचित्य का अर्थ लोक मर्यादा द्वारा निर्धारित उचित-अनुचित विषयों के आधार पर किया जाए किन्तु उन्होंने "स्तुमः कं वामाक्षि" के उदाहरण में जो योजन किया है उससे लगता है कि उन्हीं से इस आशय की परिभाषा प्रारम्भ हुई।
12. देखिए *कुमारसंभव*, तृतीय सर्गः वसन्त वर्णन - "मधु द्विरुः कुसुमैकपात्रे आदि पद्य (3.36)
13. "काव्ये नाट्ये च कविना नटेन च प्रकाशितेषु विभावादिषु, व्यंजनव्यापारेण दुष्यन्तादौ शकुन्तलादिरतौ गृहीतायाम्।" (जगन्नाथ, *रसगंगाधर*, प्रथम आनन-रसलक्षण)
14. *रस-सिद्धांत* के पंचम अध्याय (घ) में उन्होंने इस प्रकार की परिभाषा को नैतिक दृष्टि से तो गले उतरती बताया है, पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं कि भक्तिमार्ग की एक शाखा में जहां परकीया भाव तथा बहुवल्लभत्व का प्राचुर्य है वहां क्या होगा। अनुभवनिष्ठ या एकांगी रति फ़ारसी और उर्दू जैसी भाषाओं की शायरी में प्रमुख हैं। अचेतन विषयक और तिर्यक् रति भी कालिदासादि में रसमय लगती है। अतः यह सब "नीतिसम्मत होते हुए भी न्यायसंगत नहीं है और इसीलिए उसे सार्वभौम स्वीकृति प्राप्त नहीं हो सकती।"
15. "यूरोप के काव्य में भी एक ऐसा समय आया था जब विवेकी आलोचकों को प्रकृति के भावनात्मक चित्रों में चैतन्याभास या भावाभास (पैथेटिक फैलेसी) नामक दोष की कल्पना करनी पड़ी थी, परन्तु कल्पना के बढ़ते हुए पंखों को छांटने में यह दुर्बल कर्तरी एकदम असमर्थ सिद्ध हुई, कहकर उन्होंने संकेत मात्र किया है।" (घः पंचम अध्याय, *रस-सिद्धांत*)

16. *भारतीय काव्यशास्त्र का अध्ययन,* डॉ. विश्वम्भरनाथ उपाध्याय, सप्तम अध्याय, रसवाद, "रसाभास और रस की असंगति," पृ. 405
17. लेख - "रसाभास के लक्षण में रूढ़ि सीमा एवं कारण", श्री चन्द्रकिशोर गोस्वामी *अध्ययन अनुसंधान* पत्रिका जयपुर, अंक 5, मार्च 1977, डॉ. पुष्करदत्त शर्मा, *रससिद्धान्त का चक्रव्यूह और रसाभास* (अध्ययन अनुसंधान पत्रिका, अंक 1 पृ. 22)
18. "यद्यपि शृंगारानुकृतिर्या तु स हास्यः" इति मुनिना निरूपितं तथाप्यौत्तरकालिकं तस्य हास्यरसत्वम्। अभिनवगुप्त *ध्वन्यालोकलोचन,* द्वितीयोद्योत।
19. "तच्चैकाश्रयत्वे तिर्यगादिविषयतायाम्।" (*काव्यप्रदीप* : काव्यप्रकाश)
20. "तथा निरिन्द्रियतरुलतातरुनदीशैलादेः सेन्द्रियपश्वादेश्व यः काव्ये कामादिव्यवहारस्तत्र रसभावाभासतैव।" (संकेतटीका)
21. आभासोनुकृतिरमुख्यतेति एकोऽर्थः। तेन निरिन्द्रियेषु तिर्यगादिषु चारोपणात् तदाभासः।
22. तिर्यगादिष्विन्द्रियवर्जितेष्वपि च नायकत्वारोपात् रसाभासा, भावाभासाः।
23. निरिन्द्रियेषु तिर्यगादिषु चारोपाद रसभावाभासौ।
24. *काव्यप्रकाश,* चतुर्थ उल्लासः भयानक रस का उदाहरण (नवरस भेद प्रसंग में)
25. इदं च तिर्यगादिमतमाभासत्वं शृंगारविषयमेव, नान्यरसविषयम्। "ग्रीवाभंगाभिरामम्" इत्यादावप्याभासत्वप्रसंगात्।
26. *मॉडर्न पेन्टर्स,* खंड 3 भाग 4 "द पैथेटिक फैलेसी" अध्याय में उन्होंने इसे विषयिगत दोष माना है।
27. *एन इन्ट्रोडक्शन टु द स्टडी ऑव लिटरेचर,* डब्ल्यू.एच. हडसन, अध्याय 3 "द स्टडी ऑव पॉयेट्री"।
28. प्रथमानन, रसलक्षण, "नव्यास्तु" से प्रारम्भ होने वाला तृतीय मत "सहृदयतोल्लासितस्य भावनाविषेशषरूपस्य...दोषस्य महिम्ना...।" स्पष्ट है कि असाधारण स्थिति होने के कारण पंडितराज इसे दार्शनिक या मनस्ताळिवक दृष्टिकोण से सिद्धान्ततः 'दोष' कहते हैं, पर इसे हेय नहीं मानते, श्लाघ्य ही मानते हैं।

14

आनन्दवर्धन की रसदृष्टि के व्याख्याकार आचार्य अभिनवगुप्त

राजेन्द्र मिश्र

महामाहेश्वर आचार्य अभिनवगुप्तपाद प्रत्यभिज्ञादर्शन, काव्यशास्त्र एवं नाट्यशास्त्र की त्रिवेणी में परिस्नात एक युगनिर्माता सिद्धपुरुष थे। आज यदि उनका कर्तृत्व सुरक्षित न होता तो सहस्राब्दियों पुरानी जाने कितनी सारस्वत परंपराएं हमारी परिचयपरिधि में न आ पातीं, क्योंकि उन परंपराओं के प्रवर्तक ग्रन्थ आज उपलब्ध नहीं हैं। आचार्य भट्टतौत, मनोरथ, भट्टनायक एवं उद्भट आदि के प्रस्थानों का प्रामाणिक ज्ञान हमें अभिनवगुप्त की टीकाओं से ही हो पाता है। आचार्य अभिनवगुप्त अपनी टीकाओं में अपने युग के वैदुषीप्रस्थान का अत्यंत विश्वसनीय एवं जीवन्त विवरण प्रस्तुत करते हैं। उनके मन्तव्यों से सहमत होना, न होना एक पृथक् बात है, परन्तु कोई भी विज्ञ अध्येता इस तथ्य को नकार नहीं सकता कि आचार्य अभिनवगुप्त ने व्याख्येय आचार्यों के गूढ़ मर्मों को पूरी निष्ठा एवं क्षमता के साथ समझाने का यत्न किया है।

ध्वनिकार आचार्य आनन्दवर्धन की रसविषयक अवधारणा को भी आमूलचूल विशद बनाने में आचार्य अभिनवगुप्त का योगदान स्तुत्य ही प्रतीत होता है। जहां ध्वनिकार रस का प्रत्यक्षतः उल्लेख नहीं भी करते, आचार्य अभिनवगुप्त उस निगूढ़ रस-सन्दर्भ को उजागर कर देते हैं, अपनी युक्तियों से। इसका रोचक उदाहरण हम *ध्वन्यालोकवृत्ति* के मंगलाचरण 'स्वेच्छाकेसरिणः' आदि में ही पा जाते हैं। इस श्लोक में वीर रस को व्यंग्य बताते हुए आचार्य अभिनवगुप्त कहते हैं: "त्रणं

चाभीष्टलाभं प्रति साहायकाचरणम्। तच्चतत्प्रतिद्वन्द्वि विघ्नापसारणादिना भवतीति। इयदत्र त्रणं विवक्षितम्। नित्योद्योगिनश्च भगवत: सम्मोहाध्यवसाय प्रतियोगित्वेनोत्साहप्रतीतेर्वीररसो ध्वन्यते।''

'सहृदयानामानन्दो मनसि लभतां प्रतिष्ठाम्' अंश की व्याख्या करते हुए आचार्य अभिनवगुप्त जिस प्रकार ध्वनिकार के प्रस्थान को प्रतिष्ठापित करते हैं, वह सचमुच प्रशंसनीय है। अभिनवगुप्त की व्याख्या में 'आनन्द' शब्द का अभिप्राय, रसध्वनि की काव्यात्मता तथा रसध्वनि के सन्दर्भ में हृदयदर्पणकार भट्टनायक का वदतोव्याघातत्व सबकुछ एक ही साथ आ जाता है। निश्चय ही यह विपुल सूचना लोचन के अभाव में न मिल पाती।

अभिनवगुप्त का कहना है कि आनन्द शब्द चर्वणात्मा रस का ही पर्याय है, वही रसध्वनि है और काव्य है, मुख्यभूत आत्मत्व भी उसी का है।[1] वही ध्वन्यर्थ अथवा प्रतीयमानार्थ कहा जाता है। ऐसे काव्यार्थ का, जो कि सचमुच हृदयसंवादी होता है। यह विलक्षण काव्यार्थ पाठक अथवा सहृदय के अंग-प्रत्यंग को उसी प्रकार आप्यायित कर लेता है जैसे अग्नि शुष्क काष्ठ को।[2] परन्तु प्रतीयमानार्थ का यह हृदयसंवाद, यह प्रतीति मात्र सहृदय को ही होनी संगत है। इस प्रकार अभिनवगुप्त की दृष्टि में 'सहृदयता' काव्यार्थानुभव पात्रता की पहली और अन्तिम शर्त है।[3]

व्यंजनात्मक ध्वननव्यापार की इस स्थापना के बाद अभिनवगुप्त ध्वनिविरोधी आचार्य भट्टनायक का खंडन उनकी अपनी ही स्थापनाओं से करते हैं। भट्टनायक स्वयं काव्य में अभिधा, भावना तथा रस चर्वणात्मक (भोजकत्व) व्यापार के समर्थक हैं। भट्टनायक स्वयं मानते हैं कि 'काव्ये रसयिता सर्वो न बोद्धा न नियोगभाक्।' भट्टनायक के इसी मन्तव्य का हवाला देते हुए अभिनवगुप्त कहते हैं कि अभिधा-भावना एवं रसचर्वणात्मक काव्य में आप भी 'रसचर्वणा' को ही काव्यजीवितभूत मानते हैं।[4] तो फिर आप एवं ध्वनिकार की काव्यत्व प्रतिष्ठा में अंतर रहा कहां ? दोनों ही रसचर्वणा को काव्यात्मा मान रहे हैं। बस, शब्दमात्र का भेद है। एक उसे 'ध्वनि' कह रहा है तो दूसरा 'भोजकत्वव्यापार'। अब इस मान्यता के बाद भी यदि हृदयदर्पणकार ध्वनि को 'काव्यात्मा' न मानकर काव्य का अंगमात्र मानें तो क्या कहा जाये ? यह तो 'आत्मस्थापना विरोध' मात्र हुआ।[5]

आचार्य आनन्दवर्धन ने 'योऽर्थ: सहृदयश्लाघ्य:' आदि कारिका द्वारा यह तो संकेत किया कि सहृदयश्लाघ्य: जो अर्थ काव्यात्मा के रूप में व्यवस्थित है, उसके वाच्य एवं प्रतीयमान-दो भेद होते हैं। परन्तु ध्वनिकार की इस कारिका का, वृत्ति के बावजूद, परवर्ती आचार्यों ने सही अर्थ नहीं समझा। फलत: आचार्य विश्वनाथ जैसे ध्वनिसमर्थक आचार्य ने भी इस कारिका को विवादास्पद मानते हुए, भ्रान्तव्याख्या की। सचमुच आत्मभूत प्रतीयमानार्थ का भेद शरीरस्थानीय वाच्यार्थ कैसे बन सकता है ?[6]

परन्तु आश्चर्य है कि *लोचन* का पारायण करने के बाद भी साहित्यदर्पणकार को यह भ्रान्ति क्यों और कैसे हुई ? आचार्य अभिनवगुप्त तो स्पष्टतः कहते हैं कि काव्यार्थ चाहे वाच्य हो अथवा व्यंग्य-होता तो समान ही है ! फिर भी ऐसा क्यों है कि सहृदय किसी (एक) ही अर्थ की श्लाघा करते हैं ? निश्चय ही उस श्लाघ्य अर्थ में कोई वैशिष्ट्य होना चाहिए। वस्तुतः सहृदयों द्वारा प्रशंसित उस अर्थ में जो 'विशेष' है वही प्रतीयमान भाग है और उसी प्रतीयमानार्थ को वैशिष्ट्यहेतु होने के कारण, विवेकशील लोग (काव्य की) आत्मा के रूप में व्यवस्थापित करते हैं। होता यह है कि उस काव्यात्मभूत प्रतीयमानार्थ के साथ वाच्यार्थ की संवलना इतनी प्रगाढ़ होती है कि विमोहित हृदय वाले लोग प्रतीयमानार्थ की (वाच्यार्थ से) पृथकता के विषय में विप्रतिपत्ति (संदेह) कर बैठते हैं, ठीक उन चार्वाकों की तरह जिन्हें शरीर से आत्मा का पृथग्भाव समझ में नहीं आता।

> *स एक एवार्थो द्विशाखतया विवेकिभिर्विभागबुद्ध्याविभज्यते। तथा हि-तुल्येऽर्थरूपत्वे किमिति कस्मैचित् सहृदयाः श्लाघन्ते। तद् भवितव्यं केनचिद् विशेषेण। यो विशेषः स प्रतीयमानभागो विवेकिभिर्विशेषहेतुत्वादात्मेति व्यवस्थाप्यते। वाच्यसंवलनाविमोहितहृदयैस्तु तत्पृथग्भावो विप्रतिपद्यते चार्वाकैरिवात्मपृथग्भावः। ध्वन्यालोकलोचन, टीका,* 2-2

इस प्रकार, आचार्य अभिनवगुप्त 'काष्ठदहनन्याय' द्वारा वाच्यार्थ एवं प्रतीयमानार्थ का भेद स्पष्ट करते हैं। ज्वलनशीलता अग्नि का धर्म है, काष्ठ का नहीं। तथापि काष्ठ और अग्नि का संपर्क होते ही दोनों का पार्थक्य समाप्त-सा दीखता है और अविवेकी व्यक्ति कह बैठता है, 'काष्ठ जल रहा है।' वस्तुतः जलती तो है आग, परन्तु आग के सम्पर्कवश काष्ठ ही जलता प्रतीत होता है। वाच्यार्थ एवं प्रतीयमानार्थ के ऐक्य की भ्रान्ति भी कुछ ऐसी ही है।

ध्वनिकार काव्य को 'ललितोचितसन्निवेशचारु' की संज्ञा देते हैं। इसकी व्याख्या करते हुए लोचनकार एक बार पुनः आनन्दवर्धन की रसदृष्टि को स्पष्ट करते हैं-"ललितशब्देनगुणालङ्कारग्रहणमाह। उचितशब्देन रसविषयमेवौचित्यं भवतीति दर्शनयन् रसध्वनेर्जीवितत्वं सूचयति"।

यह रसध्वनि ही काव्यात्मा है। जो ध्वनिविरोधी ध्वनि को काव्यचारुत्वहेतु गुणालंकार से व्यतिरिक्त नहीं मानते उन्हें करारा उत्तर देते हुए लोचनकार कहते हैं कि (रस) ध्वनि तो काव्य की आत्मा है, न कि काव्य का चारुत्वहेतु। अतएव ध्वनिविरोधियों का हेतु ही असिद्ध है। भला आत्मा शरीर का चारुत्व हेतु होता है। जो अलंकार्य है वह अलंकार कैसे होगा ? जो गुणी है वह गुण कैसे होगा? ठीक उसी प्रकार उपमादि प्रकारों से व्याकृत प्रसिद्ध वाच्यार्थ से काव्यात्मभूत प्रतीयमानार्थ सर्वथा भिन्न ही होता

है। वाच्यार्थ के प्रसिद्ध होने का तात्पर्य है वनितावदन, उद्यान एवं चन्द्रोदयादि के समान लौकिक होना। यह व्याख्या लोचनकार की है।

जैसे काणत्वादि दोषशून्य शरीरावयवों से संवलित तथा अलंकृत रमणी को भी 'यह लावण्यशून्य है', तथा वैसी न होने पर भी (अर्थात् आंगिक दोषयुक्त तथा अनलंकृत होने पर भी) 'यह तो लावण्यामृत चन्द्रिका ही है'-ऐसा व्यवहार सहृदय करते हैं। ठीक उसी प्रकार प्रतीयमानार्थ भी काव्य के प्रसिद्ध अवयवों (गुण, वृत्ति, रीति, अलंकारादि) से सर्वथा व्यतिरिक्त है। आनन्दवर्धन के शब्दों में-

यथा ह्यगंनासु लावण्यं पृथङ्निर्वर्ण्यमानं निखिलावयवव्यतिरेकि किमयन्यदेव सहृदयलोचनामृतं तत्त्वान्तरं तदवदेव सोऽर्थः। स हि अर्थो वाच्यसामर्थ्याक्षिप्तं वस्तुमात्रमलंकाररसादयश्चेत्यनेक प्रभेद प्रभिन्नो दर्शयिष्यते।

ध्वन्याः, 2.4 की वृत्ति।

प्रतीयमानार्थ के ध्वनिकार-सम्मत त्रैविध्य को विशद करते हुए आचार्य अभिनवगुप्त अत्यंत युक्तियुक्त विवरण प्रस्तुत करते हैं। उनके विवरण में रसध्वनि की जैसी भव्य प्रतिष्ठा हुई है, वैसी ध्वनिकार के शुष्क वाक्य में नहीं मिलती (तृतीयस्तु रसादिलक्षणः प्रभेदो वाच्यसामर्थ्याक्षिप्तः प्रकाशते)। लोचनकार कहते हैं कि प्रतीयमानार्थ के दो भेद हैं-लौकिक तथा काव्यव्यापारैकगोचर। लौकिक तो वह है, जो शब्दवाच्य भी कदाचित् होता है। वह विधि-निषेधादि अनेक प्रकार वाला 'वस्तुध्वनि' कहा जाता है। वह भी दो प्रकार का है। एक तो वह जो कभी पहले उपमादि संविधानक द्वारा वाच्यालंकारभाव का अनुभव कर चुका है अर्थात् वाच्यार्थरूप में उपमादि अलंकार से अध्यासित रहा है, परन्तु अब अनलंकार रूप ही है। तथापि अपने पूर्व प्रत्यभिज्ञान के बल से, अलंकार्य होते हुए भी ब्राह्मणश्रमण न्याय से 'अलंकारध्वनि' कहा जाता है। दूसरा रूप वह है, जो अनलंकाररूप होने के कारण वस्तुमात्र कहा जाता है।

परन्तु प्रतीयमानार्थ का जो काव्यव्यापारैकगोचर भेद है उसे 'रसध्वनि' कहते हैं। वह तो स्वप्न में भी स्वशब्दवाच्य नहीं होता है, और न ही लौकिकव्यवहार का विषय होता है। तो फिर, वह होता कैसा है ? वह होता है आत्मानुभूत आनन्दचर्वणा व्यापार द्वारा रसनीय (आस्वाद्य) रूप वाला रस। यह रस विभावाऽनुभावादि से संवलित प्राक् निविष्ट रत्यादि स्थायी भाव के संयोग से निष्पन्न होता है। वही काव्यव्यापारगोचर रसध्वनि है। सच पूछिए तो ध्वनि वही है और काव्य की आत्मा भी मुख्यतः वही है। क्योंकि वस्तु एवं अलंकार ध्वनियां भी अन्ततः रसध्वनि में ही पर्यवसित होती हैं। अतएव, आचार्य भट्टनायक ने जो ध्वनि को काव्य का अंग मात्र कहा (आत्मा नहीं) तो उनका यह उपालम्भ शायद वस्तु एवं अलंकारध्वनि के लिये हो। परन्तु रसध्वनि को तो स्वयमेव उन्होंने 'काव्यात्मा' के रूप में अंगीकार किया है।[7]

ध्वनिकार तो रस को साक्षात् शब्दव्यापार का विषय ही नहीं मानते, फलतः वह वाच्य से भिन्न तो होता ही है। यदि रस का वाच्यत्व स्वीकार किया जाये तो वह दो ही प्रकार से संभव है-स्वशब्दनिवेदितत्व द्वारा अथवा विभावादि के प्रतिपादन द्वारा। स्वशब्दनिवेदितत्व का अर्थ है, ''शृंगार कहने से शृंगार की तथा करुण कहने से करुण रस की प्रतीति होना।'' यदि इस पक्ष को मान भी लिया जाये, तो यह भी मानना होगा कि जहां रसों का स्वशब्दनिवेदितत्व नहीं होगा, वहां उनकी प्रतीति भी नहीं होती। परन्तु काव्य में सर्वत्र तो रसादि स्वशब्दों द्वारा निवेदित होते नहीं। यदि कहीं शृंगार, करुण, हास्यादि शब्द प्रसंगतः प्रयुक्त हो भी जाते हैं वहां भी उन-उन रसों की प्रतीति उन-उन शब्दों से नहीं, प्रत्युत विशिष्ट विभावादि के प्रतिपादन द्वारा ही होती है। आत्मवाचक शब्दों से रस प्रतीति नहीं होती, बल्कि उनका अनुवदन (उल्लेख) मात्र होता है।[8] रसविषयक इस मार्ग को उद्घाटित करते हैं लोचनकार, अपने साहित्यगुरु भट्टेन्दुराज के इस पद्य द्वारा-

यद्विश्रम्य विलोकितेषु बहुशो निःस्थेमनी लोचने
यद्गात्राणि दरिद्रति प्रतिदिनं लूनाब्जिनी नालवत्।
दूर्वाकाण्डविडम्बकश्च निबिडो यत्पाण्डिमा गण्डयो
र्दृष्टे यूनि सयौवनासु वनितास्वेषैव वेषस्थितिः।।

इस पद्य का वैशिष्ट्य बताते हुए आचार्य अभिनवगुप्त कहते हैं – ''इत्यत्रनुभावविभावाव बोधनोत्तरमेव तन्मयीभवनयुक्त्यां तद्विभावानुभावोचित चित्तवृत्तिवासनाऽनुरंजितस्व-संविदानन्द चर्वणगोचरोऽर्थो रसात्मा स्फुरत्येव अभिलाष चिन्तौत्सुक्यनिद्राधृति-ग्लान्यालस्यश्रमस्मृति वितर्कादिशब्दाऽभावेऽपि।''

उपर्युक्त पद्य में रसवाचक एक भी शब्द नहीं, तथापि रस की स्फुटप्रतीति में किसी को सन्देह नहीं हो सकता है। आनन्दवर्धन के 'स्वशब्देन सा केवलमनूद्यते' सूत्रवाक्य का भी मनोरम विस्तार लोचनकार ही करते हैं, इस पद्य द्वारा-

याते द्वारवतीं तदामधुरिपौ तद्दत्तझम्पानतां
कालिन्दीतटरूढवञ्जुललतामालिङ्ग्य सोत्कण्ठया।
तद्गीतं गुरुबाष्पगद्गदगलत्तारस्वरं राधया
येनान्तर्जलचारिभिर्जलचरैरप्युत्कमुत्कूजितम्।।

इस पद्य में यद्यपि 'सोत्कण्ठ एवं उत्क' सरीखे रसवाची शब्द प्रयुक्त हुए हैं, परन्तु रसप्रतीति में उनकी कोई विशेष भूमिका नहीं है, जैसा कि लोचनकार मानते हैं । यथा-

अत्र विभावानुभावावम्लानतया प्रतीयेते। उत्कण्ठा च
चर्वणागोचरं प्रतिपद्यते एव सोत्कण्ठशब्दः केवलं सिद्धं

साधयति। उत्कंठमित्यनेन तु उक्तानुभावानुकर्षणं कर्तुं सोत्कण्ठ शब्दः प्रयुक्त इत्यनुवादोऽपि नाऽनर्थकः। पुनरनुभावप्रतिपादने हि पुनरुक्तमतन्मयीभावो वा।

ध्वन्या., 2.4 की लोचनटीका

रसविषयक, अपनी स्थापना के अगले चरण में आनन्दवर्धन पुनः कहते हैं कि केवल शृंगारादि रसवाचक शब्दों से युक्त परन्तु विभावादि के प्रतिपादन से रहित काव्य में रसवत्ता की प्रतीति नहीं होती है। जबकि काव्य में रसवाची शब्द न भी रहें, परन्तु विशिष्ट विभावादि मात्र विद्यमान हों, तो रसादि की निर्बाध प्रतीति होती है। केवल स्वाभिधान से प्रतीति नहीं होती है। इस प्रकार, अन्वयव्यतिरेक दोनों ही दृष्टियों से रसादि का वाच्यार्थ के सामर्थ्य से आक्षिप्त होना ही सिद्ध होता है, न कि उनकी अभिधेयता।

इस प्रकार, वस्तु एवं अलंकार स्वरूप प्रतीयमानार्थ के अनन्तर ध्वनिकार रसध्वनि को सर्वोपरि प्रतिष्ठित करते हुए घोषित करते हैं कि "काव्यास्यात्मा स एवार्थः"। लोचनकार इस सूत्र की व्याख्या करते हुए कहते हैं-

स एवेति प्रतीयमानमात्रेऽपि प्रक्रान्ते तृतीय एव रसध्वनिरिति मन्तव्यम्। इतिहासबलात् प्रक्रान्तवृत्तिग्रन्थबलाच्च। तेन रस एव वस्तुत आत्मा वस्त्वलंकारध्वनी तु सर्वथा रसं प्रतिपर्यवस्येते इति वाच्यादुत्कृष्टौ तावित्यभिप्रायेण ध्वनिः काव्यस्यात्मेति सामान्येनोक्तम्।

लोचनम्

रसध्वनि की काव्यात्मता के सन्दर्भ में आचार्य आनन्दवर्धन आदिकवि प्राचेतस वाल्मीकि की चर्चा करते हुए बताते हैं कि क्रौंच-मिथुन के वियोग से उद्भूत (उनका) शोक ही श्लोकत्व को प्राप्त हो उठा था। परन्तु ध्वनिकार के इस सूत्रभूत प्रतिपादन से ही शोक का रसोचित वैभव स्पष्ट नहीं हो जाता। उसे सांगोपांग समझने के लिए आचार्य अभिनवगुप्त का आश्रय लेना अनिवार्य हो जाता है। लोचनकार इस सन्दर्भ की विस्तृत व्याख्या करते हुए बताते हैं कि जो शोक 'श्लोक' बन गया था उसे महामुनि वाल्मीकि का (व्यक्तिगत) शोक नहीं समझना चाहिए। यदि ऐसा होता (अर्थात् यदि वह वाल्मीकि का अपना दुःख होता) तो उस क्रौंची के दुःख से वह स्वयं भी दुःखी हो जाते और तब रस की काव्यात्मता के लिए अवकाश ही नहीं रह जाता। जो दुःख में सन्तप्त हो वह भला श्लोक क्या लिखेगा?[9]

वस्तुतः चर्वणोचित, शोकस्थायिभावात्मक जो करुण रस काव्यात्मा के रूप में प्रतिष्ठित होता है वह लौकिक शोक नहीं होता है, प्रत्युत उससे विलक्षण होता है।

लोक एवं काव्य के स्थायी भावों में यही अन्तर होता है कि क्रान्तदर्शी कवि आत्माराम-स्वभाव होता है। वह रति, शोक, हासादि से निसर्गतः आकण्ठतृप्त होता है।

फलतः इन संवेदनाओं के साथ उसका आत्मीय संस्पर्श नहीं होता है। अपनी इसी साधारणीकृत संवेदना को वह आनन्दमय रस की भूमिका पर प्रतिष्ठित कर पाता है। इसके विपरीत, लौकिक जन रत्यादिभावनाओं के भूखे होते हैं। अतएव, रति, हास, शोक, उत्साहादि के सन्दर्भों में वे तन्मय हो जाते हैं, उन संवेदनाओं को पूर्णतः पचा लेते हैं और फिर, उस आत्मसंस्पर्श के कारण शोक में फूट-फूटकर रोते हैं, हास में अमर्यादित भाव से हंसते हैं तथा रतिसन्दर्भ में सम्भोग एवं विप्रलम्भ की घमछांही का अनुभव करते हैं।

भूखा व्यक्ति वमन क्या करेगा ? वह तो खाली पेट वाला है। परन्तु आत्मारामतया स्थित, आकण्ठ परितुष्ट कवि ही रत्यादि भावों को पचा नहीं पाता, वमित कर देता है। वही है काव्य ! हृदयदर्पणकार आचार्य भट्टनायक का मन्तव्य इसी तथ्य को पुष्ट करता है-'यावत्पूर्णो न चैतेन तावन्नैव वमत्यमुम्।'

अवसर मिलते ही लोचनकार आनन्दवर्धन की रसदृष्टि को प्रकाशित करते हैं। यह दृष्टि ध्वन्यालोक की कारिका अथवा वृत्ति से स्पष्ट नहीं हो पाती। ध्वनिकार कहते हैं कि महाकवियों की वाणी अलोकसामान्य उस 'प्रतिभाविशेष' को अभिव्यक्त करती है।[13] यहां प्रतिभाविशेष का अर्थ क्या हो सकता है ? लोचनकार स्पष्ट करते है-

> *प्रतिपत्तृन् प्रति सा प्रतिभा नाऽनुमीयमाना, अपितु तदावेशेन भासमानेत्यर्थः। यदुक्तमस्मदुपाध्यायभट्टतौतेन नायकस्य कवेः श्रोतुः समानोऽनुभवस्ततः इति। प्रतिभा अपूर्ववस्तु निर्माणक्षमा प्रज्ञा। तस्या विशेषो रसावेशवैशद्यसौन्दर्य काव्यनिर्माण क्षमत्वम्।*
>
> *लोचनम्*

रस की अलौकिकता तथा अनुमान-स्मरणादि से उसकी व्यतिरिक्तता को लेकर लोचनकार ने सारग्राही विवेचन प्रस्तुत किया है। रस वाच्यार्थ एवं लक्ष्यार्थ से सर्वथा पृथक् है। वस्तुतः रस, भाव, रसाभास, भावाभास, भावोदय, भावसन्धि एवं भावशबलतादि में लक्षणा की उपपत्ति की संभावना ही नहीं है। क्योंकि विभावानुभाव-प्रतिपादक काव्य में मुख्यार्थबाधक तत्त्व के अनुप्रवेश की कोई संभावना ही नहीं। तो फिर रसाद्यर्थ में लक्षणा के लिए अवकाश ही कहां ?[14]

यदि यह कहें कि मुख्यार्थबाधा का क्या प्रश्न ? लक्षणा का तो स्वरूप ही बस इतना है-'अभिधेयाविनाभूतप्रतीतिर्लक्षणोच्यते' अर्थात् वाच्यार्थ से अपृथग्भूत प्रतीति ही लक्षणा है। और इस दृष्टि से, विभावानुभाव आदि से अविनाभूत (अपृथक्) होने के कारण रसादि भी लक्षित ही होते हैं। क्योंकि विभावानुभाव कार्यरूप रस के कारण हैं तथा व्यभिचारी भाव उनके सहकारी।

आचार्य अभिनवगुप्त कहते हैं-मैवम् ! अर्थात् यह नहीं हो सकता। क्योंकि अभिधेय की अविनाभूत प्रतीति को ही लक्षणा मान लेंगे तो 'धूम' शब्द से धुएं का

ज्ञान होने पर (उससे अविनाभूत) अग्नि स्मृति भी लक्ष्यार्थ ही मानी जायेगी। उसके बाद भी, अग्नि से अपृथग्भूत शीतापनोदनस्मृति अग्नि का लक्ष्यार्थ बनेगी। फिर तो लक्ष्यार्थों की परंपरा का पर्यवसान ही नहीं होगा।[10]

यदि यह कहें कि 'धूम' शब्द के स्वार्थ मात्र में विश्रान्त होने के कारण, वहां लक्षणा-व्यापार संगत ही नहीं होगा तो फिर, आचार्य अभिनवगुप्त कहते हैं, बात वही आ गयी कि 'मुख्यार्थ बाध ही लक्षणा का प्राणतत्त्व है।' और इस स्थापना के बाद रसाधर्थ की लक्षणामूलकता सर्वथा असंभव है। क्योंकि विभावादि के प्रतिपादन में बाधक तो कोई है नहीं, और इस प्रकार, धूमज्ञान के अनन्तर अग्निस्मरण की तरह विभावादि की प्रतिपत्ति के अनन्तर रत्यादि चित्तवृत्ति की प्रतिपत्ति जैसा कोई शब्दव्यापार तो रसप्रतीति में होता नहीं।[11]

आचार्य अभिनवगुप्त कहते हैं कि इस प्रसंग में प्रतीति के विशेषज्ञ मीमांसकों से मैं पूछना चाहूंगा कि कैसी रसप्रतिपत्ति आपको अभिमत है ? क्या वह प्रतिपत्ति जो परकीय चित्तवृत्ति मात्र में होती है ? यदि ऐसा ही है, तो निश्चय ही आप भ्रान्त हैं। क्योंकि लोकगत चित्तवृत्ति के अनुमानमात्र में भला क्या 'रसता' है ? अरे, अलौकिक चमत्काररूपी आत्मा वाला तथा काव्यगत विभावादि की चर्वणा से प्राणवान् 'रसास्वाद' स्मरण एवं अनुमानादि द्वारा न्यग्भूत करने योग्य नहीं है। क्योंकि यह रसप्रतीति तो, अनुमान एवं स्मरणादि की सरणि से सर्वथा व्यतिरिक्त तन्मयीभवनोचित चर्वणारूपी प्राण वाली होती है। अब यह चर्वणा किसी अन्य प्रमाण से तो उत्पन्न नहीं हुई कि इस समय उसकी स्मृति आ रही हो। वर्तमान में भी वह किसी प्रमाण से नियंत्रित नहीं है, जो वस्तु ही अलौकिक हो उसमें प्रत्यक्षादि भी प्रमाणभूत कैसे हो सकते हैं ? अतएव, विभावादि का व्यवहार ही अलौकिक है। लोचनकार के शब्दों में-

> *अतएव, रस्यमानताया एषैव निष्पतिर्या प्रबन्धप्रवृत्तबन्धुसमागमादिकारणोदितहर्षादिलौकिकचित्तवृत्तिन्यग्भावेन चर्वणारूपत्वम्। अतश्चर्वणात्राभिव्यंजनमेव। न तु ज्ञापनम्। प्रमाणव्यापारवत्। नाव्युत्पादनम्। हेतुव्यापारवत्। ननु यदि नेयं ज्ञप्तिर्नवा निष्पत्तिः, तर्हि किमेतत् ? न त्वयमसावलौकिको रसः। ननु विभावादिरत्र किं ज्ञापको हेतुः उत कारकः? न ज्ञापको न कारकः अपितु चर्वणोपयोगी। ननु क्वैतद् दृष्टमन्यत्र ? यत एव न दृष्टं तत एवालौकिकमित्युक्तम्। नन्वेवं रसोऽप्रमेयः स्यात्। अस्तु किं ततः ? तच्चर्वणात् एव प्रतीतिव्युत्पत्तिसिद्धेः किमन्यदर्थनीयम् ? नन्वप्रमाणकमेतत्। न। स्वसंवेदनसिद्धत्वात्। ज्ञानविशेषस्यैव चर्वणात्मत्वात्। इत्यलं बहुना। अतश्च रसोऽयमलौकिकः।*

आचार्य अभिनवगुप्त भरत एवं आनन्दवर्धन, दोनों के टीकाकार हैं। ये दोनों मूर्धाभिषिक्त, ग्रन्थ, अनेक प्रतिपाद्य विषयों की समानता के बावजूद भी, प्रस्थानदृष्ट्या पृथक् हैं। एक नाट्यशास्त्रीय परंपरा का पोषक है तो दूसरा काव्यशास्त्रीय परंपरा का।

दोनों ग्रन्थों के बीच प्रायः 1100 वर्षों का अन्तर भी है। इस विशाल अन्तराल में न केवल काव्यशास्त्र अपने सुनिश्चित प्रतिपाद्य के साथ, नाट्यशास्त्र से पृथक् हो चुका था, प्रत्युत नाट्यशास्त्र में व्याख्यात गुण, अलंकार, रस, लक्षण एवं प्रवृत्ति सरीखे वे तत्त्व जो कि अवान्तर काल में काव्यशास्त्र के भी प्रमुख प्रतिपाद्य बने, अंशतः अथवापूर्णतः संशोधित, परिवर्तित अथवा परिवर्तित हो चुके थे।

ऐसी स्थिति में आचार्य अभिनवगुप्त के काव्यशास्त्रीय योगदान का मूल्य और बढ़ जाता है, क्योंकि वह भरत एवं आनन्दवर्धन दोनों की रसदृष्टियों के व्याख्याकार हैं। इन दो दविष्ठ ध्रुवों के बीच उन्हें अपना भी स्वतंत्र मत (रस दृष्टि) प्रस्तुत करना है। आचार्य भरत से लेकर अपने युग तक (दशमशती ई. का उत्तरार्ध) रसविषयक अवधारणा के बदलते मानदण्डों का जैसा प्रामाणिक विवरण लोचनकार ने प्रस्तुत किया है, वह सर्वथा अप्रतिम है। उन्हीं के शब्दों में:

> *अन्ये पुनर्विभावमनुभावमेव विशिष्टसामग्र्या समर्प्यमाणं तद्विभावनीयानुभावनीय स्थायीरूपवित्तवृत्त्युपचितवासनानुषक्तंस्वनिर्वृत्तिचर्वणाविशिष्टमेव रसः। तन्नाट्यमेव रसाः। अन्ये तु शुद्धं विभावम्, अपरे शुद्धमनुभावम् केचित्तु स्थायिमात्रम्, इतरे व्यभिचारिणम्, अन्ये तत्संयोगम्, एकेऽनुकार्यम्, केचन सकलमेव समुदायं रसमाहुरित्यलं बहुना। काव्येऽपि च लोकनाट्यधर्मिस्थानीये स्वभावोक्तिवक्रोक्ति-प्रकारद्वयेनालौकिकप्रसन्नमधुरौजस्विशब्दसमर्प्यमाणविभावादियोगादियमेव रसवार्ताऽस्तु। अस्तु वा नाट्याद्विचित्ररूपा रसप्रतीतिः। उपायवैलक्षण्यादियमेव तावदत्र सरणिः।*
>
> ध्वन्यालोकलोचनटीका, 2.4

ध्वन्यालोक द्वितीय उद्योत के लोचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि आचार्य अभिनगुप्त भी रस को मूलतः नाट्य का ही विषय मानते हैं। उपर्युक्त लोचनोद्धरण में आये 'काव्येऽपि च' शब्दावली से भी इसी तथ्य की पुष्टि होती है। रस की नाट्यानुगुणता लोचनकार के इस मन्तव्य से पुष्ट हो जाती है:

> *अत्रोच्यते-रसस्वरूप एव तावद् विप्रतिपत्तयः प्रतिवादिनाम्। तथा हि पूर्वावस्थायां यः स्थायी स एव व्यभिचारिसम्पातादिना प्राप्तपरिपोषोऽनुकार्यगत एव रसः। नाट्ये तु प्रयुज्यमानत्वान्नाट्यरस इति केचित्। प्रवाहधर्मिण्यां चित्तवृतौ चित्तवृत्तेर्वृत्त्यन्तरेण कः परिपोषार्थः? विस्मयशोकक्रोधादेश्च क्रमेण तावन्न परिपोष इति नानुकार्ये रसः। अनुकर्तरि च तद्भावेन लयाद्यनुकरणं स्यात्। सामाजिकगते वा कश्चमत्कारः? प्रत्युत करुणादौ दुःखप्राप्तिः। तस्मान्नायं पक्षः। कस्तर्हि ?*
>
> *इहानन्त्यान्नियतस्यानुकारो न शक्यः, निष्प्रयोजनश्च विशिष्टताप्रतीतौ। ताटस्थ्येन व्युत्पत्त्यभावात्। तस्मादनियतावस्थात्मकं स्थायिनमुद्दिश्य विभावानुभाव-*

व्यभिचारिभिः संयुज्यमानैरयं रामः सुखीति स्मृतिविलक्षणा स्थायिनि प्रतीतिगोचरतयाऽऽस्वादरूपा प्रतिपत्तिरनुकर्त्रालम्बना नाट्यैकगामिनी रसः। स च न व्यतिरिक्तमाधारमपेक्षते। किन्त्वनुकार्याभिकाभिमते नर्तके आस्वादयिता सामाजिक इत्येतावन्मात्रमदः।

तेन नाट्य एव रसः, नानुकार्यादिष्विति केचित्। अन्ये तु अनुकर्तरि यः स्थाय्यव भासोऽभिनयादिसामग्र्यादिकृतो भित्ताविव हरितालादिना अश्वाभासः स एव लोकातीत तयाऽस्वादापरसंज्ञया प्रतीत्या रस्यमानो रस इति नाट्याद्रसा नाट्यरसाः।
लोचनम्, ध्वन्या., 2.4

वस्तुतः *अभिनवभारती* एवं *लोचन* में उपन्यस्त आचार्य अभिनवगुप्त की गहन काव्यमीमांसाएं किसी स्वतंत्र आकरग्रन्थ से कम नहीं हैं। इन टीकाओं में मूलग्रन्थांश की युक्तियुक्त व्याख्या तो की ही गयी है, परन्तु उससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि यथावसर आचार्य अभिनवगुप्त ने प्रस्थानविरोधी आचार्यों के पक्ष का जबर्दस्त खण्डन भी किया है। कहीं-कहीं तो उन्होंने किसी काव्यतत्त्व विशेष (जैसे रस, ध्वनि आदि) के संदर्भ में, अपने जीवनकाल में विद्वद्गोष्ठियों में प्रचलित 'शास्त्रार्थ' को ही सांगोपांग प्रस्तुत कर दिया है। इस प्रकार, आचार्य अभिनवगुप्त मात्र एक प्रतिभोपदिष्ट टीकाकार ही नहीं प्रत्युत संस्कृत काव्यशास्त्र की सुदीर्घ परम्परा के संवाहक एवं व्याख्याता आचार्य हैं। इन्हीं व्याख्यानों में उनकी मौलिक काव्यमीमांसा के दर्शन भी होते हैं। प्रायः अपने लंबे व्याख्यानों के अनन्तर अभिनव 'तदयमत्र संक्षेपः' कहकर व्याख्यान का निष्कर्ष लिख देते हैं। *नाट्यशास्त्र* के छठे अध्याय में तेन रस एवं नाट्यम् शीर्षक को स्पष्ट करते हुए आचार्य 'नाट्य तथा रस' को संयुक्त रूप से उपन्यस्त करते हैं। यथा-

तत्र नाट्यं नाम नटगताभिनय प्रभाव साक्षात्कारायमाणैकघनमानस-निश्चलाध्यवसेयः समस्तनाटकाद्यन्यतमकाव्यविशेषाच्च द्योतनीयोऽर्थः। स च यद्यप्यनन्तविभावाद्यात्मा तथापि सर्वेषां जडानां संविदि तस्याश्च भोक्तरि भोक्तृवर्गस्य च प्रधाने भोक्तरि पर्यवसानान्नाय काभिधानभोक्तृविशेषस्थायि-चित्तवृत्तिस्वभावः। सा चैकचित्तवृत्तिः स्वरूपमिति प्रतीयमानानन्तचित्तवृत्त्यन्तरशत-विशेषिता, लौकिकगीतगेयपदादिलास्यांगदशकोपजीवनस्वीकृतलक्षणगुणा, अलंकार गीतातोद्यादि सम्यक् सुन्दरीभूतकाव्यमहिमप्रयोगमालाऽभ्यास विशेषाश्रयत्वात् प्रच्याविता, अतएव, साधारणीभूततया सामाजिकानपि स्वात्मसद्भावेन समावेशयन्ती, तादात्म्यादेव चानुमानागमयोंगिप्रत्यक्षादि करणकतटस्थप्रमातृप्रमेयलौकिकपरकीयचित्तवृत्तिविलक्षणतया निर्भासमाना, परिमितस्वात्मान्याश्रयता निर्भासनविरहाच्च लौकिकप्रमदादिजनितनिजरति शोकादिवत् तज्जहानादिचित्तवृत्त्यन्तरजननाक्षमा, तत एव निर्विघ्नस्वसंवेदनात्मक हर्षविश्रान्तिलक्षणेन रसनाऽपरपर्यायेण व्यापारेण गृह्यमाणत्वात् रसशब्देनाभिधीयते।
अभिनवभारती, 6.15

आचार्य अभिनवगुप्त की तर्कबुद्धि का क्या कहना ? लक्षणा द्वारा व्यंग्यार्थ प्रतीति की कल्पना करने वाले मीमांसकों को उन्होंने जिस युक्ति से निरस्त किया है, उसे हम पिछले अनुच्छेदों में देख चुके हैं। एक ऐसा ही मार्मिक प्रसंग पुनः उपस्थित होता है, ध्वन्यालोक के द्वितीय उद्योत में-

रसभावतदाभासतत्प्रशान्त्यादिरक्रमः।
ध्वनेरात्मांगिभावेन भासमानो व्यवस्थितः।। 2.3।।

लोचनकार यहां कहते हैं कि क्या सदैव रसादि अर्थ ध्वनि के प्रकार होते है?(ननु किं सर्वदैव रसादिरर्थो ध्वनेः प्रकारः?) इस प्रश्न का निषेधपरक उत्तर देते हुए वे कहते हैं कि वे तभी ध्वनिरूपता को प्राप्त होते हैं जब अंगिभाव से (प्रधानत्वेन) अवभासमान हों। वह रसादि ध्वनि तो व्यवस्थित है ही। उससे शून्य काव्य तो 'नगण्य' ही होता है। यद्यपि काव्य का जीवितभूत तो रस है ही, तथापि उस रस के प्रयोजकभूत किसी अंश (व्यभिचारी भाव) से भी वह रसोचित चमत्कार पुष्कलत्वेन उत्पन्न हो सकता है। तब उसी को 'भावध्वनि' कहा जाता है।[15]

यह 'भावध्वनि' का प्रसंग आचार्य अभिनवगुप्त अपनी ओर से प्रस्तुत कर रहे हैं। ध्वन्यालोक की मूलकारिका अथवा वृत्ति में इसका कोई उल्लेख नहीं है। अब यदि यह प्रसंग प्रारंभ ही हो गया तो, जैसी आचार्य अभिनवगुप्त की प्रकृति है, वह उसे विस्तारपूर्वक समझाकर ही विश्रान्त होंगे।

व्यभिचारी भाव भी उदय, स्थिति एवं अपाय-इन तीन धर्मों वाले होते हैं। यही उनका स्वरूप-लक्षण भी है।[16]

लोचनकार कहते हैं कि व्यभिचारी भाव कहीं उदयावस्था द्वारा, कहीं स्थिति द्वारा, कहीं प्रशमावस्था द्वारा, कहीं (विविध व्यभिचारियों की) सन्धि द्वारा और कहीं अन्तरशबलता द्वारा ही चर्वणास्पद होते हैं। इनके उदाहरण इस प्रकार हैं-

याते गोत्रविपर्यये श्रुतिपथं शय्यामनुप्राप्तया
निर्यातं परिवर्तनं पुनरपि प्रारब्धमंगीकृतम्।
भूयस्तत्प्रकृतं कृतंच शिथिलाक्षिप्तैकदोर्लेखया
तन्वंग्या न तु पारितः स्तनभरः क्रष्टुं प्रियस्योरसः।।

लोचनकार के शब्दों में-अत्र हि प्रणयकोपस्यैवोज्जिगमिषयैव यदवस्थानं 'न तु पारित' इत्युदयावकाश निराकरणात्तदेवास्वादजीवितम्।

तिष्ठेत्कोपवशात्प्रभावपिहिता दीर्घं न सा कुप्यति
स्वर्गायोत्पतिता भवेन्मयि पुनर्भावार्द्रमस्या मनः।
तां हर्तुं विबुधद्विषोऽपि न च मे शक्ताः पुरोवर्तिनीं
सा चात्यन्तमगोचरं नयनयोर्यातेति कोऽयं विधिः।।

प्रस्तुत पद्य में विप्रलम्भ (शृंगार) रस के इतने सद्भाव में भी 'वितर्क' नामक व्यभिचारी भाव, चमत्कार प्रयुक्त होकर आस्वादातिशय उत्पन्न कर रहा है। यह उसकी स्थित्यवस्था है।

प्रशमावस्था के व्यभिचारी भाव द्वारा चमत्कारातिशय उत्पन्न किये जाने का उदाहरण है-

एकस्मिन् शयने पराङ्गमुखतया वीतोत्तरं ताम्यतो-
ऽन्योन्यस्य हृदि स्थितेऽप्यनुनये संरक्षतोगौरवम्।
दम्पत्योः शनकैरपाङ्गवलनामिश्रीभवच्चक्षुषो,
भग्नो मानकलिः सहासरभसव्यावृत्तकण्ठग्रहम्।।

यहां ईर्ष्या नामक व्यभिचारी की प्रशमावस्था आस्वादातिशय उत्पन्न कर रही है। इसी प्रकार कोप एवं प्रसाद की सन्धि से उत्पन्न चमत्कारातिशय का उदाहरण देते हैं लोचनकार-

ईससु केसुम्भिआए महचुम्बिउ जेण।
अभिअरसो घोण्टाण पडिजाणिउ तेण।।

त्यक्ते तु कोपे कोपकषायगद्गदमन्दरुदिताया येन मुखं चुम्बितं तेनामृतरसनिगरण विश्रान्तिपरंम्पराणां तृप्तिर्ज्ञातेति कोपप्रसादसन्धिश्चमत्कारस्थानम्। क्वचिद् व्यभिचार्यन्तरशबलतैव विश्रान्तिपदम्। यथा-

क्वाकार्यं शशलक्ष्मणः क्व च कुलं भूयोऽपि दृश्येत सा
दोषाणां प्रशमाय मे श्रुतमहो कोपेऽपि कान्तं मुखम्।
किं वक्ष्यन्त्यपकल्मषाः कृतधियः स्वप्नेऽपि सा दुर्लभा
चेतः स्वास्थ्यमुपैहि कः खलु युवा धन्योऽधरं धास्यति।।

अत्र हि वितर्कौत्सुक्ये मतिस्मरणे शङ्कादैन्ये स्मृतिचिन्तने परस्परं बाध्यबाधक-भावेन द्वन्द्वशो भवन्ती पर्यन्ते तु चिन्ताया एव प्रधानतां ददती परमास्वादस्थानम्। एवमन्यदप्युत्प्रेक्ष्यम्।

इस व्याख्यान के अन्त में लोचनकार एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न उठाते हैं। वह यह कि यदि विभावानुभाव भी इसी प्रकार चमत्कारातिशय के हेतु बनें तो क्या उन्हें भी 'विभावध्वनि तथा अनुभावध्वनि' कहा जायेगा ?[17] इसका युक्तियुक्त उत्तर भी स्वयं लोचनकार ही देते हैं यह कहकर कि यदि विभावानुभाव को भी व्यंग्य ही मानना है तो उसे विभावध्वनि या अनुभावध्वनि कहने की क्या आवश्यकता है ? फिर तो उसे वस्तुध्वनि ही क्यों नहीं कहते ?

महामाहेश्वर आचार्य अभिनवगुप्तपाद की काव्यशास्त्रीय प्रतिमा के कुछ उदात्त पक्ष प्रस्तुत आलेख में संकलित किये गये हैं। उनका सारस्वत जीवन अत्यंत महिमामण्डित रहा है। वह वराहगुप्त के पौत्र, चुखल के पुत्र, मनोरथगुप्त के अग्रज, कर्ण एवं क्षेमेन्द्रादि के शिक्षागुरु थे। उन्होंने स्वयं श्री लक्ष्मणगुप्त, भट्टेन्दुराज तथा भट्टतौत से विविध शास्त्रों की शिक्षा प्राप्त की थी। श्रीमदुत्पलभट्ट को अपना 'परमगुरु' मानते हैं। *ध्वन्यालोक* की *चन्द्रिका* नाम की टीका के लेखक को भी आचार्य अभिनवगुप्त अपना सगोत्र एवं पूर्वज बताते हैं (इत्यलं निजपूर्वजसगोत्रै: सह विवादेन। ध्वन्या., 3.2 लोचन, इत्यलं पूर्ववंश्यै: सह विवादेन। लोचन, ध्वन्या, 3.33)

वृहत्प्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी की पुष्पिका में आचार्य ने लिखा है – "इति नवतितमेऽस्मिन् वत्सरेऽन्त्ये युगांशे तिथिशशिजलधिस्थे (4115) मार्गशीर्षावसाने" आदि। इस कालसंकेत से सिद्ध है कि आचार्य अभिनव दशम शती ई. के उत्तरार्ध एवं ग्यारहवीं शती ई. के प्रारम्भिक भाग में विद्यमान थे। सामान्यत: उनका जीवनकाल इसी के बीच माना जाता है।

आचार्य अभिनवगुप्त की कृतियों में *अनुत्तराष्टिका, क्रमस्तोत्र, तन्त्रसार, तन्त्रालोक, परमार्थचर्चा, परमार्थद्वादशिका, परमार्थसार, परात्रिंशिकाविवरण, प्रकरणस्तोत्र, प्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी (बृहती वृत्ति:), प्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी (लघुवृत्ति:), बोधपंचदशिका, भैरवस्तोत्र, महोपदेशविंशति* तथा *मालिनीविजयवार्तिक* की परिगणना होती है। इसके अतिरिक्त, उनकी अक्षय्य कीर्ति की आधारभूता चार टीकाएं हैं-

1. *अभिनवभारती* (नाट्यशास्त्र)
2. *लोचन* (ध्वन्यालोक)
3. *विवरण* (काव्यकौतुक)
4. *श्रीमद्भगवद्गीता टीका।*

संदर्भ

1. आनन्द इति। रसस्य चर्वणात्मन: प्राधान्यं दर्शयन् रसध्वनेरेव सर्वत्र मुख्यभूतमात्मत्वमिति दर्शयति। *लोचन टीका*
2. योऽर्थो हृदयसंवादी तस्य भावो रसोद्भव:।
   शरीरं व्याप्यते तेन शुष्कं काष्ठमिवाग्निना।। *लोचन टीका*
3. येषां काव्यानुशीलनाभ्यासवशाद् विशदीभूते मनोमुकुरे वर्णनीयतन्मयीभवनयोग्यता त एव हृदयसंवादभाज: सहृदया:। *लोचन टीका*
4. तथा ह्यभिधाभावनारसचर्वणात्मकेऽपि त्र्यंशे काव्ये रसचर्वणा तावज्जीवितभूतेति भवतो ऽप्यविवादो ऽस्ति। यथोक्तं त्वयैव-काव्ये रसयिता सर्वो...। *लोचन टीका*

5. तेन यदुक्तम्-ध्वनिर्नामापरो योऽसौ व्यापारो व्यंजनात्मकः।
तस्य सिद्धेऽपि भेदे स्यात्काव्येऽगंत्वं न रूपिता।। इति तदपिहस्ततं भवति।
6. यच्च ध्वनिकारेणोक्तम्
अर्थः सहृदयश्लाघ्यः काव्यात्मा यो व्यवस्थितः।
वाच्यप्रतीयमानाख्यौ तस्य भेदावुभौ स्मृतौ।। इति।
अत्र वाच्यस्यात्मत्वं काव्यस्यात्मा ध्वनिरिति स्व
वचनविरोधादपास्तम्। - *साहित्यदर्पणः*, प्र.परि.
7. यस्तु स्वप्नेऽपि न स्वशब्दवाच्यो न लौकिकवहारपतितः, किन्तु शब्दसमर्प्यमाणहृदय संवादसुन्दर विभावानुभावसमुदित प्राङ्निविष्टरत्यादिवासनानुराग- सुकुमारस्वसंविदानन्द चर्वणव्यापार रसनीयरूपो रसः। स च काव्यव्यापारैकगोचरो रसध्वनिरिति। स च ध्वनिरेवेति। स एव मुख्यतयात्मेति। यदूचे भट्टनायकेन अंशत्वं न रूपितेति, तद्वस्त्वलङ्कार ध्वन्योरेव यदिनामोपालम्भः, रसध्वनिस्तु तेनैवात्मतयाऽङ्गीकृतः। *लोचन टीका*
8. द्रष्टव्य-*ध्वन्या.* 2.4 की वृत्ति
9. क्रौंचद्वन्द्वियोगेन सहचरीहननोद्भूतेन साहचर्य ध्वंसनेनोत्थितो यः शोकः स्थायिभावो निरपेक्षयभावत्वाद् विप्रलम्भशृंगारोचितस्थायिभावत्वादन्य एव। स एव तथाभूत विभावतदुत्थाक्रन्दनाद्यनुभावचर्वणया हृदयसंवादतन्मयीभवनक्रमादास्वाद्यमानतां प्रतिपन्नः करुणरसरूपतां लौकिकशोकव्यतिरिक्तां स्वचित्तवृत्तिसमास्वाद्यसारां प्रतिपन्नोरसः परिपूर्णकुम्भोच्छलनवच्चित्तवृत्ति निःस्पन्दस्वभाववाग्विलापादिसमयानपेक्षित्वेऽपि चित्तवृत्तिव्यंजनकत्वादिनयेनाकृतकतयैवावेशवशात्समुचितच्छन्दोवृत्तादि नियंत्रितः श्लोकरूपतां प्राप्तः मा निषादेत्यादि।
10. सविस्तार द्रष्टव्य, *ध्वन्या.*, 1.21, (लोचन.टीका)
11. सविस्तार द्रष्टव्य, वही
12. इदं तावदयं प्रतीतिज्ञो मीमांसक पृष्टव्यः किमत्र परचित्तवमात्रे प्रतिपत्तिरेव रसप्रतीतिरभिमता भवतः नैवं भ्रमितव्यम्। एवं हि लोकगतचित्तवृत्त्यनुमानमात्रमिति का रसता ? यस्त्वलौकिक चमत्कारात्मा रसास्वादः काव्यगतविभावादि चर्वणाप्राणः नासौ स्मरणानुमानादिना खिलीकारपात्रीकर्त्तव्यः। किन्तु लौकिकेन कार्यकारणानुमानादिना संस्कृतहृदयो विभावादिकं प्रतिपद्यमानो न ताटस्थ्येन प्रतिपद्यते। अपितु हृदयसंवादपरपर्यायसहृदयत्व परवशीकृततया पूर्णीभविष्यद्रसास्वादाङ्कुरीभावेनानुमानस्मरणादिसरणिमनाह्यैव तन्ममीभवनोचित-चर्वणाप्राणतया। न चासौ चर्वणा प्रमाणान्तरतो जाता पूर्वं पेनेदानीं समृतिः स्यात्। न चाधुना कुतश्चित्प्रमाणान्तरादुत्पन्ना। अलौकिके प्रत्यक्षाद्यव्यापारात्।' लोचनम्
13. सरस्वती स्वादु तदर्थवस्तु निःष्यन्दमाना महतां कवीनाम्।।
अलोकसामान्यमभिव्यनक्ति परिस्फुरन्तं प्रतिभाविशेषम्।। *ध्वन्या.*, 1.6
14. तद्भेदशब्देन च रसभावतदाभासतत्प्रशमभेदास्तदवान्तरभेदाश्च। न च तेषु लक्षणाया उपपत्तिः। तथाहि विभावानुभावप्रतिपादके शब्दे तत्रार्थे मुख्ये तावद् बाधकाऽनुप्रवेशोऽप्यसम्भाव्य इति को लक्षणावकाशः ? *लोचन टीका*

15. स रसादिध्वनिर्व्यवस्थित एव। नहि तच्छून्यं काव्यं किंचिदस्ति। यद्यपि च रसेनैव सर्वं जीवति काव्यं तथापि तस्य रसस्यैकधनचमत्कारात्मनोऽपि कुतश्चिदंशात्प्रयोजकीभूतादधिकोऽसौ चमत्कारोऽपि भवति। तत्र यदा कश्चिद्रुद्रिक्तावस्थां प्रतिपन्नो व्यभिचारी चमत्कारातिशय प्रयोजको भवति तदा भावध्वनिः।
16. व्यभिचारिण उदयस्थित्यपायत्रिधर्मकाः। यदाह, विविधमाभिमुख्येन चरन्तीति व्यभिचारिणः।
17. नन्वेवं विभावाऽनुभावमुखेनाप्यधिकश्चमत्कारो दृश्यत इति विभावध्वनिरनुभावध्वनिश्च वक्तव्यः। मैवम् विभावानुभावौ तावत्स्वशब्दवाच्यावेव। तच्चर्वणापि चित्तवृत्तिष्वेव पर्यवस्यतीति रसभावेभ्यो नाधिकं चर्वणीयम्। यदि तु विभावानुभावावपि व्यंग्यौ भवतस्तदा वस्तुध्वनिरपि किं न सह्यते? यदा तु विभावानुभावाभासाद्रत्याभासोदयस्तदा विभावानुभावाभासाच्चर्वणाभास इति रसाभासस्य विषयः। यथा रावणकाव्याकर्णने शृंगाराभासः। *लोचन टीका, ध्वन्य*, 2.3

15

अभिनवगुप्तपादानां मते रसस्यालौकिकत्वोपपत्तिः

दामोदर राम त्रिपाठी

''रसो वै सः''[1] इति श्रुतेः काव्योपपादितरसानुभवः परब्रह्मानुभव एवेति व्यवतिष्ठते। रसस्यास्वादनाख्योऽनुभवो ब्रह्मानुभवसदृशः। सादृश्यस्यभेदघटितत्वेन सदृशत्वोक्त्या रसास्वादे ब्रह्मास्वादाभिन्नत्वं प्रतीयते। यथा ब्रह्मास्वादे प्रतिकूलवेदनीयं दुःखं नानुभूयते तथैव काव्यास्वादे अखण्डपरमानन्दश्चावभासते। एवं रीत्या द्वयोरपि साम्यक्त्वं समायाति। ब्रह्मास्वादे ब्रह्ममात्रं प्रकाशते, रसे तु विभावाद्यपीति भेदात् सादृश्यम्।[2]

सा निर्मिता विश्वसृजा प्रयत्नादेकस्थसौन्दर्यदिदृक्षयैव।।' (कुमारसंभवे)

डॉ. गोविन्द चन्द्र पाण्डेयदिशा-

आस्वाद्यो ज्ञानमात्रेण विमृश्यश्च स्वरूपतः।
आकारगतोत्कर्षः तत् सौन्दर्यमभिधीयते।। (सौन्दर्यदर्शनविमर्शे 1/87)

प्रतीकविधानाम्

सम्बन्धात्साहचर्याद्वाऽपाततो या समानता।
प्रतीयते वा प्रत्येति भिन्नयोर्हि पदार्थयोः।।
व्यनक्त्यप्रस्तुतं यत्र पदार्थः प्रस्तुतो यदा।
प्रस्तुतोऽयं च संकेतः प्रतीकः काव्यगो भवेत्।।

सम्प्रति रसास्वादे नूतनरसा अपि दृश्यन्ते। द्वयोः स्वरूपमत्र प्रस्तूयते :

प्रक्षोभरसः

स्थायी भावोऽस्य संवेगः स च संवेदनात्मकः।
आलम्बनं सन्तापो दलितानां च पीडनम्।।
उद्दीपनं परौद्धत्यं दीनानां शोषणं छलम्।
अनुभावोऽस्य सङ्घर्षचेष्टाक्लेशसमुद्भवः।।
व्यभिचारिण एतस्यामर्षावेगदयादयः।
'सुखिनः सन्तु सर्वेऽपीति हेतुः पुष्टिकारकः।। (का.त.मी. 98)

राष्ट्रभक्तिरसः

'स्थायी भावोऽस्य राष्ट्रस्यानुरागस्तद्धितावहः।
आलम्बनं राष्ट्राय जीवनाहुतिभावनम्।
अनुभावाऽस्य राष्ट्रस्य संरक्षणाविचेष्टितम्।
व्यभिचारिण एतस्य हुतात्मत्वादिभावनाः।
'राष्ट्रं सुरक्षितं भातु' हेतुनाऽनेन पुष्यते।।'

(का. त. मी. 15)

सम्प्रति काव्यस्य नव्यप्रकारा अपि दृश्यन्ते यत्र सहृदय आनन्दमनुभवति यथा प्रगतिशीलकाव्यम्, उपन्यासः, नभोनाट्यम (रेडियोरूपकम्) हास्यं व्यङ्ग्यञ्चेत्यादयः। केषाञ्चन स्वरूपमेवं मयाऽकलितम्

प्रगतिशीलकाव्यम्-

समस्या नूतना व्याप्ता जनतायाश्च चेतना।
राष्ट्रस्य चेतनाभक्तिर्नारीजागरणं नवम्।।

जातिधर्मादिसङ्घर्षो जननेतुः प्रवृत्तयः
संस्कृतिः सर्वहाराणां श्रमिकाणां च शोषणम्।।
इत्यादीनि वर्ण्यन्ते काव्येऽस्मिन् प्रगतिश्रिते।

उपन्यासः

गद्यकाव्यं बृहद्बन्ध उपन्यासोऽभिधीयते।
अस्मिन् युगोचितं वस्तु पात्रं कविसमीहितम्।
देशकालोचितं चित्रं गद्यशिल्पं मनोहरम्।
कल्पितं चापि तत्सर्वं यथार्थं सत् प्रतीयते।।

नभोनाट्यम् (रेडियोरूपकम्)

अवस्थानुकृतिर्नाट्यं नेदं दृश्यतयोच्यते।
वस्तुतः श्रव्यमेवैतद् यतो न प्रेक्ष्यते जनैः।।
प्रसारणेऽस्य चोच्चारेऽभिनेतुः केवलो ध्वनिः
श्रोतृभिर्व्योमवाणीतः श्रूयतेऽभिनयात्मकः।।
प्रयोगश्चास्य मञ्चेऽपि क्वचित्सम्भाव्यते ह्यतः।
दृश्यश्रव्यमयं चैतन् नभोनाट्यं प्रकीर्तितम्।।

हास्यं व्यङ्ग्यञ्च

नेदं हास्यरसः पूर्वो न व्यङ्ग्यं व्यञ्जनाश्रितम्।
हास्यं चाद्य विनोदार्थं व्यङ्ग्यं विकृतिसूचकम्।।
एतदर्थं प्रयुज्यन्ते सर्वाः शब्दस्य शक्तयः।
प्रायशोऽभिधयैवैतद् गद्यं पद्यं च लिख्यते।।
स्वार्थिनां धूर्तनेतृणां धार्मिकानां च वृत्तयः।
हास्यव्यङ्ग्यविधानेऽस्मिन् वर्ण्यन्ते प्रेरणात्मिकाः।।

शोधपत्रेऽस्मिन् वैदिककालतोऽद्यावधि काव्यास्वादस्य रसास्वादस्य वाऽवस्थिति-र्निरूपिता। साम्प्रतिके युगे प्राचीनदृशा नव्यदृशा चाध्ययनस्य, समीक्षणस्य शोधस्य च प्रवृत्तिर्दरीदृश्यते। अतः पत्रस्य परिसमाप्तौ स्वोपज्ञकाव्यविधालक्षणानि मयात्र संयोजितानि।

18

अभिनवगुप्त का स्वातन्त्र्यवाद एवं साधारणीकरण की उनकी अवधारणा

प्रकाश पाण्डेय

स्थायी प्रबुद्धहृदये व्यभिचारिभूतः कामाकुलासु जनतासु महानुभावः।
अन्तर्विभावविषयो रसमात्रमूर्तिः श्रीमान् प्रसन्नहृदयोऽस्तु मम त्रिणेत्रः।।
(*अभिनवभारती, अध्याय, 7*)

रसबोध प्रक्रिया के अपरिहार्य तत्त्व 'साधारणीकरण' की सङ्कल्पना से सम्बद्ध तीन व्याख्याएँ संस्कृतसाहित्यसमालोचना के इतिहास में पूर्णतः मौलिक एवं परस्पर भिन्न अवधारणाओं से युक्त हैं। प्रथमव्याख्या मीमांसक भट्टनायक की है। इस व्याख्या में साधारणीकरण रसानुभूति तक पहुंचाने वाली क्रिया अथवा व्यापार[1] है। इनकी व्याख्या को *अभिनवभारती* एवं अन्य ग्रन्थों में प्राप्त उद्धरणों के आधार पर ही समझ सकते हैं क्योंकि इनका मूलग्रन्थ '*हृदयदर्पण*' अभी तक उपलब्ध नहीं हो पाया है। द्वितीय व्याख्या स्वातन्त्र्यवादी आचार्य अभिनवगुप्त की है। इस व्याख्या में साधारणीकरण भावविशेष या प्रतीतिविशेष है। प्रतीति की इसी अवस्था में रसास्वाद सम्भव होता है।[2] तृतीय व्याख्या अद्वैतवेदान्ती पण्डितराज जगन्नाथ ने दी है। वे साधारणीकरण को अविद्याजन्य भ्रान्ति के समतुल्य अवस्था समझते हैं, जहाँ एक अनिर्वचनीय प्रतीति उत्पन्न होती है।[3]

तीनों व्याख्याएँ व्याख्याताओं की अपनी-अपनी दार्शनिक आधारभूमि पर प्रतिष्ठित हैं। वस्तुतः रस अन्तर्मुख बोधरूप या अलौकिकचित्तवृत्तिग्राह्य किंवा मानससाक्षात्कारात्मक

है। अत: स्वाभाविकरूप से रसबोधप्रक्रिया का विवेचन दार्शनिक आधारभूमि पर ही सम्भव है। किन्तु यदि किसी व्याख्याता के व्याख्यान का अनुवदन करते समय उसकी व्याख्या का दार्शनिक आधार उपेक्षित कर दिया जाए, अथवा उसे भिन्नरीति से व्यक्त किया जाए, तब यह अपरिहार्य हो जाता है कि उस सैद्धान्तिकव्याख्या के मर्म पर पुनर्दृष्टिपात किया जाए। यद्यपि अभिनवगुप्तपादाचार्य (आगे से आचार्य पदाभिधेय) के रसाभिव्यक्ति के सिद्धान्त को अधिकतर साहित्यसमालोचक स्वीकार करते हैं, किन्तु साधारणीकरण की आचार्यसम्मत अवधारणा को अनुचितरूप में अनूदित करने की एक लम्बी परम्परा शताब्दियों से चली आ रही है। विशेष रूप से *काव्यप्रकाश* के टीकाकारों ने इस मिथ्यानुवाद की परम्परा का पोषण किया है। सोमेश्वर (13वीं शती ई.) के *काव्यादर्श* से लेकर, *दीपिका*, *दर्पण*, *साहित्यचूडामणि*, *सम्प्रदायप्रकाशिनी*, *मधुमती*, *सारबोधिनी*, *सुधासागर* आदि प्रतिष्ठित टीकाओं ने साधारणीकरण की आचार्यसम्मत अवधारणा की स्पष्टता को अस्पष्टता में परिवर्तित कर दिया है। ये सभी साधारणीकरण को नायक-नायिका का सामान्यीकरण समझते हैं।[4] गोविन्द ठक्कुर थोड़ी सावधानी से सम्बन्धिविशेष का अभाव रूप समझते हुए सर्वसम्बन्धित का निषेध भी कर देते हैं।[5] टीकाकारों की व्याख्याओं का प्रभाव मूलग्रन्थकर्ताओं पर तो हुआ ही रामचन्द्रशुक्ल, गुलाबराय, केशवप्रसादमिश्र आदि आधुनिक युग के समालोचक भी इन उलझी हुई एवं अस्वाभाविक प्रतीत होने वाली व्याख्याओं से प्रभावित दिखाई देते हैं।[6]

ऐसा भी नहीं था कि *काव्यप्रकाश* के सभी टीकाकारों ने आचार्य के मत का मिथ्यानुवाद ही किया हो। माणिक्यचन्द्र (1160 ई.) एवं रुचक या रुय्यक की '*संकेत*' टीकाएँ, परमानन्दभट्टाचार्य कृत *विस्तरिका* या *विस्तारिका*, सुबुद्धिमिश्रकृत *तत्त्वपरीक्षा* आदि प्राचीन टीकाएँ आचार्य सम्मत अवधारणा को समुचित रीति से प्रकाशित करती हैं,[7] किन्तु इनका प्रभाव आधुनिक निबन्धों एवं व्याख्याओं में कम दिखाई देता है।

अत: यह निबन्ध आचार्य सम्मत साधारणीकरण की अवधारणा को उनके स्वातन्त्र्यवाद के सिद्धान्तों के आलोक में स्पष्टतर करने एवं उसका सम्यक् अनुवदन करने की दिशा में एक विनम्र प्रयास है।

कश्मीरीय शैवदर्शन के अद्वैतप्रस्थान के आचार्यों ने काव्य को एक अलौकिक सृष्टि मानकर सम्पूर्ण समालोचना प्रत्यभिज्ञादर्शन के आलोक में की है। उनके प्रत्येक काव्यशास्त्रीय सिद्धान्त में स्वातन्त्र्यवाद की मान्यताएँ अनुस्यूत हैं। यहाँ तक कि राजानक आनन्द (*काव्यप्रकाश* के एक टीकाकार) ने *काव्यप्रकाश* को '*शिवतत्त्वप्रकाश*' का पर्याय कह दिया है।[8] साधारणीकरण के सम्बन्ध में आचार्य के समक्ष भट्टनायक पूर्वपक्ष के रूप में उपस्थित थे। उनका कथन था कि साधारणीकरण विभावादि के ज्ञान को नियतसम्बन्धविहीन अवस्था तक पहुंचाने वाली भावनात्मिका क्रिया है। यह क्रिया काव्य में दोषाभाव एवं गुणालंकारयुक्तता के कारण एवं रूपक में

वाचिक-कायिक-सात्त्विक आहार्य के अभिनयन के कारण होती है।[9] वस्तुत: भावना संस्काररूपा एवं आत्मगुण है। भावना ही दृष्ट, श्रुत एवं अनुभूत विषयों की स्मृति एवं प्रत्यभिज्ञान का कारण है। देश, काल, जाति का व्यवधान होने पर भी स्मृति एवं प्रत्यभिज्ञा के समय वह व्यवधान तिरोहित रहता है। इस दृष्टि से स्मृति तथा संस्कार या वासना स्वरूपत: अभिन्न हैं। अत: नाट्यदर्शन या काव्यश्रवण के समय पूर्वदृष्ट, श्रुत या अनुभूत तत्सदृश विषयों की वासना सामाजिक में अभिव्यक्त होती है, तब उनकी स्मृति स्फुरित होती है। स्मृति से पुन: संस्कार एवं संस्कार से साक्षात्कार होता है। यही प्रक्रिया है भावकत्व व्यापार की, एवं सामाजिक इसी आत्मगुण से विभाव आदि को भावना का विषय बनाता है। स्पष्ट है कि भट्टनायक विभाव के विभावनत्व को उसका स्वरूपधर्म नहीं स्वीकार करते, अपितु भावना की प्रक्रिया से उपपन्न करते हैं।

आचार्य को अनुभवसिद्ध साधारणीकरण पर किसी प्रकार की विप्रतिपत्ति नहीं थी। वे स्वयं कहते हैं कि दृश्य-श्रव्य विषयों में साधारणभाव सम्यक्तया उपपन्न होता है।[10] उन्हें साधारणीकरण के स्वरूप का विवेचन मात्र असंगत प्रतीत होता है। साधारण्य से सम्बद्ध व्याख्यान के समय आचार्य के मन में कुछ प्रश्न अवश्य रहे होंगे, जैसे :

1. साधारणीकरण अवस्था विशेष है अथवा प्रक्रिया विशेष?
2. यदि अवस्था विशेष है तो वह किसकी अवस्था है? विभावादि की अथवा सामाजिक की?
3. इस अवस्था के लिए योग्य भावभूमि क्या है?
4. उस भावभूमि के लिए बाधकतत्त्व क्या हैं? उन्हें कौन दूर कर सकता है और कैसे?

उपपत्ति के अतिरिक्त इसके स्वरूप के सम्बन्ध में भी सम्भावित आशंकाएँ मन में रही होंगी। जैसे :

1. साधारण्य का स्वरूप क्या है ? उसकी उपपत्ति किस प्रकार सम्भव होती है?
2. साधारणभाव अनुपपन्न होने पर रसबोध में क्या हानि है? विशेषत: यदि सहृदयसाधारणीकरण न हो तो भी विभावादि तो तद्वत् ही होंगे, उन्हीं के कारण रसनिष्पत्ति होती है तो फिर सहृदय साधारणीकरण की क्या आवश्यकता?
3. क्या साधारणावस्था भ्रान्तिज्ञानावस्था है।[11]

साधारणीकरण का आचार्य सम्मत अर्थ है, 'निर्विघ्नता की अवस्था में जायमान प्रतीति। विभाव आदि विषय निर्विघ्न प्रतीत होने पर ही रसनीय होते हैं।[12] विभावादि में

विभावनत्व व्यञ्जना द्वारा सिद्ध है। उन्हें सामाजिक की भावना से उपपन्न करना उचित नहीं है। यदि भावक या कवि पर विभावनत्व आदि निर्भर होगा तो काव्य तथा शब्द एवं अर्थ का कोई वैशिष्ट्य नहीं होगा। 'काव्येन भाव्यन्ते रसाः' इस उक्ति के आधार पर काव्य के स्वरूप अर्थात् दोषाभाव एवं गुणालंकारमयता से ही विभावादि की आस्वादयोग्यता व्यञ्जना द्वारा उपपन्न हो जाती है। साथ ही साधारणभाव रसाभिव्यक्ति की सामग्री है। उसे प्रक्रियारूप मानना संगत नहीं है। साधारण्य, रस दशा के अव्यवहित पूर्वक्षण की अवस्था है[13]। यह अवस्था सहज नहीं अपितु अनेक लौकिक नियमों के समापन के पश्चात् उद्‌बुद्ध होती है। साधारण प्रतीति के बाधक विघ्नों को *अभिनवभारती* में आचार्य ने इस प्रकार विश्लेषित किया है :

1. सम्भावना विरह[14]

साधारणीकरण तन्मयीभवन की योग्यता उत्पन्न करने वाली अवस्था है। किन्तु यदि ज्ञान के विषय को ज्ञाता असम्भव मान ले तो उस विषय के प्रति उसकी संवित् उन्मुख नहीं होगी। फिर तन्मयता के लिए तो कोई अवकाश ही नहीं रहेगा। इस बाधा को काव्य का अधिकारी[15] सहृदयप्रमाता[16] अपनी दो प्रकार की क्षमताओं से दूर करता है,

(क) सामान्यतः प्रसिद्ध वस्तु-वर्णन के प्रसंग में स्वहृदय संवाद[17] की क्षमता से सम्भावना उद्‌भावित करता है।

(ख) कृष्ण के दावाग्नि-पान एवं हनुमान् के समुद्रलङ्घन आदि दृश्यों के सन्दर्भ में नायकों के इतिवृत्त की निर्विवाद प्रसिद्धि के कारण उनकी क्रियाओं में दृढ विश्वास से औचित्य देखता है। इस प्रकार कौतुकपूर्ण वर्णनों की असम्भाव्यता सहृदय के व्यापक अध्ययन के संस्कारों से दूर होती है।

2. विषयावेशविवशता[18]

यद्यपि यह बाधा सहृदय से सम्बद्ध है, तथापि इसे दूर करने का दायित्व कवि पर होता है। यदि वर्णनीय विषय प्रमाता से किसी प्रकार से सम्बद्ध प्रतीत होगा तो वह लौकिक विषयों की भाँति उसे सुख, दुःख, राग, ईर्ष्या आदि वैषयिक भावों से आविष्ट करेगा। इस अवस्था में प्रतीति साधारणावस्था में नहीं होगी। इस बाधा को कवि अपनी प्रतिभा से समाप्त करता है। वह अपने वर्णनों, प्रयोगों की सज्जा इतनी कुशलता से करता है कि किसी प्रकार के वैषयिक सम्बन्ध का भान नहीं होता। इसके लिए अनेक उपाय भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में सुझाए हैं।[19] यदि कवि अपनी कलाचातुरी से भावक को वैषयिक आवेश से सुरक्षित कर पाता है तभी उसके वर्णनों में प्रतीतिसाधारण्य हो पाता है।

3. निजसुखादिविवशता[20]

अपने सुख-दु:ख से विह्वल व्यक्ति सहृदय होने पर भी किसी अन्य भाव के प्रति अपनी संवित् का अभिनिवेश नहीं कर पाता। वैवश्य की अवस्था में प्रतीति असहज होगी एवं साधारणावस्था नहीं होगी। इस वैवश्य को प्रयोक्ता या कवि अपनी प्रतिभा से दूर करता है। उसमें सौन्दर्यबोध एवं अभिव्यक्ति का अतिशय सामर्थ्य अपेक्षित है। अपनी प्रस्तुति से सर्वसाधारण को लालित्य से रञ्जित करने की क्षमता कवि में होनी चाहिए। सर्जन ऐसा चमत्कारपूर्ण हो कि 'अहृदय' या नीरस व्यक्ति भी निर्मलहृदय वाला रसिक बन जाए। तब सहृदय का वैवश्य सहज ही समाप्त हो जाएगा। इस बाधा का सीधा सम्बन्ध साधारणीकरण से है। सौन्दर्यबोध के मार्ग में वर्णनीय की हृदयावर्जकता ही साधारणभाव का बीज बनता है।

निजसुखादि विवशता का यह तिरस्करण सकलवैषयिकोपरागशून्य योगी की मानसिक अवस्था से भिन्न होता है। योगी के एकघन आनन्दानुभव में लक्ष्य प्राप्ति की इच्छा सम्मिलित होने से विषयावेशविवशता का विघ्न वर्तमान होता है। किन्तु काव्यबोध के क्षण में विषयान्तर का लेश भी नहीं होता।

4. प्रतीत्युपायवैकल्य एवं अस्फुटता[21]

वर्णनीय विषय की प्रस्तुति की रीति में यदि विशृंखलता हो अथवा प्रतीयमान वस्तु अस्वाभाविक प्रतीत हो रही हो तो भी प्रतीति साधारणभावापन्ना नहीं होती। इस बाधा को भी सर्जक या कवि दूर करता है। सभी प्रमितियाँ प्रत्यक्ष पर आधारित होती हैं।[22] यदि प्रत्यक्षलिंग प्रतीतिरूप होगा तो प्रमिति अनुमानात्मिका होगी। अत: काव्यसृष्टि अथवा अभिनय का लिंगव्यापार से भिन्न प्रत्यक्षायमाण होना आवश्यक है।[23]

5. अप्रधानता[24]

विभावादि का विभावनत्व आदि व्यापार स्थायी के लिए होता है, अत: विभावादि अप्रधान हैं। अप्रधान में किसी की संवित् विश्रान्ति नहीं होती उसमें सापेक्षता नियमत: बनी रहेगी। अत: काव्यप्रयोग में स्थायी की अभिव्यक्ति के प्रति सर्जक को सावधान रहना चाहिए तभी प्रमिति साधारणीकृत होगी।

6. संशययोग[25]

विभाव, अनुभाव, व्यभिचारीभाव के रूप में जिन तत्त्वों, चेष्टाओं, वस्तुओं का वर्णन किया जाता है, वे व्याप्यव्यापकसम्बन्ध से स्थायी के साथ सम्बद्ध नहीं होते। आंसू निकलने के लिए आनन्द या शोक ही आवश्यक नहीं हैं आंखों के विकार से भी आंसू

आ सकते हैं। अतः वर्णनीय विभावादि को स्थायी से संयुक्त-भासित होना आवश्यक है तभी वह आभास सहृदयप्रतीति में सम्यक् स्थित होगा। यह संयोग कवि की कला पर निर्भर होता है।

ये सभी विघ्न प्रतीति की साधारणावस्था के लिए बाधक हैं एवं इन्हें प्रतीति उत्पन्न करने वाला प्रयोक्ता कवि एवं प्रतीति ग्रहण करने वाला सहृदय दोनों अपनी योग्यता से दूर करते हैं। इन बाधाओं के न होने पर साधारण्यावस्था उल्लसित होती है। इस प्रकार निर्विघ्नता साधारणीकरण के लिए समुचित भाव भूमि बनती है, तब साधारण भाव उल्लसित हो जाने पर पुनः विघ्नों के लिए अवकाश नहीं रहता।[26] विषय निर्विघ्न प्रतीत होकर रसनीय होते हैं एवं विषयी सहृदय स्वसंवित् विश्रान्तिरूप रसना से आस्वाद की अवस्था प्राप्त करता है। अतः साधारणीकरण का क्षेत्र विस्तृत है तथा विषय एवं विषयी दोनों से सम्बद्ध है।[27]

विषयसाधारण्य

स्वातन्त्र्यवाद में सामग्रीकारणता का सिद्धान्त स्वीकार किया जाता है।[28] किसी भी कार्य के समग्र हेतुओं की समुदित (एकसाथ) हेतुता होती है। घट निर्माण में मिट्टी, दण्ड, चक्र, कुलाल, सूत्र आदि व्यस्त रूप में फलनिष्पत्ति करने में समर्थ नहीं होते, अन्यथा प्रत्येक हेतु पृथक्-पृथक् घट निर्माण करने में सक्षम होता। क्योंकि कारण भेद से कार्य भेद का नियम अकाट्य है। अतः स्वीकार करना होगा कि दण्डादि समग्र पदार्थ समुदित रूप से एकवपु होकर ही कारणसामग्री बनते हैं तथा वे ही एक हेतु के रूप में प्रमाता की संवित् में विश्रान्त होते हैं। कोई भी प्रमाता व्यस्त दण्ड आदि को घट के हेतु के रूप में ग्रहण नहीं करता, अपितु सामग्री को ही ग्रहण करता है :

अत एव घटोद्भूतौ सामग्रीहेतुरुच्यते।
सामग्री च समग्राणां यद्येकं नेष्यते वपुः।।
हेतुभेदान्न भेदः स्यात्तले तच्चासमंञ्जसम्।

(*तन्त्रालोक*, 9.30, 31)

इसी प्रकार विभाव, अनुभाव, व्यभिचारीभाव इन सभी का स्थायी के साथ संयोग, तथा स्थायीभाव स्वयं समुदित होकर एक सामग्री के रूप में रसास्वाद के हेतु बनते हैं।[29] समुदयता इन सभी में समवेत होकर भिन्न नाम से व्यवहृत होती है। यह विभावादि का सह-आधारणीकरण या साधारणीकरण है।

प्रत्येक वेद्य भाव, वह लौकिक हो या अलौकिक स्वातन्त्र्यवाद में स्व-प्रकाश होता है। किसी प्रकाशान्तर से प्रकाशित न होना उसका स्वभाव है।[30] वह अपने स्वप्रकाश नामक धर्म से ही भासित होता है।[31] अतः कोई भी विषय जब जिस रूप में भासमान होता है, तब वही उसका स्व-रूप बन जाता है।

अत एक यदा येन वपुषा भाति यद्यथा।
तदा तथा तत्तद्रूपमित्येषोपनिषत् परा।। (*तन्त्रालोक*, 10.82)

विभावादि यदि किसी अन्य प्रयोजन से पृथक् व्यक्त हों तब उनका स्वरूप विभावत्वादि रूप होगा। किन्तु मात्र विभावत्वेन निर्विघ्न प्रतीति से रस का कोई उपकार नहीं होता। साधारणावस्थावपन्न सामग्री शरीर से व्यक्त होने पर उसके आभास में सर्वसञ्चेत्यता (सर्वग्राह्यता) नामक गुण अतिशायी हो जाता है।[32] यही साधारण्य उसका अपना स्वरूप, वेद्यता या प्रकाश है। अतः साधारण्यावस्था में सर्वप्रमातृवेद्यता स्वरूपधर्म के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

आचार्य ने विषय साधारण्य के तीन उत्तम उदाहरण दिए हैं :

अत एवोच्यते मल्लनटप्रेक्षोपदेशने
सर्वप्रमातृतादात्म्यं पूर्णरूपानुभावकम्।।

तन्त्रालोक, 10.86

कौतुकपूर्ण मल्लयुद्ध, नटप्रेक्षा, नृत्तगीतकाव्यादि, तथा गुरूपदेश इन तीनों स्थलों में भासमान भावों में सर्वग्राह्यता होती है। सम्पूर्ण दृश्य स्वयं को सामग्रीरूप में प्रकाशित करता है, जैसे शिखरस्थ व्यक्ति के लिए सम्पूर्ण नगर समग्रतया भासित होता है। इतना ही नहीं इस प्रकरण में जयरथ *श्रीप्रत्यभिज्ञा* को उद्धृत करते हैं,[33] कि कोई भी विषय जब समग्रतया अपने पूर्णरूप का अनुभावक बनता है, तब उसमें सर्वप्रमातृवेद्यता होती है। पूर्णता का अर्थ है, विगलितवेद्यान्तरतया उसी देशकाल में अन्याकाङ्क्षारहित परामर्श या निर्विघ्नप्रतीति। सामग्रीप्रतीति का समर्थन आचार्य ने लोचन में भी किया है।[34]

प्रत्येक भाव में नियत प्रमातृवेद्यता एवं अनियतप्रमातृवेद्यता का स्वातन्त्र्य है, जो उसके स्वरूप या भासमानता पर निर्भर है।[35] नियत प्रमातृवेद्यता अपूर्ण रूपा होती है, अतः चमत्कार शून्य होती है। किन्तु जहाँ सामूहिक वेद्यता होती है वहीं चमत्कार है, क्योंकि वह पूर्णरूपानुभाविका या साधारणभावापन्ना होती है।[36] विषय साधारण्य के चमत्काररूपता पर आचार्य का विशेषबल है। यद्यपि नृत्तकाव्यादि संवित्ति प्रत्येक संवेत्ता को अलग-अलग भी चमत्कृत करती है तथा यदि एक भाव से अनेकवेद्यता का अवभास हो तो वह अवभास स्वात्मविश्रान्तिमय परामर्श कराते हुए क्रमशः प्रमाताओं के पारस्परिक भेद को शिथिल करके उनमें आभास के स्तर पर ऐक्य स्थापित कर देता है। उस ऐक्य की अवस्था में एकैक प्रमातृसंवेद्यता की अवस्था की भाँति शुष्कता नहीं होती, अपितु सरसता होती है। उस वेद्यता में अतिशय चमत्कारकारिता का आवेश रहता है।[37] स्पष्ट है कि विषयविभावादि सामग्री के स्वात्मशक्ति के कारण अतिशयचमत्काररूपता, सकलसहृदयवेद्यता रूपमें साधारण्य उपपन्न है। काव्यशास्त्र में आचार्य ने इसी स्वात्मशक्ति या स्वातन्त्रय को व्यञ्जन, प्रकाशन, प्रत्यायन आदि शब्दों से समझाया है।

विषयीसाधारणीकरण

यद्यपि सभी भावों का संवित् में संवित् का भोक्ता में पर्यवसान होने का नियम है। अत: विषयी सहृदय का विषयाभास के साथ आधाराधेय भाव-रूप सह. आधारणीकरण स्वत: सिद्ध है। क्योंकि सामग्रीसाधारण्य रूप में बहुवेद्यता का पर्यवसान सकलसहृदयसंवाद या आभासैक्य में होता है। तथापि तन्मयीभवन की योग्यता एवं स्वात्मानुप्रवेश की उपपत्ति के बिना सहृदय साधारणीकरण अस्फुट प्रतीत होता है।

शैवमत में सामान्य सामाजिक पूर्ण चेतना से भिन्न न होते हुए भी चेतना के स्वातन्त्रयशक्ति के कारण अपूर्ण होता है।[38] वह मायाजनित[39] कलानियतिरागविद्या एवं काल नामक कञ्चुकों से आवृत्त होता है। अत: उसमें सीमितकर्तृता, कर्त्तव्याकर्त्तव्यनियमबद्धता, विषयावेश, सीमितज्ञान कालक्रम का बोध अत्यन्त दृढ़ अवस्था में रहते हैं।[40] साधारणीकरण में बाधक विघ्नों में प्रथम विघ्न प्रमाता के इसी सामान्यस्वभाव का परिणाम होता है। किन्तु चेतना के भेद में अभेदानुसंधान-रूपा स्वातन्त्र्य शक्ति के कारण[41] सर्ववेद्य काव्य आदि भावों के अनवरत अध्ययन, मनन आदि के द्वारा सर्ववेद्य को एकीकृतचित्तवृत्ति से ग्रहण करने की योग्यता उत्पन्न हो जाती है। विशेषत: सौन्दर्य या कला-परामर्श के सन्दर्भ में सकलसमवेत के चित्त में एकतानता अनुभव सिद्ध है।

तत्रापि,
क्वचिदाभासे प्रमातृनेकीकरोति नितम्बिनीनृत्त इव प्रेक्षकान्।
तावति तेषामाभासे ऐक्यम्।।

(*ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृति*, भाग 1, पृ. 194)

नृत्तगीत आदि कलाएँ स्वरूपत: ऐसी हैं, जहाँ सभी रसिक समान रूप से एक ही वेद्य को पूर्णतया ग्रहण करते हैं यथा-

तथा ह्येकाग्रसकलसामाजिकजनः।
नृत्तं गीतं सुधासारसागरत्वेन मन्यते।।

(*तन्त्रालोक* , 10.85)

सहृदय साधारण्य के सामान्य दशा के विवेचन से ही आचार्य सन्तुष्ट नहीं होते अपितु परमानन्द की दशा में संविद्विश्रान्ति के साथ-साथ प्रमातृता-विश्रान्ति के भाव तक ले जाते हैं। उनका कथन है कि वैषयिक आनन्द से विलक्षण शृंगार आदि रस, नाट्य, काव्य, संगीत इत्यादि सन्दर्भों में विषयावेश आदि किसी भी प्रकार के विघ्न नहीं होते। इसी कारण तद्भिन्न सभी प्रकार के भावों का आत्यन्तिक तिरस्कार हो चुका होता है। अत: वह रसना, चर्वणा, निर्वृत्ति प्रतीति ही प्रमातृताविश्रान्ति का रूप धारण कर लेती

है। प्रमातृ भाव प्रतीति में विलीन हो जाता है। यह अलौकिक परामर्श प्रधानरूप से हृदय का लक्षण है। ऐसा हृदय विभावादि के प्रकाशभाग अर्थात् व्यञ्जन के वेद्य विभावादि में विश्रान्त या तद्रूप होने पर भी उसमें स्वयं को विलीन कर देता है। यह समर्पण हृदय की निर्मलता है तथा इस प्रमिति एवं प्रमातृ के ऐक्य में हृदय के इसी वैशिद्य को ही तो सहृदयता कहते हैं :

यत्रापि अत्यन्तमन्यथाभावमतिक्रम्य सुखमास्वाद्यते अर्जनादिसम्भाव्यमान-विघ्नान्तरनिरासात् वैषयिकानन्दविलक्षणभृङ्गारादौ नाट्यकाव्यादिविषये तत्र वीतविघ्नत्वादेव असौ रसना चर्वणा निर्वृतिः प्रतीतिः प्रमातृताविश्रान्तिरेव। तत एव हृदयेन परामर्शलक्षणेन प्राधान्यात् व्यपदेश्या व्यवस्थितस्य अपि प्रकाशभागस्य वेद्यविश्रान्तस्य अनादरणात् सहृदयता उच्यते।

(*ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी*, भाग 2, पृ. 179)

क्योंकि इस स्थल पर भी देह प्राण सुख इत्यादि आभासांश का भेद पूर्णतः विगलित नहीं होता, अतः पूर्ण ऐक्य न होकर आभास मात्र का हृदय के साथ सहअसाधारणीकरण रूप ऐक्य होता है।[42]

आचार्य ने बोध के तीन स्वरूपों का विवेचन किया है। 1. बोधमूल 2. बोधमध्य 3. बोधाग्र। समस्त सृष्टि के भेदात्मक स्वरूप एवं स्मृति के ज्ञान को बोध मूल कहा गया है। इस बोध का स्वरूप 'इदं अहं जानामि' इस रूप में होता है। यह सामान्य अनुभूति है। बोध की स्थूलावस्था है। इदन्ता का प्राधान्य होने से भेदज्ञान अत्यन्त स्पष्ट होता है[43]।

जब परिदृश्यमान वस्तु इदं अहं इस रूप में स्वात्मविश्रान्त हो, इदन्ता एवं अहन्ता का भेद समाप्त हो गया हो, आधाराधेय-सा प्रतीत हो तो वह बोधमध्य है :

समस्ततत्त्वभावोऽयं स्वात्मन्येवाविभागकः।
बोधमध्यं भवेत्किञ्चिदाधाराधेयलक्षणम्।।

(*तन्त्रालोक*, 13.14)

यही बोधमध्य का स्वरूप विषय विभावादि एवं विषयी प्रमाता की प्रमिति के साधारणीकरण में दिखाई देता है। जहाँ दोनों उपस्थित हैं किन्तु भेदाभास नहीं है। बोधाग्र इससे आगे की दशा है जहाँ इदन्ता चिद्बोध में विलीन होती है। निस्तरङ्ग चिद्बोध रूप में परम आनन्द की अनुभूति मात्र होती है।[44] इसका साम्य रसास्वाद से है। इसीलिए रसास्वाद ब्रह्मानन्दसहोदर है। ब्रह्मानन्द इसलिए नहीं है, क्योंकि वह वास्तविकसृष्टि के साथ तादात्म्यापन्न न होकर काव्य सृष्टि से तादात्म्य स्थापित करना है। आचार्य इस तथ्य को भी स्पष्ट करते हैं :

मधुरादिरसास्वादे तु विषयस्पर्शव्यवधानम्। ततोऽपि काव्यनाट्यादौ तद्वदवधानशून्यता तद्वदवधानसंस्कारानुवेधस्तु तत्रापि तु। तथोदितव्यवधानांश- तिरस्क्रियासावधानहृदया लभन्त एव परमानन्दम्।

(*ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी* भाग 2, पृ. 179)

इस परम साधारण्य भाव के लिए सहृदयता का स्तर भी परमावस्था का होना चाहिए। प्रमाता परशक्तिपात से पवित्रीकृत हृदय वाला एवं बहुश्रुत होना चाहिए जो बिरले ही होते हैं, "नरशक्तिशिव इति तु सर्वंसहः प्रतिपत्तिक्रमः परमेश्वरेच्छा-स्वातन्त्र्यसृष्टः इत्यलं परशक्तिपातपवित्रितबहुश्रुतसहृदयसोपदेशकतिपयजनहृदयहारिण्या प्रसक्तानुप्रसक्त्या।" (*त्रिंशिकातत्त्वविवेक*, पृ. 81)

चमत्कार एवं साधारणीकरण

साधारणीकरण के सर्ववेद्यभाव रूप स्थिर होने पर चमत्कार के साथ उसका अविनाभावसम्बन्ध भी स्थिर होता है। जिस प्रकार साधारणभाव समुदितविभावादि एवं उसके कारण सहृदयों की प्रमिति के ऐक्य का स्वरूप धर्म है, उसी प्रकार यह एकीकृतप्रमिति स्वयं चमत्काररूपा होती है।[45] चमत्कार शब्द को आचार्य ने विषयविषयी उभयगत एवं एकघनवृत्ति रूपों में तीन प्रकार से परिभाषित किया है।

प्रथम अर्थ में चमत्कार शब्द स्वात्मविश्रान्ति एवं आस्वादरूप है। जब चित्त किसी संवित् के प्रति निरपेक्ष होकर स्वात्मविश्रान्ति की अवस्था में होता है, उस अवस्था को चमत्त्व या आस्वादावस्था कहते हैं। उस काल की समग्र ज्ञानात्मिका क्रिया चमत्कार है:

चमत्कारो हि 'इति स्वात्मनि अनन्यापेक्षे विश्रमणम् एवं भुञ्जानतारूपं तदेव संरम्भे विमृशति न अन्यत्र अनुधावति। चमदिति क्रियाविशेषणम्।

(*ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी*, भाग 3, पृ. 251)

चित्त की इस आनन्दात्मक एकघनता को आचार्य और भी स्पष्ट करते हैं। यथा-

तस्मादनुपचरितस्य संवेदनरूपतानान्तरीयत्वेन अवस्थितस्य स्वातन्त्र्यस्यैव रसैकघनतया परामर्शः परमानन्दो निर्वृत्तिश्चमत्कार उच्यते।

(*ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी*, भाग 2, पृ. 179)

यह साधारणीकरण की पूर्णावस्था है।

द्वितीय व्याख्या में चमत्कार शब्द साधारणीकृतभावाभिव्यञ्जक काव्य का पर्याय है:

अखंड एव वा शब्दो निर्विघ्नास्वादवृत्तिः

तत्रैव, भाग 3, पृ. 251

तृतीय व्याख्या में विषय एवं विषयी के साधारण्य या एक प्रकाशमात्रता की दशा में पूर्वोक्त बोधमध्यरूप निर्विघ्नावस्था की रसनरूपता को चमत्कार कहा गया है। जब किसी विषय का वेद्यान्तरसंस्पर्शशून्यदशा में परामर्श हो रहा हो तथा उस अवस्था में हृदयस्पन्द के समुच्छलन में उस परामर्शमयकाव्य के द्वारा अव्यक्त अनुकरण हो रहा हो तो उसे चमत् शब्द से व्यक्त किया जाता है। यही तो है कलासृष्टि एवं सहृदय-हृदय के प्रकाश का समान अधिकरण पर प्रतिष्ठित होना या साधारणावस्था में होना :

चमदिति वा आन्तरस्पन्दान्दोलनोदितपरामर्शमयशब्देनाव्यक्तानुकरणम्। काव्यनाट्यरसादावपि भाविचित्तवृत्त्यन्तरोदयनियमात्मकविघ्नविरत एव आस्वादो रसनात्मा चमत्कारः। (तत्रैव)।

चमत्कृति में चित्त की एकघनता निस्तरङ्गता अथवा आनन्दात्मकता है, विस्मय का भाव नहीं है जैसा कि साहित्यदर्पणकार समझते हैं।[46] यहाँ चित्तविस्तार के स्थान पर हृदय का समर्पण प्रधान है।

अभिनवभारती में भी आचार्य ने साधारणभावरूपा निर्विघ्नप्रतीति को चमत्कार का पर्याय बताया है।[47] काव्य में वस्तु, अलंकार एवं रसध्वनियों में से प्रत्येक चमत्कार रूप है उन सभी की प्रतीति बहुप्रमातृवेद्य होती है। अतः बहुप्रमातृवेद्यत्वरूप साधारणीकरण उन सभी स्थलों पर होता है। यह अवश्य है कि रसबोध में साधारणभाव अतिशायी होता है तथा वस्त्वलङ्कारध्वनियों का पर्यवसान रस में स्वीकृत है। अतः रसबोध प्रक्रिया के व्याख्यान में ही इसे अधिक महत्त्व दिया है। *तन्त्रालोक* के पूर्वोक्त उदाहरण में उल्लिखित मल्ल, नटप्रेक्षा या नृत्तगीतकाव्य आदि तथा उपदेश को क्रमशः वस्तुध्वनि, अलङ्कारध्वनि एवं रसध्वनि के समतुल्य माना जा सकता है। क्योंकि मल्लयुद्धादि कौतुकपूर्णवस्तुपरक दृश्य हैं, नटप्रेक्षा, रमणीनृत्य, सुमधुरगीत आदि वस्तुसञ्जा एवं स्वरसञ्जा प्रधान दृश्य-श्रव्य है, गुरु का उपदेश, गीता आदि स्वात्मविश्रान्ति एवं परमानन्दानुभावक हैं, जैसे रस होता है। इनकी समतुल्यता से स्पष्ट है कि जिस भी स्थल पर चमत्कारातिशय है वहाँ वह चमत्कार विषय एवं प्रमाता के आभास में ऐक्य के कारण ही है। ऐक्य में एक शब्द संख्या वाचक न होकर प्रकाश या ज्ञान के अभेद मात्र का वाचक है।[48]

अतिशय चमत्कारात्मक सर्वसञ्चेत्यता साधारणीकृत भाव का स्वरूप धर्म है, यह सिद्धान्त निष्कलंक है। इस सिद्धान्त का आधार स्वान्त्र्यवाद का यह सिद्धान्त बनता है कि द्रव्यगुणकर्म का सत्त्व उनके स्वातन्त्र्य अर्थात् सत्तासमवाय के कारण है। इस प्रकरण में *तन्त्रालोक* 10/73.74 पर जयरथ का व्याख्यान प्रासंगिक एवं महत्त्वपूर्ण है :

काव्यप्रकाश के द्वितीय उल्लास में उद्धृत वाक्यपदीय के *'न गौः स्वरूपेण गौः नाप्यगौः गोत्वाभिसम्बन्धात्तु गौः'* वाक्य में गोत्व स्वतः सिद्ध है। उसे अपने लिए जात्यन्तर

की आवश्यकता नहीं है। जिस प्रकार कार्य, कारण में या सामान्य (जाति) विशेष (व्यक्ति) में स्वयं अप्रकटरूप में समवायवृत्ति से स्थित होता है। तथा समवाय अपने आश्रय में अपने स्वातन्त्र्य से स्थित है, वह अपने लिए किसी समवायान्तर की अपेक्षा नहीं रखता। जिस प्रकार गमन-क्रियावान् व्यक्ति न तो स्वरूपतः गमनक्रियावान् है न तद्भिन्न है, अपितु गमनक्रिया के कारण गन्ता है। उसी प्रकार कोई भी भाव सकलधर्मयुत होने पर भी न तो स्वरूपतः वेद्य है न अवेद्य है, अपितु वेद्यता नामक धर्म के कारण वेद्य है। किञ्च यह वेद्यता स्वसामर्थ्य से वेद्य है उसके लिए अन्य वेद्यता की आवश्यकता नहीं है। यही भावों की स्वयंप्रकाशता या स्वातन्त्र्य है। वह वेद्यता जिस प्रकार की होगी वेद्य उसी रूप में प्रकाशित होंगे। कलासृष्टि में विभावादि की वेद्यता स्वतः ही परस्पर समुदित सामग्रीरूपा साधारणावस्था में होती है उसे अपने स्वरूप प्रकाशन के लिए किसी व्यापारान्तर की अपेक्षा नहीं होती। इसलिए चमत्कार निर्वेश एवं समापत्ति का भी पर्याय है।[49]

साधारणीकरण एवं भ्रान्ति

रसबोधप्रक्रिया के अन्तिम मौलिकविचारक पण्डितराज जगन्नाथ ने साधारणीकरण के भाव को वेदान्त की भ्रान्ति के समान माना है। काव्यप्रकाश के कुछ प्राचीन टीकाकार भी इसी सिद्धान्त के पोषक प्रतीत होते हैं, जो प्रभाकर मीमांसा के भ्रान्तिज्ञान के समान विषय-विषयी साधारण्य के भेदाग्रह-निबन्धन को स्वीकार करते हैं।[50] किन्तु आचार्य साधारणीकरण को निर्भ्रान्त एवं पूर्णप्रतीति रूप में स्वीकार करते हैं। पण्डितराज को रस की आनन्दरूपता सिद्ध करने के लिए इसी कारण पर्याप्त परिश्रम करना पड़ा। तथापि आचार्य का पण्डितराज के द्वारा प्रतिपादित आस्वाद के स्वरूप के विषय में विशेष मत भेद नहीं दिखाई देता। आचार्य उसे साक्षिरूप मानते हैं तो पण्डितराज साक्षिभास्य! बस इतना ही भेद है।

वेदान्तमत में शुक्ति में अविद्यावशात् अनिर्वचनीय रजत उत्पन्न होता है। अतः विषयगत भ्रान्ति अभिमत है। किन्तु आचार्य भ्रान्ति के इस स्वरूप एवं अविद्या की अनिर्वचनीयता को स्वीकार नहीं करते हैं; साधारणीभाव यदि अविद्याकल्पित भ्रान्तिरूप होगा तो उसे उत्तरकालिक किसी ज्ञानान्तर से बाधित भी होना चाहिए। किन्तु रसदशा में ज्ञानान्तर का अवकाश नहीं होता तथा दशा की समाप्ति के पश्चात् आस्वाद भी नहीं होता, फिर बाध किसका होगा ? स्वातन्त्र्यवादी आचार्य के मत में भ्रान्ति की व्याख्या कुछ इस प्रकार है :

"इदं रजतं स्थिरं सर्वप्रमातृसाधारणमर्थक्रियायोग्यम्" यह मानस भ्रान्ति का उदाहरण है। आभास काल में रजतज्ञान सत्य है। अन्यथा आदानवृत्ति नहीं होगी। रजतांश एवं इदमंश में पृथक्-पृथक् भ्रान्ति नहीं होती, क्योंकि रजत की भासमानता ही अबाधित

रहती है। बाधकाल में भी 'रजतं न भातम्' यह प्रतीति किसी की नहीं होती। क्योंकि मानसज्ञान में रजताभास उपस्थित है। इदमंश में भ्रान्ति नहीं होती, क्योंकि इदन्ता बाधकाल में भी यथावत् रहती है। अतः रजतांश एवं इदमंश के मेलनांश में ही भ्रान्ति सिद्ध होती है। मेलानांश में जो इदं है वही रजत है। यही सामानाधिकरण्य विमर्श भ्रान्ति है। इस प्रकार भ्रान्ति सम्बन्धनिष्ठा है, विषयनिष्ठा नहीं है।

भ्रान्ति के सम्बन्धनिष्ठ होने से प्रभाकरसम्मत भेदाग्रहनिबन्धन अख्याति भी विचारणीय है। भ्रान्ति बाधक ज्ञान का स्वरूप है, 'नेदं रजतं स्थिरं प्रमात्रन्तरागम्यमर्थक्रियाकारि'। भ्रान्ति ज्ञान नियत प्रमाता को ही सम्भव है अन्य या सर्वप्रमाता के लिए नहीं, क्योंकि भ्रान्तिस्थल के रजत में शून्यता नामक धर्म होता है। तद्विशिष्ट रजत अन्य प्रमाता के लिए अगम्य होता है। आभास काल में भेद का लेश भी प्रतीत नहीं होता अतः भेदाग्रह कहना समुचित नहीं, किन्तु प्रमात्रन्तरसा-धारणत्वाभाव के कारण भ्रान्ति स्थल में रजत की असत्ता सिद्ध होती है। अतः सर्वप्रमातृगम्यता व्यापक एवं रजताभास व्याप्य है। व्यापक के अभाव के कारण व्याप्य का भी अभाव सिद्ध होता है। इसे अपूर्णताख्याति नामक अख्याति कहते हैं। भेदाग्रह एक को हो सकता है सभी को नहीं। साधारणीकरण का स्वरूप ही सर्वप्रमातृगम्यतारूप होता है। अतः वह निर्भ्रान्त अवस्था है। इस प्रकरण में विस्तरिकाकार परमानन्दचक्रवर्ती की पंक्तियाँ प्रासंगिक हैं:

> *आत्मविशेषरत्यादिविशेषसाक्षात्कारविशेषसम्बन्धविशेषरूपासाधारणग्रहे परस्पर वैधर्म्यावगतौ विषयनानात्वेनैकत्वरूप्यविरहाद् विसंवादः स्यात् संवादेनैव प्रामाण्यग्रहणात् अनेकस्याभ्रान्तत्वात्।।*
>
> (*काव्यप्रकाश*, उल्लास, 4, *विस्तरिका*)

अनिर्वचनीयता तो शैवमत में सर्वथा अस्वीकृत है। इसका निराकरण आचार्य ने अत्यन्त मनोरम शैली में किया है। भासमान वस्तु अनिर्वचनीय नहीं हो सकती। किसी भी प्रकार की युक्ति आभास का अपलाप नहीं कर सकती। अतः किसी प्रतीति को अनिर्वचनीय कहना दुस्साहस मात्र है :

> *अनिर्वचनीया सेति चेत्। कस्येति न विद्मः भाति च अनिर्वाच्येति यक्षभाषा। युक्त्या नोपपद्यते इति चेत्। भासनातिक्रमणे का युक्ति .... तदिदं शशशृंङ्ग-गगनकुसुमच्छेदकमुक्तम्।*
>
> (*ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी*, भाग, 3, पृ. 248)

इस प्रकार साधारणीकरण को दोषविशेष का परिणाम, भ्रान्ति का एक रूप या अनिर्वचनीय प्रतीति नहीं, अपितु निर्भ्रान्त आभास की एक अवस्था मानना आचार्य को अभीष्ट है। जहाँ प्रमेय प्रमाण एवं प्रमिति प्रकाशमात्र स्वरूप होते हैं।

अभिनवमतस्वारस्य

प्रत्यभिज्ञादर्शन किसी भी भासमानवस्तु का निषेध नहीं करता, अपितु भात एवं भासमान के स्वरूपों में ऐक्य का अनुसन्धान करता है।[51] जिस प्रकार शिव की चिद्भूमि में विश्व दर्पण में प्रतिबिम्बित नगर की भाँति उन्मीलित है एवं प्रमाण प्रमेय तथा प्रमाता सभी चेतना के धरातल पर एक हैं, उनका व्यस्तरूप स्वयं में अपूर्ण एवं सापेक्ष है, उसी प्रकार काव्य कवि की चिद्भूमि में उन्मीलित है। उसके बहिर्मुख स्वरूप को कवि की इच्छा से निर्मित कलात्मिका सृष्टि समझते हुए उसका विवेचन करना चाहिए, तथा साधारणीकरण के स्वरूप-व्याख्यान के अवसर पर लौकिक वैषयिकता की अवधारणा को पृथक् रखना चाहिए। कवि किसी ऐतिहासिक पात्र को अपनी कलात्मिका सृष्टि का नायक बनाता है। उस पात्र के वास्तविक इतिवृत्त के कारण निर्मित सामाजिकों में प्रसिद्ध छवि एवं उदात्तता के प्रतिमानों को अपनी कलात्मिका रचना में अनुस्यूत करता है। कुछ इस प्रकार से उपरञ्जित करता है कि उसका चित्रण केवल आनन्द या लोकरञ्जन में पर्यवसित हो। इसके लिए वह इतस्ततः बिखरी हुई लौकिक कारणसामग्री को एकत्र कर, उन्हें सभी प्रकार के नियमों से मुक्त करता हुआ उसके आभासांश को प्रमुखतया ग्रहण करके अपनी अलौकिक रचना तैयार करता है, एक ऐसी रचना जहाँ एक ही स्थल पर अनेक देश-काल की वस्तुएँ अलंकरण का साधन बनी होती हैं, शब्दों का, वर्णों का चुना हुआ क्रम गुण का रूप धारण किए रहता है। इस प्रकार की प्रकाशमयी सृष्टि होती है, कला जगत् की। वहाँ रामादि पात्रों की अवधारणा स्फुट होती है, घटनाक्रम की शुष्क ऐतिहासिकता का महत्त्व प्रतीत्युपाय वैकल्य एवं अस्फुटता नामक दोषों को दूर करने मात्र तक होता है। अपनी इस अलौकिक सृष्टि रचना में कवि अपनी योग्यता एवं सहृदयता के बल पर जितनी कुशलता व्यक्त कर पाता है, प्रतीति साधारण्य में उतनी तीव्रता होती है। आनन्दराजानक ने उचित ही कहा:

वस्तुतो विभावनानुभावनसञ्चारणात्मकव्यापारत्रयवत्त्वमेव विभावादित्वं येषां व्यापाराणां रत्यादेरीषत्प्रकाशः, स्फुटतरः प्रकाशः, स्फुटतमः प्रकाशः।।

(*काव्यप्रकाश टीका*, चतुर्थ उल्लास, रस प्रकरण)

साधारणीकरण में 'च्वि' प्रत्यय इस तथ्य का व्यंजक है कि लोक में जो वस्तुएँ समान अधिकरण पर ज्ञान मात्र रूप में अधिष्ठित नहीं हैं, उनमें व्याप्यव्यापक सम्बन्ध भी नहीं है। उन्हें व्याप्यव्यापक बनाकर किसी स्थायी भाव के अनुकूल सज्जित करके आभास मात्र के रूप में एक अधिकरण में स्थापित कर दिया जाता है। इस कलात्मिका अभिव्यक्ति में स्वरूपतः इतना आकर्षण उत्पन्न हो जाता है कि सहृदय के हृदय को बलात् आकर्षित कर संवित् के स्तर पर उसका भी सामानाधिकरण्य कर लेता है, या आभास के एक स्वरूप में परिवर्तित कर देता है। यहां पुनः आनन्दराजानक की पक्तियाँ प्रासंगिक प्रतीत होती हैं:

परकीयायाश्चित्तवृतेरात्मीयचित्तवृत्त्यभेदेन परामर्शो हृदयसंवादः तस्य च स्वपर, विभागाभावाद्देशकालविभागाभावाच्च व्यापकत्वेन प्रतीतेः साधारण्यम्। अतएव परमाद्वयज्ञानतुल्यं तस्य हि अहमित्येव परामर्शात् तद्व्यतिरिक्त- स्यान्यस्याभावात्।।
(वही)

इस प्रकार सामूहिक प्रतीति का सह-आधारण कलासौन्दर्य की शक्ति है।

अतः साधारणीकरण शब्द से सामान्यीकरण अर्थ करना, सीता आदि का कामिनीमात्र रूप में स्फुरण बताया जाना, अथवा वैयक्तिकता का विगलन मात्र बताया जाना मात्र अभीष्ट नहीं है। साधारणीकरण को Generalisation या Depersonalisation आदि शब्दों से नहीं व्यक्त किया जा सकता। सुबुद्धिमिश्र ने *तत्त्वपरीक्षा* में स्पष्ट कहा है :

वस्तुतः स्त्रीत्वादिकमपि न स्फुरति। लौकिक एव तदपेक्षणात्।।

सर्वबोध्यता का तात्पर्य भी सर्वसम्बद्धता से नहीं है, अपितु अनियतनिष्ठता से है। काव्यवर्णित शकुन्तला न तो परमार्थतः ऐतिहासिक है, न लौकिक कान्ता, अपितु स्वरूपमात्र है, उसमें ऐतिहासिक शकुन्तला के सभी धर्म विद्यमान होते हुए कवि की भावप्रौढिनिबद्ध अलौकिकता भी है। नियतता का यही भाव सामाजिक के हृदय को व्याप्त करने वाली साधारण प्रतीति का कारण बनता है। आचार्य स्पष्टतः कहते हैं :

तथापि नटस्य निर्गुणत्वात् रामादेरपरमार्थसत्त्वात् च नियततां विजहतः साधारणीभावमनुप्राप्ताः सामाजिकजनमपि मृगामोददिशा व्याप्नुवन्ति।।
(*अभिनवभारती*, अध्याय, 6, पृ.489)

आचार्य ने अनियत विभावादि के साधारणरूप एवं सहृदय के आभास के साथ ऐक्य को दर्शाने के लिए दो उदाहरण दिए हैं :

व्याप्तिग्रह इव धूमाग्न्योर्भयकम्पयोरिव (*तत्रैव*, पृष्ठ 473)

अर्थात् विभावादि के स्वरूपाभास के बल से सहृदय के तदनुकूलभाव, व्याप्त एवं चिद्रूप होते हुए भी भासमान हो जाते हैं। यहाँ यह कथन भी अभीष्ट नहीं है कि सामाजिक की स्वकान्ता-विषयक रति का साधारणीकरण होता है। जहाँ निजता ही नहीं है वहाँ स्वकान्ताविषयिणी रति कहाँ होगी ? साथ ही 'न हि देवदत्तः एकस्यां स्त्रियां रक्तः अन्यासु विरक्तः' इस न्याय से स्वकान्ता विषयिणी रति मात्र का सामाजिक में होना आवश्यक भी नहीं है। यदि सर्वसाधारण या सर्वसम्बद्ध रति का विभावन स्वीकार करें तो तटस्थता का भाव होगा, रसनीयता नहीं होगी। यदि आवेग की उद्दामता के कारण रसनीयता होगी तो भी नियतिनिष्ठ सुख की भाँति लौकिक कामित्व निश्चित है। इसलिए

आचार्य ने प्रमिति में ऐक्य की पुष्टि की है। प्रमिति के ऐक्य में अनियत निष्ठता होती है, क्योंकि उस ऐक्य की कारणसामग्री विभावादि में अनियतनिष्ठता है। अनियतनिष्ठ स्थायी सर्वसहृदय, संवित् रूप हो सकता है। स्पष्ट है कि जिस प्रमेय (स्थायीरति) की प्रमिति का साधारणीकरण होता है वह स्वयं रति की ऐसी अवस्था है, जो ज्ञान मात्र होती है, एकघनवृत्तिरूप होती है। यहां संकेतकार की पंक्तियाँ स्मरणीय हैं :

> *सर्वसाधारणप्रतीतौ ताटस्थ्यमेव न रसनीयत्वम्। रसनीयतायामपि सुखवत् नियतनिष्ठत्वे कामित्वमेव स्यात्। तस्मात् अनियतनिष्ठत्वेन सर्वप्रमातृणां यो रसनीयः स सर्वप्रमातृतावलम्बनेनैव रस्यते। अत एव रङ्गमण्डपान्तःप्रविष्टानां सकलानामपि हृदयसंवादभाक्त्वम् उच्यते।।* (*काव्यप्रकाश उल्लास* 4, *संकेत*)

इस प्रकार की अनियतता केवल व्यंग्य-व्यञ्जक शब्दार्थ ही प्रकाशित कर सकते हैं। मात्र व्यञ्जन या प्रकाशन का ही सामर्थ्य है कि वह ज्ञान रूप होने के कारण नियतता का परित्याग कर अभिव्यक्ति को देश-काल, सम्बन्ध-सम्बन्धि आदि से मुक्त, प्रतीतिरूप में सहृदय-संवाद या प्रमिति के ऐक्य में पर्यवसित करा सकता है, तथा वही पूर्ण एवं निर्भ्रान्त साधारणीकरण होगा।

आचार्य के इस काव्यदर्शन के आलोक में साधारणीकरण के विषय में उठाई गई वे सभी विप्रतिपत्तियाँ समाहित हो जाती हैं, जिन्हें गत कई दशकों से विभिन्न विद्वानों ने उठाया है तथा उनका विश्लेषण लौकिक कार्यकारण सिद्धान्तों या लौकिक मनोरचना एवं व्यापार के आधार पर किया है।

संदर्भ

1. *अभिनवभारती*, भाग एक, पृष्ठ 277, बड़ौदा संस्करण, 1956
2. वही, पृष्ठ 278 एवं आगे। काव्यमाला संस्करण
3. *रसगंगाधर*, प्रथम आनन
4. *काव्यप्रकाश*, सोलह टीकाओं के साथ, भाग दो, दिल्ली संस्करण, 1999
5. वही
6. इनके विचारों को विस्तृत रूप से, *चिन्तामणि*, भाग एक, 'साधारणीकरण एवं उक्तिवैचित्र्यवाद' *रस-सिद्धान्त*-नगेन्द्र, *सहृदय एवं साधारणीकरण*-डॉ. राममूर्ति त्रिपाठी, आदि में देखें।
7. *काव्यप्रकाश निदर्शन*, आनन्दराजानक, डॉ. गयाचरण त्रिपाठी द्वारा सम्पादित (प्रकाशकाधीन) में उद्धृत 'तत्त्वपरीक्षा'
8. वही, प्रथम उल्लास, उपोद्घात।
9. *अभिनवभारती*, भाग एक, पृष्ठ 277
10. दृश्यश्रव्योस्तु बहुतरसाधारण्योपपत्तिः, वही, अध्याय 1, पृष्ठ 11

11. *अभिनवभारती*, भाग एक, पृष्ठ 299
12. वही, पृष्ठ 341
13. वही, पृष्ठ 288
14. वही, पृष्ठ 280
15. वही, पृष्ठ 279
16. वही, पृष्ठ 284
17. वही,
18. वही, पृष्ठ 281
19. *नाट्यशास्त्र*, अध्याय 5
20. *अभिनवभारती*, भाग एक, पृष्ठ 281
21. वही, पृष्ठ 281
22. सर्वा चेयं प्रतिमयः प्रत्यक्षपरा 'न्यायसूत्र भाग 1-3, *अभिनवभारती*, पृष्ठ 281 में उद्धृत
23. वही
24. वही
25. वही, पृष्ठ 282
26. वही, पृष्ठ 285
27. वही पृष्ठ 280
28. *तन्त्रालोक*, 9.30, 31 जयरथकृत टीका
29. *अभिनवभारती*, पृष्ठ 285
30. *तन्त्रालोक*, 10.75
31. वही, 10.76
32. वही, 10.85 जयरथकृत टीका
33. वही, 10.86 टीका
34. *ध्वन्यालोक* लोचन, पृष्ठ 190, चौखम्बा संस्करण
35. *तन्त्रालोक*, 10.79-81
36. वही, 10.86 टीका
37. वही, 10.87 टीका
38. चास्य स्वातन्त्रया शक्तिः संकोचशलिनी सैव। प्रत्यभिज्ञाहृदयकारिका
39. *पराप्रावेशिका*, पृष्ठ 9
40. वही
41. स्वातन्त्र्यं चास्य भेदनं भेदिते च अन्तरनुसन्धानेन अभेदनम्।।
    ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी, भाग 1, पृष्ठ 31
    प्रकाशस्य परदशायां चमत्कारात्मयोर्विमर्शस्तदेव स्वातन्त्र्यम्।
    ईश्वर प्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी भाग 3, पृष्ठ 25
42. *अभिनवभारती* भाग एक, पृष्ठ 287, *ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्ति* भाग 1, पृष्ठ 194
43. *तन्त्रालोक*, 8.12 विवेक

44. वही, 8.14 विवेक
45. *ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी*, भाग 3, पृष्ठ 25
46. चमत्कारश्चित्तवृत्तिविस्तारूपो विस्मयापरपर्याय:।/साहित्यदर्पण, 3.2
47. *अभिनवभारती*, भाग एक, पृष्ठ 280
48. *तन्त्रालोक*, 2.23
49. *अभिनवभारती*, भाग एक, पृष्ठ 280
50. द्रष्टव्य-*काव्यप्रकाश विस्तारिका* एवं *काव्यप्रदीप*
51. विस्तृत विवेचन देखें-*ईश्वरप्रत्यभिज्ञाकारिका*, 2.3.13 पर विमर्शिनी एवं तिष्ठतिविमर्शिनी
52. *तन्त्रालोक*, 1.27, सम्बन्धसिद्ध, पृष्ठ 5

19

रसानुभूति प्रतिभान के रूप में

नवजीवन रस्तोगी

रसानुभूति की अपनी अवधारणा को समझाने के लिए अभिनवगुप्त अनेक पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग करते हैं, जैसे, आस्वाद, संविद्विश्रान्ति, रसना, चमत्कार, भोग, चर्वणा इत्यादि।[1] इतने शब्दों का प्रयोग करने के पीछे दो कारण जान पड़ते हैं। एक तो ऐतिहासिक अपने से पूर्व से चली आ रही समग्र सौन्दर्यशास्त्रीय परम्परा को उसकी विविधता में समेट लेना चाहते हैं। दूसरे कारण का संबंध रस की, प्रक्रिया और स्वरूप दोनों ही पक्षों को लेकर, बहुआयामी और अत्यन्त व्यापक प्रकृति से है जिसको एक निश्चित पारिभाषिक अभिधान से बांधना कठिन है। अभिनवगुप्त की समग्रतावादी दृष्टि के अनुसार इस प्रकार का, प्रक्रिया और स्वरूप में विभाजन आरोपित है। सम्भवत: यही कारण है कि भरत के प्रसिद्ध रस-सूत्र, जो कि आपातत: सभी दृष्टियों से एक प्रक्रिया सूत्र है, को अपनी विश्रुत टीका *अभिनवभारती* की अवतरणिका में लक्षणसूत्र[2] के नाम से प्रस्तुत करते हैं और रसना तथा रस को रस के समग्रतामूलक प्रत्यय के अविच्छेद्य घटक मानते हैं। इस लेख में हमारा प्रयोजन बहुत सीमित है। रस के सर्वांगीण स्वरूप पर विचार न कर रसानुभूति के लिए प्रयुक्त पारिभाषिकपर्यायों में से एक 'प्रतिभान' का हम अध्ययन करेंगे और यह देखने की चेष्टा करेंगे कि प्रतिभानात्मकता से रसानुभूति का कौन-सा पक्ष उजागर होता है।

अभिनवगुप्त के प्रतिभानपरक प्रकृत विवेचन को संदर्भ मिला है कालिदास के प्रसिद्ध श्लोक "रम्याणि वीक्ष्य" (*अभि. शा.* 5. 2) पर उनकी टिप्पणियों में। रानी हंसपदिका के गीत को सुनकर जनमी दुष्यन्त की मानसिक आकुलता का कलात्मक

स्वरूप क्या है, उसके विचारार्थ अभिनवगुप्त कालिदास की इन पंक्तियों को उद्धृत करते है। अतः सर्वप्रथम हम अभिनवगुप्त की प्रतिभान सम्बन्धी अवधारणा का अनुशीलन करेंगे। तदनन्तर ये देखने का प्रयास करेंगे कि इन पंक्तियों में कालिदास की वस्तुनिष्ठ स्थिति क्या है, साथ ही इन पंक्तियों का दोहन करने में अभिनवगुप्त के तर्क और निहितार्थ क्या हैं ? हम यह भी देखेंगे कि कालिदास के श्लोक से रस-सन्दर्भ के अन्य बिन्दुओं पर, अभिनवगुप्त के अन्य ग्रन्थों के आलोक में, क्या प्रकाश प्रड़ता है?

अभिनवभारती में अभिनवगुप्त ने प्रतिभान शब्द का प्रयोग साक्षात्कारात्मक प्रतीति के अर्थ में किया है।[3] यद्यपि संदृब्ध स्थल पर साक्षात्कारात्मक स्मृति के पर्याय रूप में इसका विनियोग हुआ है, पर आवश्यक नहीं है कि यह प्रतीति स्मृतिरूप ही हो। यह प्रत्यक्षात्मक, मानस अध्यवसायरूप या स्मृतिरूप कोई भी प्रतीति हो सकती है। स्मृति, संकल्प, अध्यवसाय आदि तार्किक विधाओं का नाम धारण करती हुई भी अपनी साक्षात्कारात्मकता के कारण यह उनसे भिन्न हो सकती है।[4] कलानुभूति के अधिकारी अर्थात् सहृदय की विशेषता को बताने के लिए अभिनवगुप्त फिर से इस शब्द का प्रयोग करते हैं।[5] निर्मल प्रतिभान से सम्पन्न सहृदय नाट्य का अधिकारी है। इसी अर्थ में नाट्याचार्यों की विशेषता के रूप में प्रतिभान शब्द का प्रयोग किया गया है। कवि-हृदय को तत्क्षण समझ लेना नाट्याचार्य की पहचान है।[6] आपातत: एक जैसे लगने पर भी ऊपर के दोनों प्रयोगों में अंतर है। पहला प्रतिभान विशुद्ध साक्षात्कारात्मक अनुभूति के अर्थ में है जबकि शेष दोनों प्रयोग प्रतिभा के उस रूप को द्योतित करते हैं, जिसे परम्परा में भावयित्री प्रतिभा कहा गया है।

अभिनवगुप्त ने भावक के साहाय्य को द्योतन अर्थात् व्यञ्जना का प्राण कहा है।[7] इस बात को प्रकारान्तर से पुष्ट करते हुए अभिनवगुप्त का मानना है कि भावक की प्रतिभा जब तक नट द्वारा अभिनीयमान चरित्र के स्वरूप में विश्रान्त नहीं होती तब तक साधारणीकरण संभव नहीं होता।[8] स्वगत और परगत देश-काल आदि की उपाधियों के अपाकरण के लिए ही भरत पूर्वरंग आदि का विधान करते हैं। रसनात्मक विघ्नविनिर्मुक्त प्रतीति के ग्राह्य विषय को रस माना गया है और अभिनवगुप्त द्वारा इस प्रसंग में प्रतिपादित विघ्नों में से यह दूसरा विघ्न है, जिसका सीधा सम्बन्ध भावक से बताया गया है। रस-व्यञ्जना, काव्य-सर्जना या अपूर्व अर्थ के निर्माण की शक्ति के रूप में अभिनवगुप्त ने प्रतिभा का उल्लेख शतश: किया है।[9] प्रतिभा का यह वह पक्ष है जो परम्परा में कारयित्री के नाम से जाना जाता है पर महत्त्वपूर्ण होते हुए भी रसानुभूति के स्वरूपानुशीलन में यह हमारे लिए बहुत साम्प्रतिक नहीं है।

रस-सूत्र के व्याख्या-प्रसंग से अभिनवगुप्त ने प्रतिभान का अनेक संदर्भों में प्रयोग किया है और सन्दर्भ परिवर्तन से प्रतिभान के अर्थ बदलते गए हैं। यहां तक कि अनेक अर्थ आपातत: विरोधी लगते हैं। अत: एक पारिभाषिक तौर पर रसानुभूति की

पारिभाषिक अवधारणा के रूप में उसका स्वरूप स्थिर करना आवश्यक होगा। भट्टनायक के मत की आलोचना करते हुए अभिनवगुप्त ने रसना और प्रतिभान को दो भिन्न प्रतीतियों के रूप में लिया है। प्रतीति की दृष्टि से एकरूपता होने पर भी उपायभेद प्रतीतिवैलक्षण्य का कारण बनता है।[10] *लोचन* में अभिनवगुप्त इसी बात को सन्दर्भ-भेद से लगभग इन्हीं शब्दों में दुहराते हैं और काव्यार्थ या काव्यानुभूति का नियामक चर्वणा या भोग को मानते हैं और प्रतिभानकृत प्रतीति को उपायभेद के आधार पर इससे भिन्न बताते हैं।[11] यहाँ भेद का कारण है हृदयसंवाद से उपकृत विभावादि सामग्री की उपायता का लोकोत्तर होना। इस सन्दर्भ को आगे बढ़ाते हुए अभिनवगुप्त दर्शन-भेद से शब्द-वृत्ति के रूप में व्यञ्जना और प्रतिभा या अर्थ रूप में व्यंग्य और प्रतिभा में अन्तर करते हैं। रस-सूत्र पर अपनी टीका में अपने मत के उपोद्घात में ही रस को काव्यार्थ रूप से प्रस्तुत करते हुए अभिनवगुप्त काव्यार्थ को शब्दार्थ से विलक्षण या शब्दशरीरोत्तीर्ण मानते हैं। जीवन के सामान्य प्रसंगों में शब्द से होने वाले अर्थ-बोध और काव्य से होने वाले अर्थ-बोध अर्थात् रस-बोध में प्रक्रियागत साम्य है। इस प्रक्रिया के तीन चरण हैं (1) श्रोता का व्यक्तिगत शाब्दिक अर्थ-बोध, (2) देश और काल के तिरस्कार द्वारा सामान्यीकृत बोध और (3) तत्पश्चात् आत्म-संक्रमण रूप-बोध। प्रक्रिया की एकरूपता के बावजूद काव्यार्थ और अन्यत्र शब्दार्थ का भेद अधिकारी की पात्रता के कारण होता है और शाब्दी होने पर भी काव्य-प्रतीति अनुभूतिरूप या दूसरे शब्दों में शब्द या वाक्य के शाब्दिक अर्थ-ग्रहण के उपरान्त मानस साक्षात्कार का रूप लेती है। इस सन्दर्भ में इस शब्दशरीरोत्तीर्णा साधारणी करणात्मिका संक्रान्तिस्वभावा प्रतीति को दर्शन-भेद से प्रतिभा, भावना, विधि, नियोग आदि भिन्न-भिन्न आख्याओं से पुकारा गया है।[12]

ऐसा लगता है कि ठीक ऊपर जिस प्रतिभा का उल्लेख किया गया है उसका सम्बन्ध व्याकरणदर्शन से है। इस सम्भावना को बल मिलता है अभिनवगुप्त के प्रौढ़ दार्शनिक ग्रन्थ *ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी* से जहाँ तीन विभिन्न सन्दर्भों में प्रतिभा या प्रतिभा प्रमाण का सम्बन्ध अन्यों से जोड़ा गया है। एक प्रसंग है स्वभावहेतु और कार्यहेतु में विशेषण के ग्रहण का।[13] दूसरा है कार्यकारणभाव की सिद्धि में सार्वत्रिकता के निश्चय का[14] और तीसरा है युक्ति की परिभाषा का।[15] पहले मत को उन्होंने "परैः" से जोड़ा है। दूसरे में अन्य मतों से अपना अन्तर बताते हुए प्रत्यक्षानुलम्भपंचक की स्वतन्त्र आत्मतत्त्व में विश्रान्ति को ही अपने यहां प्रभविष्णु माना है और तीसरे में भर्तृहरि की "समाधाननैर्मल्यात्मिका प्रतिभा" की अपेक्षा प्रत्यभिज्ञा दर्शन में प्रमाणयोजनात्मक प्रमातृस्वातन्त्र्य को ही युक्ति माना है।

प्रतिभा और प्रतिभान के लोकादृत प्रयोगों से अलग करते हुए रसप्रतीति को प्रतिभान संज्ञा से निरूपित करने में अभिनवगुप्त का मन्तव्य क्या है, इसका अध्ययन साम्प्रतिक होगा।

रसानुभूति को प्रतिभान से समीकृत कर अभिनवगुप्त हमें अपने दर्शन के केन्द्र में उसकी सारी ऐतिहासिक परिणतियों के साथ प्रतिष्ठित कर देते हैं और इसका दूरगामी प्रभाव उनके कलाचिन्तन के विभिन्न पक्षों पर दिखाई पड़ता है। रस की अवधारणा के दो आयाम हैं, वह अनुभूति भी है और अनुभूति का विषय भी। अनुभूति के रूप में वह अव्यवहित मानस प्रतीति है और विषय के रूप में वह निर्विघ्न प्रतीति का ग्राह्य है। प्रतीति की निर्विघ्नता का आशय है सुख व दुःख से जन्म लेने वाली ग्रहण और त्याग की इच्छा से मुक्त होना। दूसरे शब्दों में, रसानुभूति विघ्नरहित साक्षात्कारकल्प अनुभूति है और उस प्रतीति से ग्राह्य चित्तवृत्ति भी रस है। अभिनवगुप्त के ये निष्कर्ष प्रतिभान की उनकी अपनी अवधारणा की देन हैं। प्रतिभान केवल अनुभूति और अनुभाव्य की ही व्याख्या नहीं करता, वह अनुभाविता के स्वरूप को भी परिभाषित करता है। इसीलिए सामाजिक को विमल प्रतिभान से संपन्न कहा गया है। इसका अर्थ यह है कि सामाजिक का हृदय स्वच्छ दर्पण जैसा है और इस स्वच्छता के कारण उसका मनोदर्पण वर्णनीय को प्रतिबिम्बित करता हुआ उससे एक रूप होने की क्षमता रखता है। सामाजिक या अधिकारी को सहृदय इसीलिए कहा जाता है कि वह कविहृदय के साथ सहज संवाद की स्थिति में निरन्तर रहता है।[16]

अभिनव के दार्शनिक ग्रन्थों, विशेषतः *तंत्रालोक*, *ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी* और *ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी*, में प्रतिभान की धारणा के साथ अन्य अवधारणाओं के अनेक समीकरण मिलते हैं, जिनमें चार महत्त्वपूर्ण हैं– पहला है वाक् के साथ, दूसरा है प्रकाश के साथ, तीसरा है महेश्वर या माहेश्वर के साथ और चौथा है प्रत्यभिज्ञा के साथ।

पहले समीकरण में हम देखते हैं कि परा वाक् को प्रतिभा कहा गया है और कवि को अपूर्व काव्यार्थ-सृष्टि में समर्थ[17] इसलिए माना गया है कि वाक् का अर्थ ही है समस्त विश्व को[18] और स्वरूप को अभिव्यक्त कर सकने की सामर्थ्य।[19] यहाँ अनजाने ही हम एक अवान्तर समीकरण में प्रवेश कर जाते हैं और वह है प्रतिभान और विमर्श का। कवि की सृष्टि प्रत्यय-सृष्टि है और सामाजिक की अनुभूति है शब्द-सृष्टि का आत्म-विमर्शन, अपने में अपरिच्छिन्नतया प्रकाशन।[20] अतः कारयित्री और भावयित्री का जो भेद हमने ऊपर देखा है वह सिर्फ आरोपित सिद्ध होता है क्योंकि दोनों के वाग्रूप होने का निहितार्थ है दोनों में मूल तत्त्व की अन्विति का होना। *मालिनीविजयोत्तरतंत्र* में रुद्रशक्ति के समावेश के अनेक चिह्नों में एक चिह्न कवित्व शक्ति का उदय भी है। यहां महत्त्वपूर्ण बात यह है कि यह कवित्व मध्य तीव्र शक्तिपात के फलस्वरूप उदित माना गया है और शक्तिपात का कारण प्रतिभा का उदय बताया गया है। परमेश्वर के शक्तिपात से जब यह संकोच समाप्त हो जाता है तो प्रमाता का अपना सहज स्वभाव प्रकट हो उठता है।[21] कलात्मक संदर्भ की भाषा में कहा जा सकता

है कि कवित्व अर्थात् काव्य-कर्तृत्व असंकुचित प्रमाता की पहचान है। जिनकी बुद्धि या प्रतिभा बन्धनों से मुक्त हो चुकी है, उनकी सहज अभिव्यक्ति काव्य है। प्रतिभा के उदय का अर्थ है सारे पदार्थों के वास्तविक तत्त्व का ज्ञान, जिसके फलस्वरूप साधक शिव की सत्ता में अर्थात् अपने में ही विश्रान्त हो जाता है और दर्पण में पड़ने वाली छाया की भाँति बिम्ब और प्रतिबिम्ब दोनों ही रूपों में अन्दर और बाहर शिव को ही देखता है अर्थात् विश्व को शिवैकघन रूप से देखता है। हेय ओर उपादेय दोनों के रहस्य से परिचित होने के कारण वह केवल अपने आत्मसंवेदन में निमग्न रहता है।[22]

सामान्यतः वाचक शब्द या संकेत मायीय वर्णों से बनते हैं, इसलिए उनका सामर्थ्य एक-एक विषय के लिए नियत होता है। पर संकेत-निरपेक्ष होने के कारण सारे वर्ण वस्तुतः प्रमारूप हैं। उच्छलित होती हुई प्रमारूप परा संवित्ति में विश्रान्ति का स्वाद लेने वाले वर्णों में सारे पदार्थों के आमर्शन और अभिधान का सामर्थ्य है। संकेत निरपेक्ष होने के कारण ही ये प्रमा कहलाते हैं।[23] वर्णों की प्रमारूपता के समान रूप से उपलब्ध होने पर भी कोई तो महाकाव्य की रचना कर डालता है और कोई एक वाक्य भी नहीं लिख सकता। प्रमाताओं के इस भेद का कारण है निज प्रमा पर पड़ा हुआ अनवधान का आवरण। जैसे-जैसे स्वाभाविक प्रमाबोध का उन्मेष बढ़ता जाता है वैसे ही वैसे व्यक्ति की सर्जनात्मकता में उत्तरोत्तर चमत्कार दिखाई पड़ने लगता है।[24]

वाक् (या विमर्श) के बाद प्रतिभान का दूसरा समीकरण है प्रकाश की धारणा के साथ। काश्मीर शैव दर्शन की आधारभूत प्रवृत्ति है सत् को प्रकाश और विमर्श को एक समग्र के रूप में परिभाषित करने की ओर। दूसरे को प्रतिबिम्बित कर सकना और प्रतिबिम्बित भावराशि के साथ अपने को एकाकार कर सकना प्रकाश का पारिभाषिक स्वभाव है।[25]

यही स्वभाव सहृदय का बताया गया है, श्रवणीय या वर्णनीय के साथ तन्मयीभवन योग्यता से युक्त होना।[26] इस प्रतिबिम्बन-सामर्थ्य के मूल में है प्रकाश की सीमातीत निर्मलता। स्वच्छता का अर्थ है अपने स्वरूप को भासित किए बिना विश्व को अपने से एकात्मतया भासित कर सकना।[27] या, अपने स्वरूप को छोड़े बगैर भिन्न वस्तु को अपने से अभिन्नतया दिखा सकना।[28]

परन्तु यह प्रकाश का मुख्य स्वभाव नहीं है। मुख्य स्वभाव है विमर्शन कर सकना।[29] प्रतिभा का स्वरूप है प्रतिभान-भान को प्रतिभासित कर सकना।[30] जैसा हम देख चुके हैं केवल भासित कर सकने की क्षमता ही नहीं, भासित का भावन कर सकने की क्षमता भी प्रतिभा है। ''घड़ा दिखाई पड़ता है'' इसका संबंध विषय से है, पर यह वाक्य तब तक सार्थकतया बोधगम्य नहीं होता जब तक कि ''घड़ा मुझे दीखता है या मुझे भासित होता है'' इस रूप में प्रमातृविश्रान्त होकर भासित नहीं होता।

त्रिक दर्शन की परमार्थ-मीमांसा में परमशिव और विश्व का सम्बन्ध ठीक वैसा ही है, जैसे दर्पण और उसमें प्रतिबिम्बित बाह्य जगत् का।[31]

एक सूक्ष्म अन्तर यह है कि दर्पण में जहां बिम्ब बाह्य होता है, परमशिव और कला में आत्मस्वातन्त्र्य से घनीभूत चेतना ही बिम्बवत् भासित होती है और संविद्दर्पण में होती है।[32] कला चिन्तन के सन्दर्भ में हम इसके निहितार्थ तक पहुंचते हैं प्रकाश और प्रतिभान के समीकरण द्वारा। सहृदय का चित्त एक निर्मल दर्पण की भांति है, जो अनुभव विषय को स्फुट और तात्कालिक रूप से भासित करने में समर्थ है। सहृदयता का अर्थ है अनुभव के केन्द्र तक पहुँचना और मनोमुकुर में अर्पित विषय-सामग्री से तादात्म्य कर सकना। इसका परिणाम है रसानुभूति में एक प्रकार की साक्षात्कारात्मकता या अव्यवहितता का उदय।

इस बिम्ब-प्रतिबिम्बभाव का एक आयाम और भी है। प्रेक्षागार या अन्यत्र जहां अनेक सामाजिक नाट्य या वृत्त का आनन्द लेते हैं वहाँ विकस्वर संवित् के कारण आनंद की मात्रा बहुत बढ़ जाती है। एक की बुद्धि दूसरे में प्रतिबिम्बित होकर वैसे ही विकसित होती है, जैसे एक स्थल पर अनेक दर्पण होने से पारस्परिक प्रतिबिम्बन से दीप्त होकर प्रकाश अनायास बढ़ जाता है।[33] यद्यपि आनन्दमग्न हर एक की अपनी संवित्ति अलग है फिर भी सर्वतन्मयता का फल यह होता है कि नृत्तादि की प्रेक्षा के अवसर पर वह पूर्णानन्द का आस्वादन करती है।[34] विकस्वर सौन्दर्यानुभूति में बिम्ब-प्रतिबिम्बभाव की प्रवृत्ति दो प्रकार से होती है। सामान्य प्रकार तो है जो विषय और विषयी अर्थात् प्रमाता और कलावस्तु के बीच घटित होता है। विशेष प्रकार है जो विषयी और विषयी के मध्य परस्पर संक्रमण से घटित होता है। दूसरा कारण है आनन्दात्मक संवित् का निष्प्रतिघ (अर्थात् अबाधित या निर्विघ्न) होना। यह संभव होता है उपयोगितामूलक और स्वार्थमूलक दृष्टि के परिहार द्वारा। जब स्वार्थ नहीं रहा तो हानादान बुद्धि भी नहीं रहती, फलतः जलन, निन्दा आदि संकोच के कारणों के हट जाने पर चेतना में केवल आनन्द का ही योग रहता है।[35] निष्प्रतिघत्व का दूसरा आधार है विजातीयता का परिहार। जैसे ऊंचे-नीचे धरातल में हाथ फेरने पर वस्तु का समरस प्रत्यक्ष नहीं होता, वैसे ही ईर्ष्यादि विजातीय अंशों के रहने पर संवित् में तन्मयता नहीं आती।[36] निष्प्रतिघ की यह परिभाषा अभिनवगुप्तकृत नैर्गल्य, जो कि प्रकाश का प्राण है, की परिभाषा की याद दिलाती है, विजातीय का अभाव और अत्यन्त निविड सजातीय के साथ एक मात्र संगति[37] अर्थात् समतल भाव से निरन्तर अवस्थित रहने के कारण ऊंच-नीच के परिहारपूर्वक आत्मसंहति ही निर्मलता है।[38] दूसरे शब्दों में, प्रकाशात्मक निर्मल संवित् ही विकस्वर होती है।

इसका दूसरा फलितार्थ यह होता है कि कलानुभूति, जिसका *अभिनवभारती* में वीतविघ्नरसानुभूति के रूप में पल्लवन किया गया है, के बीज प्रकाश की धारणा में अन्तर्गर्भित हैं। इस प्रतीति में, जैसा कि हमने विस्तार में देखा है, विजातीय कलाविघ्नों का अभाव और आनन्द की एकघनता ही रसचर्वणा है।

शब्दशः उद्घोष के साथ प्रतिभान के जिस समीकरण का आश्रय लिया गया है वह है महेश्वर या प्रत्यभिज्ञा-प्रतिपादित चरम सत् और परम प्रमाता के साथ।[39] आपाततः एक विरोधाभासी शब्दावली का आश्रय लेते हुए सार्वजनीन अनुभव में उपलभ्यमान विभिन्न विषयों के क्रम से रूपित प्रतिभा और अक्रम, अनन्त, चिद्रूप महेश्वर दोनों में आन्तरिक और पारमार्थिक एकता का घोर अनुसन्धान किया गया है। बाह्य अनुभव जगत् में हमारे सारे अनुभव क्रमिक होते हैं और इसकी क्रमरूपता की व्याख्या कल्पित प्रमाता की अपेक्षा से की जा सकती है, परन्तु प्रश्न है कि विशुद्ध ज्ञानात्मक स्थिति में अनुभूयमान क्रम की व्याख्या कैसे की जाए? ज्ञान के विभिन्न प्रकारों में ज्ञान के अंदर देश और काल न होने के कारण, प्रत्यक्ष और स्मृति या अनादिवासनाओं में अभिव्यक्ति को लेकर पाए जाने वाले क्रम की व्याख्या के लिए उत्पल और अभिनव प्रतिभान का आश्रय लेते है। उनके अनुसार यद्यपि "प्रतिभाति घटः" आदि ज्ञान आपाततः विषयोपश्लिष्ट मालूम पड़ते हैं तथापि वस्तुतः यह विषय का अपना रूप न होकर ज्ञान का ही एक भासन प्रकार है जो प्रमातृविश्रान्त होकर ही अर्थ ग्रहण करता है। प्रतिभा का स्वभाव है कि दैशिक और कालिक क्रमों के प्रतिबिम्बतया उपरक्त होकर भी स्वरूपतः अक्रम है और परम प्रमाता से एक वपु है। प्रतिभा को पुल्लिंग में महेश्वर कहा जाने का कारण है बोधों के अधिष्ठान रूप माहेश्वर्य और प्रमातृत्व से प्रतिभा का उपचित या पुष्ट होना।[40]

काव्यानुभूति के क्षेत्र में इसका अर्थ है कि बिना बाह्य उपादान के काव्य-सर्जना का और रस-संवेदना का भावन-सामर्थ्य। माहेश्वर्य और प्रमातृत्व की शाब्दिक व्यंजना यही है। कवि सृष्टि देश-काल आदि के परिच्छेद से रहित संवित्स्वभाव है और उसके अंदर भासित होने वाला समस्त देश, काल गत वैचित्र्य कवि/सहृदय के स्वातन्त्र्य से संविद्रूप में उद्गत होता है। आंतरिक क्रम से रूपित संवित्-स्वभावा यह प्रतिभा ही समग्र रस व्यापार का आश्रय है और तद्रूप में वही प्रमाता है। यह हमारे आत्मसंवेदन से प्रमाणित है।[41]

चौथा महत्त्वपूर्ण समीकरण है प्रतिभान और प्रत्यभिज्ञान का। अभिनवगुप्त की दृष्टि में हमारा सारा ज्ञान प्रत्यभिज्ञानात्मक है। शक्ति के आविष्करण द्वारा शक्तिमान् की प्राप्ति सारे प्रत्यभिज्ञा व्यापार का लक्ष्य है। लोक जीवन में अतीत का ज्ञान जब पलटकर भासमान बनता है तब उस ज्ञान को हम प्रत्यभिज्ञानात्मक कहते हैं। वैसे ही, परमार्थ जीवन में महेश्वर की प्रत्यभिज्ञा का अर्थ है, "प्रतीपम् आत्माभिमुख्येन ज्ञानं प्रकाशः"। अर्थात् स्वात्मरूप महेश्वर का अविच्छिन्न भासन जब उसी की शक्ति से विच्छिन्न-सा लगता है उस समय उस शक्ति के आविष्करण द्वारा शक्तिमान् के अनुसन्धान की यात्र प्रत्यभिज्ञानमयी यात्र का आकार ग्रहण करता है। इसे भी प्रतिभान की शब्दावली में व्यक्त किया गया है।[42] दार्शनिक दृष्टि से यह सारा विषयोल्लेखन

वस्तुधर्म की भांति हमारे अनुभव का विषय बनता है और फिर प्रमाता की ओर उन्मुख होकर प्रमातृ-विश्रान्त या प्रमात्रश्रित होकर प्रमातृधर्मतया उन्मेवित होता है। प्रतिभा और महेश्वर के उपरि प्रतिपादित एकात्मतानुसंधान के द्वारा इसी तथ्य को हृदयंगम कराने की चेष्टा की जाती है। इसके अतिरिक्त प्रतिभान कहकर इस प्रत्यभिज्ञानात्मक बोध की साक्षात्कार स्वभावता को भी उजागर किया गया है।[43] कला-संदर्भ में नाट्यवस्तु, काव्यवस्तु या कलावस्तु जो विभावादि विषय-सामग्री के रूप में हमारे समक्ष आती है वह सहृदय के समक्ष अभिमुखा होती हुई प्रमाता की संवित् में विश्रान्त होती हुई रसानुभूति कहलाती है। प्रत्यभिज्ञान का दूसरा स्तर तब दिखाई देता है जब अनादि वासना के बल से सहृदय सारी व्यक्तिगत उपाधियों का तिरस्कार करता है, विघ्नों के अपसारण द्वारा मल का अपसारण करता हुआ साधारणीकरण के माध्यम से विभावादि से उपस्कृत अपनी ही चित्तवृत्ति का आस्वादन करता है। इस प्रकार साधारणीकरण की पूरी प्रक्रिया आत्मजातीय स्वरूपानुसन्धान तथा सांस्कृतिक अवचेतन के आत्म-लाभ की ही प्रक्रिया है। इस सन्दर्भ में रसानुभूति के लिए "संविद्विश्रान्ति" का प्रयोग व्यष्टि और समष्टि दोनों स्तरों पर, बड़ा अन्वर्थ है।

अब हम अपने लेख के दूसरे अंश की ओर आते हैं। यहां स्मरण दिलाना अनवसर न होगा कि अभिनवगुप्त ने कालिदास के प्रसिद्ध श्लोक "रम्याणि वीक्ष्य मधुरांश्च निशम्य शब्दान्"[44] की व्याख्या के व्याज से रस प्रतीति की प्रतिभारूपता को प्रतिष्ठित करने का सुविचारित और मौलिक उद्यम किया है। कलाशास्त्रियों को यह श्लोक अत्यन्त प्रिय रहा है और भारतीय कला सिद्धान्त के स्वरूपोन्मेष में उन्होंने इसका प्रभूत उपयोग किया है।[45] स्वयं कालिदास को भी इस श्लोक की सौन्दर्य शास्त्रीय सम्भावनाओं का भरपूर आभास है। *अभिनवभारती* में दो स्थलों पर और *ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी* में एक स्थल पर अभिनवगुप्त इसे उद्धृत करते हैं।[46] कहना न होगा कि ये तीनों सन्दर्भ या तो रसानुभूति से संबद्ध है या रसाभिव्यक्ति से।

अभिनवगुप्त की व्याख्याओं के आलोक में हम इस श्लोक की प्रासंगिकता और अर्थवत्ता का विश्लेषण करेंगे।

श्लोक के संदर्भ से लगभग हम सभी परिचित हैं। रानी हंसपदिका संगीतशाला में वीणा गीत गा रही हैं। ताल और लय से शुद्ध गीत की ओर विदूषक राजा का ध्यान खींचता है।[47] राजा ध्यान से सुनता है।[48] रानी स्वविस्मृति के लिए दुष्यन्त को उलाहना दे रही है। गीत प्रीति, संगीत और भावना में पगा हुआ है। प्रशंसा में राजा के उद्गार निकल पड़ते हैं "अहो रागपरिवाहिणी गीतिः"। विदूषक चिढ़ाता है कि क्या इसका अभिप्राय समझ रहे हो। राजा कहता है कि हाँ हमने एक बार प्रेम किया था। रानी वसुमती उसी को लेकर मुझे उपालम्भ दे रही है। लज्जित राजा रानी को मनाने के लिए माधव्य को उसके पास भेजता है। माधव्य के जाते ही राजा अत्यन्त उत्कण्ठित हो उठता

है। राजा अपने से पूछता है कि ऐसी क्या बात है कि गीत का अर्थ सुनकर मैं अकारण उन्मत्त हो उठा हूं जबकि मेरा कोई भी प्रिय जन मुझसे बिछड़ा नहीं है। क्योंकि मीठे शब्द और सुन्दर दृश्यों से प्रसन्नता के स्थान पर आकुलता जन्म ले रही है। और फिर अपने को समझाता है कि सुन्दर पदार्थों को देखकर और मीठे बोल सुनकर सुखी मनुष्य भी जो बेचैन हो उठता है पहले से अनजानी बात को मन से याद करता है। इसका कारण यह जान पड़ता है कि दूसरे जन्म की मैत्री हृदय में वासना रूप से आकर स्थिर हो गयी है।[49]

कालिदास के इस श्लोक में काव्यार्थ बोध में हम निम्नलिखित अवस्थाएं या चरण पाते हैं-

1. औन्मुख्य	माधव्य दुष्यन्त का हंसपदिका के गीत की ओर ध्यान खींचता है।		
2. निर्विकल्पक ऐन्द्रिय प्रत्यक्ष	माधव्य को चुप कराकर राजा ध्यान से गीत सुनता है।		
3. सविकल्पक प्रत्यक्ष			
विषयगत	1.	सौन्दर्यग्राहिणी इन्द्रियों में से श्रवण का प्रयोग : शब्द श्रवण	
	2.	शब्दों की लय-ताल-बद्ध गानरूपता का निश्चय	इन्द्रिय प्रत्यक्ष
	3.	गान की भावतरलता का अभिज्ञान (अहो रागपरिवाहिणी गीतिः)	माध्यस्थ्य विगमन
विषयिगत	1.	गीत के अर्थ का बोध- (शब्दार्थ)	
	2.	प्रणयवंचिता का उपालम्भ (व्यंग्यार्थ)	
4. प्रमाता की व्यक्तिगत प्रतिक्रिया	हंसपदिका को मनाने के लिए माधव्य को भेजना		

5. प्रमाता की रागात्मक प्रतिक्रिया ("राग" आत्मक चमत्कृति)	ज्ञात कारण के अभाव में दुष्यन्त की उन्मनस्कता	हार्दिक स्पन्दमानता या आनन्दशक्ति
6. पर्युत्सुकता की मन:स्थिति ("अभिलाष"- आत्मक चमत्कृति)	मधुर शब्दों के लौकिक श्रवण का साधारणीकरण	साधारणीकरण
7. काव्यार्थ विमर्श	सुन्दर रूपों के दर्शन और मधुर गीत का श्रवण मन को उत्कंठित करता है	तन्मयीभाव या सहृदयता
8. मूल्य बोध (पूर्वजन्म के सौहृद की स्मरण रूप चर्वणा/प्रत्यक्ष कल्प संवेदन "औत्सुक्य" आत्मक चमत्कारिता)	पर्युत्सुकता का चर्वण	आस्वाद या रसानुभूति

अभिनवगुप्त की दृष्टि से जब हम इस उद्धरण पर विचार करते हैं तो हम देखते हैं कि कालिदास के इस श्लोक का उपयोग उन्होंने रसानुभूति की अपनी धारणा को स्पष्ट करने के लिए किया है। रसानुभूति, न उत्पत्ति है, न अनुकृति और न भुक्ति। इन सब मतों को तिरस्कृत कर देने के बाद रस के स्वरूप को बताना उनका दायित्व बन जाता है। *अभिज्ञानशाकुन्तल* के ही एक श्लोक "ग्रीवाभङ्गाभिरामम्" का विश्लेषण करते हुए वह रस को काव्यार्थ की शब्दावली में प्रस्तुत करते हैं, जो निर्विघ्न साक्षात् हृदयानुप्रवेशात्मक प्रतीति का विषय है। उस प्रतीति की साक्षात्कारकल्पता के लिए नटादि सामग्री का आश्रय लिया जाता है। सामाजिक की इस निर्विघ्न एकघन प्रतीति को अभिनवगुप्त 'चमत्कार' संज्ञा से अभिहित करते हैं और इससे जन्य शारीरिक विकारों को भी चमत्कार कहते हैं।[50] इस बात को समझाने के लिए अभिनवगुप्त एक प्राकृत गाथा का आश्रय लेते हैं, जिसका तात्पर्य है कि हरि आज भी यह सोच-सोचकर आश्चर्यचकित है कि लक्ष्मी के चन्द्रकला के कंद जैसे सुन्दर अंग समुद्रमन्थन के समय मन्दराचल से पिस क्यों न गये।[51] यहां यह ध्यान देने योग्य बात है कि विष्णु का सोचना या याद करना एक ही बात है। अभिनवगुप्त की दृष्टि में कभी न तृप्त होने वाले भोग

के द्वारा सामाजिक आवेश चमत्कार है। इस दृष्टि से भोग करने वाले सामाजिक, जिसकी बुद्धि पर अद्‌भुत भोग का स्पन्द पूरी तरह से छा गया है, की अनुभूति चमत्कार है।[52] भले ही वह साक्षात्कारात्मक प्रतीति के रूप में स्फुरित हुई हो या मानस अध्यवसाय, संकल्प या स्मृति के रूप में स्फुरित हुई हो। अपनी इस स्थापना को पुष्ट करने के लिए अभिनवगुप्त ''रम्याणि वीक्ष्य'' को उदाहृत करते हैं। यहाँ ''स्मरति'' पद से जिस स्मृति का संधान किया गया है वह तार्किकों द्वारा प्रतिपादित स्मृति नहीं है। क्योंकि उस स्मृति के लिए तो अतीत में उसका अनुभव आवश्यक है।[53] अतः ''स्मरति'' का प्रयोग यहाँ अनुभूति के लिए औपचारिक है क्योंकि उस अनुभव की प्रकृति साक्षात्कारात्मक है। रसप्रतीति का महत्त्वपूर्ण घटक उसका बाह्य संदर्भ या रूप-विधा न होकर सामाजिक की भावगत प्रतिक्रिया और उसकी आस्वादरूपता में है।[54]

''रम्याणि वीक्ष्य'' की एक महिमा यह भी है कि जहां ''ग्रीवाभङ्गाभिरामम्'' इत्यादि कवि के दृश्य-विधान के अंग हैं और उनके विश्लेषण से हम किसी निष्कर्ष पर पहुँचते हैं, वहाँ यह श्लोक हमें कवि या नाटकार के अपने दृष्टिकोण से परिचित कराता है। ऊपर के विवेचन से एक बात और स्पष्ट है कि वह यह कि रस की अवधारणा को समझने के लिए प्रतिभान और चमत्कार दो आधारभूत अवधारणाएँ हैं। प्रतिभान की अवधारणा का उपयोग रसानुभूति की साक्षात्कारकल्पता को पुष्ट करने के लिए किया गया है, वहीं चमत्कार की अवधारणा का उसकी लोकोत्तर आस्वादमयता, रसनारूपता, चर्वणास्वभावता को निष्पन्न करने के लिए। ''रम्याणि वीक्ष्य'' इन दोनों प्रत्ययों के बीच सेतु बनता हुआ दोनों को समीकृत करता है।

ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी में चमत्कारिता के संदर्भ में अभिनवगुप्त ''रम्याणि वीक्ष्य'' को उद्‌धृत करते हैं और ''चमत्कार'' को ''इच्छा'' से समीकृत करते हैं। चमत्कारिता है भुञ्जानरूपता अर्थात् आत्मास्वादयितृत्व। यही सहृदयता है। आत्मास्वादयितृत्व रूप चमत्कार का स्वरूप है स्वात्मविश्रान्ति। यह स्वात्मविश्रान्ति इच्छा के स्वरूप को भी परिभाषित करती है, क्योंकि इच्छा में वेद्यजगत् और ज्ञान-प्रक्रियाएं अभिन्न रूप से विश्रान्त रहती हैं। स्वात्मविश्रान्तिरूपा इच्छा कई रूपों में प्रकट होती है। जहाँ स्वात्मविश्रान्ति का संबंध ऐसे विषय से है जिसकी विशेषता का कथन नहीं किया गया है अर्थात् जहाँ विषय सामान्यकार हैं, वही इच्छा के लिए ''राग'' शब्द का प्रयोग करते हैं। जहाँ स्वात्मविश्रान्ति का सम्बन्ध ऐसे विषय से है जिसकी विशेषताएं ज्ञात हैं-अर्थात् जिसका विषय विशिष्ट है वहां इच्छा को ''काम'' शब्द से पुकारा जाता है।[55] सामान्याकार विषय वासनारूप से ही इच्छा में स्वात्मविश्रान्त रहते हैं।[56] यहाँ पूर्वजन्म से समागत मैत्री भाव वासना रूप से स्वात्म-विश्रान्त रहता है। इसकी पुष्टि में ''रम्याणि वीक्ष्य'' को अभिनवगुप्त उद्‌धृत करते हैं।[57] इसी प्रकार औत्सुक्य भी सामान्याकार है और इच्छा का वह रूप है जो ऐसी शंका से अनुविद्ध है जो अभिलषणीय के नित्य

पास रहने से ही दूर हो सकती है। इस प्रकार दुष्यन्त के मन में पनपने वाली आत्मविश्रान्ति की तीन अवस्थाएं हैं-मधुर शब्दों के श्रवण मात्र से जागृत "राग", जननान्तरीयवासना के रूप में अवस्थित "अभिलाष" और अनजानी प्रियता को पाने की ललक रूप औत्सुक्य चमत्कारिता रूप इच्छा के ही आत्मारोहण सोपान है। इसी प्रकार इच्छा के अन्य रूपों का अनुसंधान किया जा सकता है।

अभिनवभारती के 14वें अध्याय में, जिसका सम्बन्ध वाचिक अभिनय से है, अभिनवगुप्त फिर से इस श्लोक को उद्धृत करते हैं।[58]

यह श्लोक छह श्लोकों के समूह का अंग है जहाँ पाँच अपने आरम्भिक प्रतीकों से और यह पूरा उद्धृत किया गया है। भरत का कहना है नट को प्रयोगकाल में और कवि को काव्यनिर्माण के समय वाणी में प्रयास करना चाहिए। क्योंकि वाणी सकल प्रयोगों का आधार है। अभिनवगुप्त इन पद्यों को सरस काव्य का निदर्शन मानते हैं। पर, यदि कोई शंका करे कि इन सभी पद्यों में एक प्रकार से स्वशब्दवाच्यत्व दोष आ गया है, क्योंकि यदि केवल विभावादि होते और "औत्सुक्य" (पर्युत्सुकी भवति) आदि को उसके नाम से न कहा जाता तो इसमें उत्तम काव्य की संभावनाएं थीं। इस शंका का निराकरण करते हुए अभिनवगुप्त का कहना है औत्सुक्य आदि के प्रयोगमात्र से इस प्रतीति में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए क्योंकि स्मृति, औत्सुक्य आदि शब्दों का प्रयोग यदि संकेतग्रहण की याद नहीं कराता तो रसप्रतीति में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। दूसरे इससे भी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि स्वशब्दवाच्यता के न होने पर विभावादि से भी जहाँ रस की प्रतिति होती है वहाँ पर भी जब काव्य की पूर्ण प्रक्रिया को नहीं जानेंगे तब तक विभावादि से रस की प्रतीति नहीं होगी।

निहितार्थ यह है कि इस श्लोक में 'पर्युत्सुकी भवति', 'स्मरति' आदि शब्दों का प्रयोग हुआ है, पर उससे रसबोध खण्डित नहीं होता और न उसकी उत्तम काव्यता को चोट पहुंचती है, क्योंकि इन शब्दों का प्रयोग संकेत या वाचक के रूप में नहीं हुआ है। यहां रसबोध होता है काव्य निर्माण की पूर्ण प्रक्रिया में कवि की अंतर्दृष्टि द्वारा। क्योंकि कवित्व का अर्थ है काव्यरचना-सामर्थ्य न कि चित्तवृत्तिप्रतिपादकत्व।[59]

इस बिन्दु पर पहुंचकर प्रो. गोविन्द चन्द्र पांडे को उद्धृत करने का लोभ संवरण नहीं कर पा रहा हूं जो कि अभिनवगुप्त के विचारों को ही प्रतिध्वनित करते लगते हैं-"साहित्यिक आलोचना की दृष्टि से रस एक व्यंग्य अर्थ है जो कि भावसम्बद्ध होते हुए भी भाव के साथ सर्वथा एकात्मक नहीं है, जिसका पता विभावादि से चलता है। ... साहित्यिक मूल्य के रूप में एक विशिष्ट आधुनिक आलोचक ने रस को कृति का संपूर्ण कहा है। उसे कृति का असंलक्ष्यक्रम व्यंग्य अर्थ कहा जा सकता है जिसमें उसके सभी अंशों की सांकेतिकता उपस्थित होकर एक संपिंडित भाव सम्प्रेषित करती है।... किन्तु यह स्मरणीय है कि वस्तुतः उद्बुद्ध या उत्पन्न न होकर केवल व्यंग्य होता हुआ

भाव स्वयं मनोवैज्ञानिक यथार्थ न होकर तदाकारक सम्प्रेषणीय अर्थ ही ठहरता है।''[60] भाव की यह संपिंडितता जहाँ भी, जैसे भी सम्भव हो रसानुभव निर्बाध रहेगा। अलोकसामान्य सहृदयता से संपन्न जन केवल एक श्लोकमात्र से या प्रस्तुत के अंशमात्र से भी इस संपिंडित प्रभाव को ग्रहण कर सकता है। मुक्तक काव्य परंपरा की सार्थकता इस दृष्टि से प्रमाणित होती है। यहाँ दुष्यन्त की काव्यानुभूति हंसपदिका को केवल एक गीति से संभव हुई है। अभिनवगुप्त इसमें बहुत स्पष्ट है।[61]

लगता है कालिदास की इन पंक्तियों का अभिनवगुप्त ने बहुत गंभीरता से आकलन किया था। *अभिनवभारती* और *लोचन* का संबंध मुख्यत: नाट्यार्थ/काव्यार्थ से है। *ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी* और *विवृतिविमर्शिनी* में उन्हीं से संबद्ध विचारों को दार्शनिक आधार दिया गया है। परन्तु जहाँ तक *तंत्रालोक* और *परालत्रशिका* विवरण का संबंध है उनका कलाशास्त्रीय अभिनिवेश नृत्त और गीत में अपेक्षाकृत अधिक दिखाई देता है और उसमें भी खास तौर पर गीत और वादन में कालिदास की ''रम्याणि वीक्ष्य'' कहने पर भी इस सारे विभाव-परिवेश का आग्रह ''मधुरांश्च निशम्य'' पर है। इस श्लोक द्वारा प्रक्षिप्त नाटकीय व्यापार में हम नाटक में एक लघुनाटक को देखते हैं जहां दुष्यन्त सामाजिक बन जाता है और हंसपदिका का आतोद्यपूर्वक गान विभाव। यद्यपि अभिनव *तंत्रालोक* में कालिदास के इस श्लोक का जिक्र नहीं करते पर इसके मूलभाव का दोहन अपने सैद्धान्तिक प्रतिष्ठापन में करते हैं; इसमें संदेह नहीं है। अभिनवगुप्त मधुर गीत में कलात्मक हृदयता की अधिक संभावना करते हैं।

अभिनवगुप्त का मन्तव्य है कि मधुर गीत आदि को सुनकर तटस्थता के परित्याग हो जाने के कारण श्रोता उस गीत के साथ एक तान हो जाता है। उस समय श्रोता के हृदय में जो स्पन्दमानता है, उस गीत के साथ तन्मय होकर स्पन्दित होना है, वही आनन्द शक्ति है। इस आनन्द शक्ति का ही प्रसाद है कि वह श्रोता को सहृदय, रसिक बना देती है।[62] यद्यपि इस श्लोक में कालिदास दो सौन्दर्यग्राहिणी ज्ञानेन्द्रियों का ही उपयोग करते हैं और दृश्य-श्रव्य काव्य परम्परा इन्हीं की उपजीविनी है। *तंत्रालोक* में अभिनवगुप्त इनका विस्तार करते हैं। मधुर गीत जो कि श्रवणेन्द्रिय का विषय है के साथ अभिनवगुप्त त्वगिन्द्रिय के विषय चन्दनादि के शीतल स्पर्श में भी आनन्द के उसी उद्रेक की संभावना करते हैं। वस्तुत: अभिनवगुप्त के टीकाकार जयरथ इसे पाँचों ज्ञानेन्द्रिय-विषयों का उपलक्षण मानते हैं। फिर भी जहाँ तक सिद्धान्त के उपबृंहण का प्रश्न है अभिनवगुप्त गीत और संगीत पर ही विचार करते हैं, क्योंकि गीत और संगीत नाद रूप होने के कारण परा संवित् के अधिक निकट हैं और इस साजात्य के कारण उनके श्रवण से सद्य: तन्मयीभाव होता है। यह तन्मयीभाव ही रसिकत्व का स्रोत है।[63]

बाह्य पदार्थ की सुखात्मकता और दु:खात्मकता तभी तक रहती है जब तक यह प्रमाता की व्यक्तिगत सत्ता से जुड़ा रहता है। पर जब उपयोगितामूलक सम्बन्ध का स्थान कलात्मक सम्बन्ध ले लेता है और विषय का ग्रहण किसी प्रयोजन की तुष्टि के लिए

नहीं होता उस क्षण द्रष्टा का ताटस्थ्य गल जाता है और निर्वैयक्तिकीकृत प्रमाता में विषय प्रतिबिम्बित होने लगता है, उस समय विषय का अनुभव न सुखकारी रूप में होता है, न दु:खकारी रूप में, द्रष्टा के साधारणीकृत चित्त में केवल एक स्फुरण उत्पन्न होता है, जिससे आत्मा का आनन्द पक्ष उद्रिक्त हो उठता है। मधुर गीत सुनने पर रसिक की ठीक ऐसी ही स्थिति होती है। अभिनवगुप्त के मत में संगीत से होने वाली कलानुभूति वस्तुत: पारमार्थिक आनन्द की अनुभूति है। अत: अभिनवगुप्त का सुचिन्तित निष्कर्ष है कि जो शरीर आदि की सीमा को लांघकर गीतादि विषय के साथ इस अतिशय तन्मयता से वंचित रह जाता है वह वस्तुत: सहृदय नहीं, अहृदय है।[64]

अभिज्ञानशाकुन्तल के इस श्लोक और अभिनवगुप्त द्वारा इसके कलाशास्त्रीय दोहन के प्रसंग से हमने देखा कि कला-सर्जना और कलानुभूति में क्रमश: सर्जन और संवेदन की पूरी अंत:प्रक्रिया का संकेतन भी अभिनवगुप्त ने किया है। मधुर गीत के श्रवण से लेकर आस्वादपर्यन्त कलाजन्य अनुभव की जिन स्थितियों से सामाजिक गुजरता है उनका आकलन इस प्रकार किया जा सकता है–[65]

इन्द्रिय प्रत्यक्ष	(मधुर गीत का श्रवण)
माध्यस्थ्यविगमन	या (हानादानबुद्धि त्याग)
तटस्थता परित्याग	
हार्दिक स्पन्दमानता	(आनन्द शक्ति)
तन्मयता	(सहृदयता)
आस्वाद	(मूल्य बोध)

इस निबन्ध में हमारी आत्मारोपित सीमाएं रही हैं। कथ्य की भी और पद्धति की भी। "प्रतिभान" शब्द से रसानुभूति को अपने दार्शनिक और कलाशास्त्रीय सन्दर्भ में पुष्ट करने में अभिनवगुप्त ने कालिदास की उक्ति की समर्थ सांकेतिकता का उन्मीलन करते हुए जिस पद्धति का आश्रय लिया है, उसी का आंशिक अनुवाद करते हुए कतिपय निष्कर्षों पर पहुँचने की चेष्टा की गयी है। आंशिक इसलिए कि श्लोक की व्याख्या के उपसंहार में उन्होंने रस की अवधारणा को व्यापकतम विस्तार देते हुए रस के अपने से पूर्व के सारे इतिहास का समन्वयन करते हुए उसका यौक्तिकीकरण (rationalization) किया है-

> *सर्वथा तावदेषास्ति प्रतीतिरास्वादात्मा यस्यां रतिरेव भाति। तत एव विशेषान्तरानुपहितत्वात् सा रसनीया सती न लौकिकी न मिथ्या नानिर्वाच्या न लौकिकतुल्या न तदारोपादिरूपा। तथैव चोपचयावस्थाऽस्तु देशाद्यनियन्त्रणात्। अनुकारोऽप्यस्तु भावानुगामितया करणात्। विषयसामग्र्यपि भवतु विज्ञानवादावलम्बनात्। सर्वथैव रसनात्मकवीतविघ्नप्रतीतिग्राह्यो भाव एव रस:।*[66]

पर वह किसी आगामी अध्ययन का ही विषय हो सकता है। यहाँ केवल इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि रसध्वनि के जिस सिद्धान्त का विकास प्रत्यभिज्ञादर्शन की पृष्ठभूमि में हुआ, विशेषकर "चमत्कार" की जिस अवधारणा के आसूत्रण द्वारा ज्ञान की आस्वादात्मकता की खोज हुई वह शब्द की आत्मशरीरोत्तीर्णता के सिद्धान्त को बड़ी समर्थता के साथ स्थापित करता है। शब्द की अपने से परे जाने की और अपनी सार्थकता को तलाशने की प्यास सारी कला और ध्वनि सिद्धान्त का बीज है। "इस सिद्धान्त के अनुसार", प्रो. गोविन्दचन्द्र पांडे के शब्दों में,[67] "सभी रूपों में शैवी चेतना का प्रकाश होता है और उसके विमर्श या घनीभूत प्रत्यक्ष से मन में एक अंत: स्पन्द उदित होता है जो उनके अर्थ की पहचान एवं रस के सारभूत चमत्कार से अभिन्न है। इस रमणीयता को देखने, सुनने से जो भाव और आकुलता मन में उद्‌बुद्ध होती है वह मानो किसी की याद दिलाती है। यह आन्तरिक भाव का उदय ही बाह्य विषय को रूपान्तरित कर उनके प्रत्यक्ष को सघन अनुभूति बना देता है।" यही प्रतिभान है, यही चमत्कार है।[68]

संदर्भ

1. तथा हि लोके सकलविघ्नविनिर्मुक्ता संवित्तिरेव चमत्कारनिर्वेशरसनास्वादनभोगसमापत्तिलयविश्रान्त्यादिशब्दैरभिधीयते।
   -*नाट्यशास्त्र* पर *अभिनवभारती* (*अ. भा.*), *Natyasastra of Bharatamuni* के नाम से प्रकाशित, बड़ौदा, 1926, पृ. 272
2. एवं क्रमहेतुमभिधाय रसविषयं लक्षणसूत्रमाह। वही
3. प्रतिभानापरपर्याया साक्षात्कारस्वभावेयम् इति। *अभिनवभारती*, पृ. 280
4. अत्र हि स्मरतीति या स्मृतिरुपदर्शिता सा न तार्किकप्रसिद्धा। पूर्वमेतस्यार्थस्य अननुभूतत्वात्। अपितु प्रतिभानापरपर्यायसाक्षात्कारस्वभावेयमिति। वही, पृ. 279
5. अधिकारी चात्र विमलप्रतिभानशालिहृदय:। वही, पृ.
6. चकारेण प्रत्युत्पन्नप्रतिभानत्वं दर्शयति। अनेन झटिति कविहृदयग्रहणयोग्यत्वं नाट्याचार्यगुण इति सूचयति। वही, पृ. 21
7. प्रतिपत्तुर्प्रतिभासहकारित्वं ह्यस्याभिद्योतनस्य प्राणत्वेन उक्तम्। *लोचन*, पृ. 68
   अभिनव का रस-विवेचन, नगीनदास पारेख, मूल गुजराती से हिन्दी अनुवाद, वाराणसी, 1974, पृ. 44 पर उद्‌धृत
8. स्वरूपस्य निह्नवात् रूपान्तरस्य चारोपितस्य प्रतिभा संविद्‌विश्रान्तिवैकल्येन स्वरूपे विश्रान्त्यभावात्। इति स एव सर्वो मुनिना साधारणीभावसिद्‌ध्या रसचर्वणोपयोगित्वेन परिकरबन्ध: समाश्रित:। *अभिनवभारती*, पृ. 291
9. कतिपय उद्धरण इस प्रकार हैं :
   (क) कवेरपि स्वहृदयायतनसततोदितप्रतिभाभिधानपरवाग्देवतानुग्रहोत्थितविचित्रऽपूर्वार्थ निर्माणशक्तिशालिन: प्रजापतेरिव कामजनितजगत:। वही, पृ. 4

(ख) कवेर्यः प्रतिभात्मा प्रथमपरिस्पन्दः तद्व्यापारबलोपनताः गुणाः प्रतिभावत एव हि रसभिव्यञ्जनसामर्थ्यं माधुर्यादेरुपनिबन्धनसामर्थ्यं, न सामान्यकवेः -वही *अ.भा.* 2, बड़ौदा, 1934, पृ. 296

(ग) तेन स्वभावप्रतिभादर्शनानुविद्धा भगवती वाणी स्वरसोपनिपतिता स्वरसंभार प्रभावानुरोधेनैव आरोहावरोहक्रमं भजते। प्रतिभादृष्टिशून्यत्वात् अन्धपदवदारोहादि न भजेत्। वही, पृ. 339

10. प्रतीत्यादिव्यतिरिक्तश्च संसारे को भोग इति न विद्मः। रसनेति चेत् सापि प्रतिपत्तिरेव। केवलमुपायवैलक्षण्यान्नामान्तरं प्रतिपद्यतां दर्शनानुमितिश्रुत्युपमितिप्रतिभानादिनामान्तरवत्। -*अभिनवभारती*, पृ॰ 277
11. सर्वपक्षेषु प्रतीतिरपरिहार्या रसस्य।...यथा प्रतीतिमात्रत्वेन अविशिष्टत्वेऽपि प्रात्यक्षिकी आनुमानिकी आगमोत्था प्रतिभानकृता योगिप्रत्यक्षजा च प्रतीतिरूपायवैलक्षण्यादन्यैव तद्वदियमपि प्रतीतिश्चर्वणा भोगापरनामा भवतु।... तन्निदानभूताया हृदयसंवादाद्युपकृताया विभावादिसामग्रया लोकोत्तररूपत्वात् (*ध्व. लो.*, पृ. 187)
12. यथा दर्शनं प्रतिभाभावना विध्युद्योगादिभाषाभिर्व्यवहृता प्रतिपत्तिस्तथैव काव्यात्मकादपि शब्दादधिकारिणोऽधिकास्ति प्रतिपत्तिः। -*अभिनवभारती*, पृ. 278
13. ननु विशेषणग्राहि किं तत्र प्रमाणम्। उक्तमेव परैः "यौक्तिकं मानसं वा प्रत्यक्षं लोकप्रसिद्धिरागमः प्रतिभाविशेषोऽनन्तजन्माभ्यासमूलस्तत्कालघटितो वार्थापत्तिर्वा।" *ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी*, अभिनवगुप्त, (खंड तीन), *काश्मीर ग्रन्थावलि*, 1938-43, *अ. भा.* 2, पृ. 197
14. इति प्रत्यक्षानुपलम्भपञ्चकादेव अस्मद्दर्शनोचितान्तर्मुखसंवेदलक्षणस्वतन्त्रात्मतत्त्वविश्रमादेव कार्यकारणभावसिद्धिः। तत्रापि च सार्वत्रिकतानिश्चये व्यवहारतो व्युत्पत्तितो वा आगमाद्वा स्वप्रतिभाया वा जन्मान्तराभ्यासोदितायाः समवधारिता भगवन्नियतिशक्तिरेव प्रभवन्ती निरूपणीया स्वपर्यायेण अभिमतं साधयन्तौऽनुमानरूपतां नातिवर्तन्ते। वही पृ. 205
15. तस्माद् युक्तिरिति..."समाधाननैर्मल्यात्मिका प्रतिभा" इति तु तत्रभवद्भर्तृहरिप्रभृतयः। तदनुसारमेव च अयम् "अमन्दत्वं प्रज्ञाया" इति अर्थापत्तिरिति मीमांसकाः। ... प्रमाणयोजनात्मकं प्रमातृस्वातन्त्र्यमेव युक्तिरिति प्रत्यभिज्ञातत्त्ववित्। यत्किञ्चिदपि अङ्गीकुर्वता अवश्यमेव पर्यन्ते प्रमातृस्वातन्त्र्यमेव ज्ञानक्रियाशक्तियोजनात्मकमङ्गीकर्तव्यम् इति असकृदुक्तम्।-वही, पृ. 208
16. (क) अधिकारी चात्र विमलप्रतिभानशालिहृदयः। -*अभिनवभारती*, पृ. 279
(ख) तत्र ये स्वभावतो निर्मलमुकुरहृदयाः...वही, पृ. 291
(ग) सहृदयत्वं हृदयस्य हि कविहृदयतादात्म्यापत्तियोग्यतैव। -वही, *अ. भा.* 2, पृ. 339
(घ) विगतरागद्वेषाः मध्यस्थवृत्तयः निर्मलहृदयमुकुरे सति
तन्मयीभवनयोग्यतोपेता आहितरसास्वादाः सामाजिकाः। -वही, *अ. भा.* 2, पृ. 16
(ङ) येषां विशदीभूते मनोमुकुरे वर्णनीयतन्मयीभवनयोग्यता ते स्वहृदयसंवादभाजः सहृदयाः। *ध्व. लो.* पृ. 39,40

17. कवेरपि सहृदयायतनसततोदितप्रतिभाभिधानपरवाग्देवतानुग्रहोत्थितविचित्रऽपूर्वनिर्माणशक्ति-शालिनः प्रजापतेरिव कामजनितजगतः। - *अ. भा.* पृ. 4
18. वक्ति विश्वमभिलपति प्रत्यवमर्शेन इति च वाक्। -*ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी*, सं. पांडेय तथा अय्यर (दो खण्ड), इलाहाबाद 1938, भा. 1 पृ. 253
19. वक्ति स्वरूपं विमृशतीति च वाक् तस्यां च एतत् परिदृश्यमानं वाङ्मयं प्रमितिलक्षणपरामर्शरूपसंवेदनानुविद्धतया शब्दनैकशरीरं विश्वं यथाक्रमेण विकसिता। -*ई. प्र. वि. वि.*, भा.1, पृ. 15
20. स्वात्मा परामृश्यते, स्वात्मत्वेन प्रकाश्यते...ततः चैत्रेण चेत्यते इति उच्यते। *ई. प्र. वि.*, भा. 1, पृ. 251
21. अज्ञानरूपता पुंसि बोध्यसंकोचिते हृदि।
संकोचे विनिवृत्ते तु स्वस्वभावः प्रकाशते।।
-*तंत्रलोक* (तं), *विवेक* (तं. वि.) के साथ (8 खण्ड)
सं. रामचन्द्र द्विवेदी तथा नवजीवन रस्तोगी, दिल्ली, 1987, 13.213
22. सर्वभावविवेकात्तु सर्वभावपराङ्मुखः।।
क्रीडासु सुविरक्तात्मा शिवभावैकभावितः।
माहात्म्यमेतत्सुश्रोणि प्रातिभस्य विधीयते।।
स्वच्छायादर्शवत्पश्येद्बहिरन्तर्गतं शिवम्।
हेयोपादेयतत्त्वज्ञस्तदा ध्यायेन्निजां त्रितिम्। तं. 13. 180-182
23. उच्छलत्संविदामात्रविश्रान्त्यास्वादयोगिनः।।
सर्वाभिधानसामर्थ्यादनियन्त्रितशक्तयः।
सृष्टाः स्वात्मसहोत्थेऽर्थे धरापर्यन्तभागिनि।।
आमृशन्तः स्वचिद्भूमौ तावतोऽर्थानभेदतः।
वर्णौघास्ते प्रमारूपां सत्यां विभ्रति संविदम्।। वही, 11.63.65
24. यथा यथा चामृतं तद्रूपमतिरिच्यते।।
तथा तथा चमत्कारतारतम्यं विभाव्यते। 11ए, 76,77
25. प्रकाशस्य असंसृष्टस्य-परसारूप्यं प्रतिबिम्बायमानपरतादात्म्यक्षमत्वमस्ति स्वभावान्तरम् ...। *ई. प्र. वि. वि.*, 2, पृ. 177
26. तं. 3.240, 41; *अभि. भा.*, 2, पृ. 339; *ध्व. लो. लो.* पृ. 39, 40
27. तेन संवित्तिमुकुरे विश्वमात्मानमर्पयत्।
नाथस्य वदनेऽमुष्य विमलां विश्वरूपताम्।।
अत्यन्तस्वच्छता सा सत्स्वाकृत्यनवभासनम्।।
अतः स्वच्छतमो बोधो रत्नं त्वाकृतिग्रहात् तं. 3.44-48
28. स्वस्मिन्नभेदाद् भिन्नस्य दर्शनक्षमतैव या।
अव्यक्तस्वप्रकाशस्य नैर्मल्यं तद्गुरूदितम्।। तं. 3, 8
29. तथापि न तत् मुख्यं जडेऽपि मणिमुकुरप्रभृतौ तस्य संभवात्, विमर्शस्तु जडे न संभवति इति अनन्यविषयत्वात् स मुख्य आत्मेति युक्तम्। *ई. वि. वि. वि.*, 2, पृ. 177

30. प्रतिभाति घट इति यद्यपि विषयमुपश्लिष्यन्ती इयं क्रिया लक्ष्यते, तथापि न अस्य तत् स्वज्योतिः किन्तु संवेदनमेव तत् तथा भाति मां प्रतिभातीति प्रमातृनिष्ठतयैव स्फुरणात्। वही, पृ. 339
31. तत एव आर्द्राशयः सरसविमलहृदयः अतएव विश्वरूपपरमेश्वरसमावेशोचितहृदयः। वही, पृ. 29
32. इसी प्रकार नट-प्रक्रिया की तुलना ध्यानादि की प्रक्रिया से की जा सकती है, जो एक प्रकार से परमशिव और विश्व के समीकरण का अनुवदन है। ध्यान, भावना एवं समाधि में भी बिम्ब के अभाव में भावना, स्मरण एवं ध्यान की घनता से भी प्रतिबिम्ब की उत्पत्ति सम्भव है।
33. उच्छलननिजरश्म्योघः संवित्सु प्रतिबिम्बितः।।
बहुदर्पणवद्दीप्तिः सर्वायेताप्ययत्नतः।। *तं.* 28.374,75
34. आनन्दनिर्भरा संवित्प्रत्येकं सा तथैकताम्।।
नृत्तादौ विषये प्राप्तपूर्णानन्दत्वमश्नुते। वही, 28.377
35. ईर्ष्यादिसंकोचकारणाभावतोऽत्र सा।।
विकस्वरा निष्प्रतिघं संविदानन्दयोगिनी।। -*तं.* 28.377,78
36. अतन्मये तु कस्मिंश्चित्रस्थे प्रतिहन्यते।।
स्थपुटस्पर्शवत्संविद्विजातीयतया स्थिते।। वही, 28.378,79
37. नैर्मल्यं चातिनिविडजातीयैकसंगतिः।। वही, 3.7
38. नैरन्तर्येण अवस्थानात् स्थपुटत्वादिपरिहारेण श्लक्ष्णत्वात् आत्मसंहतत्वम् नैर्मल्यम्। *तं. वि.* 2, पृ. 360
39. या चैषा प्रतिभा तत्तत्पदार्थक्रमरूपिता।
अक्रमानन्तचिद्रूपः प्रमाता स महेश्वर :।।- *ई. प्र. का.* 1. 7. 1
40. चित्तत्त्वस्य या अन्तरक्रमाभासता प्रमाता महेश्वरः सा प्रतिभा
इति प्रमातृत्वमाहेश्वर्याभ्यामुपचिता लब्धपरिपोषा।-*ई. प्र. वि. वि.*।। पृ. 340,41
41. "या प्रतिभा एषा" इति सर्वस्य सर्वदैव स्वप्रकाशा वस्तुतश्च अंतर्मुखेन वपुषा देशकालकलनावैकल्यात्...स एव...यो महेश्वरः प्रमाता। सा च प्रतिभा अनपह्नवनीया। *ई. प्र. वि. वि.*, 2. पृ. 339, 40
42. तत एव भट्टचन्द्रानन्देन-
"पश्यतो रूपमालेखाद्भातो भानानुषङ्ग यत्।
प्रतीयमानं प्रतिभा भावानाम्....। वही, पृ. 339
43. भट्टशंकरनन्दनेन अपि
"साक्षात्कारः स्वतःसिद्धः सा स्फुरद्रूपतास्य हि" घटः स्फुरति इति हि कोऽर्थः। अहं तावत् प्रकाशात्मा घटरूपेण स्फुरामि...तथा...तदेकरूपतारूढोऽपि घट एवमिति। अत उक्तं भट्टचन्द्रानन्देन-
"पश्यतो रूपमालेखाद् भातो भानानुषङ्ग यत्।
स्वरूपभानं प्रतिभा भावनां...।।" इत्युक्त्वा "...सात्मसंश्रया।।" इति वही, पृ. 199, 200

44. रम्याणि वीक्ष्य मधुराँश्च निशम्य शब्दान् पर्युत्सुकीभवति यत्सुखितोऽपि जन्तुः।
तच्चेतसा स्मरति नूनमबोधपूर्वं भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि।।
अभि. शा. 5.2

45. देखिए, भारतीय परम्परा के मूल स्वर, गोविन्दचन्द्र पाण्डे, दिल्ली, 1981, पृ. 94-118; *Rasa Theory*, G.K. Bhat, Baroda, 1994, pp. 44-46; 'Pratibhana', G.K. Bhat, Abori, 1978, pp. 499-509.

46. *नाट्यशास्त्र* (*अभि. भा.*) भा. 1, पृ. 281; भा. 2, पृ. 222; *ई. प्र. वि. वि.*, भा. 2, पृ. 251-52

47. भो वअस्स। संगीद-सालवभन्तरे अवहाणं देहि। ताल-लय विसुद्धाए वीणाए सर-संजोओ सुणीअदि। जाणे तत्तहोदी हंसबदिआ वणपरिअअं करेदित्ति।
Kalidasa : *Abhijnana-sakuntalam – A Synthetic Study*, R.M. Bose, Calcutta, 1931, 5th Anka, p. 1.

48. तूष्णीं भव यावदाकर्णयामि। वही

49. केवल कालिदास के शाकुन्तल में ही नहीं, अन्यत्र भी इस अबूझ उत्कण्ठा के दर्शन होते हैं। रघुवंश में विश्वामित्र के आश्रम को देखकर राम के मन में ऐसी ही बेचैनी घिर आती है :
वामनमाश्रमपदं ततः पावनं श्रुतमृषेरुपेयिवान्।
उन्मनाः प्रथमजन्मचेष्टितानि अस्मरन्नपि बभूव राघवः।।' -रघु. ।। 22
Charles Dickens के Oliver Twist को रमेन्द्र मोहन बोस उद्धृत करते हैं-
"Thus a strain of gentle music, or the rippling of water in a silent place, or the odour of a flower, or the mention of a familiar word will sometimes call up sudden remembrances of scenes that never were in this life...which some brief memory of a happier existence long gone by would seem to have awakened; which no voluntary exertion of mind can recall." -वही, पृ. 10,11

50. सा चाविघ्ना संवित् चमत्कारः। तज्जोऽपि पुलकोल्लुकसनादिर्विकारश्च चमत्कारः। *अभि. भा*, भा.1, पृ. 281

51. अज्ज वि हरी चमक्कई कह कह वि ण मंदरेण दलिआइ।
चन्दकलाकंदलसच्छाइं लच्छीइं अंगाई। *ना. शा.* (*अभि. भा.*) भा. 1, पृ. 28

52. तथाहि स च तृप्तिव्यतिरेकेणाच्छिन्नो भोगावेश इत्युच्यते।
भुञ्जानस्य अद्भुतभोगस्पन्दाविष्टस्य चमतः करणं चमत्कार इति।
स च साक्षात्कारस्वभावो मानसोऽध्यवसायो वा सङ्कल्पो स्मृतिर्वा तथात्वेन अस्तु। यदाह 'रम्याणि वीक्ष्य...। वही

53. अत्र हि स्मरतीति या स्मृतिरुपदलशता सा न तालककप्रसिद्धा।
पूर्वमेतस्यार्थस्य अनुभूतत्वात्। अपितु प्रतिभानापरपर्यायसाक्षात्कारस्वभावेयमिति। *ना. शा.* (*अभि. भा*), पृ. 281

54. सर्वथा तावदेषास्ति प्रतीतिरास्वादात्मा यस्यां रतिरेव भाति। -वही, पृ. 280

55. सर्वत्र हि चमत्कार एव इच्छा, स च परमभूमावपि अस्ति।...सैव हि इति। चमत्कारिता हि भुञ्जानरूपता स्वात्मविश्रान्तिलक्षणा सर्वत्र इच्छा। *ई. प्र. वि. वि.* 3, पृ. 252
56. क्वचित्तु स्वात्मविश्रान्तिर्भावान्तरमनागूरितविशेषमपेक्ष्य उत्थाप्यते तत्र सा इच्छा राग इत्युच्यते आगूरितविशेषतायां तु काम इति। वही
57. आदिग्रहणाद् अभिलाषमूलो भावान्तरं सामान्याकारमपि वासनावशेषमात्रेण आस्ते यथाह ... "भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि" इति औत्सुक्यं च नित्यतत्संनिधान व्यपगतशंकानुविद्धा इच्छैवेति। एवमन्यदनुसर्तव्यम्। वही
58. "तथा सहासरभसव्यावृत्तकण्ठग्रहं" "वपुर्तलसलसद्बाहुलक्ष्म्याः",
"कतिचिदहानि वपुरभूत्केवलमलसेक्षण तस्याः"
रम्याणि वीक्ष्य मधुराँश्च निशम्य शब्दान्
पर्युत्सुको भवति यत्सुखितोऽपि जन्तुः।
तच्चेतसा स्मरति नूनमबोधपूर्वं
भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि।। *शाकुं.* 5.2
"निद्रानिमीलितदृशो मदमन्थराया" विवृण्वती शैलसुतापि भावमङ्गै": इत्यादिकाव्येषु सहृदयहृदयसागरसमुच्चल्द्राकामृगाङ्कप्रतिबिम्बेषु जीवितभूतानां हासालस्यौत्सुक्य निद्रामदागमाभिलाषागमादिनां शब्दस्पृष्टत्वेन विभावानुत्साध्यस्वभावत्वे वीतरागतेव बककाकक्रीडाकल्पनैव स्यात् -*अ. भा.*, 2, पृ. 221, 222
59. न तु सर्वो वक्ता कविरित्यतिप्रसङ्गलक्ष्यमाणप्रबन्धबन्धुरं काव्यनिर्मातृत्वं हि कवित्वं, न चित्तवृत्तिप्रतिपादकत्वम्।...विभावादिभ्योऽपि पूर्णकाव्यप्रक्रियापरिगतमन्तरेण न रसादयः। -*अ. भा.*, भा. 2, पृ. 223
60. *भारतीय परम्परा के मूल स्वर*, पृ. 105
61. तेन ये काव्याभ्यासप्राक्तनपुण्यादिबलादतिसहृदयास्तेषां परिमित-विभावाद्युन्मीलनेन परिस्फुट एव साक्षात्कारकल्पः काव्यार्थः स्फुरति, अतएव तेषां काव्यमेव प्रतीत्युत्पत्तिकृत्, अनपेक्षितनाट्यमपि। - *अभि. भा.*, भा.1, पृ. 288; *Comparative Aesthetics*, K.C. Pandey, Vol. 1, pp. 186.87 पर उद्धृत
62. तथा हि मधुरे गीते स्पर्शे वा चन्दनादिके।।
माध्यस्थ्यविगमे यासौ हृदये स्पन्दमानता।
आनन्दशक्तिः सैवोक्ता यतः सहृदयो जनः।। *तं.* 3. 209, 210
63. तदस्यां नादरूपायां संवित्सविधवृत्तितः।।
साजात्यात्तन्मयीभूतिर्झगित्येवोपलभ्यते। -वही 3. 239,240
64. येषां न तन्मयीभूतिस्ते देहादिनिमज्जनम्।
अविदन्तो मग्नसंविन्मानास्त्वहृदया इति। -*तं.* 3.240,241
65. पीछे "रम्याणि वीक्ष्य" की विश्लेषण तालिका (पृ. 16) में हमने इन सोपानों का अनुसंधान और संकेतन करने का प्रयास किया है।
66. *अ. भा.*, 1, पृ. 280; यहां पाठ संशोधित है। मुद्रित पाठ अत्यन्त भ्रामक है।
67. *भारतीय परंपरा के मूल स्वर*, पृ. 117-118

68. अभिनवगुप्त से मिलाइए : "अत्र तु दर्शने विषयस्यापि विमर्शमयत्वात् अभिलापमयत्वमेव वस्तुतः। ...भवतु वा क्षणमात्रस्वभावः साक्षात्कारः तत्रापि अस्ति विमर्शः।" *ई. प्र. वि.*, पृ. 288-291

20

करुणविप्रलम्भ एवं कामदशाएं: अभिनवगुप्त के विशेष सन्दर्भ में

सुषमा कुलश्रेष्ठ

रसराज शृंगार के दो अधिष्ठान हैं-सम्भोग एवं विप्रलम्भ। विप्रलम्भ को आचार्यों ने चतुर्विध माना है-(1) पूर्वराग-विप्रलम्भ, (2) मान-विप्रलम्भ, (3) प्रवास-विप्रलम्भ और (4) करुण-विप्रलम्भ। भोजराज ने *शृंगारप्रकाश* में विप्रलम्भ शब्द की व्युत्पत्ति करते हुए कहा है कि यह शब्द 'लभ्' धातु में वि और प्र उपसर्ग जोड़ने से बना है। 'लभ्' धातु का अर्थ है प्राप्ति, प्र का अर्थ है प्रकर्ष तथा वि का अर्थ है वञ्चना। जहाँ प्राप्ति (अभीष्ट प्राप्ति) की इच्छा प्रकर्षरूपेण होती है फिर भी वञ्चना होती है, वहाँ विप्रलम्भ होता है।[1] हेमचन्द्र के अनुसार विप्रलम्भ की निरुक्ति है-

सम्भोगसुखास्वादलोभेन विशेषेण प्रलभ्यते आत्माऽत्रेति विप्रलम्भः[2]

करुण एवं शृंगार स्पष्टरूपेण पृथक् रस हैं किन्तु शृंगार के अधिष्ठानों विशेषत: विप्रलम्भ की करुण से अतिशय निकटता परिलक्षित होती है। शृंगार के अन्तर्गत दस कामदशाएं आती हैं। इन दशाओं अथवा अवस्थाओं में अन्तिम अवस्था मरण है। अत: मृत्यु भी शृंगार की परिधि में आ जाती है, किन्तु मृत्युजनित शोक करुण रस का स्थायिभाव होता है। विप्रलम्भ तथा करुण के बीच अन्तर केवल स्थायिभाव का है। विप्रलम्भ शृंगार का स्थायिभाव रति है, जबकि करुण का स्थायिभाव शोक है। रति और शोक में परस्पर भेद यह है कि रतिभावसंयुक्त व्यक्ति अपने प्रिय को पाने की आशा

रखता है और उसकी यह आशा देश-काल के बन्धन से मुक्त होती है। विप्रयोग में आशा का बन्धन ही सद्य:पाति प्रणयिहृदय को रोके रहता है।[3] शोक में इसी आशा का अभीष्ट का विनाश है। उस विनाश के कारण का कोई निवारण सम्भव नहीं है, जिससे पुनर्मिलन की सम्भावना समाप्त हो जाती है। अत: हम कह सकते हैं कि विप्रलम्भ शृंगार की अभिव्यक्ति में मृत्यु व्यभिचारिभाव के रूप में ग्रहण की जाती है एवं जैसे ही वह मृत्यु स्थायिभाव का रूप ग्रहण कर लेती है, तो वह विप्रलम्भ की परिधि पार कर करुण बन जाता है।

यहाँ करुण तथा विप्रलम्भ के विषय में आचार्यों की मान्यताएँ प्रस्तुत हैं। करुण और विप्रलम्भ के नैकट्य को स्पष्ट करते हुए भरतमुनि कहते हैं-

यद्ययं रतिप्रभव: शृंगार: कथमस्य करुणाश्रयिणो भावा भवन्ति। अत्रोच्यते पूर्वमेवाभिहितं सम्भोगविप्रलम्भकृत: शृंगार इति। वैशिकशास्त्रकारैश्च दशावस्थोऽभिहित:।[4]

अर्थात् यदि यह प्रश्न हो कि शृंगार रस जो रति से उत्पन्न होता है तो उसमें करुण रस में रहने वाले भाव कैसे होते हैं? इसका समाधान यह है कि शृंगार सम्भोग और विप्रलम्भ दो प्रकार का होता है। इसमें जो विप्रलम्भ शृंगार है उसमें करुण रस के समान निर्वेदादि व्यभिचारिभाव भी होते हैं। यह केवल हमारा मत नहीं है, अपितु कामशास्त्र के आचार्यों ने भी काम की दस अवस्थाओं का निर्देश किया है और उनमें करुणसम्बन्धी अवस्थाओं का भी उल्लेख शृंगार में पाया जाता है। करुण और विप्रलम्भ के भेद को और अधिक स्पष्ट करते हुए भरतमुनि कहते हैं-

करुणस्तु शापक्लेशविनिपतितेष्टजनविभवनाशवधबन्धसमुत्थो निरपेक्षभाव:। औत्सुक्यचिन्तासमुत्थ: सापेक्षभावो विप्रलम्भकृत:।[5]

अर्थात् शाप के कारण अथवा इष्टजन से वियोग, विभव के नाश, मृत्यु अथवा बन्धन के कारण करुण रस होता है। इसमें निरपेक्षभाव प्रधान होता है अर्थात् करुण में पूर्ण नैराश्य की अवस्था विद्यमान रहती है, किन्तु विप्रलम्भ में सापेक्षभाव रहता है अर्थात् विप्रलम्भ में अभिलाषा निरन्तर विद्यमान रहती है। इस प्रकार करुण और विप्रलम्भ दोनों में अन्तर है। भरतमुनि के विवेचन से यह प्रकट है कि विप्रलम्भ की निराशा में आशा का अस्तित्व सतत वर्तमान रहता है और क्षणमात्र के लिए भी यह आशा वियोगीजन से अलग नहीं होती। इस प्रकार विप्रलंभ करुण के अतिशय निकट होते हुए भी उससे पूर्णत: पृथक् है।

रुद्रट के अनुसार वियुक्त पुरुष और नारी के रति व्यवहार को विप्रलम्भ शृंगार कहते हैं-

व्यवहारः पुंनार्योरन्योन्यं रक्तयो रतिप्रकृतिः।
शृंगारः स द्वेधा सम्भोगो विप्रलम्भश्च।।
सम्भोगसंगत्योर्वियुक्तयोर्यश्च विप्रलम्भोऽसौ।।[6]

रुद्रट के मतानुसार पुरुष और नारी की पारस्परिक रति जब उनके एक-दूसरे से पृथक् रहने पर भी विद्यमान रहती है, तो उसे विप्रलम्भ शृंगार कहते हैं। भोजराज ने विप्रलम्भ की चर्चा करते हुए *सरस्वतीकण्ठाभरण* में स्पष्टतः कहा है कि रति नामक भाव जब प्रकर्ष को प्राप्त होकर भी अपने अभीष्ट तक नहीं पहुंचता है, तब विप्रलम्भ शृंगार होता है-

भावो यदा रतिर्नाम प्रकर्षमधिगच्छति।
नाधिगच्छति चाभीष्टं विप्रलम्भस्तदोच्यते।।[7]

भोजराज के मत में अभीष्ट का अर्थ केवल प्रिय व्यक्ति ही नहीं प्रत्युत अभीष्ट भाव भी है। शारदातनय ने *भावप्रकाशन* में विप्रलम्भ का लक्षण न देकर उसके दो भेदों अयोग और वियोग का कथन किया है। उनके मतानुसार अयोग का लक्षण इस प्रकार है-

परस्परं विभावाद्यैर्यूनोरद्भुतरागयोः।
असङ्गतिरयोगोऽस्मिन्दशावस्था द्वयोरपि।।[8]

जो कभी मिले नहीं हों, ऐसे अद्भुत राग वाले युवक और युवती की परस्पर विभावादि से उत्पन्न असङ्गति अयोग है अर्थात् विभावादि के रहने पर भी उनका मिलन नहीं होता। इस अयोग में काम की दस अवस्थाएं होती हैं।

वियोग में सम्भोगमग्न युवक और युवती का विप्रकर्ष होता है:

वियोगो विप्रकर्षः स्याद्यूनोः सम्भोगमग्नयोः।
वियोगोऽपि द्विधा मानप्रवासकृतभेदत :।।[9]

इन दोनों भेदों से करुण का साम्य देखते हुए वे कहते हैं कि अयोग एवं वियोग में सामान्य विभावादि करुण के अनुरूप ही होते हैं, तथापि रति स्थायिभाव की अनुवृत्ति होने से ये शृंगार के ही भेद हैं-

साधारण्याद्विभावादेरत्रायोगवियोगयोः
करुणस्यानुरूप्येऽपि रतिस्थाय्यनुवृत्तितः।।[10]

*साहित्यदर्पण*कार विश्वनाथ महापात्र भोजराज का अनुकरण करते हुए विप्रलम्भ को इस प्रकार प्रस्तुत करते हैं-

यत्र तु रतिः प्रकृष्टा नाभीष्टमुपैति विप्रलम्भोऽसौ।[1]

अर्थात् रति के प्रगाढ़ होने पर भी जब प्रिय-समागम नहीं हो पाता तो उसे विप्रलम्भ कहते हैं। प्रिय-समागम के लिए उन्होंने 'अभीष्ट' पद का प्रयोग किया है, जिससे नायक अथवा नायिका अभिप्रेत हैं।

रसगंगाधरकार पण्डितराज जगन्नाथ ने विप्रलम्भ का सूक्ष्म विवेचन करते हुए उसके मौलिक अर्थ की उद्भावना की है। उनका अभिमत है-

> *तत्र शृंगारो द्विविधः संयोगो विप्रलम्भश्च रतेः संयोगकालावच्छिन्नत्वे प्रथमः वियोगकालावच्छिन्नत्वे द्वितीयः। संयोगो न दम्पत्योः सामानाधिकरण्यम्। एकशयनेऽपीर्ष्यासद्भावो विप्रलम्भस्यैव वर्णनात्। एवं वियोगोऽपि न वैयधिकरण्यं दोषस्योक्तत्वात्। तस्माद् द्वाविमौ संयोगवियोगाख्यावन्तः करणवृत्तिविशेषौ यत् संयुक्तवियुक्तश्चास्मीति धीः।*[2]

पण्डितराज जगन्नाथ के अनुसार शृंगार दो प्रकार का है-संयोग एवं विप्रलम्भ। यदि स्त्री-पुरुष के संयोग के समय प्रेम हो तो संयोग शृंगार तथा वियोग के समय हो तो विप्रलम्भ शृंगार परन्तु संयोग का अर्थ 'एक स्थान पर रहना' नहीं है, क्योंकि एक शय्या पर शयन करते हुए युगल में भी यदि ईर्ष्यादि हों तो विप्रलम्भ रस का ही निरूपण किया जाता है। इसी प्रकार वियोग का अर्थ भी अलग रहना नहीं है क्योंकि वही दोष वहाँ भी कहा जा सकता है। अतः यह मानना चाहिए कि संयोग ओर वियोग एक प्रकार की चित्तवृत्तियाँ हैं और वह है-संयुक्त हूं (मिला हुआ हूँ) और वियुक्त हूं (बिछड़ा हुआ हूं)-यह ज्ञान। 'संयुक्त हूं' इस प्रकार का मनोभाव ही संयोग है और 'वियुक्त हूँ इस प्रकार का मनोभाव ही वियोग है।

आचार्यों के पूर्वोद्धृत अभिमतों से यह पूर्णतः स्पष्ट है कि करुण और विप्रलम्भ दोनों की सम्भावना इष्ट-वियोग की स्थिति में होती है। अतः उसके पश्चात् दोनों के सीमा-निर्धारण की आवश्यकता अनुभूत हुई।

भरतमुनि ने दोनों के अन्तर को बहुत स्पष्टरूप से निर्दिष्ट किया है। उनके अनुसार करुण निरपेक्षभाव है, जबकि विप्रलम्भ सापेक्षभाव। भरत के द्वारा प्रयुक्त निरपेक्ष और सापेक्ष शब्द निराशा और आशा को अभिव्यक्त करते हैं। निरपेक्ष निराशामय (Pessimistic) भाव है, जबकि सापेक्ष आशामय (Optimistic) भाव है। विप्रलम्भ में अस्थायी वियोग होता है और मिलन की प्रत्याशा भी बनी रहती है। आशा की ज्योति जैसे ही बुझी कि करुण का क्षेत्र आ जाता है। संसार का शाश्वत सत्य मृत्यु एक ऐसी सीमा-रेखा है, जिसके एक ओर आशा की क्षीण ज्योति जगमगाती दिखाई देती है और दूसरी ओर बुझी हुई। अतएव, मृत्यु को करुण एवं विप्रलम्भ का सीमा-निर्धारक बनाया गया।

विप्रलम्भ एवं करुण के मध्य एक विशिष्ट सोपान है और वह है करुणविप्रलम्भ। विप्रलम्भ शृंगार के चतुर्विध भेदों में करुणविप्रलम्भ भी परिगणित है। यद्यपि करुण विप्रलम्भ की चर्चा रुद्रट, भोजराज, शिङ्गभूपाल एवं विश्वनाथ महापात्र प्रभृति आचार्यों ने की है, किन्तु हमारी विनम्र सम्मति में इस विप्रलम्भ-भेद का संकेत प्रकारान्तर से *अभिनवभारती* में अभिनवगुप्तपादाचार्य द्वारा भी किया गया है, जिसकी चर्चा हम अन्य आचार्यों के मतों को प्रस्तुत करने के अनन्तर करेंगे।

रुद्रट के अनुसार करुणविप्रलम्भ का लक्षण इस प्रकार है-

करुण: स विप्रलम्भो यत्रान्यतरो म्रियेत नायकयो:।
यदि वा मृतकल्प: स्यात्तत्रान्यस्तद्गतं प्रलपेत्।।[13]

अर्थात् नायक या नायिका दोनों में से किसी एक की मृत्यु हो जाये अथवा कोई एक मृतकल्प हो और दूसरा तद्गत प्रलाप करे तो उसे करुणविप्रलम्भ कहते हैं।

भोजराज ने तो विश्वनाथ कविराज से पूर्व ही विप्रलम्भ को चतुर्विध माना है-

भावो यदा रतिर्नाम प्रकर्षमधिगच्छति।
नाधिगच्छति चाभीष्टं विप्रलम्भस्तदोच्यते।।
पूर्वानुरागो मानश्च प्रवास: करुणश्च स:।
पुरुषस्त्रीप्रकाण्डेषु चतु:काण्ड: प्रकाशते।।[14]

करुण विप्रलम्भ के सम्बन्ध में भोजराज की उक्ति है -

लोकान्तरगते यूनि वल्लभे वल्लभा यदा।
भृशं दु:खायते दीना करुण: स तदोच्यते।।[15]

अर्थात् प्रिय युवक के दूसरे लोक में चले जाने पर जब उसकी प्रियतमा अतिशय दु:खी होती है, तब वहाँ करुणविप्रलम्भ होता है। इनके अभिमतानुसार दो प्रेमियों में किसी एक की मृत्यु हो जाती है और कालान्तर में उनका पुनर्मिलन सम्पन्न हो जाता है या फिर वस्तुत: मृत्यु होती नहीं, समझ ली जाती है तथा बाद में पुनर्मिलन हो जाता है तो वहाँ करुण-विप्रलम्भ शृंगार होता है।

ऐसा प्रतीत होता है कि इन आचार्यों ने करुणविप्रलम्भ को करुण की सीमारेखा में रखकर देखा है। प्रश्न यह है कि प्रेमी के लोकान्तरगमन पर प्रेमिका विलाप करे तो यदि इसे करुण विप्रलम्भ माना जाये तो फिर करुण कहाँ होगा? यहाँ रति स्थायी है अथवा शोक स्थायी है? जहाँ पूर्ण निराशा होगी, वहाँ करुण ही होगा, करुणविप्रलम्भ नहीं। भरतमुनि ने इस भेद को करुण एवं विप्रलम्भ के प्रसंग में बड़ी चातुरी से स्पष्ट किया है-

करुणस्तु शापक्लेशविनिपतितेष्टजनविप्रयोगविभवनाशवधबन्धनसमुत्थो निरपेक्षभावः। औत्सुक्यचिन्तासमुत्थः सापेक्षभावो विप्रलम्भकृतः। एवमन्यः करुणो अन्यश्च विप्रलम्भ इति।[16]

करुण में पूर्ण निरपेक्षभाव अर्थात् निराशा की अवस्था होती है, जबकि विप्रलम्भ में सापेक्षभाव अर्थात् अभिलाषा सतत विद्यमान रहती है। इस प्रकार रति प्रवृत्तिमूलक है एवं शोक निवृत्तिमूलक।

करुणविप्रलम्भ वह शृंगार-प्रकार है जिसे प्रेमी और प्रेमिका में से किसी एक के दिवंगत हो जाने किन्तु पुनरुज्जीवित हो सकने की अवस्था में, जीवित बचे दूसरे के हृदय के शोकसंवलित रतिभाव का अभिव्यञ्जन कहा गया है। करुणविप्रलम्भ वस्तुतः करुण का भ्रमोत्पादक वियोग-शृंगार-प्रकार है, जैसा 'रसार्णवसुधाकर' में शिङ्गभूपाल के कथन से स्पष्ट है-

द्वयोरेकस्य मरणे पुनरुज्जीवनावधौ।।
विरहः करुणोऽन्यस्य सङ्गमाशानुवर्तनात्।
करुणभ्रमकारित्वात् सोऽयं करुण उच्यते।।
संचारिणोऽनुभावाश्च करुणेऽपि प्रवासवत्।।[17]

विश्वनाथ महापात्र ने भी विप्रलम्भ को चतुर्विध माना है। करुणविप्रलम्भ को व्याख्यायित करते हुए वे कहते हैं-

यूनोरेकतरस्मिन्गतवति लोकान्तरं पुनर्लभ्ये।
विमनायते यदैकस्ततो भवेत् करुणविप्रलम्भाख्यः।।[18]

अर्थात् नायक-नायिका में से एक की मृत्यु हो जाने पर दूसरा जो दुःखी होता है, उस अवस्था को करुणविप्रलम्भ कहते हैं, परन्तु यह तभी होता है जब लोकान्तरगत व्यक्ति से मिलन की आशा हो। यहाँ यह ध्यातव्य है कि प्रिय और प्रिया में से किसी एक की आत्यन्तिक मृत्यु से मिलन की अत्यन्त निराशा अथवा लोकान्तर में मिलन की अवस्था में करुण रस ही होगा (क्योंकि मिलन की आशा के अभाव में रति सम्भव नहीं है, वहां तो शोक ही सम्भव है) करुणविप्रलम्भ नहीं-

पुनरलभ्ये शरीरान्तरेण वा लभ्ये तु करुणाख्य एव रसः।[19]

विश्वनाथ महापात्र जन्मान्तर में मिलन की आशा को करुण रस मान रहे हैं, किन्तु जन्मान्तर में मिलन की आशा से तो रति की सत्ता विद्यमान ही रहेगी। अतः वहाँ भी करुणविप्रलम्भ ही स्वीकार करना चाहिए।

करुणविप्रलम्भ शृंगार एवं करुण के भेद को अतिशय चातुरी के साथ भोजराज ने *शृंगारप्रकाश* में स्पष्ट किया है। इन दोनों में हेतु, फल, विषय तथा स्वरूप के आधार पर भेद प्रस्तुत करते हुए वे कहते हैं-

रत्यैकहेतुः करुणः प्रीतिदयाद्यनेकहेतुः शोकः
पुनः सङ्गमफलः करुणोऽपि पुनः सङ्गमफलः शोकः।
स्त्रीपुंसविषयः करुणोऽस्त्रीपुंसविषयः शोकः
सप्रत्याशारूपः करुणः निष्प्रत्याशारूपः शोकः।।[20]

अर्थात् करुणविप्रलम्भ का एकमात्र हेतु रति है, जबकि करुण के प्रति दया आदि अनेक हेतु होते हैं। करुणविप्रलम्भ का फल पुनः संगम है, किन्तु करुण में पुनः समागम कदापि सम्भव नहीं है। करुणविप्रलम्भ स्त्री और पुरुष मात्र का विषय है, जबकि करुण में ऐसा नहीं है। करुणविप्रलम्भ में मिलन की प्रत्याशा सदा बनी रहती है, जबकि करुण में प्रत्याशा का नितान्त अभाव रहता है।

निष्कर्षतः विप्रलम्भ के विषय में कहा जा सकता है कि शोक की प्रकृति से युक्त होने पर भी करुणविप्रलम्भ का विरह में अन्तर्भाव हो जाता है, क्योंकि उसके मूल में रति स्थायिभाव के रूप में सतत विद्यमान रहती है। विश्वनाथ प्रभृति आचार्य कादम्बरी के पुण्डरीक-महाश्वेता-वृत्तान्त में, पुनरुज्जीवित होने वाले पुण्डरीक की मृत्यु पर महाश्वेता के शोकसंविग्न रतिभाव के अभिव्यञ्जन को करुणविप्रलम्भ के अन्तर्गत स्वीकार करते हैं। *कादम्बरी* में पुण्डरीक की मृत्यु के पश्चात् महाश्वेता एवं कपिञ्जल के विलाप से करुण की अभिव्यक्ति होती है, किन्तु नभोवाणी से जैसे ही महाश्वेता के हृदय में पुण्डरीक के पुनर्मिलन की आशा का सञ्चार होता है, तत्काल ही रतिभाव उद्बुद्ध हो जाता है और वहाँ करुण से करुणविप्रलम्भ की सत्ता आ जाती है-

किञ्चाकाशसरस्वतीभाषानन्तरमेव शृंगारः, सङ्गमप्रत्याशया रतेरुद्भवात्।
प्रथमं तु करुण एव, इत्यभियुक्ता मन्यन्ते।[21]

आचार्य विश्वेश्वर के मतानुसार पुण्डरीक-महाश्वेता का आकस्मिक पुनर्मिलन अद्भुत रस की सृष्टि करता है। उनकी सम्मति में मृत्यु के अनन्तर पुण्डरीक का पुनर्जीवित होना कवि-कल्पनामात्र है। यहां घटना के परिप्रेक्ष्य में अन्त तक करुण की सत्ता होनी चाहिए, क्योंकि मृत्यु के अनन्तर पुनर्जीवन की कोई सम्भावना नहीं होती। पुनर्जीवन जैसी अवस्था की सम्भावना तब हो सकती है जब मृत्यु हुई ही न हो, किन्तु समझ ली गयी हो। इसलिए इस अप्रत्याशित मिलन को अद्भुत रस की परिधि में माना जा सकता है।

तरुण समीक्षक श्री शैलेश कुमार मिश्र की सम्मति में "आचार्य विश्वेश्वर का मत असङ्गत प्रतीत होता है, क्योंकि अद्भुत की सत्ता केवल उसी क्षेत्र तक है जब दिव्यपुरुष नभोमण्डल से अवतरित होकर दोनों के पुनर्मिलन की भविष्यवाणी करता है। अतः विस्मय की सत्ता अल्पकालीन है और वह व्यभिचारिमात्र होकर रह गया है।"[22]

धनञ्जय, शारदातनय प्रभृति आचार्य इस प्रसंग में प्रवासविप्रलम्भ मानते हैं। यहाँ प्रवासविप्रलम्भ मानना समीचीन नहीं है, क्योंकि प्रवास में सशरीर देशान्तरगमन होता है जबकि करुण में केवल प्राणों का लोकान्तरगमन होता है। यहाँ *रसार्णवसुधाकरप्रणेता* शिंगभूपाल का मत द्रष्टव्य है-

नन्वेवं प्रवासकरुणयोः को भेद इति चेत् उच्यते।
शरीरेण देशान्तरगमने प्रवासः प्राणैर्देशान्तरगमने करुण इति।[23]

व्याख्येय दृष्टान्त में पुण्डरीक का अशरीर लोकान्तरगमन करुण की परिधि में आता है, क्योंकि एक की मृत्यु पर दूसरे के विलाप से करुण का अभिव्यञ्जन होता है, प्रवासविप्रलम्भ का नहीं। मृत्यु के अनन्तर दैवी प्रभाव से पुनर्जीवित होने पर वहाँ मिलन की आशा होने से करुणविप्रलम्भ मानना समीचीन है। इस सन्दर्भ में विविध आचार्यों के मतों का विवेचन करने के अनन्तर हम कह सकते हैं कि उपरि प्रस्तुत रसात्मक अनुभूति का अन्तर्भाव न करुण में हो सकता है और न ही विप्रलम्भ में। अतएव करुणविप्रलम्भ की सत्ता स्वीकार करना ही सर्वाधिक समीचीन है।

विश्वनाथ प्रभृति आचार्य कादम्बरी के पुण्डरीक-महाश्वेता-वृत्तान्त में, पुनरुज्जीवित होने वाले पुण्डरीक की मृत्यु पर महाश्वेता के शोकसंविग्न रतिभाव के अभिव्यञ्जन को करुणविप्रलम्भ के अन्तर्गत स्वीकार करते हैं। इसी प्रकार कुमारसम्भव के रतिविलाप में सर्वप्रथम अभिव्यंग्य रस करुण प्रतीत होता है किन्तु आकाशवाणी द्वारा रति के हृदय में कामदेव से पुनर्मिलन की आशा जग उठने के बाद सहृदय-हृदय करुणविप्रलम्भ का आस्वाद ले सकता है। हमारी सम्मति में कुमारसम्भव का रतिविलाप करुणविप्रलम्भ का श्रेष्ठ निदर्शन है। अपने मत की पुष्टि में हम शिंगभूपाल द्वारा प्रस्तुत करुणविप्रलम्भ का रतिविलापस्थ उदाहरण तथा वृत्ति प्रस्तुत करते हैं :

अथ मदनवधूरुपप्लवान्तं व्यसनकृशा प्रतिपालयांबभूव।
शशिन इव दिवातनस्य रेखा किरणपरिक्षयधूसरा प्रदोषम्।।

कुमारसम्भवे, 4.46

अत्र आकाशसरस्वतीप्रत्ययेन रतेर्विप्रलम्भः कृशत्वाद्यनुमितैर्ग्लान्यादिभिः व्यभिचारिभावैः पोषितः समयपरिपालनादिभिरनुभावैर्व्यज्यते।

अत्र केचिदाहु:-करुणो नाम विप्रलम्भशृङ्गारो नास्ति। उभयालम्बनस्य तस्य एकत्रैवासम्भवात्। यत्र त्वेकस्यापाये सति तदितरगता: प्रलापादयो भवन्ति स शोकान्न भिद्यते इति। तदयुक्तम्। यत्र पुनरुज्जीवनेन संभोगो नास्ति तत्र सत्यं शोक एव। यत्र सोऽस्ति तत्र विप्रलम्भ एव।[24]

शृंगारतिलक एवं *रसकलिका* में भी विप्रलम्भ के चार भेद उल्लिखित हैं-

विप्रलम्भाभिधानोऽयं शृंगार स्याच्चतुर्विध:।
पूर्वानुरागो मानाख्य: प्रवास: करुणात्मक:।।[25]
तत्रा विरहश्चतुर्विध: पूर्वानुरागमानाख्यप्रवासकरुणात्मक: [26]

आचार्य विश्वनाथ ने पूर्वराग विप्रलम्भ में दस कामदशाएँ-अभिलाष, चिन्ता, स्मृति, गुणकथन, उद्वेग, संप्रलाप, उन्माद, व्याधि, जड़ता एवं मृति बताई हैं।[27] अन्य आचार्यों के अनुसार उन्होंने कामदशाओं की एक भिन्न सूची भी दी है-नयनप्रीति, चित्तासंग, संकल्प, निद्राच्छेद, तनुता, विषयनिवृत्ति, त्रपानाश, उन्माद, मूर्च्छा एवं मृति।[28] विश्वनाथ ने प्रवास विप्रलम्भ की दस कामदशाएं अलग से निर्दिष्ट की हैं जो इस प्रकार हैं :

अंगेष्वसौष्ठवं ताप: पाण्डुता कृशतारुचि:।।
अधृति: स्यादनालम्बस्तन्मयोन्मादमूर्च्छना:।
मृतिश्चेति क्रमाज्ज्ञेया दश स्मरदशा इह।।[29]

आचार्य विश्वनाथ ने यद्यपि करुणविप्रलम्भ की कामदशाओं का पृथक् निर्देश नहीं किया है, किन्तु सभी आचार्यों द्वारा निर्दिष्ट कामदशाएं वहां भी दृष्टिगत होंगी, ऐसा माना जा सकता है। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर जब हम रतिविलाप को पढ़ते हैं तो वहाँ विलाप कामदशा की बहुलता के साथ अन्य कामदशाओं को भी पाते हैं।

महाकवि भवभूति ने प्रस्तुत पद्य में सीता के द्विविध वियोग को प्रदर्शित कर विप्रलम्भ एवं करुण के अन्तर को प्रकट करने का प्रयास किया है-

उपायानां भावादविरतविनोदव्यतिकरै-
र्विमर्दैर्वीराणां जगति जनितादद्भुतरस:।
वियोगो मुग्धाक्ष्या: स खलु रिपुघातावधिरभूत्
कथं तूष्णीं सह्यो निरविधरयं त्वप्रतिविध:।।[30]

अभिप्राय यह है कि सीताहरणजनित सीता का वह प्रथम वियोग रावणप्रभृति शत्रुओं के विनाशपर्यन्त रहने वाला सावधिक वियोग था। वहाँ पुनर्मिलन की आशा विद्यमान थी, अत: वहाँ विप्रलम्भ था। सीता का यह उपायाभावजन्य निरवधि वियोग जीवनपर्यन्त रहने वाला है, अत: करुण रस की परिधि में आता है।

इस प्रकार रुद्रट, रसकलिकाकार, शिंगभूपाल एवं विश्वनाथ महापात्र ने स्पष्टत: करुणविप्रलम्भ की सत्ता को स्वीकार किया है। कुछ आचार्यों यथा मम्मट को करुणविप्रलम्भ मान्य नहीं। उन्होंने करुणविप्रलम्भ के पाँच भेदों-अभिलाष, विरह, ईर्ष्या, प्रवास तथा शापज को स्वीकार किया है। करुण तथा करुणविप्रलम्भ के अतिसूक्ष्म अन्तर के कारण हेमचन्द्र, मम्मट, जगन्नाथादि आचार्यों ने इसका करुण में ही अन्तर्भाव कर लिया है।

पण्डितराज जगन्नाथ करुणविप्रलम्भ के पृथक् अस्तित्व को स्वीकार नहीं करते हैं। इसलिए उन्होंने उसका अंशत: करुण में तथा अंशत: विप्रलम्भ में अन्तर्भाव किया है। उनके मतानुसार स्त्री-पुरुष के परस्पर वियोग से जो विकलता उत्पन्न होती है, वह निश्चित रूप से शोक है, किन्तु वह शोक करुण का स्थायिभाव तब बन सकता है जब वह प्रेमपात्र के मरणज्ञान के साथ हो, क्योंकि प्रेमपात्र के मरणज्ञान के रहने पर ही स्त्रीपुरुष के वियोग से उत्पन्न विकलता प्रधान हो जाती है। प्रेमपात्र कहीं जीवित है, ऐसा ज्ञान रहने पर वह शोक स्थायिभाव न होकर व्यभिचारिभाव मात्र होता है, क्योंकि उस अवस्था में शोक से पुष्ट की गयी रति की ही प्रधानता होने से वहाँ विप्रलम्भ होता है-

स्त्रीपुंसयोस्तु वियोगे जीवितत्वज्ञानदशायां वैक्लव्यपोषिताया रतेरेव प्राधान्याच्छृंगारो विप्रलम्भाख्यो रस: वैक्लव्यं तु सञ्चारिमात्रम्।[31]

प्रेमपात्र के मरणज्ञान के रहने पर स्त्री-पुरुष के वियोग से उत्पन्न व्याकुलता ही प्रधान होती है और रति उसे पुष्ट करने वाली होती है। अत: वैसी स्थिति में करुण रस की ही अवस्थिति होगी-

मृतत्वज्ञानदशायां तु रतिपोषितस्य वैक्लव्यस्येति करुण एव।[32]

दैवी कृपा से पुनर्जीवनप्राप्ति होने पर पण्डितराज को विप्रलम्भ ही स्वीकार्य है-

यदि तु सत्यपि मृतत्वज्ञाने, देवताप्रसादादिना पुनरुज्जीवनज्ञानं कथञ्चित् स्यात्, तदालम्बनस्यात्यन्तिकनिरासाभावाच्चिरप्रवास इव विप्रलम्भ एव न स करुण:[33]

तात्पर्य यह है कि प्रेमपात्र के मरणज्ञान के रहने पर भी जब दैवी कृपा से किसी तरह उनके पुनर्जीवित होने का ज्ञान होगा तब प्रेमपात्र के सर्वदा के लिए विनष्ट न होने के कारण चिरकालिक प्रवास की भाँति विप्रलम्भ ही होगा, करुण नहीं। आचार्य जगन्नाथ इस प्रसंग को विप्रलम्भ में परिगणित करते हैं, किन्तु उन्होंने अन्य आचार्यों को स्वीकार्य करुणविप्रलम्भ का भी निर्देश किया है तथा अपनी सहमति अथवा असहमति का भी कोई उल्लेख नहीं किया है-

केचित्तु रसान्तरमेवात्र करुणविप्रलम्भाख्यमिच्छन्ति।[34]

भरतमुनि के निर्देशानुसार रसराज शृंगार के दोनों अधिष्ठानों-सम्भोग एवं विप्रलम्भ में आलस्य, उग्रता और जुगुप्सा को छोड़कर शेष तीस व्यभिचारिभाव होते हैं जिनमें मरण भी सम्मिलित है-

व्यभिचारिणश्चास्यालस्यौग्र्यजुगुप्सावर्ज्या:।[35]

अभिनवगुप्त ने *अभिनवभारती* में विप्रलम्भ शृंगार में अभिलाष से लेकर मरण पर्यन्त दस कामदशाओं का उल्लेख किया है। इसी मरण (व्यभिचारिभावरूप अथवा कामदशारूप) का वर्णन तो इष्टनाशजनित करुण में भी होता है। फिर करुणविप्रलम्भ में दृश्यमान मृत्यु और करुण में सम्पद्यमान मृत्यु में क्या अन्तर है? विप्रलम्भ में मृत्यु का वर्णन किया जाना चाहिए अथवा नहीं? मृत्यु के वर्णन से रसविच्छेद होगा कि नहीं ? आदि अनेक प्रश्नों का समाधान अभिनवगुप्त, विश्वनाथ और आनन्दवर्धन ने अलग-अलग प्रसंगों में अपने-अपने ढंग से किया है, जिससे अनेक नूतन तथ्य उद्घाटित होते हैं।

अभिनवगुप्त के मतानुसार शृंगाररस में मृत्यु का वर्णन नहीं करना चाहिए क्योंकि वैसी स्थिति में रतिरूप अवस्था का सम्बन्ध ही विच्छिन्न हो जाता है। यदि मरण का वर्णन किया भी जाये तो शीघ्र प्रत्यापत्ति अर्थात् पुनर्मिलन जहाँ सम्भव हो, ऐसे मरण का उल्लेख किया जा सकता है। इसका फल यह होगा कि शोक इस पुनर्मिलन के कारण स्थान नहीं प्राप्त कर सकेगा और इस प्रकार रतिविच्छेद नहीं होगा। यहाँ ध्यातव्य है कि अभिनवगुप्त ने यद्यपि शृंगार में मरण के उल्लेख तथा रसप्रवाह को लक्ष्य कर अपना अभिमत प्रकट किया है, किन्तु प्रकारान्तर से उन्होंने करुणविप्रलम्भ भेद का बीजन्यास कर दिया है। विप्रलम्भ में जब मरण का उल्लेख इस ढंग से किया जाये कि अल्पकाल में ही प्रत्यापत्ति अर्थात् पुनर्जीवन का भी उल्लेख कर दिया जाये और रसप्रवाह भी विच्छिन्न न होने पाये तो वहाँ करुणविप्रलम्भ तो स्थापित हो ही जायेगा। इसलिए मेरी विनम्र सम्मति में करुणविप्रलम्भ का प्रकारान्तर से निर्देश अभिनवगुप्तपादाचार्य ने निम्नलिखित रूप से किया है तथा अपने अभिमत की सम्पुष्टि में रघुवंश के अष्टम सर्ग के अन्तिम पद्य को प्रस्तुत किया है जो इस तथ्य का स्पष्ट परिचायक है कि अजविलाप करुणविप्रलम्भ का श्रेष्ठ निदर्शन है-

तादृश्यां दशायां स्वजीवितनिन्दात्मिकायां तद्देहोपभोगसाररत्यात्मकावस्थाबन्धोऽपि विच्छिद्यत एवेति असम्भव एव। मरणमचिरकालप्रत्यापत्तिमयमत्र मन्तव्यम्। येन शोकोऽवस्थानमेव न लभते। यथा-

तीर्थे तोयव्यतिकरभवे जह्नुकन्यासरय्वो-
र्देहत्यागादमरगणनालेख्यमामाद्य सद्य:
पूर्वावस्थाधिकचतुरया संगत: कान्तयासौ
लीलागारेष्वरमत पुनर्नन्दनाभ्यन्तरेषु।। रघुवंशे, 8.94

अत एव सुकविना वाक्यभेदेनापि मरणं नाख्यातम्।
प्रतीतिविश्रान्तिस्थानत्वपरिहाराय तृतीयपादेन विभावानुसन्धानकं दर्शनम्। पुनर्ग्रहणेन स एवार्थः सुतरां द्योतितः।[36]

जाह्नवी और सरयू के संगम से निर्मित तीर्थ पर शरीरत्याग करने के कारण तुरन्त देवताओं की गणना में आ जाने से वे अज पहली अवस्था से अधिक चतुर अर्थात् पूर्व अवस्था से भी अधिक सुन्दर कान्ता इन्दुमती के साथ नन्दनवन के भीतर स्थित क्रीडाभवन में पुनः विहार करने लगे। यहाँ प्र तत्काल होने वाले पुनर्मिलन के कारण मरणजनित शोक को अज के हृदय में स्थान नहीं मिला। इसलिए सुकवि कालिदास ने वाक्यभेद करके भी 'मरण' शब्द का प्रयोग नहीं किया, अपितु प्रतीति के विश्रान्ति-स्थान के परिहार के लिए पद्य के तृतीय पाद में कान्ता इन्दुमती रूप विभाव का अनुसन्धान दिखलाया है और चतुर्थ पाद में 'पुनः' पद के ग्रहण से वही सम्भोगरूप अर्थ प्रकाशित कर दिया है।

'रघुवंश' के अष्टम सर्ग में इन्दुमती के दिवंगत हो जाने पर जो अजविलाप उपन्यस्त है, वस्तुतः उसमें अनुस्मृति, विलाप तथा अन्य अनेक कामदशाएं विद्यमान हैं। यहां प्रश्न सम्भाव्य है कि आलम्बन के नष्ट हो जाने पर कामदशा कैसी? यह विषय अतिगम्भीर है कि वहाँ करुण रस की अवस्थिति मानी जाय या फिर करुणविप्रलम्भ शृंगार की। हमारी सम्मति में अजविलाप में करुणविप्रलम्भ शृंगार की अवस्थिति मानना अधिक उपयुक्त होगा, तभी वहाँ कामदशाओं की अवस्थिति मानी जा सकती है। इन्दुमती दिवंगत हो जाती हैं, किन्तु महाराज अज भी गंगा एवं सरयू के जल के मिश्रण से बने तीर्थ में देहत्याग कर पुनः अपनी प्रिया के साथ समागम-सुख प्राप्त करते हैं।[37]

पूर्वाचार्यों ने करुणविप्रलम्भ का जो विवेचन प्रस्तुत किया है, उसमें तथा अजविलाप की स्थिति में अन्तर केवल इतना है कि वहाँ आलम्बन के नष्ट हो जाने पर तथा पुनरुज्जीवित होने पर आश्रय के साथ उसका मिलन होता है और यहाँ आश्रयरूप अज अपने नष्ट हुए आलम्बन (कान्ता इन्दुमती वस्तुतः हरिणी नामक देवांगना) के साथ स्वकीयदेहत्यागानान्तर स्वर्ग में समागम-सुख प्राप्त कर रहे हैं। अजविलाप को भी यदि हम करुणविप्रलम्भ शृंगार के अन्तर्गत स्वीकार करें तो वहाँ अज की दशाएँ कामदशाओं के अन्तर्गत परिगणित की जा सकेंगी। वस्तुतः यह विषय विद्वानों द्वारा अवधानप्रदान तथा विवेचन की अपेक्षा रखता है। हमारी सम्मति में अजविलाप को करुणविप्रलम्भ शृंगार के अन्तर्गत माना जा सकता है। हम अपने मत की पुष्टि में रघुवंश के अष्टम सर्ग के अन्तिम पद्य तथा श्रीमदरुणगिरिनाथ की टीका को प्रस्तुत करते हैं-

तीर्थे तोयव्यतिकरभवे जह्नुकन्यासरय्वो-
र्देहत्यागादमरगणनालेख्यमासाद्य सद्यः।

पूर्वाकाराधिकचतुरया संगतः कान्तयासौ
लीलागारेष्वरमत पुनर्नन्दनाभ्यन्तरेषु।।[38]

प्रकाशिका-उपसंहरति। तीर्थ इति। तीर्थविशेषस्त्विष्टसाधनतया निर्दिष्टः, तस्य तथा प्रसिद्धेः। अमरगणनायां लेख्यं न्यस्ताक्षरं, पत्रमित्यर्थः। तस्यासादनन्नाम तत्र न्यस्तत्वम्। तेन पदप्राप्तेः स्थैर्यमुक्तम्। सद्यः अविलम्बितम्। पूर्वाकारा अधिकचतुरा च। पूर्वाकारत्वं सैवेयमिति प्रतीत्यर्थम्। अनेन हरिणीरूपेणैवेन्दुमती जातेति गम्यते। अधिकचतुरत्वं दिव्यानुभावत्वात्। नन्दनाभ्यन्तरेषु नन्दनस्याभ्यन्तरवर्तिषु। अत्राश्रयविच्छेदे रसात्यन्तविच्छेदो माभूदिति कविकुलचक्रवर्तिना मरणस्यानुवाद्यत्वेनोपनिबन्धः कृतः, न तु विश्रान्तिधामतया विधेयत्वेनेत्यवसेयम्।।[39]

हमारी सम्मति में *रघुवंश* के अष्टम सर्ग का यह अन्तिम पद्य यहां आश्रयरूप अज तथा आलम्बनरूप इन्दुमती जो अब अपने वास्तविक स्वरूप अर्थात् हरिणी नामक देवांगना के रूप में हैं, का सुखद संगम निरूपित है, इस तथ्य का स्पष्ट परिचायक माना जा सकता है कि अजविलाप को करुणविप्रलम्भ के अन्तर्गत स्वीकार कर लिया जाये। वस्तुतः यह विषय विद्वानों द्वारा अन्वेषणीय एवं विवेचनीय है।

शृंगार में मरण का उल्लेख किस प्रकार किया जाय-इस सम्बन्ध में ध्वन्यालोककार आनन्दवर्धन का मत इस प्रकार है-

शृंगारे वा मरणस्यादीर्घकालप्रत्यापत्तिसम्भवे कदाचिदुपनिबन्धो नात्यन्तविरोधी। दीर्घकालप्रत्यापत्तौ तु तस्यान्तरा प्रवाहविच्छेद एवेत्येवंविधेति वृत्तोपनिबन्धनं रसबन्धप्रधानेन कविना परिहर्तव्यम्।।[40]

शृंगार में शीघ्र मिलन की सम्भावना होने पर मरण का कदाचित् उपनिबन्धन अत्यन्त विरोधी नहीं है, किन्तु दीर्घ काल पर मिलन होने पर रस का बीच में ही प्रवाहविच्छेद हो जायेगा। अतः मरण के अनन्तर पुनः प्रत्यापत्ति का वर्णन इतने कम समय में होना चाहिए, जिससे सहृदयों के शृंगाररसास्वादन में कोई विच्छेद न हो और उन्हें रसराजामृत का सम्पूर्ण रसास्वाद सुलभ हो।

आचार्यों द्वारा निर्दिष्ट कामदशाओं में अन्तिम है मरण कामदशा जिसके विषय में उनके मत इस प्रकार हैं :

	मरण
नाट्यशास्त्र	सर्वैः कृतैः प्रतीकारैर्यदि नास्ति समागमः कामाग्निना प्रदीप्ताया जायते **मरणन्ततः**।।
शृंगारतिलक	उपायैर्विविधैर्नार्या यदि न **स्यात्समागमः**। कन्दर्पशरभिन्नाया मरणं जायते ततः।।

नाटकलक्षणरत्नकोश- मरणं प्राणच्छेदः यथोक्तम्
यत्नैरलभमानेष्टसंगमेऽन्तः प्रदीपितः।
कामाग्निर्ज्वलयत्यंगान्यदोष इस लंङ्घनम्।।
भावप्रकाशन- आस्ववस्थासु विहितैः प्रतीकारैः समागमः।
न भवेद्यदि कामाग्निदग्धयोर्मरणं भवेत्।।
उज्जवलनीलमणि- तैस्तैः कृतैः प्रतीकारैर्यदि न स्यात्समागमः।
कन्दर्पबाणकदनात्तत्र स्यान्मरणोद्यमः।।[41]

जब नायक अथवा नायिका एक-दूसरे को प्राप्त करने के लिए सभी प्रकार के उपाय कर लें, किन्तु उन्हें प्रिय की प्राप्ति न हो सके तो ऐसी स्थिति में मरण नामक कामदशा आती है। ऐसी स्थिति में प्रेम की ज्वाला शरीर को भी दग्ध कर देती है। रूपगोस्वामी के अनुसार ऐसी दशा में नायक अथवा नायिका अपनी सारी प्रिय वस्तुएं अपने वयस्यों को समर्पित कर देते हैं। भ्रमर, मन्द पवन, ज्योत्स्ना और कदम्ब आदि इसके अनुभाव होते हैं-

तत्र स्वप्रियवस्तूनां वयस्यासु समर्पणम्।
भृंगमन्दानिलज्योत्स्नाकदम्बानुभवादयः।।[42]

इस मरण दशा को काव्यों अथवा नाटकों में निबद्ध किया जाय अथवा नहीं इस सम्बन्ध में शास्त्रकारों में मतभेद है। पुनः यदि इसे निबद्ध किया जाय भी तो उसका स्वरूप क्या हो, इस सम्बन्ध में भी विवाद बना हुआ है। भरत मुनि मात्र इतना कहकर ही मौन हो जाते हैं कि अन्तिम दशा का प्रदर्शन नहीं करना चाहिए। आचार्य रुद्रट इसे अशोभन मानते हैं और इसीलिए उसे काव्योचित नहीं मानते हैं। आचार्य सागरनन्दी तो स्पष्ट शब्दों में कहते हैं कि यह दशा नाटकीय घटना का अंग नहीं हो सकती है। आचार्य शारदातनय मरण को अमंगलसूचक मानते हुए उसे युवक-युवती के बीच वर्ण्य नहीं मानते हैं। विश्वनाथ महापात्र के अनुसार मरण का वर्णन करने से रस विच्छिन्न हो जाता है, अतः उसका वर्णन नहीं किया जाना चाहिए-

नाट्यशास्त्र- एवं स्थानानि कार्याणि कामतन्त्रं समीक्ष्य तु।
अप्राप्तौ यानि काम्यस्य वर्जयित्वा तु नैधनम्।।
शृंगारतिलक- मरणं किं त्वसौन्दर्यात्तयोः कैश्चिन्न निबध्यते।।
नाटकलक्षणरत्नकोश- तस्यैवंविधस्य मरणस्य लक्षणमनंगवृत्तित्वादाचार्येण
नोपवल्गणतमलमस्योपन्यासेन।
भावप्रकाशन- अमंगलं स्यान्मरणमिति यूनोर्न कल्प्यते।
साहित्यदर्पण- रसविच्छेदहेतुत्वान्मरणं नैव वर्ण्यते।।[43]

आचार्य रुद्रट मरण का काव्य-निबन्धन स्वीकार नहीं करते हुए कहते हैं कि कुछ लोग नायक अथवा नायिका के प्रत्युज्जीवन की इच्छा से मरण का वर्णन करते हैं। ऐसा प्रख्यात कथा में तो चल सकता है, किन्तु उत्पाद्य कथा के लिए यह उचित नहीं है, क्योंकि यदि एक के मरने पर किसी प्रकार दूसरा जीवित भी रह जाये तो वहाँ प्रेम कहाँ रह जाएगा-

अन्ये तदपि बध्नन्ति प्रत्युज्जीवनवाञ्छया।
वृत्तानुवादे तच्छस्तमुत्पाद्ये प्रायशो न हि।।
एकस्मिंस्तु मृतेऽप्यन्यो यदि जीवेत्कथंचन।
का स्नेहगणना तत्र म्रियते चेन्न संगमः।।[44]

आचार्य धनिक भी इसी तथ्य के पोषक हैं। वे कहते हैं कि शृंगार के आलम्बन में कभी भी मरण का वर्णन नहीं करना चाहिए। मरण की तैयारी का संकेत-मात्र किया जा सकता है- शृंगाराश्रयालम्बनत्वेन मरणे व्यवसायमात्रमुपनिबन्धनीयम्। अन्यत्र कामाचार।[45]

विश्वनाथ महापात्र शृंगार में मरण दशा के चित्रण को वर्जित मानते हुए आगे कहते हैं कि यदि इस दशा का चित्रण किया भी जाय तो वह दो रूप में हो सकता है-मरणासन्न दशा के रूप में अथवा मरण की हार्दिक अभिलाषा के रूप में, जहां मरण के बाद पुनः जीवन का निर्देश किया जाय। यथा-

जातप्रायं तु तद्वाच्यं चेतसाकांक्षितं तथा।
वर्ण्यतेऽपि यदि प्रत्युज्जीवनं स्याददूरतः।।[46]

आचार्य विश्वनाथ ने स्वयं ही इन दोनों प्रकार की मरण दशाओं का वर्णन निम्नलिखित श्लोकों के माध्यम से किया है-

शेफालिकां विदलितामवलोक्य तन्वी
प्राणान् कथंचिदपि धारयितुं प्रभूता।
आकर्ण्य सम्प्रति रुतं चरणायुधानां
किं वा भविष्यति न वेद्मि तपस्विनी सा।।[47]

अरे मित्र! तुम्हारी तन्वी प्रेमिका का हाल क्या कहूँ? जब उसने खिले हुए शेफालिका फूलों को देखा, तब बड़ी कठिनता से प्राण धारण किया, किन्तु इस समय मुर्गे की ध्वनि को सुनकर, कहा नहीं जा सकता है, उसकी क्या स्थिति होगी।

विश्वनाथ महापात्र के उपर्युक्त श्लोक में नायिका की मरणासन्न दशा का चित्रण हुआ है। इसमें कहा गया है कि रात्रि में तो नायिका प्रिय से मिलन की आशा में किसी

तरह जीवन धारण किए रही, लेकिन जब उसने मुर्गे की आवाज़ सुनकर यह जान लिया होगा कि अब प्रातःकाल हो गया है तो पता नहीं अब उसकी क्या स्थिति हो गयी होगी, अर्थात् सम्भवतः वह अब जीवित नहीं होगी। तथा-

रोलम्बाः परिपूरयन्तु हरितो झकांरकोलाहलै-
र्मन्दं मन्दमुपैतु चन्दनवनीजातो नभस्वानपि।
माद्यन्तः कलयन्तु चूतशिखरे केलीपिकाः पञ्चमं
प्राणाः सत्वरमश्मसारकठिना गच्छन्तु गच्छन्त्वमी।।[48]

भौंरे अपने मधुर कूजन से दिशाओं को भर दें, मलयानिल के मन्द झोंके चारों ओर विद्यमान हो जाएं, आम्र-मंजरी की सुगन्धि से मतवाले कोयल पञ्चम स्वर में कूक उठें और पत्थर से भी कठोर मेरे प्राण, जितनी जल्दी हो, मुझे छोड़कर चले जायें।

उपर्युक्त श्लोक में आचार्य विश्वनाथ ने ऐसे प्रेमी का वर्णन किया है, जिसका प्रिय जब उसको मिल नहीं पाता है तो वह प्रेमी अन्ततः अपनी मृत्यु को वरण करने की अभिलाषा प्रकट करता है। प्रत्युज्जीवन रूप जिस तीसरे प्रकार की मरणदशा का संकेत शास्त्रकारों ने किया है उस पर विचार करते हुए आचार्य विश्वनाथ ने कहा है कि कादम्बरी के महाश्वेता और पुण्डरीक के वृतान्त में यह प्रकार परिलक्षित होता है, किन्तु इसे करुणविप्रलम्भ के अन्तर्गत ही रखा जा सकता है-कादम्बर्या महाश्वेतापुण्डरीकवृत्तान्ते। एष च प्रकारः करुणविप्रलम्भविषय इति।[49]

आचार्य रुद्रट ने भी प्रत्युज्जीवन-रूप मरणदशा को स्वीकार किया है, किन्तु उन्होंने इसके लिए प्रख्यात कथा को आधार माना है। ऐसी स्थिति में कादम्बरी में आने वाली कथा में इसका वर्णन उचित नहीं माना जायेगा, क्योंकि कादम्बरी की कथा प्रख्यात नहीं है, अपितु वह उत्पाद्य है।

यहाँ भरतमुनि, रुद्रट, आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त, धनञ्जय, भोजराज, मम्मट, हेमचन्द्र, विश्वनाथ कविराज, शिंगभूपाल एवं पण्डितराज जगन्नाथ के शृंगार एवं करुण रस से सम्बद्ध मतों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि करुणविप्रलम्भ शृंगार रस का भेद है। अतः यह रतिस्थायिमूलक है तथा करुण रस शोकस्थायिमूलक है। करुणविप्रलम्भ प्रवृत्तिमूलक सापेक्षभाव है और करुण निवृत्तिमूलक निरपेक्षभाव है।

अभिनवगुप्त का स्पष्ट अभिमत है कि शृंगार के अनन्तर नियमतः करुण होता है। वे कहते हैं-

शृंगारानन्तरं नियमेन करुणः।
रतिप्रलापेषु च शृंगार एव करुणस्य जीवितम्-

'हृदये वससीति मत्प्रियं यदवोचस्तदवैमि कैतवम्।
उपचारपदं न चेदिदं त्वमनंग कथमक्षता रतिः।।'
इत्याद्युक्तिषु[50]

कुमारसम्भव, 49

अर्थात् कुमारसम्भव में रति के प्रलाप में श्रृंगार ही करुण रस का जीवित है, प्राण है। यथा- ''हे दयित! 'तुम मेरे हृदय में रहती हो', इस प्रकार का प्रियवचन तो तुमने कहा था, उसे मैं कपट (छल) समझती हूं। यदि उपचारमात्र न होता तो तुम तो जलकर अंगहीन (अनंग) हो गये और तुम्हारे हृदय में वास करने वाली रति अक्षत कैसे रहती?'' यहां पर श्रृंगार रस के आधार पर ही करुण रस की उत्पत्ति हो रही है।

यहाँ हमने अभिनवगुप्त का मत प्रस्तुत किया, किन्तु हमारी विनम्र सम्मति में यहाँ भी करुणविप्रलम्भ का संकेत स्वीकार किया जा सकता है।

अब तक प्रस्तुत विवेचन के आधार पर कुमारसम्भव का रतिविलाप तथा रघुवंश का अजविलाप करुणविप्रलम्भ के श्रेष्ठ निदर्शन हैं। रतिविलाप तथा अजविलाप में अनेक कामदशाओं का सुष्ठु निरूपण हुआ है, जिसका विस्तरेण उल्लेख यहाँ प्रसंगप्राप्त है।

रतिविलाप

प्रलाप कामदशा

1. अथ सा पुनरेव विह्वला वसुधालिंगनधूसरस्तनी।
   विललाप विकीर्णमूर्धजा समदुःखामिव कुर्वती स्थलीम्।।
2. उपमानमभूद्विलासिनां कारणं यत्तव कान्तिमत्तया।
   तदिदं गतमीदृशीं दशां न विदीर्ये कठिनाः खलु स्त्रियः।।
3. क्व नु मां त्वदधीनजीवितां विनिकीर्य क्षणभिन्नसौहृदः।
   नलिनीं क्षतसेतुबन्धनो जलसंघात इवासि विद्रुतः।।
4. कृतवानसि विप्रियं न मे प्रतिकूलं न च ते मया कृतम्।
   किमकारणमेव दर्शनं विलपन्त्यै रतये न दीयते।।
5. स्मरसि स्मर मेखलागुणैरुत गोत्रस्खलितेषु बन्धनम्।
   च्युतकेशरदूषितेक्षणान्यवतंसोत्पलताडनानि वा।।
6. हृदये वससीति मत्प्रियं यदवोचस्तदवैमि कैतवम्।
   उपचारपदं न चेदिदं त्वमनंग कथमक्षता रतिः।।[51]

तब तो वह रति अत्यन्त विह्वल होकर धरती पर लोटने लगी, जिससे उसके स्तन धूलि से धूसरित हो उठे। वह अपने बालों को बिखेर कर विलाप करने लगी और इस

प्रकार उसके विलाप से वह वनस्थली भी उसके इस दु:ख में समान दु:ख वाली-सी बन गयी। अपने अनुपम सौन्दर्य के कारण तुम्हारा जो शरीर विलासी पुरुषों का उपमान बना हुआ था, उसकी आज ऐसी दयनीय दशा हो गयी है और मेरा हृदय फिर भी नहीं फट रहा है। हाय! सचमुच स्त्रियां बड़ी कठोर होती हैं। हे प्रियतम, जैसे जल का प्रवाह बांध टूट जाने पर कमलिनी को छोड़कर भाग खड़ा होता है, उसी प्रकार तुम्हारे सहारे जीवन बिताने वाली मुझको छोड़कर और पल-भर में ही स्नेह का नाता तोड़कर तुम कहां चले गये हो ? हे प्रियतम, तुमने मुझे अप्रसन्न करने वाला कोई कार्य नहीं किया और न मैंने ही तुम्हारे प्रतिकूल कोई आचरण क्रिया। तब फिर बिना किसी कारण के ही बिलखती हुई इस रति को तुम अपना दर्शन क्यों नहीं दे रहे हो। हे स्मर, एक बार तुमने मेरे सामने भूल से किसी अन्य स्त्री का नाम ले लिया था, जिस पर मैंने प्रणय-कोप करके तुम्हें अपनी मेखला से बांध दिया था और अपने कर्णाभूषण कमल से तुम्हारे मुख में ताडन किया था, जिससे उस कमल का पराग तुम्हारी आंखों में पड़ गया था और तुम्हारी आंख दुखने लगी थी। कहीं उसी प्रसंग को याद करके तो तुम नहीं रूठे हुए हो। तुम (कामदेव) कहा करते थे कि तुम (रति) मेरे हृदय में निवास करती हो। मैं अब समझ रही हूं कि यह तुम्हारा छल था। यदि ऐसा न होता तो यह कैसे सम्भव था कि तुम्हारे भस्मशेष हो जाने पर भी मैं (रति) कैसे इस प्रकार जीवित बची रहती।

उपर्य्युद्धृत सभी पद्य कामदेव के हरकोपानल से भस्म हो जाने पर रति की विलाप कामदशा के निदर्शक हैं। *कुमारसम्भव* के प्राय: सम्पूर्ण चतुर्थ सर्ग में यह तथा मरण कामदशा निरूपित हैं। इस सर्ग के पद्यों में विलाप या प्रलाप कामदशा तभी मानी जा सकती है जब यहां करुणविप्रलम्भ शृंगार की स्थिति मानी जाये। आचार्य अभिनवगुप्त, भोजराज, आचार्य विश्वनाथ एवं शिगंभूपाल द्वारा निरूदष्ट परिभाषाओं तथा निर्देशों के अनुसार रतिविलाप करुणविप्रलम्भ का पोषक है और वहाँ वर्णित रतिदशा करुणविप्रलंभ के अन्तर्गत होने वाली कामदशाओं में से विलाप या प्रलाप दशा है :

7. रजनीतिमिरावगुण्ठिते पुरमार्गे घनशब्दविक्लवा:।
वसतिं प्रिय कामिनां प्रिया- स्त्वदृते प्रापयितुं क ईश्वर:।।
8. अलिपंक्तिरनेकशस्त्वया गुणकृत्ये धनुषो नियोजिता।।
विरुतै: करुणस्वनैरियं गुरुशोकामनुरोदितीव माम्।।
9. प्रतिपद्य मनोहरं वपु: पुनरप्यादिश तावदुत्थित:।
रतिदूतिपदेषु कोकिलां मधुरालापनिसर्गपण्डिताम्।।
10. रचितं रतिपण्डित त्वया स्वयमङ्गेषु ममेदमार्तवम्।
ध्रियते कुसुमप्रसाधनं तव तच्चारु वपुर्न दृश्यते।।[52]

वर्षाकाल में रात के सघन अन्धकार से ढके हुए नगर के मार्गों पर चलती हुई एवं मेघगर्जन को सुनकर भयभीत अभिसारिकाओं को अब उनके प्रियतमों के घरों तक पहुंचाने की सहायता तुम्हारे बिना कौन कर सकेगा। यह काले भ्रमरों की पंक्ति, जिसे तुमने पहले अनेक बार अपने धनुष की डोरी के स्थान पर प्रयुक्त किया था, इस समय अपने करुणाजनक स्वर में मुझ अत्यन्त शोकवाली हतभागिनी के साथ रो-सी रही है। अब तुम फिर एक बार उठकर अपना वही मनोहर शरीर धारण कर लो और सुमधुर कूजन में स्वभाव से ही निपुण इस कोकिला को आदेश दो कि यह प्रेमियों के मध्य रति की दूती का कार्य सम्पन्न करे। हे रतिपण्डित कामदेव, तुमने स्वयम् अपने हाथों से इन वसन्त ऋतु के पुष्पों द्वारा मेरा शृंगार किया था। मैं तो अब भी उन पुष्पाभरणों को धारण किए हुए हूँ, किन्तु तुम्हारा वह कमनीय शरीर नहीं दिखाई पड़ रहा है।

उपर्युद्धृत सभी पद्य कामपत्नी रति की विलाप कामदशा के स्पष्ट निदर्शक हैं। कालिदास ने कामदेव के शिव द्वारा भस्मीभूत कर दिये जाने पर रति के जिस विलाप को अपनी चातुरी से उपन्यस्त किया है, वह समग्र संस्कृत साहित्य में अप्रतिम है। यद्यपि यहाँ आलम्बन (कामशरीर) नष्ट हो चुका है, किन्तु जिस प्रकार के भावों का उद्रेक रति में हो रहा है, वह पूर्णरूपेण उसकी कामदशा को ही अभिव्यञ्जित करता है। इसलिए रतिविलाप में विप्रलम्भ शृंगार के चतुर्थ भेद करुणविप्रलम्भ की ही अवस्थिति मानी जायेगी। जैसा कि अभिनवगुप्त, भोजराज, विश्वनाथ तथा शिंगभूपालप्रभृति आचार्यों द्वारा प्रदत्त करुणविप्रलम्भ की परिभाषा तथा विवेचन से स्पष्ट है :

11. तमवेक्ष्य रुरोद सा भृशं स्तनसंबाधमुरो जघान च।
स्वजनस्य हि दुःखमग्रतो विवृतद्वारमिवोपजायते।।
12. इति चैनमुवाच दुःखिता सुहृदः पश्य वसन्त स्थितम्।
तदिदं कणशो विकीर्यते पवनैर्भस्म कपोतकर्बुरम्।।
13. अयि संप्रति देहि दर्शनं स्मर पर्युत्सुक एष माधवः।
दयितास्वनवस्थितं नृणां न खलु प्रेम चलं सुहृज्जने।।
14. अमुना ननु पार्श्ववलृतना जगदाज्ञां ससुरासुरं तव।
बिसतन्तुगुणस्य कारितं धनुषः पेलवपुष्पपत्त्रिणः।।
15. गत एव न ते निवर्तते स सखा दीप इवानिलाहतः।
अहमस्य दशेव पश्य मामविषह्यव्यसनेन धूमिताम्।।
16. विधिना कृतमर्धवैशसं ननु मां कामवधे विमुञ्चता।।
अनपायिनि संश्रयद्रुमे गजभग्ने पतनाय वल्लरी।।[53]

रति वसन्त को देख छाती पीटती हुई और जोर से रुदन करने लगी। अपने सामने इष्ट बन्धुजनों को देखकर दुःख का द्वार खुल-सा जाता है। दुःख से भरी रति वसन्त को

सम्मुख उपस्थित देखकर बोली-हे वसन्त, देखो तो तुम्हारे प्रिय मित्र की यह क्या दशा हो गयी ? कबूतर के समान रंग वाली कामदेव के शरीर की इस भस्म को वायु कण-कण करके इधर-उधर बिखेर रहा है। हे कामदेव, तुम्हारा यह प्रिय सखा वसन्त तुम्हारे दर्शन के लिए उत्सुक है, अत: अब तो दर्शन दो। पुरुषों का प्रेम अपनी स्त्रियों में भले ही सुदृढ़ न हो, किन्तु अपने मित्रों के साथ तो अचल ही होता है। तुम्हारे निकट रहने वाले तुम्हारे इसी सखा ने तो देवों तथा असुरों सहित समस्त संसार को तुम्हारे कमलनाल की प्रत्यञ्चा तथा कोमल पुष्पों के बाण वाले धनुष का आज्ञाकारी बनाया था। हे वसन्त, तुम्हारा यह मित्र कामदेव वायु से बुझाये गये दीपक की भाँति अब वापस नहीं आने वाला है, मैं तो उस दीपक की बत्ती के समान हूँ जो अब इस असहनीय विपत्ति के शोकरूपी धूम को उगल रही हूँ। मुझे छोड़कर मेरे अर्द्धांग पति की हत्या कर दैव की प्रतिहिंसा केवल आधी सफल हुई, किन्तु हाथी ने जब आश्रयभूत वृक्ष को ही नष्ट कर दिया तब उसकी आश्रित लता भी अवश्य ही नाश को प्राप्त होगी।

उपरि निर्दिष्ट सभी पद्य कामपत्नी रति की अनेकविध विलाप (प्रलाप) कामदशा के ही अभिव्यञ्जक हैं। इन सभी पद्यों में कामदशा की अवस्थिति मानने के लिए यह आवश्यक है कि सम्पूर्ण रतिविलाप में विप्रलम्भ शृंगार के चतुर्थ भेद करुणविप्रलम्भ के अभिव्यञ्जन को स्वीकार किया जाये। अभिनवगुप्त, भोजराज, शिंगभूपाल तथा विश्वनाथ प्रभृति आचार्यों के मतों को देखते हुए हमें यह समीचीन प्रतीत होता है कि कुमारसम्भव का रतिविलाप करुणविप्रलम्भ का श्रेष्ठ निदर्शन है और यहाँ वर्णित रति की सभी कामदशाएँ उसी करुणविप्रलम्भ के अन्तर्गत स्थित मानी जानी चाहिए।

मरण

मरण कामदशा का निरूपण प्राय: तीन प्रकार से किया जाता है-1. मरण की हार्दिक अभिलाषा के रूप में; 2. मरणासन्न दशा के रूप में एवं 3. प्रत्युज्जीवनरूप मरणदशा के रूप में। इन तीनों ही रूपों में मरण कामदशा का उपनिबन्धन रतिविलाप में हुआ है। रतिविलाप के प्रसिद्ध पद्य 'हृदये वससीति...' को लक्ष्य कर आचार्य अभिनवगुप्त का मत 'रतिप्रलापेषु च शृंगार एव करुणस्य जीवितम्'[54] अत्यन्त सामीचीन है तथा वह सम्पूर्ण रतिविलाप में घटित होता है। इस प्रकार आचार्य अभिनवगुप्त के मतानुसार भी रतिविलाप में करुणविप्रलम्भ का सुष्ठु अभिव्यञ्जन हुआ है। भोजराज, विश्वनाथ महापात्र एवं शिंगभूपाल प्रभृति प्रसिद्ध आचार्यों द्वारा प्रदत्त परिभाषाओं और विवेचनों के आधार पर भी रतिविलाप करुणविप्रलम्भ का निदर्शन है।

1. परलोकनवप्रवासिन: प्रतिपत्स्ये पदवीमहं तव।
   विधिना जन एष वञ्चितस्त्वदधीनं खलु देहिनां सुखम्।।

2. अहमेत्य पतङ्गवर्त्मना पुनरङ्काश्रयणी भवामि ते।
चतुरैः सुरकामिनीजनैः प्रिय यावन्न विलोभ्यसे दिवि।।
3. मदनेन विनाकृता रतिः क्षणमात्रं किल जीवितेति मे।
वचनीयमिदं व्यवस्थितं रमण त्वामनुयामि यद्यपि।[55]

तुम अभी-अभी परलोक गये हो और मैं भी अभी उसी मार्ग पर आने वाली हूँ, जिससे तुम गये हो। विधाता ने मुझे उस क्षण मूर्च्छित करके बड़ी वञ्चना की अन्यथा मैं भी तुम्हारे साथ ही चलती, क्योंकि संसार के समस्त प्राणियों का सुख तो तुम्हारे ही हाथ में था। चतुर अप्सराएँ स्वर्ग में तुम्हें मोहित करेंगी उसके पूर्व ही मैं अग्नि में प्रवेश कर तुम्हारे समीप तुम्हारा अनुगमन कर रही हूँ तथापि वह लोकापवाद तो बन ही गया कि कामदेव के बिना भी रति कुछ क्षणों तक जीवित बची ही रही।

उपर्य्युद्धृत सभी पद्य रति की मरण की हार्दिक अभिलाषा-रूप अन्तिम कामदशा के व्यञ्जक है। पतिव्रता मदनवधू रति अपने प्रियतम का परलोक में भी अनुगमन करने के लिए तत्पर हैं। अपने विरहदुःखातिशय से वह यह भूल जाती है कि कामदेव भी दिव्ययोनि के हैं और रति स्वयं भी दिव्य है तभी तो वह कहती है कि स्वर्ग में अप्सराएं जब तक तुम्हें विलुब्ध न कर पायें, उसके पहले मैं तुम्हारे पास आती हूँ। यह भी संभव है कि रति किसी उच्चतर लोक का संकेत कर रही हो, किन्तु किसी भी स्थिति में वह मरण के लिए समुत्कण्ठित है, जिससे कामदेव के साथ उसका समागम हो। अतएव, यहां मरण कामदशा उपन्यस्त है।

4. तदिदं क्रियतामनन्तरं भवता बन्धुजनप्रयोजनम्।
विधुरां ज्वलनातिसर्जनान्ननु मां प्रापय पत्युरन्तिकम्।।
5. शशिना सह याति कौमुदी सह मेघेन तडित्प्रलीयते।
प्रमदाः पतिवर्त्मगा इति प्रतिपन्नं हि विचेतनैरपि।।
6. अमुनैव कषायितस्तनी सुभगेन प्रियगात्रभस्मना।
नवपल्लवसंस्तरे यथा रचयिष्यामि तनुं विभावसौ।।
7. कुसुमास्तरणे सहायतां बहुशः सौम्य गतस्त्वमावयोः।
कुरु संप्रति तावदाशु मे प्रणिपाताञ्जलियाचितश्चिताम्।।
8. तदनु ज्वलनं मदर्पितं त्वरयेर्दक्षिणवातवीजनैः।
विदितं खलु ते यथा स्मरः क्षणमप्युत्सहते न मां विना।।
9. इति चापि विधाय दीयतां सलिलस्याञ्जलिरेक एव नौ।
अविभज्य परत्र तं मया सहितः पास्यति ते स बान्धवः।।[56]

इसलिए हे वसन्त! इसके बाद तुम अपने मित्र का यह कार्य करो कि मुझ पतिविहीना के लिए अग्नि प्रज्वलित करके तुम मुझे पति के समीप तक पहुँचा दो।

चाँदनी चन्द्रमा के साथ अस्त हो जाती है और बिजली मेघ के साथ ही विलीन हो जाती है। यह तथ्य तो अचेतन भी समझते हैं कि स्त्रियों को अपने पति के मार्ग का ही अनुगमन करना होता है। अपने प्रियतम की इस उत्तम भस्म से अपने स्तनों को रंग कर मैं नूतनपल्लवों से रचित शय्या के समान धधकती हुई चिता की अग्नि में प्रवेश करूंगी। हे सौम्य! तुम हम दोनों के सुरत-समय में भी पुष्पशय्यादि प्रस्तुत कर सहायता करते थे। मैं हाथ जोड़कर तुमसे प्रार्थना कर रही हूँ कि तुम आज मेरे लिए शीघ्र ही चिता का निर्माण कर दो। जब चिता की अग्नि में मैं कूद पड़ूं तो तुम उसे दक्षिण की वायु चलाकर शीघ्र धधका देना, क्योंकि तुम्हें यह तो ज्ञात ही है कि कामदेव मेरे बिना क्षण-भर के लिए भी नहीं रह सकते। यह सब कर देने के बाद तुम हम दोनों को एक जलाञ्जलि देना, क्योंकि तुम्हारे मित्र कामदेव परलोक में तुम्हारे दिए इस जल को बिना बांटे मेरे साथ पीयेंगे।

उपरिनिर्दिष्ट सभी पद्य पतिवर्त्मगा पतिव्रता मदनभार्या रति के मरण की हार्दिक अभिलाषा-रूप मरण कामदशा के स्पष्ट निदर्शक हैं। पतिव्रता की परिभाषा के लिए मल्लिनाथ निम्नांकित स्मृति को उद्धृत करते हैं-

आर्तार्ते मुदिते हृष्टा प्रोषिते मलिना कृशा।
मृते म्रियेत या पत्यौ सा स्त्री ज्ञेया पतिव्रता।।[67]

वैसे तो सम्पूर्ण रतिविलाप अद्भुत है, किन्तु 'शशिना सह याति कौमुदी' इस पद्य को उच्च कल्पना एवं काव्यात्मक चारुता के कारण विशिष्ट महत्त्व प्राप्त है। इस पद्य से मिलता-जुलता भाव रघुवंश में द्रष्टव्य है-

शशिनं पुनरेति शर्वरी दयिता द्वन्द्वचरं पतत्रिणम्।[68]

मदनवधू रति चिता को नूतनपल्लवरचित शय्या-सरस-किसलयशयनीय मान रही है जहाँ बैठकर उन्हें प्रियतम-सान्निध्य शीघ्र सुलभ होगा। इस भाव से विपरीत भाव की कल्पना रघुवंश में उपलब्ध है-

नवपल्लवसंस्तरेऽपि ते मृदु दूयेत यदंगमर्पितम्।
तदिदं विषहिष्यते कथं वद वामोरु! चिताधिरोहणम्।।[69]

रति कामसखा वसन्त से प्रार्थना करती है कि वह काम और रति उन दोनों के लिए एक ही जलाञ्जलि द्वारा तर्पण करे, क्योंकि उन दोनों को साथ ही पान एवं भोजन सदैव अभीष्ट था जैसा टीकाकर वल्लभदेव स्पष्ट लिखते हैं-

आवयोर्हि सहपानभोजनं सदैवेष्टम्। पृथग्दानेन तु तद्दुर्घटम्।[70]

10. तदिदं परिरक्ष शोभने भवितव्यप्रियसंगमं वपुः।
रविपीतजला तपात्यये पुनरोधेन हि युज्यते नदी।।
11. इत्थं रतेः किमपि भूतमदृश्यरूपं मन्दीचकार मरणव्यवसायबुद्धिम्।
तत्प्रत्ययाच्च कुसुमायुधबन्धुरेनामाश्वासयत्सुचरिताऽर्थपदैर्वचोभिः।।[61]

हे सुन्दरि! तुमको प्रियसंगम अवश्य प्राप्त होगा। अतः तुमको इस शरीर की रक्षा प्रिय-समागम के लिए ही करनी चाहिए। अपने शरीर को त्याग कर भविष्य के प्रियसंगमोत्सव से वंचित न बनो। जो नदी ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की किरणों से शोषित होकर जलहीन हो जाती है, वही नदी पुनः वर्षा ऋतु में जल से भर जाती है। इस प्रकार, न जाने किस अदृश्य तत्त्व ने आकर रति के शरीर त्यागने के संकल्प को शिथिल कर दिया और उसी दैववाणी पर विश्वास स्थापन कर कामसखा वसन्त भी युक्तिपूर्ण वचनों द्वारा अपनी बन्धुस्त्री रति को आश्वासन देने लगा। ये दोनों पद्य भी रति की मरण कामदशा के अभिव्यञ्जक हैं। यद्यपि रति मरण की हार्दिक अभिलाषा रखती है, किन्तु आकाशवाणी सुनकर अपने शरीर-त्याग के संकल्प से विरत होती है। यहाँ प्रकारान्तर से कामदेव के प्रत्युज्जीवन का भी संकेत है। रति के लिए 'शोभने!' सम्बोधन उसके भावी सौभाग्य-लाभ का द्योतक है।

12. विधिना कृतमर्धवैशसं ननु मां कामवधे विमुञ्चता।
अनपायिनि संश्रयद्रुमे गजभग्ने पतनाय वल्लरी।।[62]

काम का वध करते समय क्रूर दैव ने मुझ अर्धांगिनी को जीवित छोड़कर वध का केवल अधूरा कार्य किया है, किन्तु विश्वासपूर्वक आश्रय देने वाले वृक्ष के हाथी द्वारा तोड़ दिये जाने पर उस पर आश्रित लता तो अवश्य ही गिरकर नष्ट हो जाती है। तात्पर्य यह है कि काम के मृत्यु को प्राप्त करने पर कामस्त्री का भी मरण अवश्यंभावी है। यहां रति की मरणासन्नदशा-रूप मरण कामदशा उपन्यस्त है। क्रूर दैव का अर्धवैशसम्-वध का अधूरा कार्य *रघुवंश* में भी द्रष्टव्य है जहां क्रूर विधाता इन्दुमती को समाप्त कर देते हैं तथा अज जीवित रहते हैं-

13. अथवा मम भाग्यविप्लवादशनिः कल्पित एष वेधसा
यदनेन तरुर्न पातितः क्षपिता तद्विटपाश्रिता लता।।[63]
इति देहविमुक्तये स्थितां रतिमाकाशभवा सरस्वती।
शफरीं हृदशोषविक्लवां प्रथमां वृष्टिरिवान्वकम्पयत्।।
कुसुमायुधपत्नि दुर्लभस्तव भर्ता न चिराविष्यति।
शृणु येन स कर्मणा गतः शलभत्वं हरलोचनार्चिषि।।

15. अथ मदनवधूरुपप्लवान्तं व्यसनकृशा परिपालयांबभूव।
शशिन इव दिवातनस्य लेखा किरणपरिक्षयधूसरा प्रदोषम्।।[64]

इस प्रकार, जब अपना शरीर त्यागने के लिए रति तैयार हो रही थी तब अकस्मात् आकाशवाणी हुई, जिससे रति को उसी प्रकार शान्ति प्राप्त हुई, जिस प्रकार सरोवर के सूखने से विह्वल शफरी को प्रथम वृष्टि से शान्ति मिलती है। हे कामप्रिये! तुम्हारा पति तुम्हारे लिए शीघ्र ही दुर्लभ नहीं रहेगा अर्थात् वह शीघ्र ही तुम्हें प्राप्त होगा। वह किसलिए शिव के नेत्र की अग्नि में शलभ की भाँति जल कर भस्म हुआ है, उसका कारण सुनो। इसके अनन्तर पतिवियोग के दुःख से कृशांगी रति शाप की अवधि के समाप्त होने की उसी प्रकार प्रतीक्षा करने लगी, जिस प्रकार दिन में निकले हुए चन्द्रमा की किरणों के अभाव से धुंधली एवं तेजोविहीन कला रात्रि के आगमन की प्रतीक्षा किया करती है।

उपरिनिर्दिष्ट सभी पद्यों में मरण कामदशा निरूपित है। यहां प्रत्युज्जीवन-रूप तृतीय प्रकार की मरण दशा का स्पष्ट संकेत है। यहाँ आचार्य विश्वनाथ महापात्र तथा रुद्रट द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार प्रत्युज्जीवन रूप मरणदशा विद्यमान है।

यहाँ रतिविलाप से मरणकामदशाबोधक पन्द्रह उद्धरण दिये गये जो करुण विप्रलम्भ के अन्तर्गत विद्यमान रति की कामदशा के अभिव्यञ्जक हैं। यहाँ मरण कामदशा के तीनों प्रकारों का निरूपण उपलब्ध है।

अजविलाप

अनुस्मृति कामदशा

तव निःश्वसितानुकारिभिर्बकुलैरर्धचितां समं मया।
असमाप्य विलासमेखलां किमिदं किन्नरकण्ठि! सुप्यते।।[65]
(तव निःश्वसितानुवादिभिर्बकुलैरर्धचितां समं मया।
असमाप्य विकल्पमेखलां किमिदं किन्नरकण्ठि! सुप्यते।।)[66]

हे किन्नर के समान मधुरकण्ठवाली इन्दुमति! सुगन्धि में तुम्हारे निःश्वास की अनुकरण करने वाले इन मौलसिरी के पुष्पों से, मेरे साथ आधी गुंथी हुई विलास-मेखला को बिना पूरा किये हुए ही तुम क्यों सो गयी हो। इस पद्य की टीका में श्रीमदरुणगिरिनाथ लिखते हैं-

तवेति। निश्वसितानुवादिभिः निश्वाससमानगन्धैरित्यर्थः। समं सह। विकल्पमेखलां कादाचित्कमेखलाम्। किन्नरकण्ठीति। मेखलारचनसमये यत् बकुलकुसुम प्रशस्तिगानं तदनुस्मरणात् सम्बोधनमिति दक्षिणावर्तः।[67]

इस पद्य की टीका में अरुणगिरिनाथ, जो टीकाकार दक्षिणावर्तनाथ का मत उद्धृत करते हैं, वह प्रशस्त है। महाराज अज अपनी प्रिय भार्या इन्दुमती, जो वास्तव में हरिणी नामक अप्सरा थीं और शापवशात् धरती पर आकर इन्दुमती बनीं, के साथ कभी-कभी सुरभित बकुल पुष्पों से उनके लिए विलास-मेखला की रचना करते थे। उस समय वे बकुल पुष्पों की प्रशंसा में गान भी किया करती थीं। इसीलिए, उस समय का स्मरण करते हुए महाराज अज यहाँ इन्दुमती के लिए 'किन्नरकण्ठि' सम्बोधन का साकूत प्रयोग कर रहे हैं। इन्दुमती वास्तव में सुमधुर कण्ठ की स्वामिनी थीं, क्योंकि वह वस्तुतः मानुषी स्त्री न होकर हरिणी नामक देवांगना थीं और देवयोनि की होने के कारण उनके कण्ठ का सुमधुर होना स्वाभाविक था। अतः यहां अजगत अनुस्मृति कामदशा सुन्दर रूप से विराजमान है।

विलाप कामदशा

2. मदिराक्षि! मदाननार्पितं मधु पीत्वा रसवत्कथं नु मे।
अनुपास्यसि बाष्पदूषितं परलोकोपनतं जलाञ्जलिम्।।[68]

हे मत्तनयने! (इन्दुमति!) मेरे द्वारा पहले पी गयी स्वादिष्ठ मदिरा को पीकर तुम अब मेरे अश्रुओं से दूषित तथा परलोक में प्राप्त तिलयुक्त जलाञ्जलि का पान किस प्रकार कर सकोगी। यहाँ अज की विलाप दशा निरूपित है। यहाँ विलाप कामदशा तभी मानी जा सकती है जब अजविलाप में करुणविप्रलम्भ की अवस्थिति मानी जाय। इन्दुमती के लिए प्रयुक्त 'मदिराक्षि' सम्बोधन की विविध टीकाकारों ने अनेक प्रकार से व्याख्या की है। चारित्रवर्धन के अनुसार इन्दुमती पद्मिनी नायिका थीं, अतएव उनके नयन हर्षदायक थे तथा प्रान्तरक्त थे-

मदिरे हर्षदायिनी प्रान्तशोणे वा पद्मिनीजातित्वादक्षिणी नेत्रो यस्यास्तत्सम्बुद्धौ।[69]

टीकाकार हेमाद्रि के अनुसार इन्दुमती मदिरा नामक दृष्टिप्रकार से सम्पन्न थीं-

मदिराभिधमक्षि दृष्टिर्यस्याः सा तत्सम्बोधनं यथा संगीतकलिकायाम्-
स्निग्धार्द्धमुकुला कान्ता लम्भिता मदिरा तथा।
पञ्चैवात्र प्रतिज्ञाताः शौर्यादित्येन दृष्टयः।।
सौष्ठवेनापरित्यक्ता स्मेरापांगमनोहरा।
वेपमानान्तरा दृष्टिर्मदिरा परिकीर्तिता।।इति।[70]

जडता एवं मूर्च्छा कामदशा

1. स तथेति विनेतुरुदारमतेः प्रतिगृह्य वचो विससर्ज मुनिम्।
तदलब्धपदं हृदि शोकघने प्रतियातमिवान्तिकमस्य गुरोः।।[71]

इन्दुमती विरह-व्यथित राजा अज का हृदय गाढ़ शोक से आपूरित है, जिसके कारण शब्दत: तो वे गुरु वसिष्ठ का उपदेश ग्रहण कर लेते हैं, किन्तु शोकसान्द्र उनके हृदय में वह उपदेश स्थान ग्रहण नहीं कर पाता। वस्तुत: राजा अज की यहाँ हृदयशून्यता अवस्था चित्रित है जो उनकी जड़ता कामदशा को पुष्ट कर रही है। इसी पद्य में व्याधि दशा भी प्रकारान्तर से मानी जा सकती है।

2. वपुषा करणोज्झितेन सा निपतन्ती पतिमप्यपातयत्।
ननु तैलनिषेकबिन्दुना सह दीपार्चिरुपैति मेदिनीम्।।[72]

चेतनाशून्य शरीर से गिरती हुई इन्दुमती ने पति अज को भी गिरा दिया। इन्दुमती के संज्ञाशून्य शरीर के गिरते ही उसे मृत जानकर अज भी मूर्च्छित हो पछाड़ खाकर गिर पड़े। तैलबिन्दु के टपकने के साथ ही दीपक की लौ भी निश्चय ही पृथ्वी को प्राप्त करती है। यहाँ निरूपित अज-दशा प्रकारान्तर से अज की मूर्च्छा कामदशा को व्यञ्जित कर रही है। इन्दुमती के प्रति गाढ़ राग उनकी मूर्च्छा का कारण है।

मरण कामदशा

1. स्रगियं यदि जीवितापहा हृदये किं निहिता न हन्ति माम्।
विषमप्यमृतं क्वचिद्भवेदमृतं वा विषमीश्वरेच्छया।।[73]

(विलाप करते हुए अज कहते हैं) यदि यह माला प्राणों का हरण करने वाली है तो हृदय पर रखी हुई यह मेरे प्राणों का हरण क्यों नहीं कर रही है? ईश्वर की इच्छा से कहीं विष भी अमृत हो जाता है और कहीं अमृत भी विष हो जाता है। मरणोत्सुक अज इन्दुमती के प्राणों का अपहरण करने वाली माला को अपने वक्ष:स्थल पर रख रहे हैं, किन्तु फिर भी उनका प्राणान्त नहीं हो रहा है। यहाँ अज के मरण की हार्दिक अभिलाषा रूप मरण कामदशा अभिव्यञ्जित है। टीकाकार अरुणगिरिनाथ के अनुसार प्रस्तुत पद्य में निर्वेद, मरण, वितर्क तथा मति का क्रमश: उदय निरूपित है। यहाँ मरण से अभिप्राय मरणोद्यम से है।[74]

2. प्रमदामनु संस्थित: शुचा नृपति: सन्निति वाच्यदर्शनात्।
न चकार शरीरमग्निसात्सह देव्या न तु जीविताशया।।[75]

राजा अज परम विद्वान् होकर भी अत्यन्त शोक से प्रिया के पीछे मर गये-इस लोकनिन्दा के भय से ही उन्होंने अपने शरीर को रानी इन्दुमती के शरीर के साथ नहीं जलाया, स्वयं जीवित रहने की इच्छा से नहीं। इन्दुमती के प्रति गाढ़ अनुराग वाले अज इन्दुमती के विरह को सहने में असमर्थ होने से प्राणत्याग कर देते, किन्तु लोकापवाद के भय से तथा नृपति के कर्त्तव्यों के पालन के प्रति निष्ठावान् होने से उन्होंने वैसा नहीं

किया। यहां भी पूर्वोक्त पद्य की भांति मरण की हार्दिक अभिलाषा रूप मरण कामदशा निरूपित है। इस पद्य की अतिसुन्दर व्याख्या टीकाकार अरुणगिरिनाथ ने प्रस्तुत की है-

> कथं तथाविधप्रेमातान्नानुमृतवानित्याह-प्रमदामिति। अनुसंस्थितः अनुमृतः। वाच्यदर्शनात् अपवादपर्यालोचनया। अयं भावः-अनुमरणलक्षण आत्मत्याग एव पापीयान्। ततोऽपि शुचा, धैर्यावसादप्रथनात्। तत्रापि प्रमदानिमित्तिकः रागान्धताख्यापनात्। विशेषतो नृपतेः, यतस्तदपाये लोकयात्रोच्छेदः यतश्च प्रजासुखपरतन्त्रेण तेन भवितव्यम्, न तु स्वसुखदुःखाधीनेनेति।[76]

सभी आचार्यों के मतों तथा रतिविलापस्थ एवं अजविलापस्थ कामदशाओं का विवेचन करने के अनन्तर निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि करुणविप्रलम्भ शृंगार के द्वितीय अधिष्ठान विप्रलम्भ का ही एक बहुत सुन्दर एवं हृदयावर्जक भेद है।

संदर्भ

1. *शृंगारप्रकाश*, चतुर्विंश अध्याय
2. *काव्यानुशासन*, 2.30
3. *मेघदूत*, आशाबन्धःकुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानां
   सद्यःपाति प्रणयिहृदयं विप्रयोगे रुणद्धि।।
4. *नाट्यशास्त्र* (डॉ. पारसनाथ द्विवेदी-सम्पादित), षष्ठ अध्याय, पृ. 140
5. *नाट्यशास्त्र*, षष्ठ अध्याय, पृ. 152
6. *काव्यालंकार* (रुद्रट-प्रणीत)-12.5, 6
7. *सरस्वतीकण्ठाभरण*, 5.45
8. *भावप्रकाशन*, 4.57
9. वही, 4.60
10. वही, 4.70
11. *साहित्यदर्पण*, 3.187
12. *रसगंगाधर* (पं. बदरीनाथ झा सम्पादित), पृ. 151
13. *काव्यालंकार*, 14.34
14. *सरस्वतीकण्ठाभरण*, 5.45-46
15. वही, 5.50
16. *नाट्यशास्त्र*, षष्ठ अध्याय, पृ. 152, 154
17. *रसार्णवसुधाकर*, 2.220, पृ. 222
18. *साहित्यदर्पण*, 3.209
19. वही, 3.209 पर वृत्ति
20. *शृंगारप्रकाश* (डॉ. वी. राघवन, अनुवादक डॉ. प्रभुदयालु अग्निहोत्री) पृ. 63
21. *साहित्यदर्पण*, 3.209 पर वृत्ति

22. *करुण रसः सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक उपलब्धियां*, पृ. 190
23. *रसार्णवसुधाकर*, 2.219 पर वृत्ति
24. *रसार्णवसुधाकर*, 2.219, 22 के अनन्तर वृत्ति
25. *शृंगारतिलक*, 2.1, पृ. 44
26. *रसकलिका*, *रसार्णवसुधाकर*, पृ. 275 में उद्धृत
27. *साहित्यदर्पण*, 3.190
28. वही, 3.194 के अनन्तर वृत्ति
29. वही, 3.205, 6
30. *उत्तररामचरित*, 3.44
31. *रसगंगाधर*-प्रथमानन, पृ. 142
32. वही, पृ. 142
33. वही, पृ. 142
34. वही, पृ. 143
35. *नाट्यशास्त्र*, षष्ठ अध्याय, पृ. 141
36. वही, पृ. 145, 146
37. *रघुवंश*, (नन्दार्गीकर सम्पादित) 8.95
38. वही, (अरुणगिरिनाथ टीका सहित, 8.93 तथा प्रकाशित टीका, पृ. 65)
39. वही
40. *ध्वन्यालोक*, 3.20 की वृत्ति
41. *नाट्यशास्त्र*, 24.190, *शृंगार.* 2.27, *नाटक.* पृ. 238, *भा. प्र.*-4. 102, *उज्ज्वल.* - *शृंगारभेद*, 42
42. *उज्ज्वलनीलमणि*, शृंगारभेद, 43
43. *नाट्यशास्त्र*, 24.191, *शृंगार.* 2.28, *नाटक.* पृ. 238, *भा. प्र.*-4.103, *सा. द.* 3.193
44. *शृंगारतिलक*, 2.29, 30
45. दशरूपक, 4.21 पर अवलोक
46. *साहित्यदर्पण*, 3.194
47. वही, तृतीय परिच्छेद, पृ. 236
48. वही
49. वही
50. *नाट्यशास्त्र*, षष्ठ अध्याय, पृ. 114, 15
51. *कुमारसम्भव*, 4.4, 9
52. *कुमारसम्भव*, 4, 11, 15, 16, 18
53. वही, 4, 26, 27, 28, 29, 30, 31
54. *नाट्यशास्त्र*, *अभिनवभारती*, षष्ठ अध्याय, पृ. 115
55. *कुमारसम्भव*, 4.10, 20, 21
56. वही, 4.32, 33, 34, 35, 36, 37

57. वही, 4.33 पर मल्लिनाथ टीका में उद्धृत
58. *रघुवंश*, 8.56
59. वही, 8.57
60. *कुमारसम्भव*, 4.37 पर बल्लभदेव, टीका
61. वही, 4.44, 45
62. वही, 431
63. *रघुवंश*, 8.47
64. *कुमारसम्भव*, 4.39, 40, 46
65. *रघुवंश*, 8.64
66. वही, (अरुणगिरिनाथ, टीका, सहित), 8.62
67. वही, (अरुणगिरिनाथ, टीका, सहित) 8.62 की प्रकाशिका टीका
68. वही, 8.68
69. वही, 68 के नोट्स में उद्धृत, पृ. 763
70. वही, 8.68 के नोट्स में उद्धृत, पृ. 763
71. वही, 8.91
72. *रघुवंश*, 8.38
73. वही, 8.46
74. वही, 8.46 पर अरुणगिरिनाथ, टीका द्रष्टव्य
75. वही, 8.72
76. वही, 8.70 पर अरुणगिरिनाथ, टीका

21

आचार्य अभिनवगुप्तनिरूपित रसप्रक्रिया

दशरथ द्विवेदी

यस्तन्मयान्हृदयसंवदनक्रमेण द्राक् चित्रशक्तिगणभूमिविभागभागी।
हर्षोल्लसत्परविकारजुषः करोति वन्देतमां तमहमिन्दुकलावतंसम्।।

हिरण्यवर्णा, सद्यःस्नाता युवती के समान सुवर्णरथारूढ[1] उषा की मधु-मधुर स्मित से विमुग्ध, निरभ्र प्रसन्न दुग्ध धवल चन्द्रिका वितानतले निष्पन्द, निःशब्द त्रिविष्टप को सुखद विश्राम की निद्रा में निमग्न कराने वाली निशावधू की उद्दाम मादकता से आप्यायित,[2] पुरोहित अग्नि की तपःपूत मृदूच्चण्ड अर्चियों का अनुभवी,[3] समान सुन्दर वृक्षाधिवासी दो सुपर्णों की फल के भोगाभोग से समुत्पन्न सौन्दर्यश्री का द्रष्टा[4] कालक्रम से विष्णु के परम पद में मधूत्स का उत्साही, परमसत्ता के रसस्वरूप - 'रसो वै सः', का भोक्ता, 'आनन्दं ब्रह्म' का अपरिमित सुख लूटने वाला, क्रान्तदर्शी वैदिक कवि रस का कितने समीप से कितनी विविधताओं और कितनी बारीकियों से साक्षात्कार करता था इसकी कल्पना आज के भौतिक प्राणी से केवल अनुमानित हो सकती है, अनुभूत नहीं। चराचर जगत् का विध्वंसी यन्त्र-मानव निषादविद्धाण्डजदर्शनोत्थ[5] शोक के पल्लवांश का भी आस्वाद पा सकेगा क्या? वैविध्यपूर्ण चित्रजगत् में परमसुंदर स्रष्टा से सृष्ट धरती पर सुलभ सुच्छायाम्भोज मकरन्दवत् त्रिवर्ग की धर्मादिपूर्वक ही सेवन करने की ऊर्ध्वबाहु विरावपूर्वक अवधीरित सम्मति से विषण्ण महामति व्यास की-भगवान् वासुदवो हि कीर्त्यतेऽत्र सनातनः - विरसावसान मनोव्यथा की रमणीयता का आनन्द सहजगम्य है क्या? और फिर काल की असीम सीमा में भारतीय सौन्दर्य चेतना की सतत

गतिशील भंगिमा को आचार्य भरतमुनि ने एक दिन में ही पहचान लिया था, सांगोपांग उपन्यस्त कर दिया था, इसकी न कल्पना की जा सकती है न मुनि ने ही स्वीकार किया है। *नाट्यशास्त्र* में इसे स्वयं वह स्वीकार करते हैं। अभिनवगुप्त के वचन भी इसमें प्रमाण हैं[6]। देवों का शान्त[7] चाक्षुष क्रतु नाट्य सार्ववर्णिक पंचमवेद[8] है। वर्तमान *नाट्यशास्त्र* के प्रणेता भरत थे किन्तु रस के आचार्य तो नन्दिकेश्वर ही[9] थे। द्रुहिण, दत्तिल, कोहल आदि आचार्यों के नाम *नाट्यशास्त्र* में सादर उपात्त हैं।[10] स्पष्ट है कि भरतमुनि ने अपने पूर्ववर्ती आचार्यों के मतों की सम्यक् जानकारी प्राप्त की थी, परिशीलन किया था और तब अपने ग्रन्थ का प्रणयन किया था।

नाट्य को रसस्वभाव होना चाहिये।[11] रसस्वभाव होने के कारण ही नाट्य को रस का पर्याय ही माना गया - तेन रस एव नाट्यम्।[12] नाट्यमेव रसः।[13] नाट्यगत समस्त वस्तु रसानुगत होती है। इसीलिये रसों की विवेचना के पूर्व आचार्य ने लिखा - नहि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते।[14] लोक के सुख-दुःखात्मक स्वभाव का भावानुकीर्तन ही नाट्य है।[15] यह नाट्य सभी का विश्रान्तिजनक है।[16] विश्रान्ति की अवस्था आनन्दमयी होती है। सभी रस आनन्दमय होते हैं।[17] नाट्य में साक्षात्कारकल्प अनुभूति होती है। इसीलिए संदर्भों में दशरूपकों को प्रशस्य माना गया है : सन्दर्भेषु दशरूपकं श्रेयः।[18]

प्रकृत में अभिनवाचार्य प्रतिपादित रस का विवेचन अपेक्षित है। मेरी दृष्टि में इस विवेचन के तीन पक्ष हैं (1) भरत (2) भरतेतर आचार्य और (3) अभिनवगुप्त निरूपित रस विचार। द्वितीय पक्ष में उन सभी मतों की समीक्षा अपेक्षित है जो ध्वनि या व्यञ्जनावृत्ति को स्वीकार नहीं करते। ऐसे आचार्यों में अभिधावादी विद्वानों के अतिरिक्त वे आचार्य भी आते हैं जो काव्य में रस की प्रधानता या अलक्षणीयता को स्वीकार करते हैं, पर उसकी अभिव्यञ्जना होती है, नहीं मानते। ऐसे में वक्रोक्तिजीवितकार कुन्तक और अनुमितिवादी शङ्कुक से लेकर महिमभट्ट तक आते हैं। यहाँ आचार्य अभिनवगुप्त के रसस्वरूप पर ही विचार करना समीचीन होगा।

अभिनवगुप्त आनन्दवर्द्धन के अनुयायी हैं। आनन्दवर्द्धन ने ध्वनि को काव्य की आत्मा - काव्यस्यात्मा ध्वनिः, माना और रस, वस्तु, एवं अलंकार त्रिविध प्रधान ध्वनियों में रस को ही प्रधान स्वीकार किया। अलंकार वादियों के अभाव - भक्तिवाद का खण्डन कर आपने अभिधादित्रतयोत्तरवर्ती ध्वनि व्यापार को मानकर रस को सर्वथा व्यंजनावृत्तिगम्य ध्वनि स्वरूप स्वीकार किया। अविवक्षितवाच्य और विवक्षितान्यपरवाच्य ध्वनियों में आपने रस को विवक्षितान्यपरवाच्य ध्वनि के एक भेद असंलक्ष्यक्रम व्यंग्य ध्वनि के रूप में प्रतिष्ठित किया जो - स्वप्नेऽपि न वाच्यः की स्थिति में होता है। *ध्वन्यालोक* की *लोचन* टीका में अभिनवगुप्त ने यथास्थान ध्वनि का समर्थन किया और प्रतिपक्ष मतनिरासपूर्वक रस का निरूपण भी किया। अभिनवगुप्त रस विवेचन में अपने पूर्ववर्ती आचार्यों की भूमिका को नकारते नहीं हैं क्योंकि सोपान तो वही है। आप

की रस विवेचना शैवागम प्रभावित मानी जाती है। दर्शन पर अधिक बल न देते हुए मैं संक्षेप में यहां अभिनवगुप्त की रस-क्रिया का विवेचन करूंगा।

अभिनवगुप्त दशरूपकों में रस को प्रत्यक्षायमान मानते हुए भी काव्य को भी दशरूपकात्मक ही मानते हैं, *अभिनवभारती* के प्रारम्भ में और *नाट्यशास्त्र* के षष्ठ अध्याय की टीका में तथा *लोचन* में भी उन्होंने इस तथ्य को स्वीकार किया है।[19] नाट्य और रस के विषय में अभिनवगुप्त की दृष्टि को जानने के लिये *नाट्यशास्त्र* के द्वितीय अध्याय के प्रारम्भ में उनकी भावना को देखना आवश्यक है।

> *ब्रह्मेव कविः, शक्र इव प्रयोजयिता, भरत इव नाट्याचार्यः कोहलादय इव नटाः, अप्सरस इव सुकुमारोपकरणं, स्वातिरिवानद्धवित्, नारदवद्गीतज्ञः, सुरक्षितो मण्डपः, इन्द्रोत्सव सदृशः प्रयोगकालः, प्रशान्तरागद्वेषादिकाः सामाजिकाः, देवतापूजनपूर्वक प्रयोगः।*[20]

इन पंक्तियों में रसापादनार्थ कवि, प्रयोक्ता, नट, गीतादि विधान, प्रेक्षागृह, प्रयोगावसर और सामाजिक की भूमिका को प्रधानोपकरण माना गया है। इसलिए अभिनवगुप्त के रस विवेचन में इनकी प्रमुख भूमिका है। कवि नाटक एवं काव्य का प्रजापति है। 'शृंगारी चेत्कविः' आदि आनन्दवर्द्धन की उक्ति के अनुसार कवि का रसिक और विदग्ध होना आवश्यक है। रसों की भावना में कवि, नट और सामाजिक तीनों की हृदय व्याप्ति होनी चाहिए। जब तक कवि और नट दोनों में उससे प्रयुज्यामान काव्यादि द्वारा सामाजिक में अपने हृदय में परिव्याप्त रस-विकास[21] से प्रफुल्ल उद्दाम चमत्कार पवित्रता न हो जाय तब तक कोई भी प्रयोग उपादेय नहीं हो सकता।

सोत्साहपरिषदाकृतसम्मानस्य सम्यक् प्रयोगनिष्पत्तिः[22] इत्यादि कथनों द्वारा अभिनवगुप्त ने सामाजिक की भूमिका को भी रसप्रीति में प्रमुख माना है। इसलिए वह बराबर अधिकारी पात्र विमलप्रतिभानहृदयः[23] की चर्चा करते हैं। काव्याभ्यास प्राक्तन पुण्यपरिपाक से जो सहृदय हो जाते हैं, काव्यार्थ की प्रत्यक्ष भावना करने में वे ही समर्थ होते हैं।[24] जो स्वभावतः निर्मलमुकुरहृदय हैं, सांसारिक्रोध-मोहादि से वे सामान्यतः पराभूत नहीं होते, साधाारणीभूत रसनात्मक चर्वणागम्य रसस्वरूप नाट्य उन्हीं को स्फुट होता है। इसलिये रसानुभूति के लिये योग्य प्रमाता या अधिकारी का होना आवश्यक है।

अधिकारी प्रमाता के साथ ही सृजन में लीन अपार काव्यजगत्-प्रजापति कवि का भी प्रजापति समान होना आवश्यक है। वर्णनानिपुण होना ही कविकर्म की इयत्ता है क्योंकि ऐसा कवि स्वयं रस समाहित होता है-कविगतसाधारणीभूतसंविन्मूलश्च काव्यपुरःसरो नटव्यापारः, सैव च संवित् परमार्थतो रसः।[25] जब तक कवि परिपूर्ण घट के समान स्वयं छलकता नहीं तब तक परमार्थ सार का प्रकाशन संभव नहीं-यावत्यपूर्णो न चैतेन तावन्नैव वमत्यमुम्।[26] कविगत साधारणीभाव ही काव्य में, सामाजिक में संक्रान्त होता है। इसमें उसकी प्रतिभा ही प्रधान है। अपूर्ववस्तुनिर्माणक्षमा प्रज्ञा ही प्रतिभा

है। रसावेश की विशदता से परिपूर्ण सुन्दर काव्यनिर्माण की शक्ति ही उसकी विशेषता है। वह प्रतिभा ही परमभट्टारक भगवान् शिव की शक्ति है जिसके उन्मीलन मात्र से क्षण में ही विश्व का उन्मीलन हो जाता है - यदुन्मीलनशक्त्यैव विश्वमुन्मीलति क्षणात्। यही चिति है, आत्मा है। कविप्रतिभा विश्वप्रतिभा का ही एक रूप है। जो शिवस्वरूप उन्हीं का तृतीय नेत्र है।[27] इसलिए विश्व प्रतिभा स्वरूप कवि जब कोई सर्जना करता है तो वह अपूर्व रसाविष्ट शिवात्मक स्वात्मविश्रान्तिस्वभाव स्वतन्त्र शिव-ब्रह्मानन्द स्वरूप होता है जिसमें कवि-नट-श्रोता समानरूप से निमग्न होते हैं-नायकस्य कवेः श्रोतुः समानोनुभवस्ततः। इस प्रकार अभिनवगुप्त के अनुसार रसानुभूति के लिये प्रतिभायुक्त कवि, तन्निर्मित उदात्त रचना और योग्य प्रमाता का होना आवश्यक है।

रस के विषय में अभिनवगुप्त की दार्शनिक पृष्ठभूमि को संक्षेप में *अ.भा.* के आधार पर जान लेना चाहिये। प्रथम तो यह कि शिव स्वयं स्थायी है-स्थायी शिवश्चेतसि तेन वृत्तिः कृता।[28] व्यभिचारिभूत वही स्थायी त्रिनेत्रशिव प्रबुद्ध कवि, तथा नट के हृदय में, आनन्दोन्मुख जन प्रमाता में, अन्तः प्रकाश विभावरूप, महानुभाव रसमात्रमूर्ति, प्रसन्न हृदय प्रकाशित होते हैं।[29] चित्तिशक्ति गणों की भूमि विभाग भाजन वही संवाद क्रम से तन्मय सहृदय जनों को हर्षोल्लसित परमानन्द से युक्त करते हैं। षट्त्रिंशकात्मक जगत् जिनकी आकाशाभास सँचित् का रूप है, स्वयं शब्दार्थ[30] स्वरूप उससे भी परे वह शिव स्वतन्त्र, नित्य, विमर्श, आनन्द,[31] आत्मविश्रान्त स्वभावाह्लाद युक्त है। वह स्वयं रसस्वरूप है। रस ही अभिनवगुप्त का प्रतिपाद्य है। शक्ति, ज्ञान, क्रिया, आनन्द और चित्तिस्वरूपा अपनी पांच प्रमुखशक्तियों से वह नाना क्रीडाएँ करते हैं। प्रतिभापरपर्याय अपनी चित्तशक्ति से ही वह जगदुन्मीलन निमीलन करते हैं। वही - गर्भीकृतान्तर्विश्वः निखिलवाच्यवाचककलापः[32] है। इसलिए रसभोग अन्तःप्रकाश आनन्दस्वरूप शिव की अवस्था है।

रस प्रक्रिया में अभिनवगुप्त कहते हैं, जब कोई विमल प्रतिभानशालीहृदय प्रमाता, 'ग्रीवाभंगाभिरामम्' या 'उमापि नीलात्मक मध्यशोभि' आदि वाक्यों को पढ़ता या सुनता है तो वाक्यार्थ प्रतीति के अनन्तर उसके मन में उस चित्र की एक प्रत्यक्षात्मक प्रतीति उत्पन्न हो जाती है। काव्य की शक्ति अभिनय या अभिव्यंजना की महिमा ऐसी होती है कि इस मानसी प्रत्यक्ष प्रतीति में देश-काल-पात्र आदि का भान नहीं रहता या उसका परिहार हो जाता है। उस प्रतीति में देश-काल आदि विवर्जित केवल भय, या रति मात्र की प्रतीति होती है। ऐसे में स्व-पर, भीताभीत, शत्रु, वयस्य, मध्यस्थ की अवस्थायें विलुप्त हो जाती हैं। सुख, दुःख, हानि-लाभ जैसे विघ्नाधायक बुद्धि से भिन्न निर्विघ्नप्रतीति मात्र एक ही रस, विभावाद्यनुसार, भयानक, शृंगारादि हृदय में प्रवेश करता हुआ-सा, आंखों में नाचता हुआ-सा प्रतीत होता है। इस प्रतीति में आत्मस्वरूप का न तो अत्यन्त परिहार रहता है न ही विशेष भान।[33] रसानुभव के विषय में डॉ. पाण्डेय

का मन्तव्य है कि इसके दो तल हैं। प्रथम में विषय साक्षात्कार होता है, द्वितीय में अन्तर्मुखता होने से स्थायी का भी लोप होकर प्रमाता-प्रमेय का द्वैत लुप्त हो जाता है।

रसावेश की उपर्युक्त पंक्तियों को और आगे बढ़ाते हुए अभिनवगुप्त कहते हैं कि जीवात्मा शिव का ही प्रकाश[34] है, तत्स्वरूप है। इसलिए वासना के स्तर पर सभी का अनादिसंवाद है। वासनासंवाद ही अविघ्ना संवित् है। उपर्युक्त जो मृगादिविषयक साधारणीकरण की बात कही गयी थी वह परिमित नहीं होती, अपरिमित होती है। नटादि सामग्री ही भयादि का परिपोष करती है। देश-काल-पात्रदि जो काव्य में अर्पित होते हैं, परस्पर में रस प्रतिबन्धक होते हैं, किन्तु अभिनयादि के कारण उनका अपसारण होने से साधारणीकरण का भाव पैदा हो जाता है जिसमें सभी सामाजिक को एकघन रस प्रतीति होती है। आवरण भंग होने से परमानन्दमय प्रकाशघन शिवाद्वैत की अवस्था[35] होती है, किन्तु योगियों की अवस्था से विलक्षण और लोकोत्तर होती है। रस की अविघ्ना संवित् में चित्त चमत्कार, तज्जन्य, कम्पपुलकादि देखे जाते हैं। वह संपूर्ण तृप्ति या भोगावेश की दशा होती है। इसको साक्षात्कारात्मक मानस अध्यवसाय, संकल्प, स्मृति कुछ भी कह सकते हैं। इसका यह तात्पर्य हुआ कि प्रमाता सहृदय को अपने स्थायी का बोध नहीं होता। विभावादि उसके स्थायी को उद्बुद्ध कर इस प्रकार नायक-कवि-नटादि से अभिन्न कर देते हैं जैसे साधना के स्तर पर मलापसार होने पर आत्मा-शिव से अभिन्न हो जाती है -स्वप्रकाश, आनन्द घन। रस की साक्षात्कारात्मिका प्रतीति का एक और उदाहरण 'रम्याणि वीक्ष्य मधुरांश्च निशम्य शब्दान्' आदि को प्रस्तुत कर अभिनवगुप्त ने स्पष्ट रूप से यहां दुष्यन्त की एक स्मृतिमूलक रति का उदाहरण दिया है। विमलप्रतिभान साक्षात्कृत आस्वाद्य इस स्मृति में - सकृतकृतप्रणयोऽयं जनः का जो प्रेम, रति है वही व्यंजित हो रही है। इसमें जो आनन्द की अनुभूति किसी भी सहृदय को होती है वह न लौकिक होती है, न मिथ्या, न अनिर्वाच्य, न लोकतुल्य तथा न आरोप रूप। इसकी चरम परिपुष्टि में देश, कालादि का कोई नियन्त्रण नहीं होता। वीतविघ्नग्राह्य रसनीय भाव ही रस है।[36] सकलविघ्नविमुक्ता संवित्ति ही चमत्कार, निर्वेश, रसना, आस्वाद, भोग, समापत्ति, लय, विश्रान्ति आदि शब्दों से कही जाती है।

रसावेश में सात विघ्न गिनाए गये हैं - (1) प्रतिपत्ति में अयोग्यता (2) स्वगत-परगत नियम से देशकाल विशेष से आविष्ट होना (3) निज सुख-दुःखादि से विवश होना (4) प्रतीति उपाय की विकलता (5) अस्फुटता (6) अप्रधान योग (7) संशय योग। इनके अपसारणार्थ - लोक संवेदनीय सामान्य या उदात्त प्रख्यात चरित कथा का संयोग, रंगविधान - नटादिवेशभूषा - भाषादि माध्यम से साधरणीकरणोपाय, गीतातोद्य, गणिका, विदूषकादि का प्रयोग किया जाता है। अप्रतीति अस्फुटत्व के निवारणार्थ ही नाटक में लोकधर्मी, वृत्ति, प्रवृत्ति रूप अभिनय जोड़े जाते हैं। कवि को रस की प्रधानता के प्रति सावधान रहना चाहिए और प्रधान भाव के आनुषंगिक पुरुषार्थो

का अंगांगिभाव से प्रयोग करना चाहिए। प्रायः एक ही अनुभावादि कई स्थायी के हो सकते हैं - प्रेक्षक में संशय उत्पन्न हो सकता है। अभिनवगुप्त का कहना है कि इसीलिए आचार्य ने प्रत्येक के अनुभावादि का पृथक् उल्लेख करके सूत्र में सामान्य रूप से किया और संयोग पद जोड़ा जिसका भाव है कि जिसका जिस भाव से सम्बन्ध है वही-वही विभावादि उसका है। इससे संशय निवारण हो सकता है।[37]

स्थायी के विषय में आपका कहना है कि प्राणी निम्नलिखित[38] संवेदनाओं से ही परिव्याप्त है - रिरंसा (रति), परोपहास (हास), संताप (शोक), कोप (क्रोध), अशक्त (भीरु-भय), विषय विमुखता (जुगुप्सा), जिगीषुता (उत्साह), उदिताश्चर्य (विस्मय) और जिहासा (निर्वेद)। ये संवेदनाएं किसी में कम होती हैं किसी में अधिक। इसलिए मुख्यतः नौ स्थायी और उतने ही रस हैं। जहाँ तक निर्वेदादि व्यभिचारी भावों का प्रश्न है, वे अनित्य होते हैं। समुचित विभावादि के अभाव में उनका जन्म ही नहीं होता। उत्पन्न हुए भी तो हेतु के समाप्त होते ही विलीन हो जाते हैं। उनका संस्कार भी नष्ट हो जाता है। किन्तु उत्साहादि स्थायी अपने कर्तव्य की समाप्ति के अनन्तर भी संस्कारतया बने रहते हैं। स्थायी में इन व्यभिचारी भावों की स्थिति माला के सूत्र में ग्रंथित विभिन्न मणियों जैसी होती है। सभी को एकसाथ बाँधने के कारणभूत स्थायी से उपकृत ये व्यभिचारी अपनी उदयास्तमयी शतसहस्र विचित्रताओं से भासित भी अपने संस्कार सौन्दर्य को बिना निविष्ट कराये उसको मध्ये-मध्ये चित्रित और प्रकाशित करते हुए शबलित सौन्दर्याधान करते हैं। विभाव रत्यादि के उद्बोधक होते हैं। उनके अभाव में व्यभिचारियों के नाम भी नहीं रहते।[39]

सभी रस सुखप्रधान होते हैं,[40] क्योंकि, सभी की संवित् चर्वणारूप एकघन प्रकाशस्वरूप आनन्दसार (शिवस्वरूप) होती है। दुःख में चंचलता और रजोवृत्तिता होती है। इसलिये जो लोग रस को सुख-दुःखात्मक मानते हैं, अभिनवगुप्त की दृष्टि से वह उचित नहीं है।

रससूत्र की व्याख्या में अभिनवगुप्त का कहना है कि जो प्रमाता स्थाय्यात्मक पर चित्तवृत्ति के अनुमान या अभ्यास में पटु है उन्हें ही चर्वणात्मक रसादिरूप अर्थ का प्रत्यक्ष होता है जो अलौकिक निर्विघ्नसंवेदनात्मक चर्वणागोचरस्वभाव होता है। योग से तात्पर्य सामाजिक की बुद्धि में वासनात्मक रूप में स्थित स्थायी भाव के सम्यग्योग, एकाग्रता, तन्मयीभाव तथा साधारणीकरण से है। लोक के कारणादि हेतु काव्य-नाटक में अलौकिक होते हैं, केवल प्राच्य संस्कारोपजीवनता के लिये वे विभावादि कहे जाते हैं किन्तु वे स्वयं में उस दशा में अलौकिक ही होते हैं। स्वसंवेदन स्वरूप चर्वणात्मक रस तात्कालिक होने के कारण चर्वणातिरिक्तकाल में नहीं रहता है। स्थायी रूप होने पर भी रस स्थायिविलक्षण है।[41] विभावानुभाव तो व्यक्त रहते हैं स्थायी कभी भी वाच्य नहीं होते, इसीलिए सूत्र में उनका ग्रहण नहीं किया गया, क्योंकि वे सर्वथा व्यंग्य,

चर्वणास्पद हैं। अतः शंकुकादि का स्थायी की प्रतीति को अनुमिति मानना ठीक नहीं है। मम्मट ने इसी मत को अपनी भाषा में अभिव्यक्त किया है जिसका अनुगमन रुय्यक, विद्याधर, विद्यानाथ के ग्रन्थ की टीका रत्नावली, कुछ विशेष व्याख्यानपूर्वक हेमचन्द्र, वेदान्तानुसारीरूप में पण्डितराजजगन्नाथ ने भी किया है। शिव प्रसाद भट्टाचार्य,[42] नोली, रामचन्द्र शुक्ल, नगीना पारिख, नन्ददुलारे बाजपेयी, डॉ. नगेन्द्र आदि आधुनिक विचारकों ने भी इस पर प्रभूत प्रकाश डाला है।

रस की अलौकिकता के सन्दर्भ में अभिनवगुप्त ने स्पष्ट किया है कि रसप्रतीति लौकिक प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्दादि प्रमाण, स्वसंवित्तिज्ञानपरक तटस्थ योगी के प्रत्यक्ष तथा विषयोपरागशून्य शुद्धास्वात्मानन्दलीन परयोगी के प्रत्यक्षज्ञान से सर्वथा विलक्षण होती है। उपर्युक्त प्रतीतियों में अर्जनादि, विघ्नान्तरोदय, अस्फुट विषयावेशजन्यविवशताएँ रहती हैं जिनमें सौन्दर्य नहीं होता। हाँ, रस में स्वात्मैकगतत्व नियम का अभाव होता है क्योंकि रस सर्वसाधारण होता है। स्वात्मा का अनुप्रवेश होने से परगत तटस्थ योगी की तटस्थता का भी रस में अभाव है। विभावादिसाधारणीकरण द्वारा संप्रबुद्ध समुचित निजवासना का जो रत्यादिरूप होती है, उसका अनुप्रवेश होने से अर्जनादि विघ्नों का भी उदय नहीं होता। इस प्रकार रस अलौकिक है।[43] विभावादि रसनिष्पत्ति के कारण नहीं हैं क्योंकि वैसा होने पर उनकी बोध समाप्ति पर भी रस बना रह सकता है। रस के पूर्व से प्रमेय जैसा सिद्ध न होने के कारण विभावादि उसकी ज्ञप्ति के कारण नहीं है। चर्वणोपयोगी उनमें विभावादि का व्यवहार भी अलौकिक होता है।

रस्यमानता ही रस का प्राण है। अतः वह प्रमेय नहीं है। रस सूत्र में निष्पत्ति का अर्थ रस नहीं रस की रसना है। रसनैकप्राणतारूप में उसकी निष्पत्ति कही जा सकती है। रसना व्यापार को न प्रमाण व्यापार कह सकते हैं न ही कारक व्यापार। रस की रसनीयता स्वयं में अप्रमाण भी नहीं है क्योंकि शिवात्मक होने से वह स्वसंवेदन सिद्ध है। यह रसना एक विचित्र प्रकार का बोध होने पर भी बोधान्तरों से विलक्षण है क्योंकि उसके उपाय विभावादि लोकविलक्षण होते हैं। यह रसना विभावादि के योग से निष्पन्न होती है इसलिए उस प्रकार के स्वसंवेदनसिद्ध रसनैकगोचर लोकोत्तर रसादि रूप अर्थ निष्पन्न होता है। भरतसूत्र का तात्पर्य यही है-तेन विभावादिसंयोगाद्रसनातो निष्पद्यतेऽतस्तथाविधरसनागोचरो लोकोत्तरोर्त्थो रस इतितात्पर्य सूत्रस्य।[44]

अन्त में साररूप में अभिनवगुप्त का मन्तव्य है कि, नाटकादि में मुकुट आदि के माध्यम से प्रथमतः रामादि की बुद्धि का आच्छादन हो जाता है। प्राक्तनसंवित् संस्कार के कारण भी काव्यबलादानीत नट में रामबुद्धि नहीं रह जाती। उभयदेशकाल का परित्याग हो जाता है। रत्यादि की प्रतीति के रूप में रोमांचादि पहले से देखे गए रहते हैं। उससे ही नाटक में भी सामाजिक में रत्यादि की प्रतीति होती है। इस प्रतीति में रत्यादिवासना के कारण स्वात्मा भी अनुप्रविष्ट रहती है। यह प्रतीति न तटस्थ, न नियत

रूप में और न ही नियतपरात्मैक रूप में होती है। यही कारण है इसमें अर्जन, द्वेष, दु:खादि की बाधा का उदय नहीं हो पाता। सन्तानवृत्त्या सभी की संविदभिन्न है। इसलिए उस संविद् से साधारणीभूत या साक्षात्कृत रति ही शृंगार बन जाती है। यह साधारणभाव विभावादियों के माध्यम से उत्पन्न होता है। रससूत्र विषयक अभिनवगुप्त का यह निष्कर्ष है - *अयमत्र संक्षेप: ... तेन साधारणीभूता सन्तानवृत्तेरेकस्या वा संविदो गोचरभूता रति: शृंगार, साधारणीभावना च विभावादिभि:।*[45]

अभिनवगुप्त द्वारा विवेचित रस का पानकरसन्याय से सहृदय प्रमाता द्वारा उपभोग किया जाता है। भरतोक्त षाडवशब्द वाच्य अलौकिक पाकरस में जल के समान प्रबन्धनिर्वाह्य, विशेषकर दशरूपकानुप्राण रस में स्थायी की ही रसरूप में अभिव्यंजनात्मकता होती है। व्यजंन विभावस्थानीय होता है, चिंचाहरिद्रादि अनुभावस्थानीय और गुडादिद्रव्य व्यभिचारिस्थानीय होते हैं।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि कविनिबद्ध नटादि द्वारा अभिनयों से प्रत्यक्षकल्पता को प्राप्त कराए गए विभावादियों से झटिति ही अविघ्नात्मक रस का भोगावेश हो जाता है। गमनक्रियावत् पर्यन्त में रसना क्रिया न होकर प्रथमावसर में ही हो जाती है - *कविनोपनिबद्धैर्नटेन साक्षात्कारकल्पतामानीतै: अविघ्नभोगात्मक रस उत्पद्यते झटित्येव। न गमनक्रियावत् पर्यन्ते रसनत्त्या निष्पद्यते अपितु प्रथम एवावसरे।*[46] इस प्रकार पुमर्थोपयोगी, रसनाधिक्यवशात् भरत ने आठ रसों की नाट्य में संस्तुति की है। इस सबका पर्यवसान मोक्ष (निर्वेद) में होता है, पर रसनाधिक्य न होने से नाट्यसन्दर्भ में उसको आचार्य ने उचित नहीं माना।

एक प्रश्न उठता है कि अभिनवगुप्त की रसप्रक्रिया में सार्ववर्णिक नाट्य जो रसापरपर्याय है जिसका प्रमाता विशिष्ट ही हो सकता है सभी अधिकारी होंगे क्या? स्वयं वह सार्ववर्णिक पद की व्याख्या में कहते हैं - अधिकृतानामनधिकृतानामपि सुकुमाराणां व्युत्पत्तिदायी। विशिष्ट प्रमाता के कथन और इस कथन में विरोध नहीं है क्या? स्वयं तो नहीं 'अन्येतु' के द्वारा वह इसका समाधान करते हैं- अश्रुतशास्त्रणामपि संवादादविचलकार्याकार्यसिद्धि:।[47] इस प्रकार पुन: वह छल से रस को प्रत्यभिज्ञादर्शन की भूमि में पहुंचा देते हैं। अस्तु -

यस्मिन्निगूढपरमार्थमबुध्यमाना: संसारनाट्यरसभावमुपाश्रयन्ते।
बुद्ध्वा पुनर्मुहुरहो निजमेवयान्ति तत् पूर्णधाम शिवतत्त्वमहं प्रपद्ये।।

सन्दर्भ ग्रन्थ

1. *नाट्यशास्त्र: अभिनवभारती*, बड़ौदा सं. 1956
2. *ना.शा.*, B.H.U. संस्करण, 1975
3. *ध्वन्यालोक, लोचन*, चौखम्बा, सं. 1997

4. *काव्यालंकार:*, भामह, विहार रा.भा. पटना, 1962 (काव्या.)
5. *काव्यादर्श*, मिथिला विद्यापीठ, 1957 (काव्या.)
6. *काव्यालंकार सं.*, लघुवृत्ति, प्रा.वि.सं. मन्दिर, 1925
7. *काव्या. सू. वृत्ति*, चौखम्बा, 1971
8. *वक्रोक्तिजीवितम्*, दशरथ द्विवेदी, वि.वि.प्र. वाराणसी, 1988 (व.जी.)
9. *वक्रोक्तिजीवितम्*, डॉ. के.सी. कृष्णमूर्ति, 1977
10. *अभिनवरससिद्धान्त*, दशरथ द्विवेदी, वाराणसी, 1984
11. *अभिनव का रस विवेचन*, डॉ. नगीना पारिख, वाराणसी, 1984 (अ.र.वि.)
12. *मतिमन्थन*, डॉ. गंगादत्त शास्त्री, 1972
13. *स्वतन्त्रकलाशास्त्र*, Vol. I : डॉ. के.सी. पाण्डेय, 1967
14. *व्यक्तिविवेक*, चौखम्बा, 1964 (व्य.वि.)
15. *नाट्यदर्पण* : सं. डॉ. नगेन्द्र, दिल्ली, 1961 (ना.द.)
16. *काव्यमीमांसा*, चौखम्बा, 1964
17. *सरस्वतीकण्ठाभरण*, काव्यमाला, 1934 (स.कं.)
18. *शृंगारप्रकाश*, मैसूर, 1955 (श्रृं.प्र.)
19. *भोजराज़ शृंगारप्रकाश* : डॉ. राघवन्, 1963 (भो.श्रृं.प्र.)
20. *काव्यप्रकाश*, बा. बोधिनी, 1965
21. *एकावली*, बाम्बे सं. सीरीज (एका.)
22. *प्रतापरूद्रयशोभूषण*, रत्नावली बाल मनोरमा सीरीज़ - 1950 (प्र.रू.य.)
23. *काव्यालंकार* : रुद्रट, चौखम्बा, 1966
24. *रसगंगाधर*, चौखम्बा, 1964
25. *अग्निपुराण*, आनन्दाश्रम, 1957
26. *चन्द्रालोक*, चौखम्बा, 1938
27. *भा. साहि. शास्त्र* : गं.त्र्यं. देशपाण्डे, बाम्बे, 1960
28. *काव्यशास्त्र*, डॉ. भगीरथ मिश्र, वाराणसी, 1975
29. *भा. सौन्दर्यशास्त्र की भूमिका* : डॉ. फतह सिंह, 1967
30. *कविराज प्रतिभा*, सं.सं.वि.वि., वाराणसी, 1987 (क.प्र.)
31. *कला और साहित्य की दार्शनिक भूमिका* : डॉ. अवस्थी, शिवशंकर, 1983 (क.सा. दा.भू.)
32. *महिमभट्ट*, डॉ. बी.एम. चतुर्वेदी, 1968
33. *कृष्णचैतन्य*, संस्कृत पोयटिक्स, 1918 (सं.पो.)
34. *काव्यतत्त्व समीक्षा*, डॉ. एन.एन. चौधुरी, 1959 (का.त.स.)
35. *डॉ. चारुदेव अभिनन्दन ग्रंथ*, डॉ. कृष्णमूर्ति. लेख पृ. 76, 1974
36. *दि एस्थेटिक्स एक्सपीरियन्स एकार्डिंग् टु अभिनवगुप्त*, आर. नोली, रोम. 1956
37. *स्टडीज इन इन्डियन पोयटिक्स*: डॉ. शि.प्र. भट्टाचार्य, 1964 (स्ट.इं.पो.)
38. *दशरूपक*, डॉ. रमाशंकर त्रिपाठी, वाराणसी, 1973 (द.रू.)

39. *साहित्यदर्पण*, चौखम्बा, 1955 (सा.द.)
40. *स्टा.रि इन वेद*, डॉ. जे. खोद्रा
41. *पोयटिक ब्यूटी आफ ऋग्वेद*, डॉ. एम.के. वर्मा

संकेत

ऋ.	-	ऋग्वेद
भा.सौ.शा.	-	भरतीयसौन्दर्यशास्त्र
रामा.	-	रामायण वाल्मीकि कृत
ध्व.	-	ध्वन्यालोक
स्टा.रि.वे.	-	स्टाइलिस्टिक रिपीटीशन इन वेद
पो.व्यू.वे.	-	पोइटिक ब्यूटी ऑफ़ ऋग्वेद
अ.भा.	-	अभिनवभारती
ना.शा.	-	नाट्यशास्त्र
का.मी.	-	काव्यमीमांसा
अ.स.	-	अलंकारसर्वस्व
का.प्र.	-	काव्यप्रकाश
अ.र.सि.	-	अभिनवगुप्त रससिद्धान्त
का.सा.सं.	-	काव्यालंकारसारसंग्रह
ल.वृ.	-	लघुवृत्ति
अ.पु.	-	अग्निपुराण
का.सू.वृ.	-	काव्यालंकारसूत्रवृत्ति
ए.इ.अ.	-	एस्थेटिक्स इक्सपीरियन्स एकार्डिंग टू अभिनवगुप्त
स्व.क.शा.	-	स्वतन्त्रकलाशास्त्र
के.सी., कां.चं.पा.	-	कान्तिचन्द्र पाण्डेय
र.ग.	-	रसगंगाधर
म.मं.	-	मतिमन्थन
प्रत्य.	-	प्रत्यभिज्ञादर्शन
पारिख	-	डॉ. नगीना पारिख

पाद टिप्पणी

1. ऋ0, *उषस् सूक्त* 3/61/4/51 आदि, 1.113.7; 5.80.5; 1.123.10
2. वही, ह्वयामि रात्रिं जगतो निवेशिनीम्
3. वही, 1.1.1 वैदिक कवि की सौन्दर्यसाधना के लिए द्रष्टव्य; डा. फतेह सिंह की *भारतीय सौन्दर्यशास्त्र की भूमिका* तथा जे. खोंदा *स्टा.रि.वे.*; डॉ. एम.के. वर्मा - *पो. व्यू.वे.*

4. वही. द्वा सुवर्णा सयुजा सखाया .... अभिचाकशीति।। 1/164/20
5. मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वशीःसमाः। रामा. 1/2/15, तथा कालिदास-*रघुवंश* 14/70; शोकः श्लोकत्वमागतः। आनन्द, *ध्व.* 1/5
6. सदाशिव-ब्रह्म-भरतमत त्रयविवेचनेन ... विहितमिदं शास्त्रम्, न तु मुनिविरचितमिति... प्रयुक्तम्। *अ.भा.*, पृ. 9, कोहलादिभिरेतैर्वात्स्यशाण्डिल्यधूर्तिलैः। एतच्छास्त्रं प्रयुक्तं तु नराणां बुद्धिवर्धनम्।। ना.शा.
7. महाकवि कालिदास, देवनामिदमामनन्ति मुनयः शान्तं क्रतुं चाक्षुषम्। *मा.नि.* 1/4
8. तस्मातसृजापरं वेदं पंचमं सार्ववर्णिकम्। ना.शा. 1/12
9. रूपकनिरूपणीयं भरतः, रसाधिकारिकं नन्दिकेश्वरः। *का.मी.*, पृ. 2, राजशेखर
10. *अ.भा.*, पृ. 9 तथा षष्ठाध्याय
11. *नाट्यनाम्* ... वस्तु रसस्वभावम्। *आ.भा.*, पृ. 3
12 *अ.भा.*, पृ. 267
13. वहीं, पृ. 290
14. विस्तार से द्रष्टव्य, मेरी पुस्तक *अभिनव रस सिद्धान्त की भूमिका*
15. योऽयं स्वभावो लोकस्य सुखदुःखसमन्वितः। सांगाद्यभिनयोपेतः नाट्यभित्यभिधीयते।। *ना.शा.* 1/119 तथा त्रैलोक्यस्यास्य सर्वस्य नाट्यं भावानुकीर्तनम्।
16. ... विश्रान्तिजननम् काले नाट्यमेतद्भविष्यति। वही 1/114
17. सर्वे अमी सुखप्रधाना ... आनन्दसारत्वात् ... इति आनन्दरूपता सर्वरूपरसानाम्। *अ.भा.* पृ. 282
18. काव्यं तावन्मुख्यतो दशरूपकात्मकेव ... तत एवोच्यते - सन्दर्भेषु दशरूपकं श्रेयः (वामन काव्या) यत्तु दशरूपकं, तस्य योऽर्थस्तदेव नाट्यम्। वहीं 291
19. *अ.भा.*, पृ. 36, पृ. 291, लोचन पृ. 186
20. *अ.भा.*, पृ. 47 तथा पृ. 16
21. यावन्निजहृदयरसविलसद्विकस्वरनिर्वारचमत्कारपवित्रता न जाता भगवत इव तावाच्छिक्षाशतैरपि वैचित्त्यमनाहार्यम्। *अ.भा.*, पृ. 22
22. *अ.भा.*, पृ. 18
23. *अ.भा.*, पृ. 279
24. ये काव्याभ्यासप्राक्तनपुण्यहेतुबलादिभिः सहृदयाः। वहीं पृ. 289, ये स्वभावतो निर्मलमुकुरहृदयाः ...तेषामेव...साधारणरसनात्मकचर्वणाग्राह्यो रससंचयः। वहीं पृ. 291, सहृदयत्वं हि हृदयस्य कविहृदयतादात्म्यापत्तियोग्यतैव। पृ. 1328 (*का.हि.वि.सं.*), येषां काव्यनुशीलनाभ्यासवशाद्विशदीभूते मनोमुकुरे वर्णनीयतन्मयीभवनयोग्यता ते स्वहृदयसंवादभाजः सहृदयाः। *ध्व.*, पृ. 38
25. कविगतसाधारणीभूतसंवित्मूलश्च काव्यपुरस्सरो नटव्यापारः, सैव च संवित् परमार्थतो रसः। वहीं पृ. 294, डॉ. के. कृष्णमूर्ति, *ध्वनि एण्ड रस*, *चा.अ.गं.* पृ. 486
26. हृदयसंवादतन्मयीभवनत्मात् आस्वाद्यमानतां प्रतिपन्नः... रसपरिपूर्णकुम्भोच्चलनव-चित्तवृत्तिनिःष्यन्दस्वभाव वाग्विलापादिवत्। *ध्व.लो.*, पृ. 86, 87, कृष्णमूर्ति वहीं 486

27. रसानुगुणशब्दार्थचिन्तास्तिमितचेतसः। क्षणं स्वरूपस्पर्शोत्था प्रज्ञैव प्रतिभा कवेः। साहि चक्षुर्भगवस्तस्तृतीयमिति गीयते। यया साक्षात्करोत्यैष भावांस्त्रैलोक्यवर्तिनः। *व्य.वि.*, पृ. 453-53
28. *अ.भा.*, पृ. 341, 342
29. स्थायी प्रबुद्धहृदये व्यभिचारिभूतःऽकामाकुलासु जनतासु महानुभावः। अन्तर्विभावविषयो रसमात्रमूर्तिः श्रीमान्प्रसन्नहृदयोस्तु ममत्रिनेत्रः।। *अ.भा.*, पृ. 342
30. यस्तन्मयान्हृदयसंवदनक्रमेण द्राक् चित्रशक्तिगण भूमिविभागभागी। हर्षोल्कसत्परविकारजुषः करोति वन्देतमां तमहमिन्दुकलांवतंसम्।। षट्त्रिंशकात्मकजगद्गगनावभाससंविन्मरीचि चयचुम्बितबिम्ब शोभम्।। *अ.भा.*, पृ. 1
31. आनन्दः स्वातन्त्र्यं स्वात्मविश्रान्तिः स्वभावाह्लादः प्रधान्यात् (तन्त्रसार)। गंगादत्त शास्त्री, *मति.मं.*, पृ., 102
32. *तन्त्रालोक*, *म.मं.*, पृ. 102 तथा डॉ. के.सी. पा. पृ. 167-206
33. *अ.भा.*, पृ. 279
34. आत्मैव सर्वभावेन स्फुरन्ती वृत्तिचिद्विभुः। *म.नं.*, पृ. 101, प्रकाशस्वरूपता चित्शक्तिः। प्रकाशश्च अनन्योन्मुखविमर्श अहमिति। प्रत्य. वहीं म.मं.
35. श्रीमत्परमशिवस्य पुनः विश्वोत्तीर्णविश्वात्मकपरमानन्दमयप्रकाशैकघनस्य अखिलं अभेदेनैव स्फुरति। वहीं *म.मं.*, पृ. 101
36. *अ.भा.*, पृ. 279-80। द्रष्टव्य - डॉ. सुरजनदास स्वामी का लेख-*अभिनवगुप्तप्रतिपादित रसस्वरूपम् - प्रिन्सिपल्स ऑव् लिटरेरी क्रिटिसिज्म इन संस्कृत-पोयटिक्स-सं.* डॉ. रामचन्द्र द्विवेदी, पृ. 250,251
37. *अ.भा.*, पृ. 280-82
38. जात एव जन्तुरीयतीभिः संविद्भिः परीतो भवति। *अ.भा.*, पृ. 282, 83
39. वहीं पृ. 283। एते व्यभिचारिणः विद्युदुन्मेषनिमेषयुयुक्त्यैव स्थायिसूत्रे भव्यतां प्रकटयन्त्रः तिरोदधन्तश्च त द्वैचिभावहन्ति। *अ.भा.*, पृ. 308। निर्वेदग्लानिशलंकाख्याः... (त्रयस्त्रिंशद्व्यभिचारिणः)। *ना.शा.* 6.18.21
40. तत्र सर्वेऽमीसुखप्रधानाः। स्वसंविच्चर्वणा रूपस्यैकघनस्य प्रकाशानन्दस्वरूपतत्वात्।। वहीं पृ. 282। शृंगारहास्यवीराद्भुतशान्ताः सुखमयाः। अपरे पुनरनिष्टविभावाद्युपनीतात्मनः करुणरौद्रःबीभत्सभयानकाश्चत्वारः दुखात्मनः। रामचन्द्रगुणचन्द्र, *ना.द.*, पृ. 290। प्रकाशविमर्शात्मा संवित्स्वभावः परमः शिवो भगवान् स्वातन्त्र्यादेव रूद्रादिस्थावरान्तप्रमातृरूप तयानीत्लसुखादिप्रेमैकरूपतयैष स्वातन्त्र्यमहिमा प्रकाशते। प्रत्य. वहीं *म.मं.*, पृ. 107 तथा *कविराज प्रतिभा*, पृ. 25.268
41. *अ.भा.*, पृ. 284, *का.प्र.*, पृ. 95, *एकावली*, पृ. 86-90, *रत्नपणः पृ.प्र.रू.य.*, पृ. 154-58, काव्यानु. तथा इत्थंचानिनवगुप्तमम्मटभट्टादिग्रन्थस्वारस्येन भग्नावरणाचिद्विशिष्टो रत्यादिः स्थायीभावो रसः। ... रत्याद्यवच्छिन्नेनभग्नावरणा चिदेव रसः। *र.गं.*, पृ. 87-96
42. एस.एस. भट्टाचार्य – *स्टडीज इन ईंडियन पोएटिक्स*, पृ. 39-53, *ए.दू.ए.उ.* , पृ. भूमिका 1-32, *पारिख*, पृ. 1-120

43. *अ.भा.*, पृ. 285, *का.प्र.*, पृ. 90, 91, रसगंगा आदि, द्रष्टव्य और एन.एन. चौधरी का *काव्य तत्व समीक्षा*, पृ. 190-214 जयदेव कृत रसविवेचनादि दृष्टव्य चन्द्रायेव-*पंचममूख* तथा *राकागम टीका*
44. वही, *अ.भा.*, पृ. 285। पाश्चात्य समीक्षा के आलोक में भारतीय रस-मीमांसा और मोक्ष की अवधारणा हेतु द्रष्टव्य, कृष्ण चैतन्य का-*संस्कृत पोएटिक्स*, पृ. 118-160 तथा 289-386
45. वही, *अ.भा.*, पृ. 285,86
46. वही, *अ.भा.*, पृ. 305
47. वही, *अ.भा.*, पृ. 12। वैष्णवसम्प्रदायानुसार-रस मीमांसा-प्रेक्षणीय है। द्रष्टव्य, एस. भट्टाचार्य, *स्ट.इं.पो.*, पृ. 52

22

Text of Bharata's Rasasūtra

Rewa Prasad Dwivedi

[1]

Bharata's *Nāṭyaśāstra/veda* (NS) is the base of Abhinavagupta's (AG) *rasa*-theory. Twofold text is running on its *rasa-sūtra* :

1. विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद् रसनिष्पत्तिः[1] and
2. विभावानुभावव्यभिचारि-परिवृतः स्थायी रसनाम रसतां लभते।[2]

In support of the first, Abhinavagupta himself says :

तेन स्थायिप्रतीतिः, [सा] अनुमितिरूपा/ [सा च] न रसः।
अत एव सूत्रे स्थायिग्रहणं न कृतम्/तत् प्रत्युत शल्यभूतं स्यात्।।[3]

In the *Locana* on *ध्वन्यालोक* 1.18 AG, repeated the same idea and said: परकीया न चित्तवृत्तिर्गम्यते इत्यभिप्रायेण विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद् रसनिष्पत्तिरिति सूत्रे स्थायिग्रहणं न कृतम्, तत् प्रत्युत शल्यभूतं स्यात्।।[4]

For the second one, several statements are available in AG's works : *Locana* and *Abhinavabhāratī* (AB). In *Locana* AG says:

रसध्वनिस्तु स एव योऽत्र मुख्यतया विभावानुभाव्यभिचारि संयोजनोदित-स्थायिप्रतिपत्तिकस्य प्रतिपत्तुः स्थाय्यंशचर्वणा-प्रयुक्त एवास्वाद प्रकर्षः।।[5]

Even Bharata severally speaks of स्थायी भाव in his NS, for example:

1. शृंगारो नाम रतिस्थायिभावप्रभवः page 300
2. यद्ययं रतिप्रभवः शृंगारः कथमस्य करुणाश्रयिणो भावाः page 308
3. हास्यो नाम हासस्थायिभावात्मकः page 312
4. करुणो नाम शोकस्थायिभावप्रभवः page 317
5. रौद्रो नाम क्रोध स्थायिभावात्मकः page 319
6. वीरो नामोत्तमप्रकृतिरुत्साहात्मकः page 324
7. भयानको नाम भयस्थायिभावात्मकः page 326
8. बीभत्सो नाम जुगुप्सास्थायिभावात्मकः page 328
9. अद्भुतो नाम विस्मयस्थायिभावात्मकः page 329
10. शान्तो नाम शमस्थायिभावात्मकः page 332
11. कथं स्थायिन एव भावा रसत्वमाप्नुवन्ति page 349
12. स्थायिभावा रसत्वमाप्नुवन्ति page 349
13. विभावानुभावव्यभिचारिपरिवृतः स्थायी भावो रस-नाम/तां लभते page 349
14. यथा नाराणां नृपतिः शिष्याणां च यथागुरुः। एवं हि सर्वभावानां भावः स्थायी महानिह।। page 350
15. बहूनां समवेतानां रूपं यस्य भवेद् बहु। स मन्तव्यो रसः[6] स्थायी शेषाः संचारिणो मताः।। page 379
16. विभावानुभावयुतो ह्यंगवस्तुसमाश्रयः। संचारिभिस्तु संयुक्तः स्थाय्येव तु रसो भवेत्।। page 379
17. स्थायी सत्त्वातिरेकेण प्रयोक्तव्यः प्रयोक्तृभिः। page 379
18. नानाभावार्थसंपन्नाः स्थायिसत्त्वाभिचारिणः। पुष्पावकीर्णाः कर्त्तव्याः काव्येषु हि रसा बुधैः।।[7] page 80

[2]

Now the question why then स्थायी is not mentioned in the रससूत्र by Bharata himself. AG's reply in this regard is no reply as he (AG) himself has gone against his own statement.

Among other replies natural and simple is one wherein term रस is meant for both स्थायी and रस as well. स्थायी transforms into the taste of *rasa*. Consequently even in the stage of *rasa*, *sthāyī* does not cease its स्थायित्व. The term *rasa* in the *rasa-sūtra* is presenting the sense of both *bhāva* and रसत्व as well. Now the problems are solved. This interpretation flashes to mind when one goes through the text of NS carefully.

[3]

Now the questions about *sthāyī* are as follows:

1. Why is it alone called *sthāyī* ? Why does it not fall into the category of संचारी or व्यभिचारी ?
2. What is the nature of their संचार, व्यभिचार and स्थेमा ? Why are they all not संचारी alone as they being mental state?
3. How can a momentory feeling reaches the stage of स्थायी ?

To solve the above questions one has to fix the duration of time and place of experience : for how much time the experience of *bhāve* goes on and where does the experience happens to be ? Rhetoricians have already been answering these questions. Majority of them is of the opinion that it is the artistic experience which decides the span of time and scale of place of any art. Rhetoricians say some emotions are स्थायी as they are felt throughout the work. For example, शोक is experienced throughout the *Uttararāmacaritam* or *Rāmāyaṇa*. If the *Uttararāmacaritam* is staged for three hours, all these three hours are full of pathos. Same is the case with the *Rāmāyaṇa*. If *Rāmāyaṇa* is enacted for ten days each days we are full of pathos.

The place of artistic production is none else but the heart or intellect of the spectator. Think over the intensity and depth of the emotion of pathos as to up to which degree they are felt or experienced or enjoyed.

These thinkers are of the opinion that the sense of लज्जा (shyness) or जड़ता are not experienced with the same intensity, depth and frequency as the feeling of love and sorrow. Aestheticians see the semblance of ocean, which makes all other things absorbed into it:

विरुद्धैरविरुद्धैर्वा भावैर्विच्छिद्यते न यः।
आत्मभावं नयत्यन्यान्/त्याशु स स्थायी लवणाकरः।।[8]
चिरं चित्तेऽवतिष्ठन्ते सम्बध्यन्तेऽनुबन्धिभिः।
रसत्वं ये प्रपद्यन्ते प्रसिद्धाः स्थायिनौऽत्र ते।।
सजातीयविजातीयैरतिस्कृतमूर्तिमान्।
यावद् रसं वर्तमानः स्थायिभाव उदाहृतः।।[9]
रत्यादयः स्थायिभावाः स्युर्भूयिष्ठ विभावजाः।
स्तोकैर्विभावैरुत्पन्नास्त एव व्यभिचारिणः।।[10]

In his *Rasagangādhara* (RG), Paṇḍitarāja tries to define the स्थायी at the end of discussion as follows:

1. आ प्रबन्धं स्थिरत्वादमीषां भावानां स्थायित्वम्।[11]
2. वासनारूपाणाममीषां मुहुर्मुहुरभिव्यक्तेरेव स्थिरपदार्थत्वात्। व्यभिचारिणां तु नैव, तदभिव्यक्तेर्विद्युदुद्द्योतप्रायत्वात्।[12]

In his *Kāvyanuśāsana* with his own *Viveka Tika* हेमचन्द्र reproduces almost all these delicacies of रस, स्थायी, संचारी as given by AG in AB and *Locana* in detail.[12] For *rasa*, हेमचन्द्र writes:

विभावानुभावव्यभिचारिभिरभिव्यक्तः स्थायी भावो रसः[13] In its वृत्ति he repeats again the same idea. He says सामाजिकानां वासनारूपेण स्थितः स्थायी रत्यादिको भावः ... साधारण्येन गोचरीक्रियमाणश्चर्व्यमाणतैकप्राणो विभावादिभावनावधिः[13a] कविसहृदयै रस्यमानो रसः।

Earlier to Hemacandra, Mammaṭa had also put स्थायी भाव in his treatment of *rasa* in *Kāvyaprakāśa*:

कारणान्यथ कार्याणि सहकारीणी यानि च
रत्यादेः स्थायिनो लोके तानि चेन्नाट्यकाव्ययोः
विभावा अनुभावास्तत् कथ्यन्ते व्यभिचारणिः
व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थायी भावो रसः स्मृतः।।[14]

In his वृत्ति on the above statement Mammata repeats the idea of *sthāyī*:

लोके प्रभेदादिभिः स्थाय्यनुमानेऽभ्यासपाटववतां
सामाजिकानां वासनात्मतया स्थितः स्थायी रत्यादिकः .... शृंगारादिको रसः

In the treatment of his predecessors too Mammaṭa could not forget स्थायी:

1. विभावैः कारणैः रत्यादिको भावो जनितः प्रतीयमानो रसः। (लोल्लटः)
2. रामोऽयमिति प्रतिपत्त्या ग्राह्यो नटे स्थायित्वेन संभाव्य मानो रत्यादिभावः रसः। (शंकुकः)
3. काव्ये नाट्ये च भाव्यमानः स्थायी भुज्यते (भट्टनायकः)[15]

In the *साहित्यदर्पण*, Viśvanātha also gives room to स्थायी भाव in the definition of *rasa*. He says:

विभावेनाऽनुभावेन व्यक्तः संचारिणा तथा।
रसतामेति रत्यादिः स्थायी भावः सचेतसाम्।।[1]

Then why Bharata could not incorporate स्थायी in his रससूत्रः विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद् रसनिष्पत्तिः so also if स्थायी in not needed as declared तत् प्रत्युत शल्यभूतं, then why did the ancient rhetoricians, quoted above, try to include the same in the *sūtra*. In the *rasa* theory of AG, this knot still remains are uncut.

[4]

In the tenth century itself Bhoja (AD 1000) of Dhārānagarī, Dhār of the present day, took up this problem and showed the way of solution very satisfactorily. This solution is available in the eleventh chapter of the *Śṛṅgāraprakāśa* (SP). Two new things he adopted for it. First, he uprooted the sense of स्थायी from all the emotions. Accordingly, for him, all the emotions are merely संचारी and each of them reaches the stage of स्थायी if given suitable situation. Second, it is only spirit or ego or अहंतत्त्व or आत्मा which holds the reality called स्थायित्व. *Ātma* alone turns into *rasa* and then आस्वादयिता or कर्त्ता becomes one and identical with the आस्वाद्य or कर्म in artistic taste. In this procedure there is nothing which remains to count as स्थायी. In the form अहं we are facing भावऽ alone which are in every respect संचारी. Where could be, therefore, found the separate entity which could be called स्थायी. It is only hypothesis that one considers this or that emotion as stable. The reality is that soul alone fits in the rank of stable.

So far as रति, शोक, etc. are concerned they too are संचारी. At the same time, *rati* must be called प्रेमन्. In it neither male nor female is needed to cast as counterparts. This is the cosmic love spread over up to the beasts and creepers. After, सीताहरण, deers left the दर्भ from their mouths, मयूर left their dance and trees were pouring flowers. When Sita left the *āśrama* everything was sorrow-striken:

नृत्तं मयूराः कुसुमानि वृक्षा दर्भानुपात्तान् विजहुर्हरिण्यः।
तस्याः प्रपन्ने समदुःखभावमत्यन्तमासीद् रुदितं वनेऽपि।।

रघुवंश XIV. 6.9

It was all due to प्रेमा. *Rati* is here, obviously a sort of cosmic love.

Bhoja admits that the terms रस, अभिमान, अहंकार and शृंगार are synonyms like घट, कलश, etc. It is all nothing else but जीवात्मा which is one with ब्रह्म, ईश्वर, शिव or the ultimate reality whatsoever. When it desires to create the Universe it is full of *bhāvana*, i.e. perspiration. It is only after this *bhāvana* that the state called शृंगार is developed and from this *Śṛṅgāra* all the emotions whatsoever come out. This *Śṛṅgāra* is an absolute *rasa* with the taste of mere प्रेमन्, under which the emotions called रति, शोक, उत्साह so also निर्वेद, ग्लानि, etc. could easily be involved. Bhoja develops this theory of *rasa* as under–

सत्त्वात्मनामलधर्मविशेषजन्मा/जन्मान्तरानुभवनिर्मित वासनोत्थः।
सर्वात्मसंपदुदयातिशयैक हेतु/र्जागर्तिकोऽपि हृदि मानमयो विकारः।।

There is a विकार termed as मान in the human individuality. It is generated by the अमलधर्मविशेष created by the impressions of previous births. It inspires the आत्मसंपद् in its super degree. This मान is *rasa*: रसोऽभिमानोऽहंकारः शृंगारः शृंगारइति गीयते।

About this अभिमान or मान, Bhoja opines:

अप्रातिकूलिकतया मनसो मुदादेर्यःसंविदोऽनुभवहेतुरिहाभिमानः।
ज्ञेयो रसः सरसनीयतयात्मवृत्ते रत्यादिभूमनि पुनर्वितथा रसोक्तिः।।

It is the वृत्ति (आनन्द) of आत्मन् which in enjoyed and which gives birth to the *rasa*. In this रस what is felt is मुदादि the result of अभिमान. Why is it so ? Said in reply मनसः अप्रातिकूलिकतया, due to the absence of non-accordance with the mind; on the other hand, the subject of *rasanā* is आत्मशक्ति and not so-called *rati*, etc. Here we may recall the fact that *rasa* is Śiva and everything needed for its निष्पत्ति i.e., विभाव, अनुभाव and संचारी भाव are termed as शक्ति in the Agamic tradition. It is therefore good to accept विभावदि as शक्ति and आत्मशक्ति. AG himself calls the विभावादि as शक्तिः

यस्तन्मयान् हृदयसंवदन-क्रमेण
द्राक् चित्र-शक्तिगण-भूमिविभागभागी।

हर्षोल्लसत्परविकारजुषः करोति
वन्देतमां तमहमिन्दुकलावतंसम्।।[17]

In the language of dramaturgy *rasa* is termed as काव्यार्थ, शिव, रस and इन्दुकलावतंस and शृंगार is the synonym of *rasa*. *Bhāvas*, 49 in number, are all the time active to surround and elevate the शृंगार, i.e., रस. AB says:

रत्यादयोऽर्धशतमेकविवर्जिताता ये
भावाः पृथग्[18] *विविध-भाव-भुवो भवन्ति*
शृंगारतस्तमिह ते परिवारयन्तः
सप्तार्च्चिषं द्युतिचया इव वर्धयन्ति।।

Bhāvas are the output of *rasa* like the lustre of fire. Here the element of संयोग of *rasa sūtra* and संयोजना of विभावादि is clear. In AB, AG says:

1. भावसंयोजना-व्यंग्य-परसंवित्ति-गोचरः।
   आस्वादनात्मनुभवो रसः काव्यार्थ उच्यते।।[19]
2. नन्वेवं कथं रसतत्त्वमास्ताम् (पृ. 277AB) ? उच्यतां
   परिशुद्धतत्त्वम्। उक्तमेव मुनिना न त्वपूर्वं किंचित्।
   तथा ह्याह काव्यार्थान् भावयन्तीति। तस्मात् काव्यार्थो रसः।।[20]

Now strikes the notion of *bhāvanā*. Bhoja makes difference between रस and भाव by saying:

आभावनोदयमनन्यधिया जनेन
यो भाव्यते मनसि भावनया स भावः।
यो भावनापथमतीत्य विवर्त्तमानः
सोऽङ्कृते हृदि परं स्वदते रसोऽसौ।।

Bhāva is enjoyed in mind through the means of keen concentration called *bhāvanā*. *Rasa* is that which comes forward only after the business of *bhāvanā* is over. That too in the heart full of अहंकार, the अहंभाव or ego. Here the element termed as अहम् is given importance. This अहं is nothing but आत्मतत्त्व, soul, self, as it is called. Taking अहंभाव in it, it becomes free of *bhāvanā*. Earlier it was mixed with *bhāvanā* that was residing in mind, after the operation of which

nothing else could be felt. It is an experience of everybody. *bhāvanā* is noticed even by AG as he gives stress to तन्मयीभवन, a stage wherein nothing else is observed = वेद्यान्तरस्पर्शरहित।

[5]

Bhoja and Abhinava did not know each other. It is, therefore, thought that there where many canons of the *rasa* process. Abhinava follows the one which was followed by Bharata in his NS. On the other hand, Bhoja has gone upward and tried to adopt the Vedic theory of human development: सोऽकामयत एकोऽहं बहुस्याम्. Though Bharata is also a follower of Veda, yet, Bhoja's understanding of Vedic methodology is transparent and untouched or not disfigured with the ideas of later tantras.

Dr. V. Raghavan has summed up the *rasa* theory of Bhoja on pages 451-453 of his thesis 'Bhoja's *Śṛṅgāra Prakāśa*' (1978). It, however, is not free of his likes and dislikes, the latter being prominent. A rexamination or review of his assessment is very much needed.

Leaving aside the details what little I tried to say here is that the *rasa sūtras* of different canons were mingled in the NS long ago and the *sūtra* running with स्थायी is a later development of the first one running without स्थायी. So far as Abhinavagupta is concerned he followed the first but could not leave aside the latter one. In the नाटयानुशासन V the *Rasasūtra* of Bharata is discussed in detail–

मुनेर्यद् रससूत्रत्वेनास्ति वाक्यं प्रसिद्धिभाक्।
रसनिष्पत्तिसूत्रं तद् विशेष्यस्याऽपरिग्रहात्।। 40।।
शुद्धे रसे तु सर्वेषां भावानामस्ति वर्जना।
वैशेषिका रसा ये वै तेषां स्याद् भावसंयुतिः।। 44।।
किन्तु तेष्वपि शुद्धोहि रसः पार्यन्तिकः, स चित्।
स्पन्दो वा स्यात् स्फुरत्ता वा निर्दिशेषौ हि तौ शिवे।। 45।।
भुक्त्वा भोगान् समान् अन्ते स्वापमाप्नोति चेतना।
तत्र भोक्तारमेवाऽसौ भुंक्ते भोज्यत्वमागतम्।। 46।।
अयमेव रसः शुद्धो महारस इतीर्यते।
विरामः करणग्रामस्यासौ चिन्मात्र-संप्लवात्।। 47।।
कलास्वानन्दरूपेयं कला सत्या चिदात्मनः।
इयमेव रसः सर्व द्वन्द्वोतीर्णः समाधिना।। 58।।

समाधिरेष केषांचिद् व्यक्तिर्व्यंजनमेव वा।
यद्यपि व्यज्यनमानस्य स्पर्शमि लभामहे।। 59।।
व्यक्तौ तटस्थता काचित् प्रभातुरभिवीक्ष्यते।। 60।।[21]

संदर्भ

1. Bharata's *Nāṭyaśāstra*, Baroda edn., 1956, p. 272.
2. Ibid., p. 349. रसतां is printed as रसनाम. Though this is not a *sūtra*, yet can be cultivated and treated as *sūtra* easily.
3. Ibid., p. 284. See also Hemacandra's *Kāvyanuśāsana Viveka*, p. 78, Nirnayasagar edn., 1934.
4. *Dhvanyālokalocana*, Chaukhamba edn., 1940, p. 156.
5. Ibid., p. 179.
6. रस-स्थायी is the other reading given in the printed NS. The term शृंगार is to be explained in Bhoja's context.
7. There are the passages merely from NS VI and VII. References are taken from Baroda edn., 1954.
8. *Daśarūpaka* IV 34.
9. *Rasa Gangādhara* (RG), p.37, 1947, Nirnayasagar edn.
10. *Sangītaranākara* quoted in RG, by Paṇḍitarāja Jagannātha.
11. RG, p. 37, 1947, Nirnayasagar edn.
12. *Kāvyānuśāsana* by Hemacandra.
13. Hemacandra's *Kāvyānuśāsana* 2.1.

13a. 'भावना' reading is very much important, corresponding to the भावना of भोज. In Mammata's *Kāvyaprakāśa* 'विभावादिजीवितावधिः' is the reading printed in the editions : B.O.R.I. Poona, 1950; with the commentary of चण्डीदास edited by Prof. S.P. Bhattacharya, Calcutta, 1933; माणिक्यचन्द्रसंकेतयुतं, Poona, 1921; टीकात्रयोपेतं, 1976. Allahabad, and others.

14. *Kāvyaprakāśa* IV. 4-5.
15. Ibid., IV. 4-5 वृत्ति.
16. *Sāhityadarpaṇa* III. 1.
17. AB on NS 1.1.
18. 2-3. Josyer edn. of S., p. 436. In the edn. of HOS, 1998, p. 674 runs the text पृथक्-विध-विभावभुवः and शृंगारतत्त्वमभितः. It is irrelevant unlike the text given by Josyer adopted here by us.
19. (I) The verse is quoted in AB, p. 277 of Baroda edn., 1956 but in disfigured shape. The reading given here is available in महिमभट्ट व्यक्तिविवेक, p. 70, Chaukhamba, 1964. In AB, संयोजना is taken as संवेदना but संयोजना corresponds with the text of रससूत्र of NS.

(II) The verse is not available in NS. In AB, भाव word is missing and संयोजनाव्यंग्य is taken as 'संवेदनाख्य (ख्यया) व्यंग्य'.

20. काव्यार्थ term is used by Bharatamuni himself and adopted in the same sense by AB. काव्यार्थो रसः should be understood as रसः काव्यार्थः also.
21. *Nāṭyanuśāsana*-V, 1996, Kalidasa Academy, Varanasi.

Contributors

Prof. V.N. Jha
Director, Centre of Advanced Study in Sanskrit, Ganesh Khind,
Pune - 411 007

Prof. H.N. Chatterjee Sastri
175, Santoshpur Avenue, Calcutta - 700 075

Prof. Vidya Niwas Mishra
M/3 Badshah Bagh Colony, Fatman Road,
Behind Kashi Vidyapeeth, Varanasi - 221 002

Prof. Rekha Jhanji
Department of Philosophy, Panjab University,
Chandigarh - 160 014

Dr. S. Ranganath
Department of Sanskrit, N.M.K.R.V. College of Women,
Jayanagar, Bangalore, Karnataka

Prof. Anupa Pande
Professor and Head, Department of Art History,
National Museum Institute, Janpath, New Delhi - 110 011

Prof. Kamalesh Datta Tripathi
F/4 Jodhpur Colony, Banaras Hindu University,
Varanasi - 221 005

Dr. Biswanarayan Shastri
'RITAYAN', Nabagiri Road, Changmari, Guwahati - 781 003,
Assam

Dr. V. Kutumba Sastry
Head, Department of Sanskrit, Pondicherry University,
Pondicherry

Prof. Radhavallabh Tripathi
Head, Department of Sanskrit, Harisingh Gour University,
Sagar - 470 003, Madhya Pradesh

Dr. Amiya Kumar Mishra
16/A/5B, D.P. Road, Allahabad

Prof. Ramakant Sharma Angiras
1605, Sector 44B, Chandigarh

Dr. Kalanath Shastri
Manju Nikunj, C/8 Prithviraj Road, Jaipur - 302 001, Rajasthan

Prof. Rajendra Mishra
Department of Sanskrit, Himachal Pradesh University,
Shimla - 171 005

Prof. Damodar Ram Tripathi
Head, Department of Sanskrit, Kumaon University,
Nainital - 263 001

Dr. Hariram Mishra
4A/3, J.L. Nehru Road, Tagore Town, Allahabad, U.P.

Prof. Rahasbihari Dwivedi
Head, Department of Sanskrit, Rani Durgavati
Vishwavidyalaya, Jabalpur - 482 001, Madhya Pradesh

Dr. Prakash Pandey
Ganga Nath Jha Kendriya Sanskrit Vidyapith,
Chandra Shekhar Azad Park, Allahabad - 211 002

Prof. Navjiwan Rastogi
Department of Sanskrit, Lucknow University,
Lucknow - 226 007, Uttar Pradesh

Dr. Sushma Kulshreshtha
KC/12B, Ashok Vihar, Delhi - 110 052

Prof. Dashrath Dwivedi
Department of Sanskrit, Gorakhpur University,
Gorakhpur - 273 009, Uttar Pradesh

Prof. Rewa Prasad Dwivedi
28, Mahamanapuri, Varanasi - 221 005